# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 163 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, शुक्रवार 12 अगस्त 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने रक्षाबन्धन पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी

11 अगस्त 2022 लखनऊ।
प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने रक्षाबन्धन पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।उन्होंने बधाई संदेश में कहा है कि रक्षा–बन्धन पर्व भाई–बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक है । इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी बांध उनकी लंबी उम्र और उनके समृद्धि की कामना करती है। भारतीय लोक–जीवन की सुन्दर परम्परा का पवित्र एवं प्रमुख त्योहार है ।

### मंत्री नरेंद्र कश्यप ने रक्षाबन्धन पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनायें

11 अगस्त 2022 लखनऊ।
प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने प्रदेशवासियों को रक्षाबन्धन के पावन पर्व पर शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने शुभकामना संदेश में कहा है कि रक्षा–बन्धन पर्व के दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी बांध उनकी लंबी उम्र और उनके समृद्धि की कामना करती है। रक्षाबंधन का यह त्यौहार भाई और बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है ।

### बिहार विधानसभा में 24 अगस्त को बहुमत साबित करेगी नीतीश सरकार, 16 अगस्त को हो सकता है कैबिनेट विस्तार

पटना।बिहार में नीतीश कुमार आठवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं। उनके साथ इस बार तेजस्वी यादव उप मुख्यमंत्री हैं। दरअसल, मंगलवार को नीतीश कुमार ने एनडीए गठबंधन से अलग होने



का फैसला लिया था। इसके बाद उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात का इस्तीफा सौंप दिया था। बाद में उन्हें राजद और कांग्रेस वाले महागठबंधन में विधायक दल का नेता चुना गया जिसके बाद नीतीश कुमार एक बार फिर से सरकार बनाने का दावा पेश किया था। महागठबंधन की ओर से दावा किया जा रहा है कि नीतीश कुमार को 164 से ज्यादा विधायकों का समर्थन हासिल है। हालांकि, खबर के मुताबिक 24 अगस्त को नीतीश कुमार को विधानसभा में अपना बहुमत साबित करना होगा। इसके अलावा 25 अगस्त को नए विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव भी हो सकता है।

### काबुल में आत्मघाती हमला, तालिबान के टाप कमांडर रहीमुल्ला हक्कानी की मौत


इस्लामाबाद। अफगानिस्तान के काबुल में बृहस्पतिवार को एक धार्मिक केंद्र पर किए गए बम



विस्फोट में तालिबान के एक प्रतिष्ठित मौलाना की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मौलाना की पहचान रहीमुल्ला हक्कानी के तौर पर हुई है जो पाकिस्तान के दारूल उलूम हक्कानिया से पढ़े थे। यह एक इस्लामी विश्वविद्यालय है जिसका अरसे से तालिबान के साथ संबंध रहा है। तालिबान के उप प्रवक्ता बिलाल करीमी ने हक्कानी की मौत की पुष्टि की और उन्हें " एक महान व्यक्तित्व और बड़ा विद्वान' बताया।

### यमुना नदी में नाव दुर्घटना में अब तक 3 लोगों की मौत

बांदा।यूपी के बांदा जिले में यमुना नदी में आज बड़ा हादसा हो गया. नदी में नाव पलटने से 20 लोग डूब गए. घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है. उधर, घटना होते ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्य के निर्देश दिए. यह हादसा उस वक्त हुआ जब नाव फतेहपुर से मरका गांव जा रही थी।
बांदा पुलिस ने बयान जारी कर बताया था, फतेहपुर



से मरका गांव जा रही यमुना नदी में यात्रियों से भरी एक नाव पलट गई, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई. अभी तक नाव पर मौजूद लोगों की संख्या की पहचान करने के लिए. खोज एवं बचाव अभियान जारी। बांदा नाव घटना पर एसीएस होम अवनीश अवस्थी ने बताया, श्नाविक को हिरासत में ले लिया गया है और बचाव कार्य जारी है।

# पीएम मोदी का अनोखा अंदाज, पहले बच्चों से बंधाई राखी, फिर हर घर तिरंगा अभियान को ऐसे बढ़ाया आगे

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं। आज भाई–बहन का त्यौहार यानी कि रक्षाबंधन है। रक्षाबंधन के अवसर पर देश भर में अलग धूम है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रधानमंत्री कार्यालय में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय में काम करने वाले सफाई कर्मियों, सहायकों, अन्य कर्मचारियों की बेटी से राखी बंधवाई। इसको लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से एक वीडियो भी साझा किया गया है। वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से राखी बंधवाते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान बच्चे काफी खुश नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से बातें करते भी दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक मोदी को राखी बांधने वालों में सफाई कर्मी, सहायक, माली और वाहन चालकों की बेटियां शामिल थीं।
इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एक और दिलचस्प काम किया गया है। इसका भी वीडियो प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से साझा किया गया है। इस वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के हाथों में तिरंगा थमाते दिखाई दे रहे हैं। वह बच्चों के साथ हंसी मजाक भी कर रहे हैं और हाथों में झंडा लहरा रहे हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों को तिरंगा फहराने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। बच्चों से वह सवाल करते सुनाई दे रहे हैं कि आजादी के कितने साल हुए। बच्चों की ओर से जवाब आता है– 75 साल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से पूछते हैं, 15 अगस्त को क्या करोगे? बच्चे कहते हैं झंडा



लहराएंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों को तिरंगे के बारे में बताते भी दिखाई दे रहे हैं।
आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों पर तिरंगा लहराने की अपील भी की है। देश अपने आजादी के 75 व वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कई कार्यक्रम भी किए जा रहे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को रक्षा बंधन के अवसर पर लोगों को बधाई दी। मोदी ने ट्वीट किया, ''रक्षा बंधन के खास अवसर पर सभी को बधाई।'' यह त्योहार भाई और बहन के बीच प्रेम का प्रतीक है।

# निर्मला सीतारमण का पलटवार, मुफ्त में सौगात की चर्चा को 'अनुचित मोड़' दे रहे हैं केजरीवाल

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि वह लोगों को मुफ्त में सौगात दिये जाने पर चर्चा को 'अनुचित मोड़' दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप नेता की बातें कुछ और नहीं बल्कि लोगों के मन में डर पैदा करने का एक प्रयास है। सीतारमण ने यह बात केजरीवाल के एक दिन पहले दिये गये बयान के बाद कही है। केजरीवाल ने बुधवार को इस बात पर जनमत संग्रह कराए जाने की मांग की कि करदाताओं का धन स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी गुणवत्तापूर्ण सेवाओं पर खर्च किया जाना चाहिए या किसी एक परिवार या किसी के मित्रों पर यह धन खर्च होना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा





कि आजादी के बाद से चाहे किसी की भी सरकार क्यों न हो, इन दोनों चीजों (शिक्षा और स्वास्थ्य) पर खर्च को कभी भी मुफ्त नहीं कहा गया है। इन्हें अब चर्चा में घसीटना पूरे मामले को 'गलत मोड़' देने जैसा है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लोगों को मुफ्त में सौगात दिये जाने पर चर्चा को अनचित मोड़ दिया है। स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च को कभी भी मुफ्त नहीं कहा गया है।'' सीतारमण ने कहा, ''आजादी के बाद से चाहे किसी की भी सरकार क्यों न हो, शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च को कभी भी मुफ्त नहीं कहा गया है। इन दोनों चीजों को मुफ्त में वर्गीकृत करके केजरीवाल गरीबों के मन में चिंता और भय की भावना लाने की कोशिश कर रहे हैं।''
उल्लेखनीय है कि हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेविभिन्न दलों में 'रेवड़ी' (मुफ्त सौगात) बांटने जैसी लोकलुभावन घोषणाओं के चलन की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि यह न केवल करदाताओं के पैसे की बर्बादी है बल्कि एक आर्थिक आपदा भी है जो भारत के आत्मनिर्भर बनने के अभियान को बाधित कर सकती है। प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी को दरअसल आम आदमी पार्टी (आप) जैसे दलों में मुफ्त में चीजें दिये जाने की घोषणा के संदर्भ में देखा गया। हाल के दिनों में पंजाब जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव में मुफ्त बिजली और पानी तथा अन्य चीजें देने का वादा किया गया था। सीतारमण ने कहा कि इस मुद्दे पर सही तरीके से बहस होनी चाहिए और इसमें सभी को शामिल होना चाहिए।

## अखिलेश यादव के दंगा यात्रा वाले बयान पर बिफरी बीजेपी, सपा बोली- अपनी आंखों का इलाज कराएं

लखनऊ।देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है. उधर, उत्तर प्रदेश में तिरंगे को लेकर सियासत अपने चरम पर पहुंच गई है. कानपुर में बुधवार को तिरंगा यात्रा के आयोजन से पहले बीजेपी युवा मोर्चा के दो गुट आपस में भिड़ गए जिसे लेकर अखिलेश यादव ने ट्वीट किया तो बवाल मच गया।
कानपुर में तिरंगा यात्रा से पहले बीजेपी के युवा कार्यकर्ता कुछ इस तरह उलझे कि इसे विपक्षी दलों ने फौरन लपक लिया. बीजेपी इन दिनों शहर–शहर, मोहल्ले–मोहल्ले, गली–गली तिरंगा यात्राओं का आयोजन कर रही है और संगठन से लेकर सरकार के तमाम मंत्री, विधायक और सांसद तिरंगा यात्राओं के आयोजन में पहुंचकर बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ–साथ हर नागरिकों को राष्ट्रभक्ति से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।
दरअसल बुधवार को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक कानपुर में तिरंगा यात्रा में शामिल होने पहुंचे लेकिन मोतीझील चौराहे पर तिरंगा यात्रा आयोजन से पहले ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए. मारपीट का वीडियो वायरल हो गया. इसके फौरन बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वीडियो को ट्वीट करते हुए लिखा कि बीजेपी के कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि वह तिरंगा यात्रा को दंगा यात्रा में ना बदलें. यह बात बीजेपी के स्थानीय नेताओं के गले नहीं उतरी और उन्होंने अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोल दिया।



सपा नेता के बयान पर किदवई नगर से विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा है कि अखिलेश यादव के मन में हमेशा दंगा रहता है और इसीलिए उन्होंने तिरंगा यात्रा को दंगा यात्रा का नाम दे दिया है. वहीं समाजवादी पार्टी के आर्य नगर से विधायक अमिताभ बाजपेई का कहना है कि बीजेपी नेताओं को अपनी आंखों का इलाज करवाना चाहिए और उन्हें बेहतरीन नेत्र रोग विशेषज्ञ की जरूरत है क्योंकि अखिलेश यादव की आंखों में दंगे का चश्मा नहीं है।

# अंबेडकर की मूर्ति टूटने पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, 10 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची

कानपुर देहात। भीमराव अंबेडकर की मूर्ती टूटने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, दर्जनों लोग घायल, बुलानी पड़ी 10 थानों की पुलिस कानपुर देहात के मंगलपुर थाना क्षेत्र के नेफलापुर गांव में भीमराव अंबेडकर की मूर्ती टूटने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया. इस हादसे में एक महिला समेत दर्जनों लोग बुरी तरह घायल हुए. मामला इतना बढ़ गया कि इसे शांत कराने के लिए 10 थानों की पुलिस बुलानी पड़ी।
दरअसल इस पूरे खूनी संघर्ष की शुरुआत गांव में चल रहे एक धार्मिक भंडारे से हुई. भंडारे के दौरान कुछ लोगों में आपसी कहासुनी हुई, इसके बाद कुछ अराजक तत्वों ने चबूतरे पर बनी भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को तोड़ दिया. इसके बाद गांव में जो खूनी संघर्ष शुरू हुआ तो फिर रोके से नहीं रुका. मामला इतना बढ़ गया कि इसे रोकने के लिए 10 थानों की पुलिस बुलानी पड़ी. मामले की सूचना पाकर क्षेत्र के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मामले को शांत



कराया।
सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. वहीं, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।
शिकायत के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है. वहीं इस घटना के लिए जिम्मेदार अराजक तत्वों को पकड़ने के लिए पुलिस ने छापेमारी भी शुरू कर दी है. इस पूरी घटना को लेकर क्षेत्राधिकारी डेरापुर विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि इस पूरे मामले में कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया गया है. जल्द से जल्द इस पूरी घटना में शामिल अन्य अराजक तत्वों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## कोई व्यक्तिकिसी को राष्ट्रीय ध्वज खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकताः खट्टर

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी को राष्ट्रीय ध्वज खरीदने के लिए मजबूर



नहीं कर सकता है। उनकी यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आयी है कि करनाल के एक राशन डिपो ने लोगों को तिरंगा खरीदने के लिए बाध्य कर दिया था। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने हेमदा गांव में उचित मूल्य की दुकान के उस डीलर को राशन की आपूर्ति निलंबित कर दी है, जिसने राशन लेने वाले लोगों के झंडे खरीदने के लिए मजबूर किया था।
यहां जारी एक बयान में मुख्यमंत्री के हवाले से कहा गया है, कोई व्यक्ति अगर राष्ट्रीय ध्वज नहीं खरीदना चाहता है तो भी उसे किसी सेवा से वंचित नहीं किया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोग स्वेच्छा से झंडा खरीद सकते हैं। इसमें कहा गया है कि जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक (डीएफएससी) ने उचित मूल्य की दुकान को राशन की मासिक आपूर्ति पहले ही निलंबित कर दी है। बयान में कहा गया है कि दिनेश कुमार ने राशन कार्ड धारकों को जबरन झंडे बेचे और राशन कार्ड धारकों को गुमराह कर राज्य सरकार को भी बदनाम किया।

## अब्बास अंसारी को अब 25 अगस्त तक कोर्ट में पेश करने का आदेश, भगोड़ा घोषित करने की अर्जी खारिज



लखनऊ। लखनऊ में एमपी–एमएलए कोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को 25 अगस्त तक का समय दिया है. पुलिस ने अब्बास अंसारी को भगोड़ा घोषित करने की अर्जी दाखिल की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है।
कोर्ट ने कहा कि अब्बास अंसारी लगातार जमानत हासिल करने की कोशिश कर रहा है इसलिए उसे भगोड़ा घोषित नहीं किया जा सकता. अब्बास की गिरफ्तारी में लगातार नाकाम रहने पर कोर्ट महानगर पुलिस को दो सप्ताह की और मोहलत दी है. अब्बास को धोखाधड़ी कर शस्त्र लाइसेंस ट्रांसफर कराने के मामले में तलाशा जा रहा है. एमपी–एमएलए कोर्ट ने पहले 27 जुलाई तक अब्बास को पेश करने के आदेश दिए थे लेकिन पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई और उसके बाद फिर नए आदेश में कहा गया था कि उसे 10 अगस्त तक पकड़ कर कोर्ट में पेश किया जाए लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी अब्बास अंसारी को पुलिस नहीं पकड़ पा रही है।
अब्बास पर लखनऊ पुलिस को बिना बताए शस्त्र लाइसेंस नई दिल्ली ट्रांसफर कराने का आरोप है. इसके अलावा उसपर धोखाधड़ी करते हुए हथियार लेने का भी आरोप है. अब्बास अंसारी ने अग्रिम जमानत के लिए भी अर्जी लगाई थी जिसे खारिज कर दिया गया था. पुलिस उसे अरेस्ट करने के लिए लगातार दबिश दे रही है लेकिन कामयाबी हाथ नहीं लग रही है. उसके पीछे लखनऊ, मऊ, गाजीपुर, आजमगढ़ और वाराणसी जिले की पुलिस को लगाया गया है और जगह–जगह छापेमारी भी की गई है।

## चंदन तस्कर महमूद आलम अंसारी की 33 लाख की संपत्ति कुर्क, गैंगस्टर एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में चंदन की तस्करी के आरोपी महमूद आलम अंसारी की अचल संपत्ति को कुर्क किया गया है. अमरोहा पुलिस अधीक्षक आदित्य के निर्देश पर सदर कोतवाली पुलिस ने संपत्ति कुर्क की है जिसकी कीमत 33.5 लाख बताई जा रही है. आलम अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर



एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है. आरोप है कि वह वह चंदन की तस्करी करता था।
इससे पहले आरोपी आलम अंसारी के गोदाम से करोड़ों रुपए की चंदन की लकड़ी अमरोहा पुलिस ने बरामद की थी. अमरोहा पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है. अमरोहा सदर कोतवाली के जट बाजार चौकी क्षेत्र पुलिस ने संपत्ति कुर्क करने के साथ ही नोटिस चस्पा कर दिया. इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे. मकान की दीवार पर नोटिस चिपकाई गई है जो कि दूर से ही देखी जा सकती है। अंसारी पर ऐसे आरोप हैं कि वह चंदन की तस्करी करता था और अमरोहा में बड़े पैमाने पर लकड़ी की मूर्ति बनाकर बाहर सप्लाई करता था. पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है, श्पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना अमरोहा में गैंगस्टर आरोपी और चंदन की लकड़ी के तस्कर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत कार्रवाई की गई. करीब 33 लाख 59 हजार रुपये की अवैध संपत्ति को कुर्क किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का 13 अगस्त को होगा आयोजन

ब्यूरोचीफ अनुज प्रताप सिंह कानपुर देहात। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप कुमार चौहान ने बताया कि उ०प्र० खेल निदेशालय के तत्वाधान में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव एवं "आजादी के महानायकों की स्मृति में जिला खेल कार्यालय, स्पोर्टस स्टेडियम माती, कानपुर देहात द्वारा जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 अगस्त 2022 को किया जायेगा, जो प्रतिभागी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराना चाहते है, वह अपनी दिनांक 12 अगस्त 2022 को शांयकाल 4:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, स्पोर्टस स्टेडियम माती कानपुर देहात में उपलब्ध करा दे। इस प्रतियोगिता में कोई भी बालक एवं बालिकाये प्रतिभाग कर सकते है। प्रतियोगिता मे प्रविष्ठि निशुल्क है। विजेता खिलाड़ियों को आर्कषक पुरुस्कार प्रदान किये जायेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए क्रीड़ा अधिकारी कानपुर देहात के दूरभाष नं० –9415155292 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

## सूचना

कानपुर देहात जनपद के समस्त सम्मानित प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार बन्धुओं से अपील की जाती है कि आजादी का अमृत महोत्सव के दृष्टिगत गद्य एवं पद्य में अपनी कविता की प्रस्तुति देना चाहता है तो आज दिनांक 11 अगस्त 2022 को सायं 7 बजे तक जिला सूचना कार्यालय अथवा जिला सूचना अधिकारी के वाट्शप मोबाइल नम्बर 7985269464 पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जनपद में विभिन्न स्थानों पर निकाली गयी तिरंगा यात्रा

संवाददाता राधा ठाकुर कानपुर देहात। आजादी का अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज जनपद के विभिन्न विभागों और स्थानों में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, सभी कार्योलयों, विभिन्न विद्यालयों इत्यादि जगहों पर हाथ में तिरंगा लेकर बच्चों और लोगों ने रैली इत्यादि का आयोजन किया। समाज कल्याण विभाग की तरफ से वृद्धा आश्रम में वरिष्ठजनों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी, वहीं वरिष्ठ कोषाधिकारी केके पाण्डेय के नेतृत्व में पेंशनरों के साथ लोक गीत इत्यादि का आयोजन किया गया, साथ ही इस मौके पर उपस्थिति व्यक्तियों को तिरंगा झण्डे भेंट किये गये, इसी तरह जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कानपुर देहात के कार्मिकों द्वारा भी आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सभी को अपने घरों पर तिरंगा लगाने हेतु जागरूक किया गया। इसी तरह व्यापार मण्डल के सदस्यों द्वारा भी तिरंगा यात्रा निकाली गयी। मदरसों में भी हर घर तिरंगा के अन्तर्गत सभी बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इसी तरह लोक निर्माण विभाग द्वारा भी हर घर तिरंगा में अपना योगदान दिया गया। जनपद के तहसीलों एवं ब्लाकों में भी तिरंगा शोभा यात्रा निकाली गयी। इस तरह से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान का भव्य शुभारंभ जनपद में किया गया।





## बीआरसी सेंटर पर शतरंज प्रतियोगिता विकासखंड स्तरीय का आयोजन

कानपुर। जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशन तथा मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी विकास खंडों के बीआरसी सेंटर पर शतरंज प्रतियोगिता विकासखंड स्तरीय का आयोजन किया गया जिसमें जनपद स्तर के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया आजादी के अमृत महोत्सव महोत्सव के तिरंगा सप्ताह के अंतर्गत शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा तथा उच्च शिक्षा के प्रतियोगियों को फाइनल खेलने का अवसर 17 अगस्त 2022 को विकास भवन के सभागार में प्राप्त होगा विभागों के प्रमाण पत्र के आधार पर खेलने का अवसर विकास भवन में प्राप्त होगा।

## कानपुर देहात में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लभार्थियो द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन

कानपुर देहात। आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत जनपद कानपुर देहात के नगर पंचायत अमरौधा कानपुर देहात में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लभार्थियो द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया एवं जनपद कानपुर देहात में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत तिरंगा एवं माननीय मुख्यमंत्री जी का बधाई संदेश पत्र वितरित किया गया।

## भाजपा युवा मोर्चा कानपुर तिरंगा यात्रा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

अयोध्या टाइम्स संवाददाता। हरिओम द्विवेदी कानपुर बुधवार 10 अगस्त आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा कानपुर उत्तर जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे तथा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जी ने युवा मोर्चा के हजारों युवाओं की संख्य के बीच से होकर स्वयं ट्रैक्टर पर सवार होकर अमर जवान चौक मोतीझील से भव्य विशाल तिरंगा यात्रा प्रारंभ कर स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी प्रतिमा स्थल हैलट पुल जरीब चौकी अफीम कोठी घंटाघर गणेश मंदिर कैनाल रोड,बिरहना रोड से होते हुए पंडित दीन्दयाल जी प्रतिमा स्थल सम्पन्न हुई।कार्यक्रम में प्रमुख्य रूप से उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर प्रमिला पाण्डेय,भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील बजाज,विधायक अरुण पाठक जी,सुरेन्द्र मैथानी, सुरेश अवस्थी,जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा,पवन गुप्ता, कौशलेंद्रा अंशू ठाकुर, ऋतुराज, अजय दीक्षित पाठक मीनाक्षी उज्जवल, आदि कार्यकता गण उपस्तिथ रहें ।



## तिरंगा पैदल रैली का जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



कानपुर देहात 11 अगस्त 2022 जिलाधिकारी नेहा जैन ने आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अकबरपुर नगर पंचायत एवं तहसील अकबरपुर के संयुक्त तत्वावधान में तहसील प्रांगड़ से तिरंगा पैदल रैली का हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त रैली अकबरपुर ओवर ब्रिज से होते हुए अकबरपुर के विभिन्न मार्गो से गुजरकर ओवर ब्रिज के नीचे समाप्त हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसमें जनपद के सभी लोग अपनी सहभागिता अवश्य करें तथा हर घर में तिरंगा अवश्य लगाये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर वागीश कुमार शुक्ला, तहसीलदार अकबरपुर, अकबरपुर नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी आदि अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं क्षेत्रीय जनता आदि उपस्थित रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पेंशनरों के सम्मान में आयोजित की गयी गोष्ठी

कानपुर देहात। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर पेंशनरों को सम्मानित करने हेतु और उनकी स्मृतियों को सजोने हेतु वरिष्ठ कोषाधिकारी केके पाण्डेय के नेतृत्व में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट कोषागार कक्ष में किया गया, इसमें देश भक्ति गीत से सम्मिलित करते हुए पेंशनरों ने अपने उद्गार भी इस मौके पर व्यक्त किये। इस मौके पर शारदा प्रसाद त्रिवेदी ने बताया कि उनका जन्म आजादी के पहले हुआ, उन्होंने उन स्थितियों को देखा है जहां अंग्रेज भारतीयों को प्रताड़ित करते थे और स्वतंन्त्रता सेनानियों के अन्दर अपने देश के प्रति मरमिटने की चाहत कूट–कूटकर भरी हुई थी, उन्होंने कहा कि हमें अपने तिरंगे के महत्व को पहचानना चाहिए, उसके प्रति सम्मान हमारे मन में सदैव विद्यमान रहना चाहिए, इस मौके पर अनेक अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## छात्र/छात्राओं के पास वैध मोबाइल नम्बर के साथ आधार नम्बर तथा आधार नम्बर से जुड़ा बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र का होना अनिवार्य

PM Young Achievers Scholarship Award Scheme for Vibrant India (PM YSASVI) योजनान्तर्गत निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के अन्तर्गत ओ0बी0सी0 एवं अन्य ऐसे छात्र/छात्राए जो कक्षा 9/10 एवं 11/12 में अध्यनरत है तथा जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय रूपये 2.50 लाख से अधिक न हो एवं उनकी शिक्षण संस्था वेबसाइट https://yet.nta.ac.in पर प्रदर्शित हो, को उक्त वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में प्राप्त मेरिट के आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान की जानी है। उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि योजनान्तर्गत ओ0बी0सी0 एवं अन्य ऐसे छात्र/छात्राऐं जिनको कक्षा 9–10 में रू0 75000.00 तथा कक्षा 11–12 में रू0 125000.00 वार्षिक (हास्टल फीस एवं स्कूल फीस सहित) लाभान्वित किये जाने का प्राविधान है।

ऑनलाईन आवेदन हेतु छात्र/छात्राओं के पास वैध मोबाइल नम्बर के साथ आधार नम्बर तथा आधार नम्बर से जुड़ा बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र का होना अनिवार्य है, ऑनलाईन आवेदन दिनांक –27.07.2022 से 26.08.2022 तक किया जा सकता है। तथा परीक्षा की तिथि दिनांक–11.09.2022 दिन रविवार को निर्धारित है।

## भाजपा-महिला मोर्चा-ग्रामीण ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाली





• रानी लक्ष्मीबाई बनकर महिलाओं ने निकाला विशाल तिरंगा यात्रा, देश प्रेम से सराबोर यात्रा में आकर्षक का केंद्र रही झांकियां

अयोध्या टाइम्स संवाददाता हरी ओम कानपुर। बुधवार आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत "लहराएगा तिरंगा–घर घर तिरंगा" के तहत दीप्ती सिंह (एड.) जिला महामंत्री–महिला मोर्चा–कानपुर ग्रामीण के तत्वाधान में विशाल तिरंगा यात्रा भारतीय जनता पार्टी–महिला मोर्चा, कानपुर ग्रामीण के द्वारा रानी लक्ष्मीबाई चौराहा, बिठूर से नानाराव पार्क पर जाकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ माननीय विजय बहादुर पाठक जी (प्रदेश उपाध्यक्ष–भा.ज.पा.), अभिजीत सिंह सांगा जी (विधायक–बिठूर), कृष्ण मुरारी शुक्ला जी (अध्यक्ष–कानपुर ग्रामीण) एवं उर्वजा दीक्षित जी (क्षेत्रीय अध्यक्षा–महिला मोर्चा, कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र) के द्वारा झंडा दिखाकर किया गया। तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। चारो ओर राष्ट्रगीत एवं भारत माता की जयकारे की ध्वनि गुंजायमान हो रही थी, देशभक्ति से ओत–प्रोत सभी लोगो की राष्ट्रीयध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान व आदर सभी के चेहरों पर साफ नजर आ रहा था। तिरंगा यात्रा का आकर्षण रानी लक्ष्मीबाई जी, शंकर–पार्वती जी, राधा–कृष्ण जी की अदभुत झांकियां रहीं।तिरंगा यात्रा के दौरान इस मौके पर प्रमिला पाण्डेय जी (मेयर–कानपुर), कमलावती सिंह जी, पूनम कपूर जी, रीता शास्त्री जी, किरन निषाद जी, विजया तिवारी जी, अनीता गुप्ता जी, जयन्ती वर्मा जी, कार्यक्रम संयोजिका मोना शुक्ला जी, मीरा सिंह भदौरिया जी व् श्वेता सिंह जी आदि समस्त भा.ज.पा. के सम्मानित पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता सम्मिलित रहे।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रम

कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण सिंह के मार्ग दर्शन में जनपद कानपुर देहात में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कार्ययोजना के अनुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्तिकरण, स्वावलंबन, सुरक्षा, स्वास्थ, शिक्षा आदि के जागरुकता हेतु पूरे जनपद में एक अभियान के तहत अनेक प्रकार के कार्यक्रम ६ गोष्ठी आदि किये जाने हैं, जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 11.08.2022 को प्राथमिक विद्यालय नाहटा, विकास खण्ड– मैथा में कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसके अन्तर्गत प्रतिमा श्रीवास्तव, महिला कल्याण अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड). उवप्रव मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी विशाखा वर्मा महिला कल्याण अधिकारी, महिला शक्ति केन्द्र द्वारा छात्राओं को सशक्तिकरण हेतु जागरूक कर सरकार द्वारा चलाई जा रही महिलाओं हेतु जन कल्याणकारी योजनाओं आदि को प्रचार–प्रसार करते हुये आपातकालीन सेवा की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अनीता यादव, सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ी हैं, जिसमें आप सभी के प्रयास से सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। सभी बालिकायें अपने ऊपर पूर्ण विश्वास रखकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये निरन्तर प्रयास करते रहे, जिससे लक्ष्य प्राप्ति होने पर आपके माता–पिता, गुरु एवं समाज आप पर गौरवान्वित करें। रिचा तिवारी, जिला समन्वयक द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन कर यह कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं होती उन्हें भी समाज में अपनी भागीदारी करनी चाहिए. बेटियां अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकती है, किसी की भी जरूरत नहीं है, आवश्यकता है कि वह अपनी सोई हुयी प्रतिमा व क्षमता को पहचाने, जिससे वह समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध लड़ सके। कार्यक्रम में बालिकाओं के बीच मेंहदी प्रतियोगिता, स्लोगन गीत, नृत्य प्रतियोगिता आदि से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये गये इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापिकाएं, ग्राम प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए राखी एवं विभिन्न उत्पादों के स्टालों का किया अवलोकन



कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन ने आजादी का अमृत महोत्सव एवं राखी पर्व के अवसर पर विकास भवन माती में विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राखी एवं अन्य उत्पदों का स्टॉल लगाए गये, स्टॉल में सरवनखेड़ा के ग्राम पंचायत दुआरी के स्वयं सहायता समूह ज्वालामुखी द्वारा दुग्ध उत्पादन, ग्राम पंचायत बमरौली के तुलसी महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा सिवाईया एवं मिथौरी का स्टॉल, विकास खंड मलासा के छतैनी ग्राम पंचायत के स्वयं सहायता समूह द्वारा बुकनू विकासखंड अमरौधा के ग्राम पंचायत बरौली के स्वयं सहायता समूह महादेव के द्वारा राखियों का स्टॉल विकास खंड मलासा के ग्राम पंचायत बरौर के ग्राम सखी समूह द्वारा सत्तू, बेसन एवं मसाले एवं आरसेटी द्वारा आदि का स्टॉल लगाया गया। उक्त कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर अवलोकन किया एवं विभिन्न उत्पादों का क्रय भी किया तथा सभी लोगों से कहा कि स्वयं सहायता समूह द्वारा उत्पादित किए गए उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा खरीदें तथा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में अपना योगदान अवश्य प्रस्तुत करे। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, डीसी मनरेगा हरिश्चंद्र, जिला कृषि अधिकारी डॉ उमेश कुमार गुप्ता आदि अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

कानपुर नगर। इस वर्ष हम सभी भारतवासियों को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। स्वाधीनता की इस अविस्मरणीय यात्रा एवं आजादी की बलिवेदी पर जिन भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों, वीरांगनाओ ने अपने जीवन का बलिदान देकर हम भारतवासियो को परतंत्रता की बेड़ियों से स्वतंत्र कराया तथा भारत को विश्व के मानचित्र पर अनेकता में एकता तथा वासुदेव कुटुंभ्कम का परिचायक बना विश्व प्रणेता होने का अद्वितीय गौरव प्राप्त कराया, इस सुरम्य इतिहास को समस्त भारत राष्ट्रीय उत्सव आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में आज छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें देशभक्ति पर आधारित कथक नृत्य कार्यक्रम सारे जहाँ से अच्छा मौलिक अंदाज में किया गया। सावन माह के आराध्य देव भगवान् शिव की अनुकम्पा प्राप्त करने हेतु प्रस्तुति के प्रथम चरण में आदि देव महादेव भगवान शिव की स्तुति शिवोहम की गयी। इसके उपरांत सारे जहाँ से अच्छा देश भक्ति गीत को कथक के भाव–अभिनय के साथ बड़े हे सुरचिपूर्ण रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के अगले चरण में भारत को आजादी दिलाने हेतु अमर वीर सपूतो, शूरवीरों ओर स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित हम रहे या न रहे यह देश रहना चाहिए तथा गीत की प्रचलित शैली सरगम जिसमें कथक के बोलो के स्थान पर सरगम का प्रयोग किया गया, जिसमे अलंकारिक सरगम के साथ साथ कथक की पारम्परिक बंदिशे, कला सौष्ठव, घूंघट की चाल एवं तत्कार आदि का सादर प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुति के अंतिम चरण में आजादी के लिए शहीद हुए वीरो को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जननी जन्म भूमिश्च द्वारा भारत माता को नमन किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तुति विकास पाण्डेय, हुमा साहू, उपासना श्रीवास्तव, विकास अवस्थी, हिमानी सिंह, अत्रांशी सिंह, खुशी सिंह, ज्योती वर्मा, देवी संदीपदेश पाण्डेय, जान्हवी तिवारी, रिदम श्रीवास्तव द्वारा की गयी तथा परिकल्पना, अवधारणा एंव मार्गदर्शनः श्रीमती सरिता श्रीवास्तव प्रस्तुति राष्ट्रीय कथक संस्थान संस्कृति विभाग, उ०प्र० द्वारा की गयी।



## इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के द्वारा एक शाम देश के नाम

• इनकम टैक्स बार एसोसिएशन प्रेस वार्ता में अधिकारियों ने बताया एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का करेंगे आयोजन, इनकम टैक्स महिलाओं को सहयोग सम्मान व लकी ड्रॉ द्वारा इनाम वितरण किया जाएगा।



अयोध्या टाइम्स संवाददाता। हरिओम द्विवेदी कानपुर गुरुवार कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एस एम जोहरी ने दिनांक 12 दिन शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित लाजपत भवन में एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन देश की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजन करने की जानकारी दी कार्यक्रम में देश प्रेम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बार एसोसिएशन के दिवंगत सदस्यों की वृद्ध महिलाओं को आर्थिक सहायता से सम्मानित किया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर महापौर प्रमिला पांडे उपस्थित रहेंगी। इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसएम जौहरी ने बताया कार्यक्रम के दौरान लखनऊ के प्रसिद्ध कलाकार कार्यक्रम में अपने बैंड की मंत्रमुग्ध संगीत की धुनों से उपस्थिति दर्ज कराएंगे। वहीं देश के अमृत महोत्स पर्व पर लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें आकर्षक उपहार का भी वितरण किया जाऐ गया है। पत्र वार्ता के दौरान इनकम टटैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसएम जौहरी प्रदीप कुमार द्विवेदी वाइस प्रेसिडेंट एवं शिव कांत तिवारी सेक्रेटरी कल्चर एवं जनरल सेक्रेटरी राज कुमार गुप्ता नरपत जैन देवेंद्र दंग आदि एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

## 75 वें आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निकली तिरंगा रैली

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया। भटनी विकास खण्ड क्षेत्र के बहादुर यादव मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहादुर यादव महिला महाविद्यालय, बहादुर यादव प्राइवेट आई०टी०आई०, नगर पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में आज 75 वॉ आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में महाविद्यालय में झंडारोहण किया गया।तथा उसके बाद महाविद्यालय प्रांगण से महाविद्यालय के प्रबंधक अजय यादव एवं प्राचार्य डॉ० विनोद यादव के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गयी। यह तिरंगा रैली महाविद्यालय से 116 नंबर गेट से जलपा माता मंदिर नकहनी चौराहा से 115 नंबर गेट बाईपास रोड होते हुए पुनः महाविद्यालय वापस आया। झंडारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि :– भाजपा के मा० श्रीमती– रजनी पांण्डेय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा ने कि ,मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहीं कि सरकार के द्वारा आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की गई है यह हमारे देश के गौरव का प्रतीक है।






इस योजना के तहत सरकार द्वारा 20 करोड़ घरों पर तिरंगा लहराने का निश्चय किया गया है।

इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ०विनोद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि– भारत के प्रधानमंत्री मा० नरेंद्र मोदी ने 13 से 14 अगस्त के बीच अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ष्हर घर तिरंगाष आंदोलन को मजबूत करने की अपील की है ,क्योंकि भारत 15 अगस्त 2022 का 75वॉ स्वतंत्रता दिवस है, यह वही ऐतिहासिक दिन है जब भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी मिली थी।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ० अभिनव द्विवेदी, डॉ० राम मनोहर यादव, डॉ० धनंजय तिवारी, विजय यादव ,अश्वनी तिवारी उमेश चंद्र यादव, दुर्गेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन के पर्व पर निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स बिधूना (औरैया)। औरैया जनपद के कोतवाली बिधूना से है जंहा त्यौहारों को देखते हुए पुलिस प्रशासन दिखा अलर्ट,तो वही आज रक्षाबंधन व आजादी के अमृत महोत्सव के चलते बिधूना पुलिस ने निकली तिरंगा यात्रा,स्कूली बच्चो के साथ बिधुना एस डी एम व अन्य अधिकारियों ने शांति पूर्ण तरीके से निकाली भव्य तिरंगा यात्रा ! इस तिरंगा यात्रा में बिधूना एसडीएम नवजीत कौर सीओ सुरेंद्र प्रताप सिंह बिधूना इंस्पेक्टर जीवाराम और कस्बा इंचार्ज हेमंत व नगर पंचायत अध्यक्ष अमित कुमार, अधिशासी अधिकारी निषाद र मधुरमय, रचना सिंह,राजकीय ठेकेदार राजकुमार पालीवाल के साथ अन्य लोग मौजूद रहे! वही इन तस्वीरों में आप साफ देख सकते है छोटे-छोटे बच्चों ने हाथों तिरंगा थाम कर भारत माता के जयकारे का उद्घोष करते हुए तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया! इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से बच्चो ने आपस मे मिलजुल कर रहने व देश के लिए मर मिटने का संदेश भी दिया! इस तिरंगा यात्रा में प्रत्येक अधिकारीयों व कर्मचारियों के हाथों मे तिरंगा नजर आया।






# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाया गया भव्य तिरंगा एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ रुदौली अयोध्या। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर रुदौली द्वारा रक्षा बंधन के पावन पर्व पर एवं आजादी के 75 वें वर्ष के अवसर पर सुन्दर लाल सत्यनामी एजुकेशनल सोसाईटी डेहवा जसमड़ विद्यालय में एक भव्य तिरंगा एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम बालक बालिकाओं के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य वक्ता श्रीं मान जिला प्रचारक रवि प्रकाश ने कहा हमारे देश की सीमाएं कभी कंधार से कम्बोडिया म्यांमार तक लगती थी किन्तु धीरे धीरे हम आपसी फूट के कारण सिमटते चले गए, हमे अपने इतिहास को समझने और परिष्कृत करने की आवश्कता है जब हम अपने इतिहास को पढ़ते है तो हमे ध्यान मे रखना चाहिए कि गांधारी कहाँ की रहने वाली थी विश्व का सबसे प्राचीनतम और सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर किस देश मे है, कैलाश मानसरोवर जो कि भगवान शिव का निवास स्थान है वह आज किस देश मे है जिस मंडलिय की जैल में लोकमान्य तिलक जी को जिस मंडलिय जेल में रखा गया था वह किस देश में है, हमे इस आजादी के अमृत महोत्सव में यह जानने की आवश्कता है कि भारतीय संस्कृति कहाँ तक फैली हुई थी और आज हम इसके उत्थान के लिए क्या कर सकते है ! कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक श्रींमान राजेंद्र कुमार जी, प्रधानाचार्य श्रीं राम बरन जी। सह जिला संपर्क प्रमुख बृजेश वैश्य' ने कहा कि अमृत महोत्सव तभी सफल होगा जब हर एक एक परिवार भारतीय होने पर गर्व महसूस करेगा, नगर व्यवस्था प्रमुख प्रकाश अग्रवाल जी, अजय जी,कार्यक्रम संचालक नगर कार्यवाह डॉ उदय राज जी नें सभी का आभार व्यक्त किया!



# हर्षोल्लास के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ रुदौली अयोध्या। हिन्दू इण्टर कॉलेज के सभी छात्र छात्राओं ने अमृत महोत्सव के परिपेक्ष्य में आयोजित तिरंगा सप्ताह कार्यक्रम के तत्वावधान में शासनध्प्रशासन के दिशा निर्देश के अनुरूपबड़े उत्साह और उल्लास के साथ तिरंगा यात्रा रैली निकाली।रैली की शुरुआत मुख्य अतिथि शिल्पी सिंह जी ने प्रधानाचार्य राम प्रिया शरण सिंह के कुशल नेतृत्व में झंडी दिखाकर किया।पूरी रैली भारत माता की जय व वन्देमातरम के उद्घोष से गुंजायमान रही।ये रैली कॉलेज से निकलकर हनुमान किला से होते हुए पुनः कॉलेज वापस आकर समाप्त हो रहा।रैली में लगभग पंद्रह सौ छात्रों व छात्राओंने भाग लिया।पूरी रुदौली इस अप्रतिम व विलक्षण रैली का भरपूर आनंद ले रही थी।रैली में अनिल कुमार खरे, राम मिलन यादव, प्रमोद, प्रकाश चन्द्र, राजेंद्र तिवारीअंजनी कुमार यादव, कामेश मणि पाठक, प्रवेश, अशोक राय, आलोक कुमार सिंह, असित सिंह, रंजना सिंह, कल्पना वर्मा, राहुल, हिमांशु सिंह शैलेंद्र सिंह अवधेश कुमार, दिनेश,शिव कुमार यादव ,देवांशु सिंहआदि उपस्थित रहे। रैली का संयोजन आशीष शर्मा ने किया।अन्त में प्रधानाचार्य जी ने रैली में जाने वाले बच्चों को अपना बहुमूल्य आशीर्वाद देते हुए उनका आभार भी प्रकट किया व पूरे कॉलेज



गई।रैली में स्थानीय पुलिस प्रशासन का योगदान सराहनीय परिवार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हर घर तिरंगा फहराने में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का अहम योगदान

मवई,अयोध्या। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से गांवों में महिलाओं के स्वयं सहायता समूह संचालित हैं। अब तिरंगा झंडा बनाकर देशभक्ति का मौका आया तो महिलाओं ने इसमें भी आगे बढ़कर योगदान देने का जिम्मा लिया है।निजी व सरकारी प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगा झंडा फहराया जाता रहा है।लेकिन इस बार आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष है।खास मौके पर घर-घर फहरते तिरंगा झंडों से राष्ट्र प्रेम हर ओर दिखाई भी पड़ेगा।झंडा का निर्माण कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका का अवसर मिल गया है। मवई ब्लाक की स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सबीना खातून ने बताया कि मवई ब्लाक की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अब तक जनपद के मवई, रूदौली,सोहावल ब्लाक सहित कई अन्य संस्थाओं को लगभग एक लाख रुपये से अधिक कीमत के झंडे बनाकर बेच दिए हैं।ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगार से जोड़कर सरकार आत्मनिर्भर बनाने का हर जतन कर रही है। मातृशक्ति तरह-तरह के रोजगार करके जीविका चला रही हैं।अब तिरंगा झंडा



बनाकर देशभक्ति का मौका आया तो महिलाओं ने इसमें भी आगे बढ़कर योगदान देने का जिम्मा लिया है। खंड विकास अधिकारी मवई रशेष गुप्ता ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा झंडा बनाने से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में देशभक्ति की भावना बढ़ने के साथ उन्हें रोजगार भी मिला है। उन्होंने बताया मवई ब्लाक द्वारा 16 हजार तिरंगा झंडा बनाने का आर्डर दिया है जिसका भुगतान पंचायत निधि से किया जा रहा है।

# समय से इलाज न होने पर जा सकती आंखों की रोशनी : डा.आर्या

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। डायबिटीज शरीर के कई अंगों पर असर डालता है।जिसमें आंखें भी शामिल हैं। डायबीटीज के कारण आंखों के रेटिना को रक्त पहुंचाने वाली महीन नलिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। इससे रेटिना यानि आंखों के पर्दे जिस पर किसी भी वस्तु का प्रतिबिंब या तस्वीर बनती है उसको प्रभावित कर देता है। इसी समस्या को डायबीटिक रेटिनोपैथी कहते हैं।सही समय से इसका इलाज न किया जाए तो रोगी अंधेपन का शिकार हो सकता है। यह कहना है नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. डी.पी.आर्या का। डा. आर्या ने बताया कि डायबिटीज से शरीर का इंसुलिन प्रभावित हो जाता है। यही इंसुलिन ग्लूकोज को शरीर में पहुंचाता है। जब इंसुलिन नहीं बन पाता या कम बनता है। तो ग्लूकोज कोशिकाओं में नहीं जा पाता और खून में घुलता रहता है। इसी कारण खून में शुगर का स्तर बढ़ता जाता है। यही खून शरीर के सभी हिस्सों तक पहुंचता है। डायबिटीज के साथ रक्त जब लगातार शरीर में प्रवाह करता है तो इससे रक्त नलिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि आंखों की रक्त नलिकाएं सबसे ज्यादा नाजुक होती हैं।इसलिए यह सबसे पहले प्रभावित होती हैं। रक्त नलिकाओं के फटने से रिसने वाला रक्त कई बार रेटिना के आस-पास इकट्ठा होता रहता है। इससे मरीज को ठीक से दिखाई नहीं देता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ ने बताया कि जो लोग लंबे समय से डायबिटीज के मरीज हैं या जिनका डायबिटीज अनियंत्रित रहता है। उनमें यह बीमारी होने का खतरा ज्यादा रहता है।ज्यादातर मामलों में यह बीमारी बिना किसी लक्ष्य के बढ़ती रहती है।जब मरीज में इस बीमारी की पहचान होती है तो आंखें ज्यादातर खराब हो चुकी होती है। समय से सही इलाज न मिलने पर आंखों की रोशनी भी जा सकती है। ऐसे मरीजों को साल में एक बार आंखों के रेटिना की जांच जरूर करानी चाहिए भले ही कोई लक्षण नजर न आए ।

इन लक्षणों को न करें नजरंदाज

-आंखों या सिर में भारीपन और धुंधला दिखाई देना

-आंखें लाल हों और उनमें पानी आता हो ।

- रंग साफ न दिखाई देता हो।

-लगातार सिर दर्द की शिकायत और आँखों में थकावट हो।

इस तरह रखें आंखों का खास ख्याल -आंखों को स्वस्थ रखने के लिए छह से आठ घंटे की नींद लें। -धूल और धूप से आंखों को बचाने के लिए अच्छी क्वालिटी का चश्मा लगाएं।

- कंप्यूटर पर काम करते समय पलकें झपकाते रहें। इससे आंसू जल्दी नहीं सूखते

- कंप्यूटर पर काम करते समय हर 20 मिनट में 20 सेकंड का ब्रेक लेकर इधर-उधर दूर तक देखें।

- कभी भी चलती गाड़ी में पेपर या मैगनीज न पढ़ें।

- दिन में दो से तीन बार आंखों की को साफ पानी से धोते रहें।

# मां आरके देवी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद,औरैया। आजादी के जश्न में सारा देश डूबा हुआ है संपूर्ण देश में चारों ओर देशभक्ति का माहौल बना हुआ है हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह मोदी जी का समस्त देशवासियों से अनुरोध भी है कि हमारे देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं इस शुभ अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए हर घर तिरंगा फहराने का अनुरोध किया है। माननीय प्रधानमंत्री जी के इस अनुरोध का सम्मान करते हुए गत दिवस अछल्दा मार्ग पर स्थित ग्राम टीकमपुर में मां आरके देवी महाविद्यालय में हर घर तिरंगा का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के बी. एड. के छात्रों के तत्वाधान में तिरंगा यात्रा की रैली निकाली गई जिसमें छात्र व छात्राओं ने सभी देशवासियों से हमारे राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के 75 वर्ष पूर्ण करने के शुभ अवसर पर आजादी के इस जश्न को पूर्ण हर्ष व उल्लास के साथ मनाने की अपील की। वैसे तो हमारा दायित्व है की हम सब इस राष्ट्रीय पर्व को बिना किसी भेदभाव के ससम्मान हर्षोल्लास के साथ मनाएं। आजादी के रंग में न कोई जाति न कोई धर्म जैसा भेदभाव होना चाहिए बल्कि देश के समस्त नागरिक सिर्फ भारतीय हैं और तिरंगा ही एक मात्र हमारा रंग एवं गौरव है। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ जय गोपाल पाण्डेय जी ने रैली को तिरंगा फहराते हुए शुभारंभ किया तथा रैली में प्रतिभाग




करते हुए रैली को सफल बनाया। वंदेमातरम व भारत माता की जय, जैसे उदघोषों से संपूर्ण वातावरण में देशभक्ति की ऊर्जा का प्रवाह कुछ इस प्रकार रहा की राह में जो भी आया उसके प्रभाव से न बच सका और देशभक्ति के उदघोष में सामिल हो गया। इसी के साथ ही महाविद्यालय परिवार की ओर से संपूर्ण देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए रैली का समापन हुआ। जय हिंद!

# अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के चार शातिर सदस्य गिरफ्तार पुलिस को थी लंबे अरसे से तलाश




संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

- चोरी की चार अदद मोटरसाइकिल व एक दर्जन से अधिक मोटर साइकिल के कटे हुए पार्ट्स बरामद

अजीतमल,औरैया। जनपद में विगत काफी समय से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं लगातार प्रकाश में आ रही थीं,जिन पर अंकुश लगाने के लिए जनपदीय पुलिस द्वारा काफी प्रयास किये जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक चारू निगम व अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी अजीतमल प्रदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना अजीतमल पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अन्तर्जनपदीय मोटर साइकिल चोरों के गिरोह के 4 सदस्यों को दबोचा गया। इनके कब्जे से चोरी की कई मोटर साइकिल है और उनके पास बरामद हुए हैं। पुलिस ने सौरभ कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी राजीव नगर थाना अजीतमल ,चांद पुत्र बादशाह खां निवासी सिद्धार्थनगर बाबरपुर थाना अजीतमल ,आमिर पुत्र रशीद निवासी नवीन नगर बाबरपुर थाना अजीतमल, आरिफ उर्फ शीलू पुत्र जगदीश खां निवासी विद्या नगर बाबरपुर थाना अजीतमल को चोरी की मोटरसाइकिलों सहित गिरफ्तार किया । एक वांछित अभियुक्त इमरान पुत्र अजीज खां निवासी नवीन नगर बाबरपुर भागने में सफल रहा।

पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ में इनकी निशानदेही पर कई मोटरसाइकिल व मोटरसाइकिलों के कटे हुए पार्ट्स की बरामदगी हुई। गिरफ्तार अभियुक्तगणों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह औरैया व आसपास के जनपदों से मोटरसाइकिल चोरी करते हैं तथा अपने भागे हुए साथी इमरान (जिसकी आटो पार्ट्स की दुकान भी है) के माध्यम से चोरी की मोटरसाइकिलों को 4-5 हजार रूपयों में बेच देते हैं। कुछ मोटरसाइकिलों को काट कर उनके पार्ट्स को भी जरूरत के हिसाब से ग्राहकों को बेच देते हैं। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना अजीतमल ने रिपोर्ट पंजीकृत कर चारों शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्तों से बरामदगी में 4 अदद मोटरसाइकिल, 4 अदद कटी हुई मोटरसाइकिल की पेट्रोल टंकी,5 अदद कटी हुई मोटरसाइकिल की सीट,7 अदद कटी हुई मोटरसाइकिल की रिम, 2 अदद कटी हुई मोटरसाइकिल के इंजन हैं । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अजीतमल कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश, एसआइ राकेश मोहन,एसआइ देवेन्द्र प्रसाद, महिला एसआइ पूजा सिंह, आरक्षी अवनेन्द्र, आकाश चाहर, मनोज कुमार शामिल रहे।

# नहर में बहता मिला अधेड़ का शव,नही हो पायी शिनाख्त

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद(औरैया)। थाना क्षेत्र गांव कन्हों के नजदीक इटावा नहर गंग में पानी मे उतराता एक अज्ञात शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बाहर निकाला शिनाख्त नही हो पाने पर शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। गुरुवार सुबह फफूंद थाना क्षेत्र के गांव कन्हों के पास इटावा कानपुर नहर गंग में एक अधेड़ का शव पानी मे उतरा रहा था।जिसे देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे सीओ बिधूना महेंद्र प्रताप सिंह व फफूंद प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा ने शव को पानी से बाहर निकलवाया और उसकी शिनाख्त के प्रयास किये मृतक हाफ सफेद कुर्ता और पाजामा व पटरेदार नेकर पहने हुए था।कोई जानकारी नही होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव कहीं दूर से बह कर आया है दस से पन्द्रह दिन पुराना होने की बजह से सड़ गल गया है मृतक की आयु पचास वर्ष से अधिक दिख रही है शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।



# संक्षिप्त समाचार

## हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा मनाएंगे आजादी का अमृत महोत्सव

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। जनपद कन्नौज में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जाएगा । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हर घर तिरंगा लगाकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जाएगा ।संस्था भारती संस्कृति सेवा सुरक्षा समिति के माध्यम से जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौली में आजादी के अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया ।जिसमें ग्राम के छोटे बच्चो और ग्रामवासियों के सहयोग से तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया। सभी लोगो को अपने घर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर संस्था प्रमुख सौरभ दुबे , कुलदीप दुबे , प्रवीन पाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।



## रक्षाबंधन पर गायत्री परिजन ने बांटे हेलमेट

पुरनपूर। गायत्री परिजन संदीप खण्डेलवाल ने रक्षाबंधन पर्व पर जनहित की भावना से 10 हेलमेट वितरण किये यह कार्यक्रम घाटमपुर के त्रिवेणी घाट पर आयोजित हुआ जिसमें बीजेपी विधायक बाबूराम पासवान एवं कोतवाल अशोक पाल ,संदीप खंडेलवाल ने हेलमेट लगाए गुजर रहे थे लोगो को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया लक्ष्मण प्रसाद, ग्रीस, राजेश मौर्या एवं पुलिस के जवान आदि उपस्थित रहे। लोगो ने संदीप खण्डेलवाल के सुंदर जीवनरक्षक प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि उनका जनहित का कार्य प्रभु देख रहे हैं वह भी उन्हें आशीर्वाद देंगे।



## पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कस्बा पूरनपुर में पैदल गश्त कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया

पीलीभीत पुरनपूर। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस फोर्स के साथ कस्बा पूरनपुर में पैदल गश्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया व नागरिकों से संवाद स्थापित कर आगामी त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने व शासन द्वारा निर्गत आदेशों व निर्देशों का अनुपालन करने तथा कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस-प्रशासन की मदद करने की अपील की गयी। नागरिकों से अफवाह एवं भ्रामक खबरों पर ध्यान न देने व अफवाह फैलाने वालों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने की अपील की गयी साथ ही चेतावनी भी दी गई कि अगर कोई भी व्यक्ति नियमों तथा कानून का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।



## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी की बहनों ने बांधी राखी


संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद (औरैया)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय फफूंद शाखा की बहनों ने गुरुवार को थाना परिसर में पहुँच कर पुलिस के जवानों को रक्षा सूत्र राखी बांधी। इस दौरान सभी की कलाई पर रिया दीदी और राखी दीदी ने राखी बांधी। साथ ही मुंह मीठा कराया। इस मौके पर थानाध्यक्ष राकेश शर्मा व पुलिस स्टाफ सहित सभासद प्रबल शर्मा आदि मौजूद रहे। रिया दीदी ने कहा कि मौजूदा दौर में व्यसन और बुरा आचरण बढ़ता जा रहा है। ऐसे में रक्षा पर्व पर सभी यदि एक बुरी आदत या मनोभाव को त्याग करने का संकल्प लें तो आने वाले समय में और बेहतर समाज की संरचना हो सकती है।



## औषधि निरीक्षक को ब्लड बैंक के निरीक्षण में मिली अव्यवस्थाएं

- अव्यवस्थाओ के चलते अभी तक नही हुआ ब्लड बैंक चालू

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशानुसार ब्लड बैंक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ब्लड बैंक में पूर्ण स्टाफ की नियुक्ति नहीं पाई गई। साथ ही साथ सभी कमरे बिना एसी तथा ब्लड बैंक से संबंधित सभी उपकरण चालू अवस्था तथा नान सेली ब्रेटिड पाये गये।औषधि निरीक्षक ज्योत्सना आनंद द्वारा बताया गया कि ब्लड स्टोरेज रूम एवं ब्लीडिंग रूम एक साथ ही पाए गए तथा सही तरीके से बिजली एवं पानी की व्यवस्था नहीं पाई गई। जनपद में एक भी ब्लड बैंक चालू अवस्था में नहीं है।



## विशाल हिंदू युवा वाहिनी से जिला प्रचारक दिव्यांशु अग्निहोत्री को किया गया नियुक्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता आशीष राजपूत बिल्हौर विशाल हिंदू युवा वाहिनी (रजि.) से दिव्यांशु अग्निहोत्री निवासी ब्रह्मनगर बिल्हौर को राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद मिश्रा जी के द्वारा नियुक्त किया गया जिला प्रचारक दिव्यांशु अग्निहोत्री ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन वा अध्यक्ष द्वारा दी गई उसको हम ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे दिव्यांशु अग्निहोत्री जो कि शुरू से ही राजनीति की ओर अग्रसर और सक्रिय रहे हैं। संगठन इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



# सम्पादकीय....

## स्वाधीनता के बाद हम क्या वास्तव में स्वतंत्र हुए हैं

- स्वतंत्रता के कई पहलुओं का आंकलन आवश्यक

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2022 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया हैस वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरुआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ–साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ–साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी–बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही–सही समुचित दोहन ही हो पायास वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाएस संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पायास हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ–साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगास केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती हैस गरीबों को अनाज देने के साथ–साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती हैस हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा। इसके लिए हमें पिछड़ी जाति, दलित, दिव्यांग,महिलाएं, गरीब बच्चे के लिए सर्वाधिक योजनाओं को महत्व देकर निशुल्क शिक्षा,रोजगार गारंटी तथा कौशल विकास तथा पारदर्शी स्वास्थ्य योजनाओं को हर पंचवर्षीय योजना में लागू किया जाना होगा, पर अब हर वर्ष नई नई योजनाएं बनाकर उस पर प्रभावी क्रियान्वयन कर गरीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर सफल बनाना होगास यह सर्वविदित है कि सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से ही नवीन भारत का मार्ग प्रस्तुत हो सकता हैस भारतीय समाज में जातिवाद एक बड़े नासूर की तरह हम सबके समक्ष खड़ा हैस जात पात को खत्म करने के लिए स्वतंत्रता के प्राप्ति के पश्चात कई महान पुरुषों ने अपना जीवन लगा दिया था, जिनमें प्रमुख ज्योतिबा फुले, महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम उल्लेखनीय हैस इनके समुचित प्रयास के बाद भी जातिवाद को आज भी भारत में खत्म नहीं किया जा सका है,बल्कि यह बड़े रूप में सामने आए हैं एवं राजनीतिक समीकरण के कारण यह और उभर कर सामने आया हैस जिसका फायदा राजनीतिज्ञ अपने चुनाव के समय वोटर को अपने पक्ष में करने के लिए उठाते हैंस 1947 के बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के समय 1955 में सिविल अधिकार एक्ट लागू किया इसके बावजूद हालात जस के तस हैंस हमारा देश एक बहू धार्मिक सांस्कृतिक एवं विविधता वाला देश है स भारत पूरे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में माना जाता है। सांप्रदायिकता को रोकने के लिए संसद में अनेक संशोधन हुए हैं इसके बावजूद देश में धार्मिक सौहार्द बनाने में बहुत असफलताएं सामने आई है। यहां सांप्रदायिक दंगे भी हुए हैं, जिसे सरकार रोकने का भरसक प्रयास करती रही लेकिन सदैव उन्हें असफलता ही हाथ लगी हैस संप्रदाय, जाति प्रथा, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे तथा चर्च के विवाद के कारण ही सांप्रदायिकता सदैव खतरे में रही हैस सांप्रदायिक सौहार्द्र बढ़ाने के कई पहलुओं पर गहन चिंतन मनन भी किया गया पर इसमें बहुत बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है, सांप्रदायिकता के साथ जुड़ी हुई आतंकवाद की घटनाएं हुई इस संदर्भ में जोड़ी जाती रही हैस आतंकवाद, नक्सली समस्या केवल भारत देश की नहीं है यह अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ले चुकी हैस भारत आतंकवाद से स्वतंत्रता के बाद से लगभग 75 वर्ष से इस समस्या से जूझ रहा है कश्मीर में आतंकवाद, झारखंड, बिहार,बस्तर, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश,तेलंगाना में नक्सली समस्या अपना सिर उठा चुकी हैस हमारे परंपरागत दुश्मन वैसे तो पाकिस्तान और चीन है पर पाकिस्तान और तालिबान एक साथ मिलकर कश्मीर में आतंकवाद का तांडव मचाकर भारत में अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर भी किया हैस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल से भारत को स्वच्छ निर्मल और स्वस्थ रखने की नई योजनाओं को लागू कर उस पर अमल करना शुरू किया है। स्वच्छ भारत भी एक अभियान की तरह भारत में प्रचलित हैस महात्मा गांधी की सदैव कल्पना रही है कि भारत स्वच्छ रहे और इसी कार्यक्रम में सरकार ने सभी शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय बनाने की योजना को तीव्र स्तर पर लागू भी किया हैस पर यह शत–प्रतिशत अनुपालन में नहीं आई हैस इसके अलावा भारत कई योजनाओं में एक साथ काम कर रहा है, जैसे चुनाव में संशोधन,श्रम कानूनों में सुधार, पंचायती राज में संशोधन, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कार्यपालिका न्यायपालिका तथा विधायिका में सामंजस्य बनाने का प्रयास भी किया गयास भारत में हर वर्ष बाढ़, सूखा तथा भूकंप के झटके भी महसूस किए जाते रहे और इस पर प्रभावी नियंत्रण लाने का प्रयास भी किया गया है। इसके लिए भी अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। कुल मिलाकर नवीन भारत की संकल्पना के साथ भारत में तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए अपनी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाना चाहिए, तब जाकर भारत एक नवीन भारत की कल्पना को साकार रूप दे सकता है एवं विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकता है।

संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़

# अमृत महोत्सव के जश्न में, कहाँ खड़े हैं आज हम?

(विश्व की उदीयमान प्रबल शक्ति के बावजूद भारत अक्सर वैचारिक ऊहापोह में घिरा रहता है. यही कारण है कि देश के उज्ज्वल भविष्य और वास्तविकता में अंतर दिखाई देता है. हालांकि भारत महाशक्ति बनने की प्रक्रिया में प्रमुख बिंदुओं पर खरा उतरता है, लेकिन व्यापक अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में घरेलू मुद्दों के कारण वह कमजोर पड़ जाता है। बिना साक्षरता के कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसे में सभी शिक्षित हों तभी सारी समस्याओं से आजादी पाई जा सकती है। साक्षरता के साथ–साथ देश भर में बढ़ती बेरोजगारी युवाओं को गुलामी का अहसास देती है, आखिर वो कब इस से आजाद होगा।)

भारत ने वैश्विक पहचान हासिल करने के लिए ढेर सारी चुनौतियों को पार करते हुए दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक बनने के लिए छोटे कदम उठाए। भारत ने आजादी के बाद से एक लंबा सफर तय किया है, कई सही और गलत फैसलों से परहेज किया है, जो कई ऐसे स्थलों को पीछे छोड़ता है जो विभाजन की पीड़ा से एक मजबूत, शक्तिशाली और विकासशील राष्ट्र की यात्रा को परिभाषित करते हैं। हाल ही के दशकों में भारत धीरे–धीरे अंतरराष्ट्रीय स्थान पर ऊपर चढ़ता जा रहा है और इसके कारण विश्व की एक प्रमुख महाशक्ति के रूप में इसका वैश्विक प्रभाव भी नजर आने लगा है. पिछले चार दशकों में एक जबरदस्त ताकत के रूप में उभरकर सामने आया है और भारत ने भी काफी ऊँचाइयाँ हासिल कर ली हैं. इसके कारण विश्व की आर्थिक शक्ति का केंद्र यूरोप और उत्तरी अमेरिका से हटकर एशिया की ओर स्थानांतरित होने लगा है. उदीयमान प्रबल शक्ति के बावजूद भारत अक्सर वैचारिक ऊहापोह में घिरा रहता है. यही कारण है कि देश के उज्ज्वल भविष्य और वास्तविकता में अंतर दिखाई देता है. हालांकि भारत महाशक्ति बनने की प्रक्रिया में प्रमुख बिंदुओं पर खरा उतरता है, लेकिन व्यापक अंतर्राष्ट्रीय संदर्भ में घरेलू मुद्दों के कारण वह कमजोर पड़ जाता है. हालांकि भारत के कई नेता गति को आगे बढ़ाने और सामाजिक राजनीतिक संकट से बचने में विफल रहे, यह भी राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता की कमी का मामला था। भारत में विविधता के कारण, कहीं न कहीं आना मुश्किल है। हालांकि, अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) यानी एक समान नागरिक संहिता लगने के प्रयासों को रूढ़िवादी वर्गों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने दावा किया कि इससे सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा होगा। पानी की तरह किलोमीटर पर भारत में भाषा बदल जाती है। इसलिए,हिंदी केवल आधिकारिक भाषा के रूप में लाना मुश्किल था और 1965 में तमिलनाडु के हिंदी–विरोधी आंदोलन जैसे हिंसा और गरमागरम बहस देखी गई। जनसंख्या नियंत्रण कानून 2019 का जनसंख्या नियंत्रण विधेयक, जिसे 2022 में वापस ले लिया गया था। दो संतान नीति को आजादी के बाद से 35 बार संसद में पेश किया गया है। इन मसौदे की आम जनता द्वारा भारी आलोचना की गई थी। कृषि अर्थशास्त्री और अन्य हितधारक दशकों से कृषि बाजार में सुधार की वकालत कर रहे हैं। इसने संकट से बचने के लिए तीन प्रमुख कृषि सुधार कानून जिन्हें निरस्त कर दिया गया को फिर से चुपके मोड में आगे बढ़ाने के बारे में सरकार को झिझक दिया। लेबर कोड पर नियम आज तक टाले गए। कोड के परिणामस्वरूप कम टेक–होम पे और आसान छंटनी होगी। निःसंदेह सरकार को सुधार के मार्ग पर बहुत सावधानी से चलना होगा। लोकतंत्र की सफलता में पहला है मतदान को अनिवार्य बनाना, जैसा कि कम से कम 30 लोकतंत्रों में किया गया है, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़कर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। वर्तमान में, भारत में मतदान प्रतिशत कम है। आईपीसी की धारा 124ए का घोर दुरुपयोग एक उपहास है लेकिन अधिकांश राजनीतिक दल नहीं चाहते कि कानून के इस प्रावधान को हटाया जाए। सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम के लिए राज्य सशस्त्र पुलिस और केंद्रीय अर्ध–सैन्य पुलिस का उपयोग करना चाहिए। घुसपैठ, भाड़े के सैनिकों, आतंकवादियों और आतंकवादियों से निपटने के लिए जम्मू–कश्मीर और पूर्वोत्तर के नागरिक क्षेत्रों से सशस्त्र बलों को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ले जाने के लिए अधिनियम को हटाना एक मजबूत मामला है। जनीतिक हस्तक्षेप और पुलिस जांच में अपर्याप्तता को देखते हुए, भारत ने औपनिवेशिक काल से यूरोप में प्रचलित जिज्ञासु प्रणाली में आरोप लगाने वाली प्रणाली से एक संरचनात्मक परिवर्तन करने का समय आ गया है। जस्टिस वी. एस. मलीमथ ने रिफॉर्म ऑफ क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम पर अपनी रिपोर्ट में भी इसका सुझाव दिया है। जीएम खाद्य फसलों के लिए भारत अभी भी आनुवंशिक रूप से इंजीनियर या आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव (जीएम) फसलों पर अनिर्णीत है। राजनीतिक इच्छा देश की खाद्य सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए जैव प्रौद्योगिकी सहित एक आधुनिक कृषि नीति ढांचे को अपनाने और लागू करने की कमी है। राजनीतिक प्रतिष्ठान ने राजनीतिक कार्यकर्ता आंदोलन से खुद को बचा लिया है। भारत में सामाजिक राजनीतिक अशांति के बावजूद नेताओं द्वारा कई कठोर निर्णय सुधार किए गए जैसे 1991 के सुधारों के दौरान नेताओं की राजनीतिक इच्छाशक्ति को याद रखना चाहिए। हम उस नेतृत्व की सराहना करते हैं जिसने भारत को ष्वट्टान से गिरनेष से बचाया और भुगतान संकट के आसन्न संकट के साथ फंड और बैंक की मजबूरी के तहत सुधारों का प्रबंधन किया। 1960 में भारत में हरित क्रांति ने गेहूं और दालों की अधिक उपज देने वाली किस्मों के विकास के साथ खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि देखी। 1976 सामूहिक नसबंदी अभियान संजय गांधी द्वारा शुरू किया गया था और एक वर्ष में लगभग 6.2 मिलियन पुरुषों की नसबंदी की गई थी, जिसमें लगभग 2000 लोग सर्जरी के कारण मारे गए थे। 1990 वीपी सिंह सरकार द्वारा कुछ जातियों को जन्म के आधार आरक्षण पर सरकारी नौकरी देने के विरोध में पूरा देश विरोध की चपेट में था, बावजूद इसके निर्णय जारी रहा। भारत ने 1998 में पोखरण में परमाणु बम परीक्षण किए, ष्ऑपरेशन शक्तिष कोडनेम के साथ निरस्त्रीकरण के वैश्विक दबाव में कठोर निर्णय लिया। इसने भारत को एक पूर्ण परमाणु राष्ट्र बना दिया। 2016 में, सरकार ने 500 रुपये और 1,000 रुपये के नोटों के विमुद्रीकरण की घोषणा की। कई किसान, व्यापारी और युवा वर्ग सभी आंदोलन कर रहे थे लेकिन काले धन के खिलाफ एक कदम के रूप में इसे आगे बढ़ाया गया माल और सेवा कररू यह प्रमुख केंद्रीय और राज्य करों को शामिल करने के बाद परिणामी कर था। कश्मीर की पहेली सुलझाना राज्य के पूर्ण एकीकरण के लिए अनुच्छेद 370 का निरस्तीकरण लंबे समय से लंबित था और इसे जम्मू–कश्मीर की स्थिति पर सीधे रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए सालों पहले किया जाना चाहिए था। आजादी के बाद सबसे महत्वपूर्ण सबक यह है कि सुधारों की प्रक्रिया को अधिक परामर्शी, अधिक पारदर्शी और संभावित लाभार्थियों को बेहतर ढंग से संप्रेषित किया जाना है। यह समावेशिता ही है जो भारत के लोकतांत्रिक कामकाज के केंद्र में है। हमारे समाज की तर्कशील प्रकृति को देखते हुए, सुधारों को लागू करने में समय और विनम्रता लगती है। लेकिन ऐसा करना सुनिश्चित करता है कि हर कोई जीत जाए। भारत को विकसित बनाने के लिए हमें पांच प्रमुख क्षेत्रों में पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम करने की जरूरत है। इनमें कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा व स्वास्थ्य सुरक्षा, सूचना व संचार तकनीक, भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक पॉवर, महत्वपूर्ण तकनीक में आत्मनिर्भरता। ये पांचों क्षेत्र एक–दूसरे से जुड़े तो हैं ही, एक–दूसरे पर प्रभाव भी डालते हैं। इसलिए इनमें बेहतर सामंजस्य होना चाहिए। यह देश की आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी बहुत जरूरी है। इसके साथ ही हममें यह सकारात्मक सोच भी होनी चाहिए कि हम कुछ नया अविष्कार करके ही अपने देश में अच्छा बदलाव ला सकते हैं, क्योंकि विज्ञान और तकनीक से ही मानव कल्याण, शांति और खुशहाली आ सकती है। छोटे से छोटे भ्रष्टाचार का सीधा प्रभाव जनता पर पड़ता है। करप्शन फ्री इंडिया के सपने को साकार करने के लिए इंडिया बात करने लगा है। कभी फिल्म और स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रखने वाला भारत अब भ्रष्टाचार मुक्त देश बनना चाहता है। आज भी भारत में बहुत से स्थान ऐसे हैं जहां लड़कियों को सिर्फ इस लिए नहीं पढ़ने दिया जाता क्यों कि वो लड़की हैं। ऐसे भी ये कहना गलत नहीं होगा कि इस देश का हर नागरिक स्वतंत्र नहीं है। यदि वास्तव में देश को आगे बढ़ाना है तो लिंग भेद को समाप्त करना होगा। आज का भारत मर्डर, रेप जैसे बड़े क्राइम्स के साथ साथ बहुत से छोटे क्राइम्स से भी परेशान है। कहीं न कहीं इन क्राइम्स के पीछे एक बड़ा कारण बेरोजगारी भी है लेकिन सोच बदलकर कर रोजगार मुहैया करवाकर क्राइम पर कंट्रोल किया जा सकता है देश जितना हिन्दू– मुसलमान सोशल मीडिया पर दिखाई देता है उतना है नहीं। आज का भारत किसी के बहकावे में आने वाला नहीं है। बदलते भारत के लोगों में अपने विवेक के आधार पर निर्णय करके देश को प्राथमिकता देने जैसी बातें प्रमुखता से सामने आईं। बिना साक्षरता के कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसे में सभी शिक्षित हों तभी सारी समस्याओं से आजादी पाई जा सकती है।। साक्षरता के साथ–साथ देश भर में बढ़ती बेरोजगारी युवाओं को गुलामी का अहसास देती है, आखिर वो कब इस से आजाद होगा। अमृत महोत्सव के जश्न में डूबे, कहाँ खड़े हैं आज हम? सोचना होगा।

सत्यवान 'सौरभ'

### अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त 2022 पर विशेष

# अंतर पीढ़ीगत एकजुटता, सभी उम्र के लिए एक दुनिया बनाना

वैश्विक स्तरपर अगर तजुर्बेदार, बड़ों, अनुभवी ताउम्र लोगों और बड़े बुजुर्गों का मानसम्मान, एकजुटता की बात करें तो आदि अनादि काल से यह भारत में रही है क्योंकि भारत की संस्कृति सभ्यता और यहां की मिट्टी में ही ऐसे गुणों की खान है जो जन्म से ही प्राणी के दिलों दिमाग में बस जाती है। परंतु वर्तमान परिपेक्ष में पश्चिमी संस्कृति के सैलाब में इस उचित मार्गदर्शन की भागीदारी का कमजोर होना रेखांकित किया जा सकता है। जबकि आधुनिक नवीनतम नए भारत में युवाओं की संख्या तीव्रता से बढ़ रही है इसलिए क्योंकि 12 अगस्त 2022 को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस है इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से युवा शक्ति और हमारे बड़ों, अनुभवी, ताउम्र लोगों,याने अंतर पीढ़ी गत एकजुटता को कायम करने पर चर्चा करेंगे। सथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में भारत की युवा शक्ति की करें तो, भारत युवाओं का देश हैं, पूरे विश्व में भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। हमारे देश में 35 वर्ष की आयु तक के 65 करोड़ युवा हैं। अर्थात् हमारे देश में अथाह श्रमशक्ति उपलब्ध है। आवश्यकता है आज हमारे देश की युवा शक्ति को उचित मार्ग दर्शन देकर उन्हें देश की उन्नति में भागीदार बनाने की, उनमे अच्छे संस्कार, उचित शिक्षा एवं प्रोद्यौगिक विशेषज्ञ बनाने की, उन्हें बुरी आदतों जैसे– नशा, जुआ, हिंसा इत्यादि से बचाने की। क्योंकि चरित्र निर्माण ही देश की, समाज की, उन्नति के लिए परम आवश्यक है। दुश्चरित्र युवा न तो अपना भला कर सकता है, न समाज का और न ही अपने देश का। देश के निर्माण के लिए, देश की उन्नति के लिए, देश को विश्व के विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा करने के लिए युवा वर्ग को ही मेधावी, श्रमशील, देश भक्त और समाज सेवा की भावना से ओत प्रोत होना होगा। साथियों बात अगर हम देश के युवाओं को विलासिता सुख सुविधा के मोह में देश की जमीन छोड़कर प्रवासन की करें तो, आज विश्वभर में अधिकतर युवा विलासिता और सुख–सुविधा को देखते हुए अपनी देश की जमीन को छोड़कर दूसरी जगह जा रहे हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण में दिक्कतें आ रही हैं। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं और विशेषकर भारत जैसे महान् राष्ट्र की ऊर्जा तो युवाओं में ही निहित है। ऐसे में अगर युवाओं का भारी संख्या में प्रवासन होता है तो इससे न केवल उस राष्ट्र की अक्षमता प्रदर्शित होती है, जो अपने नौजवानों को पर्याप्त साधन नहीं दे सकता बल्कि इससे देश की विकास का सशक्त आधार भी समाप्त हो जाता है। साथियों इसलिए युवाओं को चाहिए कि अपनी क्षमता का लाभ अपनी मिट्टी में से जुड़कर देश सेवा में हाथ बताएं इसलिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी कहा है, इस महत्वपूर्ण दिन पर, बाधाओं को तोड़ने के लिए पीढ़ियों से हाथ मिलाएं, और सभी लोगों के लिए एक अधिक न्यायसंगत, न्यायपूर्ण और समावेशी दुनिया प्राप्त करने के लिए एक के रूप में काम करें। साथियों बात अगर हम वर्तमान मानव विकास गति की करें तो, वर्तमान सदी में युवा वर्ग मानव सभ्यता के ऐसे मुकाम पर खड़ा है, जब मानव विकास गति का रथ जेट विमान की गति से भाग रहा है। यह तीव्र विकास गति जहाँ अनेकोंउपलब्धियां– सुविधाएँ और चमत्कार लेकर आ रही है, वहीँ युवा वर्ग के लिए तीव्र गति से भागने की क्षमता पा लेने की चुनौती भी। क्योंकि यदि युवा वर्ग इतना क्षमतावान है की वह तेजीसे हो रहे परिवर्तन को समझ सके, उसे अपना सके, नयी खोजों, नयी तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर अपनी कार्यशैली परिवर्तित कर सके, तो ही वह अपने जीवन को सम्मानजनक एवं सुविधा संपन्न बना सकता है, और विश्व स्तर पर अपने अस्तित्व को बनाये रख सकता है। प्रतिस्पर्द्धा की कड़ी चुनौतियों को स्वीकार करना ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। आज के युवा वर्ग को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्द्धा में शामिल होना आवश्यक हो गया है। साथियों बात अगर हम युवाओं द्वारा अपने समय के सदुपयोग के मूल्यों की करें तो, आज के युवा वर्ग को अपने विद्यार्थी जीवन में अध्ययनशील, संयमी, चरित्र निर्माण के लिए आत्मानुशासन लाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के प्रयास करने चाहिए। जिसके लिए समय का सदुपयोग आवश्यक है। विद्यालय को मस्ती की पाठशाला समझ कर समय गंवाने वाले युवा स्वयं अपने साथ अन्याय करते हैं, जिसकी भारी कीमत जीवन भर चुकानी पड़ती है। बिना शिक्षा के कोई भी युवा अपने जीवन को सुचारू रूप से चलाने में अक्षम रहता है। चाहे उसके पास अपने पूर्वजों का बना बनाया, स्थापित कारोबार ही क्यों न हो। या वह किसी राजनयिक या प्रशासनिक अधिकारी की संतान ही क्यों न हो। इसी प्रकार बिना शिक्षा के जीवन में कोई भी कार्य, व्यापार, व्यवसाय उन्नति नहीं कर सकता। यदि कोई युवा अपने विद्यार्थी जीवन के समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है तो मनोरंजन, मस्ती और ऐश के लिए पूरे जीवन में भरपूर अवसर मिलते हैं। वर्तमान समय में युवा विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए, अर्थात् प्रोद्यौगिकी से सम्बंधित विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त करनी चाहिए। जो देश की उन्नति में योगदान देने के साथ–साथ रोजगार की असीम संभावनाएं दिलाती है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक युवा शक्ति की करें तो, युवा विकास के लिए एक सकारात्मक शक्ति हो सकते हैं जब उन्हें ज्ञान और अवसर प्रदान किए जाते हैं जिनकी उन्हें आवश्यकता होती है। आज, 15 से 24 वर्ष की आयु के 1.2 अरब युवा हैं, जो वैश्विक आबादी का 16 प्रतिशत है। 2030 तक – 2030 एजेंडा बनाने वाले सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए लक्ष्य तिथि – युवाओं की संख्या 7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.3 बिलियन होने का अनुमान है, हमारे ग्रह पर आधे लोग 30 या उससे कम उम्र के हैं, और यह 2030 के अंत तक 57 फीसदी तक पहुंचने की उम्मीद है।सर्वेक्षण से पता चलता है कि 67 फीसदी लोग बेहतर भविष्य में विश्वास करते हैं, जिसमें 15 से 17 वर्ष के बच्चे इस बारे में सबसे अधिक आशावादी हैं।अधिकांश लोग इस बात से सहमत हैं कि राजनीति में उम्र का संतुलन गलत है। सभी आयु समूहों के दो तिहाई (69 फीसदी) से अधिक लोग इस बात से सहमत हैं कि नीति विकास/ परिवर्तन में युवा लोगों के लिए अधिक अवसर राजनीतिक व्यवस्था को बेहतर बनाएंगे। विश्व स्तर पर, केवल 2.6 फीसदी सांसद 30 वर्ष से कम उम्र के हैं, और इनमें से 1 फीसदी से भी कम युवा सांसद महिलाएं हैं। साथियों बात अगर हम इस दिवस के उद्देश्यों की करें तो, अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2022 का उद्देश्य इस संदेश को बढ़ाना है कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए सभी पीढ़ियों के लिए कार्रवाई की आवश्यकता है और किसी को पीछे नहीं छोड़ना है। यह अंतर–पीढ़ीगत एकजुटता, विशेष रूप से आयुवाद, जो युवा और वृद्ध व्यक्तियों को प्रभावित करता है, के लिए कुछ बाधाओं पर जागरूकता बढ़ाएगा, जबकि समग्र रूप से समाज पर हानिकारक प्रभाव पड़ेगा। देश के युवाओं की आवाज, कार्यों और उनके द्वारा किए गये आविष्कार को देशदृदुनिया तक पहुंचाना है। युवाओं की समस्या को अन्तर्राष्ट्रीय संगठन जैसे संयुक्त राष्ट्र , मानवाधिकार तक पहुंचाना है। कोरोना के बाद पहली बार अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्राम आयोजित हुए है, विभिन्न मुद्दे पर चर्चा हुई और राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दे में अपनी चर्चा की। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के इतिहास की करें तो, अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दिसम्बर, 1999 में की गयी थी। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 54/120 प्रस्ताव पारित किया था। पहली बार 12 अगस्त, 2000 को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया था। विश्व में युवाओं की जनसंख्या को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने यह फैसला लिया कि प्रत्येक वर्ष 12 अगस्त को विश्व युवा दिवस मनाया जायेगा। 1985 में संयुक्त राष्ट्र ने अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने की घोषणा की गयी थी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त 2022 पर विशेष है।आओ पीढ़ियां हाथ मिलाए अंतरपीढ़ी को एकजुटता, सभी उम्र के लिए एक दुनिया बनाना। विकास के मार्ग में बाधाओं को तोड़ने युवा शक्ति और उचित मार्गदर्शन की भागीदारी से भारत को फिर सोने की चिड़िया का दर्जा हासिल हो सकता है।

–संकलनकर्ता लेखक – किशन सनमुखदास भावनानी, महाराष्ट्र

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना
समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

**: प्रसारित :**
**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## सैफई से लखनऊजाते समय कुदरैल पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने निरीक्षण किया

ताखा। सैफई से लखनऊ जाते समय कुदरैल पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने निरीक्षण किया। ब्लॉक क्षेत्र के कुदरैल से आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे



से जुडने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निरीक्षण किया। करीब दस मिनट तक रुक निर्माणाधीन कार्य को देखा और साथ के लोगों द्वारा बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की फोटो खिचवाई और वहां पहुंचे कार्यकर्ताओं से मिले और उनका हाल जाना। कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। सपा कार्यकर्ता दलवीर सिंह यादव ने अपने उपर लगे झूठे बलात्कार के मुकदमे के बारे में बताया कि पुलिस द्वारा झूठे मुकदमे लगाकर सपा कार्यकर्ताओं का शोषण किया जा रहा जिसपर श्री यादव ने कहा वह इस संबंध में कप्तान से बात करेंगे। ताखा क्षेत्र के अजय यादव, आशू यादव से मिले और आशू यादव के पिता राधेश्याम पत्रकार के बारे में पूंछा और क्षेत्र के लोगों के बारे जानकारी की।

## महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नंदी ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनसामान्य को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनसामान्य को जागरूक करने के लिए सुभाष चौराहा से अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क



तक साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। साइकिल यात्रा को महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस साइकिल रैली में कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, एडीजी जोन प्रेम प्रकाश, आईजी डॉक्टर राकेश सिंह, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय द्वारा प्रतिभाग किया। साइकिल रैली के माध्यम से लोगो को हर घर तिरंगा कार्यक्रम से जुड़ने एवं प्रत्येक घर व अपने–अपने संस्थानों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया गया।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाने से आए शिकायतकर्ता की शिकायतें सुनकर तुरंत दिए संबंधित थानों को निर्देश

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार



पांडेय द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद के थानों से आये हुये शिकायतकर्ताओ के शिकायत को सुनकर सम्बन्धित थानों को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

## सीओ फूलपुर ने तिरंगे को किया सैल्यूट

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स
प्रयागराज, फूलपुर। फूलपुर के होम गार्डस ने बृहस्पतिवार दिन में ब्लाक परिसर से अपने बी ओ दिलीप सिंह कंपनी कमांडेट जगतपाल सिंह सहायक कमा० करमचंद मौर्य सुरेश चंद्र मौर्य मनोज कुमार मिश्रा राम बहादुर सत्यनारायण फूल चंद आदि दो दर्जन गार्डस ने तिरंगा यात्रा निकालकर नगर पंचायत के मुख्य मार्गो से घूमतेत हुए क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां क्षेत्राधिकारी फूलपुर रामसागर ने तिरंगे को सैल्यूट करते हुए गार्डस का आवाहन किया। कि अपनी कर्तव्य निष्ठा और देश प्रेम को अपना सब कुछ मानते हुए तिरंगे को राष्ट्रध्वज का रूप देने में जिन वीर सपूतों ने 75 वर्ष पूर्व अपने प्राणों की आहुति दी थी। वह बलिदान ना भूलें श्जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानीश्श मौके पर चौकी इंचार्ज विनय मिश्रा तथा सी ओ ऑफिस के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत भाटपार रानी में हर घर तिरंगा झंडा देते हुए नगर पंचायत कर्मचारी

दैनिक आयोध्या टाइम्स तहसील संवाददाता चंदन कुमार गुप्ता
भाटपार रानी देवरिया। उपनगर नगर पंचायत भाटपार रानी में तिरंगा झंडा हर घर पहुंच कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा जनता को देते हुए नगर पंचायत भाटपार रानी के कर्मचारी गण अजय कुमार आर्य गुड्डू गुप्ता लाला सिंह पवन कुमार राय व अन्य नगर पंचायत के कर्मचारी नगर में हर घर पहुंच कर देश का तिरंगा



झंडा देकर अपील किया सभी लोग अपने अपने छत पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को अपने छत पर लगाएं।

## न्यायालय परिसर श्रावस्ती से निकाली गई तिरंगा यात्रा



ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। "आजादी के अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत "हर घर तिरंगा" अभियान तहत गुरूवार को नवीन जनपद न्यायालय परिसर श्रावस्ती से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसे जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने हरी झण्डी दिखाकर जनपद न्यायालय से रवाना किया। देश की आजादी के 75वीं वर्ष पूरी होने पर पूरे देश में "आजादी का अमृत महोत्सव" मनाया गया है। इसी के तहत जनपद न्यायालय परिसर श्रावस्ती से तिरंगा यात्रा निकालकर लोगो में राष्ट्रीयता की भावना का संदेश दिया गया, यह यात्रा दिनांक 11 अगस्त, 2022 को अपराह्न 01.30 बजे दीवानी परिसर से शुरू होकर खैरीमोड़ होते हुए ईदगाह तिराहा पहुचां फिर पुनः आकर दीवानी न्यायालय परिसर में समाप्त हुआ। वाहनों पर तिरंगा झण्डा लगाकर भारत माता की जय की जयकारा लगाते हुए यात्रा निकाली गई।

इस दौरान अपर जिला जज सुदामा प्रसाद, अपर जिला जज उमेश कुमार द्वितीय, अपर जिला जज अजय कुमार सिंह, सी0जे0एम0 करूणा सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री मृत्युंजय श्रीवास्तव सहित सभी न्यायिक अधिकारी व समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में प्रचार प्रसार हेतु रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

ओंकार नाथ चौधरी। जनपद बलरामपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलरामपुर के तत्वाधान में जिला जज/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलरामपुर श्री लल्लू सिंह के द्वारा गुरुवार को हर घर तिरंगा रैली एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बंध में प्रचार प्रसार हेतु रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



यह रैली जिला न्यायालय से होकर कलेक्ट्रेट के सामने से होती हुयी बलरामपुर बहराइच मार्ग से होते हुए पुरानी कचहरी तक लोगों को हर घर तिरंगा एवं लोक अदालत के सम्बंध में जागरूक करते हुये पहुची एवं वापस आकर जिला न्यायालय में समाप्त हुयी। इस अवसर पर जिला जज महोदय द्वारा हर घर पर तिरंगा लगाने एव दिनांक 13/08/2022 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराने की अपील की ।

इस अवसर पर सभी अपर जिला जज, मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट, सभी न्यायायिक मजिस्ट्रेट, पैनल अधिवक्ता गण, स्कूल के बचे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला महिला कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक, महिला कल्याण एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहे।

## चाइल्ड लाइन 1098 कासगंज को फिर मिला एक गुमशुदा बच्चा

कासगांज। चाइल्ड लाइन के इमरजेंसी नंबर पर एक कॉल आई तो बताया कि एक बच्चा उम्र करीब 16 वर्ष जो अपना नाम यूसुफ बता रहा है अपना पता नहीं बता पा रहा है जो जो रेलवे स्टेशन पर घूमता पाया गया। चाइल्ड लाइन 1098 कासगंज ने अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है इस समय यह बच्चा चाइल्ड लाइन कार्यालय 635 ६१ आवास विकास कॉलोनी निकट पुलिस चौकी कासगंज उत्तर प्रदेश पर है किसी व्यक्ति को इस बच्चे के बारे में सूचना मिले या पता चले तो मोबाइल नंबर 9012121098 पर सूचित करें।

## नगदी रकम एवं यूरिया खाद चोरी करने वाले 02 आरोपी को थाना बाराद्वार पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया

छत्तीसगढ़। जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ के थाना बाराद्वार क्षेत्र के ग्राम किरारी में रहने वाले प्रार्थी रिखी राम श्रीवास द्वारा थाना बाराद्वार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर से नगदी रकम 18500 रूपये एवं 02 बोरी यूरिया खाद कुल जुमला कीमती 19460 रूपये को चोरी कर ले गया प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बाराद्वार में अपराध क्रमांक 212/2022 धारा 457 , 380 , 34 , भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान सीसीटीव्ही फूटेज एवं मुखबिर के सूचना के आधार पर कमलेश साहू उम्र 33 वर्ष एवं नरेन्द्र साहू उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी किरारी द्वारा चोरी करने की सूचना प्राप्त होने पर दोनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपियों के कब्जे से चोरी किये हुये नगदी



रकम 2000 रूपये एवं 02 बोरी यूरिया खाद कीमती कुल जुमला 2960 रूपये बरामद किया गया आरोपी कमलेश साहू उम्र 33 वर्ष एवं नरेन्द्र साहू उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी किरारी को दिनांक 10/08/2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं विवेचना कार्यवाही में निरीक्षक राजेश पटेल , सह उपनिरीक्षक अश्वनी निरंकारी , प्रधान आरक्षक दामोदर जायसवाल आरक्षक फारूख खान , राकेश राठौर एवं थाना बाराद्वार स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गीतों के माध्यम से लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना ही कार्यक्रम का उद्देश्य : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। सरकार के मंशानुसार आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। तथा 11 से 15 अगस्त, 2022 तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में राष्ट्रप्रेम से प्रेरित गायन सांस्कृतिक कार्यक्रम का द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ से आयी मुख्य गायिका सुश्री संगीता श्रीवास्तव जी द्वारा ''वक्रतुण्ड महाकाय, सूर्य कोटि समप्रभ'' से प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिसके तहत आज देशभक्ति गीतों के माध्यम से लोगों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने एवं स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे लोग अपने देश एवं अपने राष्ट्रध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक हो सके।

कार्यक्रम में संस्कृति विभाग, लखनऊ से आयी गायिका सुश्री संगीता श्रीवास्तव जी द्वारा अनेक राष्ट्रभक्ति गीत ''धनी–धनी देशवा के धनी मोरे झण्डा'', ''अमृत उत्सव मंगवे हमार देशवा'' एवं कजरी गीत ''नीबिया की डारी, पे डाले डोलनवा'', ''मइया झूले ललनवा हो, अरे रामा भीजत मोर चुनरिया, बदरिया बरसत रे हारी'' की प्रस्तुती कर लोगों का मन मोह लिया ।कार्यक्रम के दौरान सत्या द आर्यन पब्लिक स्कूल इकौना के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुती की गई। जिसके अन्तर्गत ''सारे जहां से प्यारी मेरे भारत की बेटी, देश रंगीला, सुनो गौर से दुनिया वालों चाहे जितना जोर लगा लो'' देशभक्ति गीत पर दिवांशी, खुशबु, सरस्वती, आयुषी, प्रज्ञा एवं प्रतिभा ने नृत्य प्रस्तुत किया। बेहतर प्रस्तुती के लिए जिलाधिकारी ने छात्रा सरस्वती को पुरस्कृत भी किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकार शाहिद रजा ने भी देशभक्ति पर आधारित गीत ''लहराये आसमान पर भारत का तिरंगा, है अमन की पहचान, मेरे देश का झण्डा'' का प्रस्तुतीकरण कर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान सूचना विभाग द्वारा श्रोताओं को प्रदेश सरकार की योजनाओं सम्बन्धित ''उत्तर प्रदेश सन्देश'' नामक पत्रिका एवं ''मिशन शक्ति'' नामक फोल्डर का भी वितरण किया गया। तथा सूचना विभाग, लखनऊ से आयी एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से प्रचार–प्रसार भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र,



उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी, उपजिलाधिकारी रोहित, उपजिलाधिकारी आशुतोष, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, जिला समन्वयक डा0 राजकुमार त्रिपाठी, संस्कृति विभाग द्वारा कार्यक्रम के समन्वय हेतु नामित नोडल अधिकारी डी0पी0 सिंह, सहित कलेक्ट्रेट, विकास विभाग, सूचना, बेसिक शिक्षा, पंचायत राज विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं जनसैलाब उपस्थित रहा।

## ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत बुधवार को 'एक शाम तिरंगे के नाम' कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

• कवियों द्वारा राष्ट्रप्रेम से ओत–प्रोत कविता सुनाकर श्रोताओं का मन मोहा

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। सरकार के मंशानुसार आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। तथा 11 से 15 अगस्त, 2022 तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत बुधवार देर रात्रि उपजिलाधिकारी रोहित, उपजिलाधिकारी आशुतोष, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश एवं डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 ने कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत ''एक शाम तिरंगे के नाम'' पर आधारित 'कवि सम्मेलन' का द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कवियों द्वारा मंच पर पधारने पर अधिकारियों द्वारा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मान किया गया। कवि सम्मेलन के दौरान सर्वप्रथम श्रृंगार रस की कवित्री श्रीमती मीरा तिवारी ने मां सरस्वती वन्दना ''वीणा मधुर बजा दो'' के गायन से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान श्रृंगार रस की कवित्री श्रीमती गीता त्रिपाठी ने भी अपनी कविता ''बेटा सब चाहते, बेटी कोई नहीं'' कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् भगवान शंकर की धरती काशी (वाराणसी) के हास्य कवि नागेश शाण्डिल्य ने राष्ट्रप्रेम से ओत–प्रोत अपनी हास्य कविताओं का प्रदर्शन करते हुए कवि सम्मेलन की गरिमा बढ़ाई। और उपस्थित जनसमुदाय ने भी उनकी प्रसंशा तालियां बजाकर की।

इस अवसर पर टीम के वरिष्ठ कवि भूषण त्यागी जी ने वीर रस से परिपूर्ण कविता सुनाकर लोगों का मन मोह लिया। उन्होने तिरंगे की शान में अपनी कविता ''भूखा दिखाई दे, नंगा दिखाई दे, कोई फसाद और न, दंगा दिखाई दे'' नामक कविता से वहां उपस्थित भीड़ का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी आशुतोष ने भी ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' कविता से लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी ने ''गीत मैं प्यार मनुहार पर भी लिखता हूं, यार की जुल्फ और रूखसार पर भी लिखता हूं'' के साथ एवं स्थानीय कवि संजय श्रीवास्तव ने भी अपनी–अपनी कविता का पाठ किया। सम्मेलन में उपस्थित जन समूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से कवियों की खूब सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कवि भाल चन्द्र



त्रिपाठी एवं बेसिक शिक्षा विभाग के जिला समन्वयक अजीत कुमार उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, उपनिदेशक कृषि कमल कटियार, जिला बचत अधिकारी रामप्रसाद, जिला समन्वयक डा0 राजकुमार त्रिपाठी, कलेक्ट्रेट, विकास विभाग, सूचना, बेसिक शिक्षा, पंचायत राज विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं जनसैलाब उपस्थित रहा।

## ए0डी0जी0 जोन एवं जिलाधिकारी ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत नागरिक सुरक्षा द्वारा आयोजित बाइक पर तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

• बाइक रैली के रास्ते में पड़ने वाले सभी शहीद स्मारकों की प्रतिमाओं पर किया गया माल्यार्पण

प्रयागराज ब्यूरो बृजेश केसरवानी दैनिक अयोध्या टाइम्स। आजादी की 75वीं वर्षगॉठ के अवसर पर आयोजित अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 11 से 17.08. 2022 तक मनाये जाने वाले ''स्वतंत्रता सप्ताह'' एवं ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के क्रम में नागरिक सुरक्षा संगठन द्वारा गुरूवार को नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केन्द्र से ए0डी0जी0 जोन प्रेम प्रकाश एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री द्वारा हरी झण्डी दिखाकर बाइक पर तिरंगा रैली को रवाना किया गया। यह बाइक रैली कचहरी से होते हुये लक्ष्मी टाकीज, कटरा, एल0आई0यू0 ऑफिस, इलाहाबाद युनीवर्सिटी, आनन्द भवन, बालसन चौराहा, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, हनुमान मंदिर, सुभाष चौक, हाई कोर्ट, खुसरोबाग होकर नीम का पेड, कोतवाली पर जाकर समाप्त हुई। रूट के सभी शहीद स्मारको यथा–आजाद पार्क, विवेकानन्द चौराहा, सुभाष चौराहा, मालवीय चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, निकट हाई कोर्ट, छुन्नन गुरू आदि की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर महान विभूतियों को याद करते हुये उनके महान कार्यों के प्रति संकल्प लिया गया एवं देश की अखण्डता, एकता को अक्षुण बनाये रखने की शपथ ली गई। रैली के दौरान स्थानीय नागरिकों को स्वतंत्रता सप्ताह की अवधि में प्रत्येक घर व अपने–अपने संस्थानों पर तिरंगा फहराने के निर्देश भी दिये गयें। बाइक रैली में उपनियंत्रक नरेन्द्र शर्मा, चीफ वार्डन अनिल कुमार, डि0चीफ वार्डन सादिक हुसेन सिद्दीकी, वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक राकेश कुमार तिवारी, राजीव भनोट, महेन्द्र सक्सेना, सुधीर सक्सेना, डिवीजनल वार्डन, रामजी पाण्डेय,लल्ला कुमार अहेरवार, डि0डिवीजनल वार्डन, रौनक गुप्ता, रविशंकर द्ववेदी, स्टाफ आफीसर, सुरेन्द्र यादव, मारकण्डेय राय, आई0सी0ओं0, भोलेशवरनाथ, पोस्ट वार्डन–रि0, रजनी सिंह, पूनम गुप्ता, सेक्टर वार्डन, सिम्मी एवं उनकी पूरी महिला टीम सहित 200 से अधिक पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। यातायात पुलिस प्रशासन की ओर से पवन कुमार पाण्डेय व अमित कुमार, प्रतिसार निरीक्षक, इंस्पेक्टर कोतवाली व कर्नलगंज द्वारा बाइक रैली में उपस्थित रहकर यातायात व्यवस्था एवं कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जिलाधिकारी ने ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत द्वीप प्रज्वलित कर ''एक शाम तिरंगे के नाम'' सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। सरकार के मंशानुसार आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य ''स्वतंत्रता सप्ताह'' का आयोजन किया जा रहा है। तथा 11 से 15 अगस्त, 2022 तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में ''एक शाम तिरंगे के नाम'' पर सायंकाल द्वीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में एक साथ 7500 दीप प्रज्वलित किया गया। जिससे कलेक्ट्रेट परिसर जगमगा गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसमुदाय को जागरूक करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का भी आह्वान किया। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। उन्होने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नही है, अपितु देश के लिए हमारी भावनाओं का वह प्रतीक है, जिसके लिये अनेक सेनानियों ने अपना सर्वस्व बलिदान किया है। इसलिए हर घर तिरंगा आंदोलन को मजबूत करने हेतु अपने घरों में तिरंगा अवश्य फहराएं।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, उपजिलाधिकारी रोहित, उपजिलाधिकारी आशुतोष, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, प्रशासनिक अधिकारी ओ0पी0 श्रीवास्तव, जिला समन्वयक अजीत



उपाध्याय, जिला समन्वयक डा0 राजकुमार त्रिपाठी, कलेक्ट्रेट, विकास विभाग, सूचना, बेसिक शिक्षा, पंचायत राज विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी एवं जनसैलाब उपस्थित रहा।

## स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 11से 17 अगस्त होगी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

• हर घर में होगा तिरंगे का आयोजन–घनश्याम अनुरागी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ एवं आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर जिला खेल कार्यालय, इन्दिरा स्टेडियम उरई में 11 से 17 अगस्त 2022 तक होने वाली जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं हर घर तिरंगा का आयोजन घनश्याम अनुरागी अध्यक्ष जिलापंचायत, गौरीशंकर वर्मा सदर विधायक उरई, मूलचन्द निरंजन विधायक माधौगढ एवं श्री रामेन्द्र सिंह (बनाजी) अध्यक्ष भाजपा जालौन की गरिमामयी उपस्थित में जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने फीता काटकर 100 मी दौड़ से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया तथा जनपद को सुरक्षा कवच दिये हुए श्री रवि कुमार पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय के बच्चों को एवं उपस्थित पीटीआई एवं शिक्षिकों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव, उप क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, नगर मजिस्ट्रेट कु०वीरेन्द्र मौर्य, जिला युवा कल्याण अधिकारी शिवराम सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर निकाली गई तिरंगा यात्रा



नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट सकरन सीतापुर विकास खण्ड सकरन साण्डा के अंतर्गत आज आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अदवारी प्राथमिक विद्यालय से आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य क्रष्णाकान्त मास्टर अशोक कुमार शुक्ला प्रभाकर प्रमोद कुमार अमित कुमार पटेल अफजल आलम वरिष्ठ कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी मण्डल अध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह के नेतृत्व मे यह तिरंगा रैली का कार्यक्रम किया गया यह आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा रैली प्राथमिक विद्यालय अदवारी से निकाली गई जो पूरे गाँव मे जाकर भ्रमण कर लोगो को जागरूक किया गया। हर घर पर तिरंगा लगाने को कहा गया इस तिरंगा रैली मे सैंकड़ो युवा कार्यकर्ताओं ने इस तिरंगा रैली मे भाग लिया तिरंगा यात्रा रैली का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय से लेकर पूरे गाँव मे जाकर फिर विद्यालय परिसर में समापन किया गया।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट

तम्बौर सीतापुर विकास खण्ड बेहटा के अंतर्गत आज आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बेहटा मण्डल में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें मुख्य अतिथि रामजीवन जयसवाल जिलाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सीतापुर सलील श्रीवास्तव पंकज मिश्रा संदीप जीवन जयसवाल, मोहित रस्तोगी, संजय अवस्थी सन्तोष शुक्ला पंकज तिवारी सुरेश श्रीवास्तव नरेंद्र तिवारी अंकित पांडे दिनेश शुक्ला मोहित रस्तोगी हरिओम रस्तोगी गौतम चौरसिया गुलशन रस्तोगी दीपक यज्ञ सैनी हिमांशु सीनू मिश्रा बजरंग दल संयोजक, शान्तनु सिंह,आदि सैंकड़ो युवा कार्यकर्ताओं ने बाइकों के साथ इस तिरंगा रैली मे भाग लिया यह तिरंगा यात्रा का प्रारम्भ गांजर चौराहे से निकलकर इंचै



डिग्री कॉलेज होते हुए सुमली में समापन किया गया।

## वीणा वादिनी विद्यालय की छात्राओं ने मनाया रक्षाबंधन

अनुराग ठाकुर

बिधूना,औरैया। कस्बा बेला में वीणा वादिनी विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने थाने में मनाया रक्षाबंधन, पुलिस कर्मियों को बांधी राखी

भाई–बहनों के पवित्र प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। तहसील क्षेत्र बिधूना के बेला की छात्राओं और शिक्षिकाओं ने इस अवसर बेला में स्थित थाने में जाकर पुलिस कर्मियों के हाथों में राखी बांधी। पुलिसकर्मियों ने भी इस मौके पर बहनों को गिफ्ट के रूप में उनको सुरक्षा देने का वादा किया।कस्बा बेला में स्थित वीणा



वादिनी शिशु मंदिर स्कूल की छात्राओं व शिक्षिकाओं ने बेला थाने पहुंचकर पुलिस कर्मियों की कलाई पर राखी बांध कर रक्षा का वचन लिया। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने भी बढ़–चढ़कर भाई का धर्म निभाते हुए उनके जीवन में खुशियों की कामना की। छात्राएं व शिक्षिकाएं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपम, उपप्रधानाचार्य आलोक मिश्रा, डायरेक्टर दिव्यांश मिश्रा के नेतृत्व में थाने पहुंचा था।छात्राओं ने थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार व इंस्पेक्टर रस्तोगी सहित सभी पुलिस कर्मियों की कलाई पर राखी बांधी। रक्षाबंधन के पावन पर्व के दौरान ड्यूटी पर रहने वाले पुलिस कर्मियों की कलाई पर प्यार भरे बंधन रूपी धागे को बांधकर बहनों की रक्षा का वचन लेते हुए अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा करने की अपील भी की।प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपम ने बताया कि रक्षाबंधन प्रेम और सौहार्द का पर्व होने के साथ परस्पर रक्षा के संकल्प का भी पर्व है। पुलिस समाज की सुरक्षा का दायित्व का निर्वहन करती है, इसलिए पुलिस को भी रक्षा सूत्र बांधने का नैतिक दायित्व हम सभी का है। इस मौके पर प्रबंधक श्री राजेन्द्र बाबू मिश्रा व शिक्षक मनीष, शैलेन्द्र राठौर गुलशन कुमार, दीक्षा, कनकलता, कुममुम, रिचिता मिश्रा, सोनम, राखी, साधना सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा दिव्या पाल, दीक्षा, शैलजा, तान्या चौहान, पलक, वैष्णवी, आमिनी मिश्रा, शुभ्रा मिश्रा सहित कई छात्राएं मौजूद रहीं।

## हर घर तिरंगा के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान



रिपोर्ट विनय सेन दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर। महर्षि विद्या मंदिर सुल्तानपुर में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य जगत नारायण उपाध्याय तथा ध्यान शिक्षक शैलेंद्र कुमार पांडे ने परंपरागत गुरु पूजा के साथ की, तत्पश्चात सभी ने राष्ट्रगान का गायन किया विद्यालय की छात्राओं के द्वारा झंडा गीत प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात जिसमें विद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं ने तिरंगे के साथ फ्लैग मार्च करते हुए गगनभेदी नारों से आजादी के अमृत महोत्सव का आगाज करा दिया। सभी बच्चे हाथ में तिरंगा लिए हुए देश भक्ति में झूमते दिखाई दिए। रक्षाबंधन निर्माण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन रक्षाबंधन के उपलक्ष में महर्षि विद्या मंदिर सुल्तानपुर के चारों सदनों नारायण सदन, व्यास सदन, पराशर सदन ,वशिष्ठ सदन द्वारा रक्षाबंधन निर्माण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चारों सदनों की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्राइमरी ,जूनियर और सीनियर ग्रुप में छात्र छात्राओ ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम सीसीए इंचार्ज अनुपमा द्विवेदी की देखरेख में संपन्न हुआ। निर्णायक मंडल में ममता पांडे, अनामिका पांडे, वंदना सिंह तथा ज्योती मिश्रा रही। इन लोगों ने संयुक्त रूप से सीनियर वर्ग में वैभव क्लास 11जी प्रथम स्थान, अंशिका प्रजापति द्वितीय स्थान, ऋषिका तृतीय स्थान पर रही, जूनियर वर्ग में सुप्रिया प्रथम, वैष्णवी श्रीवास्तव प्रथम, आदिती सिंह द्वितीय, आदिती गुप्ता तृतीय स्थान पर रही, प्राइमरी वर्ग में अथर्व तिवारी प्रथम प्रियांशी चौरसिया द्वितीय अध्ययन चौधरी तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा रैली को जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। कृषि विज्ञान केंद्र, थरियांव, फतेहपुर केन्द्र इन्चार्ज डा० साधना वैश जी ने



मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए वृहद स्वच्छता कार्यक्रम ष्एवं गोष्ठी कार्यक्रम को विस्तार से बताया डॉ साधना वैश ने कृषको को भारत के विकास का स्तम्भ बताया – डा0 जितेन्द्र सिंह ने कृषको को खेत व मेड़ की स्वच्छता को बताते हुए गाजर घास से मुक्ती के बारे में बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ नौशाद आलम ने कृषको को गोबर खाद के लिए सामुहिक गढ्ढे वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप कम्पोस्ट के प्रयोग एवं लाभ के बारे में जानकारी दी साथ ही स्वास्थ धारण स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी जिससे स्वच्छ पैदावार एवं स्वस्थ शरीर रहे। डॉ० पृथ्वीपाल जी. ने कृषको को बताया कि स्वास्थ किसान भाई स्वस्थ नर्सरी उत्पादन करके जैविक तरीको से विष रहित सब्जियों का उत्पादन करें । डा० अल्का कटियार ने स्वस्थ परिवार रखने के लिए बताया कि 1–2 मिनट तक हाथ को साबुन से धोने पर स्वच्छ हो सकते है। 1–20 तक गिनती करने से बच्चो का हाथ साफ हो जायेगा । नीम दातून से नीम की पत्ती का प्रयोग बताया।

डॉव जगदीश किशोर ने कृषको को बताया कि स्प्रेयर की साफ–सफाई, नोजल की सफाई, मेड़ पे उपस्थित खरपतवार का प्रबन्धन हेतु सफाई व दवाओ का समय से छिड़काओ करना चाहिए। डॉ० वसीम खान ने कैसे मौसम के अनुसार खेत खलियान कि स्वच्छता सुनिचित करते हुए बताया कि जैसे ही वर्षा हो उसके बाद खरपतवार गाजर घास को प्रतिदिन निकलते रहना चाहिए। उसे नष्ठ करने पर स्वस्थ फसल व स्वस्थ मनुष्य रहेगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया की खेतो के आसपास रुका हुआ पानी ना रहने दे इससे बीमारियां पनपती हैं। श्री सौरव त्रिपाठी– बायो ट्रप–लखनऊ के– मैनेजिंग डायरेक्टर ने 100 कृषको को फेरोमोन ट्रैप, फ्रूट फ्लाई ट्रैप, लाईट ट्रैप पर विस्तार से कृषकों को उसके प्रयोग के बारे मे विस्तार से बताया। डॉव एस. के. पाण्डेय – पशुपालन वैज्ञानिक ने कृषको को पशुओं में सर्रा बिमारी को रोकने के लिए मच्छर मक्खी के बारे में बताया पशुओं को नियमित नहलाने पर जोर दिया। श्री विकास पासवान ब्लॉक प्रमुख हसवा ने दीप–प्रज्वलन कर तिरंगे झंडो के साथ सैकड़ो कृषको ने रोड शो किया व केन्द्र पर एक पौधरोपण भी किया व कृषको को व वैज्ञानिकों को सम्बोधित करते हुए कहाँ अपने आशिष वचन के रूप मे – अमृत महोत्सव– माननीय प्रधानमंत्री के अहवान से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है नागरिकों को सरकार के सहयोग के बारे में विस्तार से बताया हर घर बल व जल की व्यवस्था के बारे में बताया। यह कार्यक्रम आजादी के महत्व आने वाली पीढ़ी को जागरूकता के रूप मे चलाया जा रहा है–हर–घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। इस समय जैविक खेती करने की आवश्यकता पर महत्व के बार हो तरल जैविक खाद के बारे में बताया इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक श्री रफीक ने गोबर को गोबरधन कि संज्ञा देते हुए गोबर कि महत्वता के बारे में विस्तार से बताया व देशभक्ति के गीत गाये ष्हीरे ज्वाहरात न चाहत की बात कर ऐ बुलबुले चमन मेरे भारत की बात कर।ष इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक अवधेश कुमार, राम धनी, चंद्रपाल, राजेश मौर्या उमाशंकर सिंह, श्री इफ्तेखार, राम बाबू जी आदि उपस्थित रहे।

## हर हाल में 31 अगस्त तक गठित हो आतंरिक शिकायत समिति

- महिला उत्पीड़न रोकने के लिए कार्यालयों में महिला उत्पीडन समिति का गठन करना अनिवार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न रोकने को आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना ऐसे हर विभाग को अनिवार्य है, जहां पर दस से अधिक कर्मचारी तैनात है। महिला कल्याण विभाग के निदेशक मनोज कुमार राय ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिला प्रोबेशन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने अपने जिलों मे सभी कार्यालयों में आतंरिक शिकायत निवारण समिति का गठन कराए। उन्होंने इसके लिए 31 अगस्त तक की मोहलत दी गई है। 10 से अधिक कर्मचारियों वाले संगठनोंध्कार्यालयों में समिति न गठित होने पर नियोजक पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लग सकता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी डा. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न(निवारण प्रतिशेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 की धारा–4 के अंतर्गत ऐसे सभी संगठन या संस्थान जिनमें 10 से अधिक कर्मचारी हैं, वह आंतरिक शिकायत समिति गठित करने के लिए बाध्य हैं। इसका उद्देश्य महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न सम्बन्धी मामलों में त्वरित और समुचित न्याय दिलाना है। पीड़ित महिला कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत आन्तरिक परिवाद समिति में दर्ज करा सकती है। समिति का गठन कार्यस्थल पर वरिष्ठ स्तर पर नियोजित महिला की अध्यक्षता में होगा, जिसमें दो सदस्य सम्बन्धित कार्यालय से एवं एक सदस्य गैर सरकारी संगठन से नियोजक द्वारा नामित किये जायेंगे। समिति के कुल सदस्यों में से आधी सदस्य महिलाएं होंगी। ऐसे कार्यस्थल जहां कार्मिकों की संख्या 10 से कम है, वहां की पीड़िता द्वारा लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी द्वारा गठित 'स्थानीय समिति (लोकल कमेटी) में दर्ज करायी जा सकती है। यदि कोई नियोजक कार्यस्थल में नियमानुसार आन्तरिक समिति का गठन न किये जाने पर दोषी ठहराया जाता है, तो नियोजक पर 50 हजार रुपए तक का अर्थदण्ड लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी कार्यालय में दस कर्मचारी है और सभी पुरुष है तो ऐसे कार्यालय में भी आतंरिक शिकायत निवारण समिति का गठन करना अनिवार्य है। इसके लिए सामाजिक संगठन की महिला को समिति में रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 71 विभाग है। जिसमें 31 विभागों में आतंरिक शिकायत समिति का गठन हो चुका है।

- घटना के 90 दिनों के भीतर की जा सकती है शिकायत



उरई। अधिनियम के तहत लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत घटना के 90 दिनों के भीतर आंतरिक शिकायत समिति या स्थानीय शिकायत समिति में दर्ज करानी चाहिए। शिकायत लिखित रूप में की जानी चाहिए। यदि किसी कारणवश पीड़िता लिखित रूप में शिकायत करने में सक्षम नहीं है तो समिति के सदस्यों को उनकी मदद करनी चाहिए। यदि शिकायत नियोजक के विरूद्ध है तो वह भी स्थानीय समिति में दर्ज कराई जायेगी। अधिनियम के अनुसार पीड़िता की पहचान गोपनीय रखी जाना अनिवार्य है।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट बीसलपुर में छात्रों ने तिरंगा रैली निकाल लोगों को किया जागरुक

औरैया। भारत सरकार के तत्वाधान में घर–घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीसलपुर में उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट में छात्र–छात्राओं तिरंगा पदयात्रा निकालकर लोगों को आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए जागरूक किया। छात्र छात्राओं के साथ स्थानीय जनों ने भी इस पदयात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यापक, अध्यापिकाओं, आशाओं,रसोइयों, आंगनवाड़ी, की उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा भारत सरकार युवाओं को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम विभागों द्वारा संचालित कर रही है। युवा इसका फायदा उठाकर लाभ लें। उन्होंने कहा भारतवर्ष आजादी की 75 वीं वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के द्वारा मना रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह के साथ अपील की ।कि आप भी इस आजादी के अमृत महोत्सव में हिस्सा बनकर देश के गौरव को बढ़ावा देने में सहयोग करें। स्वतंत्र भारत में सांस लेने वाले हर व्यक्ति को ज्ञात होना चाहिए कि देश कैसे स्वतंत्र हुआ अनेकों वीरों ने अपनी शहादत दी है हमें उनके बलिदान को कभी नहीं बुलाना है। एवं इस पद यात्रा के माध्यम से जन जन तक वीर शहीदों के जीवन काल की गाथा पहुंचानी है। इस मौके पर प्रधान राजकुमार, प्रधानाध्यापक अजय पाल सिंह, सहायक अध्यापक अमित भादौरिया ,नेमा शिवकुमार, हरिपेश प्रीती ,बीरू,अजय दीक्षित, संतोष कुमारी,आशा गीता देवी,



सुनीता, रसोईया सीता देवी, प्रेमलता, रानी, आंगन बाड़ी, शांति देवी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## डीएम हरी झण्डी दिखाकर प्रशासनिक तिरंगा वाहनों को किया रवाना हजारों वाहनों ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जनपद मुख्यालय उरई में जिलाधिकारी की अगुवाई में प्रशासनिक तिरंगा वाहन यात्रा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया इस मौके पर जिलाधिकारी के साथ–साथ सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी वह भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामेंद्र सिंह बना आदि लोगों ने डीपीआरओ अवधेश बहादुर सिंह के द्वारा तैयार की गई पंचायत राज कर्मचारियों व अधिकारियों की भीड़ के साथ जिला कलेक्ट्रेट परिसर के समस्त स्टाफ के साथ सुबह 11:00 बजे कलेक्ट्रेट प्रांगण से प्रशासनिक वाहन तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया कलेक्ट्रेट होते हुए यह तिरंगा यात्रा अंबेडकर चौराहा



भगत सिंह चौराहा होते हुए घंटाघर माहिल तालाब इलाहाबाद बैंक चौराहा कोच बस स्टैंड से होते हुए जेल रोड पर घूमती हुई वापस जिला कलेक्ट्रेट आई खास बात यह रही कि इस तिरंगा यात्रा का लोगों ने फूलों की वर्षा कर अभिवादन करते हुए स्वागत किया।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर अण्डा में निकाली गई तिरंगा यात्रा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो कोंच जालौन। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अण्डा में दिन गुरुवार को आजादी का अमृत महोत्सव की 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान चलाया गया



जिसमें मुख्य अतिथि माधौगढ़ विधायक मूलचन्द्र सिंह निरंजन रहे इस तिरंगा यात्रा में छात्र छात्राओं ने हांथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देश भक्ती गीतों का गायन करते हुए ग्राम में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को जागरूक किया यह तिरंगा यात्रा महंत कृष्ण दास इंटर कालेज से प्रारम्भ होकर ग्राम में बिचरण करते हुए बापिस इंटर कालेज परिसर में आकर इस यात्रा का समापन किया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुनीता कौशल किशोर सचिव नरेंद्र पटेल प्रधान प्रतिनिधि राघवेन्द्र सिंह आयुर्वेदिक चिकित्सक अधिकारी अण्डा डॉ अभिलाषा सिंह अध्यापक राम सिंह रोहित पटेल पंकज यादव राखी यादव अरविंद विश्वकर्मा हरिमोहन पांचाल शेषघर अवधेश शर्मा अमरेन्द्र सिंह मनमोहन रविन्द्र नाथ पंचायत सहायक अजय कुमार बाल्मीकि सहित बिद्यालय परिवार एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

## वृद्ध व्यक्तिका जंगल में मिला शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आटा (जालौन)। आटा थाना क्षेत्र के चमारी गांव में गुरुवार को जंगल मेंझाड़ियों में वृद्ध व्यक्ति का शव मिला स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को देख पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ग्रामीणों ने बताया है कि 5 दिन पहले धनीराम पुत्र डरु आटा थाना क्षेत्र के करमेर निवासी कुंवर लाल गोटई पुत्र शिव प्रसाद की भैंसे धनीराम के घर अचानक पहुंच गई थी जिसको देखते हुए धनीराम को लगा कि यह भैंसिया जान पहचान की हैं तो उन्होंने पूरी रात भेसियों को अपने पास रखा और सुबह भैंसिया देने करमेर जा रहे तो रास्ते में कुंवर लाल गोटई रास्ते में मिले बोले की आप भेसियो को लेकर टेबुल के जाओ हम आते है उसी दिन से धनीराम पुत्र डारू का कोई पता नही चल रहा था गुरुवार को सुबह शव जंगल के झाड़ियों में फसा हुआ था वृद्ध व्यक्ति की लड़की ने हत्या का लगाया आरोप पुलिस ने कहा है आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी अभी तक कोई लिखित शिकायत हमारे पास नहीं आई है।

## उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों सहित सुल्तानपुर जिले में निकाली तिरंगा यात्रा

ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिला प्रशाशन की तरफ से निकाली गई तिरंगा पद यात्रा में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकरी शमिल हुए। प्रदेश महामंत्री श्री त्रिपाठी ने कहा कि घर घर तिरंगा झण्डा लगे इसके हम लोगों द्वारा बाजार बाजार जाकर तिरंगा पद यात्रा निकालकर व्यापारियों तथा आमजन को जागृत किया जा रहा है। आजादी की 75वीं वर्ष गांठ अमृत महोत्सव धूम धाम से मनाना है। हर घर तिरंगा झण्डा लहराना है। मुख्य पदाधिकार्यों में प्रदेश



संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव,मंडल अयोध्या के अध्यक्ष अलीमुद्दीन, जिला प्रभारी रमेश अग्रहरि, अनुज श्रीवास्तव, राजेंद्र कसोधान, सत्य नारायण मोदनवाल, सहित कई बजारों के पदाधिकरी शमिल हुए।

## इण्टर मीडिएट कालेज में प्रधानाचार्य द्वारा किया गया झंडारोहण

रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत शासन के निर्देश पर राष्ट्रीय इंटरमीडिएट कॉलेज गोसाईगंज परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री धर्म प्रकाश महाराज उदासीन आश्रम फतेहपुर



संगत ने किया डीआईओएस आर के मौर्या विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कुमार ओझा द्वारा झंडारोहण भी किया गया तथा उप जिलाधिकारी जयसिंहपुर संजीव कुमार यादव व अपर पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव द्वारा प्रभात रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया विद्यालय परिसर से गोसाईगंज बाजार होते हुए थाना गोसाईगंज में पहुंचकर विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई इस मौके पर प्रधान व आम जनमानस उपस्थिति रहे।

## ब अदालत, एडिशनल जिला जज मोतिहारी, पूर्वी चंपारण

मिसलेनियस अपील 16/19

रामस्वरूप सहनी

मुद्दई

बनाम

राजेंद्र सहनी वगैरह

मुदालहम

**नोटिस बनाम**

01–फुल देव सहनी 02–फुलेना सहनी, दोनों पेसरान–उदेश सहनी (मतोपप) साकिनान–बनझूला डाकघर–चौता थाना – पकड़ीदयाल जिला पूर्वी चंपारण।

चूंकि बजरिय नोटिस आपको आगाह किया जाता है कि इस मुकदमा में आप लोगों को रेस्पौण्डेन्ट बनाया गया है। इस मुकदमे में मेरी अदालत द्वारा समन/नोटिस डाक द्वारा या मार्फत प्यादे अदालत में से किसी को आपने तामिल नहीं किया वो टालते रहे हैं। मालूम होता है कि आप सब जानबूझकर हाजिर नहीं हो रहे हैं।

आपको इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि तारीख 31–08 –2022 तक मेरी अदालत में खुद या मार्फत अपने वकील हाजिर होकर अपनी जवाबदेही दाखिल करें वो कंटेस्ट करें कि आप के खिलाफ मुकदमा को एकतरफा सुनवाई कर फैसला कर दिया जाएगा। ताकीद जाने।

मेरे हुकुम वो मोहर से
ह0/–अस्पस्ट
एडिशनल जज पूर्वी चंपारण
दिनांक 10–08–2022

## टीचर्स ऑफ बिहार का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कू ऐप हुआ मात्र दो महीने में ही 5000 के पार

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की तरह ही कू ऐप भी शिक्षकों में बेहद लोकप्रिय हो रहा है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस स्वदेशी कू ऐप में विगत 2 माह में 5000 से भी अधिक




बिहार के सरकारी विद्यालयों के शिक्षक जुड़कर अपने विद्यालयों में हो रहे नवाचारी गतिविधि को साझा कर रहे हैं। यह जानकारी देते हुए टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता सह अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय छुरछुरिया के शिक्षक रंजेश कुमार ने कहा कि कू ऐप का इंटरफेस भी ट्विटर के समान ही है, जिससे उपयोगकर्ता अपने पोस्ट को हैशटैग के साथ वर्गीकृत कर सकते हैं और अन्य उपयोगकर्ताओं को उल्लेख या उत्तरों में टैग कर सकते हैं। कू पीले और सफेद इंटरफेस का उपयोग करता है। 4 मई 2021 को, कू ने टॉक टू टाइप नामक एक नया फीचर पेश किया, जो अपने उपयोगकर्ताओं को ऐप के वॉयस असिस्टेंट के साथ एक पोस्ट बनाने की अनुमति देता है। उक्त जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय ठाकुर ने दी।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जागरूकता रैली

सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल। आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाया जा रहा ष्हर घर तिरंगाष कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सुपौल के तत्वाधान में बुधवार की संध्या एक जागरूकता रैली निकाली गई जो कोर्ट परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए वापस व्यवहार न्यायालय परिसर में समाप्त हुई। आजादी के गौरवशाली 75 वें वर्षगांठ पर मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भारत सरकार के निर्णय के अनुसार 13 अगस्त 2022 से 15 अगस्त 2022 तक प्रत्येक भारतीय से अपने अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का आह्वान किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सुपौल के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश शशि भूषण प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बुधवार की संध्या कोर्ट परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें स्काउट के बैंड के साथ जिला न्यायाधीश समेत सभी न्यायिक पदाधिकारी, न्यायालय कर्मी, पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवकों, भारत स्काउट एंड गाइड तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने हिस्सा लिया तथा अपने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर नगर भ्रमण किया एवं लोगों को ष्हर घर तिरंगाष कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश शशिभूषण प्रसाद सिंह ने रैली में सम्मिलित सभी लोगों से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने अपने निजी अथवा सरकारी आवास पर तिरंगा झंडा लगाने का आग्रह किया साथ ही अपने पड़ोसियों, मित्रों एवं संबंधियों को भी अपने अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रणविजय कुमार ने रैलीमें शामिल व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ,जो भरा नहीं है भावों से बहती जिसमें रसधार नहीं, वह हृदय नहीं है पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहींष । रैली के समापन के उपरांत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में बिहार पृथ्वी दिवस भी मनाया गया इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रणविजय कुमार ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक होने की बात कहते हुए उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनाने का आग्रह किया श्री कुमार ने इस अवसर पर लोगों को 11 सूत्री संकल्प दिलवाए जिनमें पशु पक्षी के प्रति दया भाव रखना, बिजली और पानी का आवश्यकता अनुसार ही खपत करना, अपने आस–पास स्वच्छ वातावरण रखना, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करना इत्यादि शामिल है। रैली में विशेष न्यायालय उत्पाद के विशेष



न्यायाधीश नवीन कुमार ठाकुर एवं उमेश मणि त्रिपाठी, एडीजे संजय कुमार एवं बृज किशोर सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी तरुण कुमार झा, कविंद्र कुमार एवं अमरेंद्र प्रसाद, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्वेता ग्रेवाल, मुंसिफ वंदना, न्यायिक दंडाधिकारी आशीष नारायण, निशित देव, मिथिलेश कुमार, रोहित रंजन, सरोज कुमार एवं चंदन कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सिंह, ललित नारायण झा, नीलम कुमारी, कविता कुमारी, अशोक कुमार झा, लालेश्वर कुमार रमण, सोनी कुमारी, शोभा रानी, शक्ति सारिका, नाजिर सर्वेश कुमार झा, प्रधान सहायक दिनेश कुमार जायसवाल, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, न्यायलय कर्मी रमेश कुमार, उपेन्द्र प्रसाद, माधव झा, रंजन सहाय के साथ–साथ भारत स्काउट गाइड के जिला संगठन आयुक्त संजय झा, समाज सेवी दीपिका झा, नीता कुमारी, अजय कुमार, जगदेव साह, पवन कुमार सहित कई समाजसेवी सम्मिलित हुए।

## सिरहा डाकघर के डाक बाबू अंजनी कुमार झा के द्वारा राष्ट्रीय तिरंगा का वितरण कर अभी तक 50 तिरंगा झंडा बिक्रि किया गया

रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार सिरहाकोठी। सिरहा पंचायत में स्थित डाकघर की डाक बाबू अंजनी कुमार झा के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरहा एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिरहा मुसहरी टोला के अलावे सिरहा पंचायत के माननीय मुखिया श्री दिनेश प्रसाद कुशवाहा के हमारी योजना बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार के राज्य कोऑर्डिनेटर श्री रवि कुमार भार्गव को तिरंगा प्रदान किया गया। डाक बाबू अंजनी कुमार झा के द्वारा बताया गया कि एक तिरंगे का कीमत 25 निर्धारित है सरकार हम लोगों को इस तिरंगा वितरण करने में लगाया है। ताकि हर घर पर 13 अगस्त से 15 अगस्त है तिरंगा फहराया जा सके। एक प्रश्न के जवाब में डाक डाक बाबू अंजनी झा ने बताया कि अभी तक हमने 50 तिरंगा झंडा को लोगों के बीच बिक्री कर दिया हूं। डाक बाबू अंजनी झा में बताया कि सरकार का मंसूबा डाकखाने के माध्यम से तिरंगा बेचने का यही है कि क्षेत्र के हर घर को तिरंगा झंडा डाकघर के माध्यम से उपलब्ध हो जाएगा। तिरंगा झंडा हथकरघा पर तैयार किया गया सूती के कपड़े या खादी का बनता है, किंतु सरकार के माध्यम से जो कपड़ा उपलब्ध कराया गया है वह सिल्कन है। इससे स्पष्ट होता है कि सरकार गांधी जी के सपनों को चकनाचूर करने पर तुली हुई है। बताते चलें कि गांधी जी की सपनों को साकार करने के लिए भारत के असहाय गरीब जनता हथकरघा पर सूति के कपड़ों का,खादी के कपड़ों का तिरंगा तैयार करके, उसको बिक्री कर, अपना जीविका पार्जन चलाता था। आज वह बंद होती नजर आ रही है। यहां तक जानकारी मिल रही है की सरकार बाजार में तिरंगा झंडा को बेचने पर पाबंदी लगा दिया है।अब सिर्फ सरकारी कार्यालयों के कर्मियों द्वारा, विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा, जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा, यह सिल्कन की झंडा बिक्री करने का कार्य किया जा रहा है। यह कैसा बिडंबना है, तिरंगे की स्वतंत्रता छीन कर एक सरकारी दुकान दारों के अधीन कर प्रतिबंधित कर दिया गया।



## जिलाधिकारी ने कहा मुखिया जी आपके पंचायत में कोई समस्या है तो बताएं : जिलाधिकारी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) हाजीपुर। जिलाधिकारी यशपाल मीणा के द्वारा वैशाली जिला के हाजीपुर प्रखंड के अरडा पंचायत का भ्रमण किया गया। इस कम में वहाँ के मुखिया श्री मुकेश राय से पंचायत की समस्याओं के बारे में बताने को कहा गया। मुखिया जी ने बताया कि इस पंचायत में कोई समस्या नहीं है। छोटी–मोटी समस्या कहीं–कहीं पर रास्ते को लेकर है। इस पर वहाँ उपस्थित अंचलाधिकारी को निदेश दिया गया कि मुखिया जी को साथ लेकर जहाँ भी ऐसी समस्या है उसका समाधान निकालें। जिलाधिकारी ने अरड़ा पूर्वी टोला के वार्ड नं0–06 में अर्द्धनिर्मित सामुदायिक शौचालय को देखा और इसे शीघ्र पूरा कराने, इसका रंग–रोदन कराने एवं इस पर स्वच्छता स्लोगन लिखवाने का निदेश दिया गया और कहा गया कि लोग शौचालयों का इस्तेमाल करे इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाय। वहीं महादलित टोले में छोटे–छोटे बच्चों से मिलकर उनसे विद्यालय जाने के बारे में जानकारी ली गयी। यहाँ पर बिजली की उपलब्धता के बारे में पूछने पर बताया गया कि बिजली की स्थिति अच्छी है और बिजली रहती है। आगे बढ़कर जिलाधिकारी एक चापाकल के पास रूक गये और वहाँ पर नल–जल के बारे में पूछ–ताछ की एक व्यक्ति के द्वारा बताया गया कि टंकी का पानी समय–समय पर तीन बार मिल रहा है। वही पर लगे एक नल की ओर इशारा कर बताया भी, जिलाधिकारी ने एक बच्चे से नल को चलवा कर देखा गया। यहाँ पर स्थानीय थाना के उपस्थित पदाधिकारी से मधनिषेध के विषय में जानकारी ली गयी और रेड के बारे में पूछ–ताछ की गयी। विकास मित्र से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के बारे में पूछने पर बताया गया कि कुल 75 लोगों का पेंशन प्रमाणीकरण करना अभी बाकी है उसे भी कराया जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि हाजीपुर प्रखंड में 94 प्रतिशत लोगों के पेंशन का प्रमाणीकरण करा लिया गया है। अरड़ा पंचायत के वार्ड नं0–04 में स्थित पंचायत भवन में पुस्तकालय खोलने, उसमें बिहार का मैप एवं उसमें सभी प्रतियोगिता परीक्षा की



पुस्तकों को रखने का निदेश स्थानीय मुखिया को दिया गया। जिलाधिकारी ने मुखिया जी से कहा कि आप अपने पंचायत में सभी बच्चों को ग्रेजुएट बनायें और इसके लिए सार्थक पहल करे। पंचायत भवन के पास स्थित पोखर के बारे में पूछ–ताछ की गयी और अंचलाधिकारी को जरूरी कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

जिलाधिकारी के द्वारा अरड़ा पंचायत के पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया गया। यहाँ जिलाधिकारी कुछ दिन पहले भी गये थे और यहाँ पर चाहरदिवारी का निर्माण कराने का निदेश दिया गया था। आज के निरीक्षण में आगे से चाहरदिवारी का निर्माण पूर्ण पाया गया। जिलाधिकारी के द्वारा भवन के पीछे भी चाहरदिवारी का निर्माण करा लेने एवं परिसर में पेभर ब्लॉक लगाने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहाँ कि पंचायत के द्वारा जो योजना ली गयी है उसकी सूची भी लगा दी जाय। जिलाधिकारी के द्वारा महादलित टोलों में पानी की निकासी के लिए सोख्ता बनाने का निदेश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी, हाजीपुर श्री अरूण कुमार तथा प्रखंड एवं अचल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आजाद तिरंगा झंडा को बाजारों में बिक्री से प्रतिबंधित कर गरीबों की मुख से छीना निवाला निजीकरण कर कारपोरेट घरानों के हाथों में सौंपने का कार्य कर रहा केंद्र की मोदी सरकार : डॉ मदन प्रसाद साह



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सिरहाकोठी। मधुबन विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी एवं राजद नेता डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने कहा कि भारत स्वतंत्र देश है और 75 सालों में कोई भी सरकार ऐसा नहीं आया जो तिरंगा झंडा पर कोई प्रतिबंध लगाया हो। तिरंगा झंडा खुले बाजारों में दिखता था, जिसको गरीब व्यवसायिक लोग झंडा बेचकर जीविकापार्जन चलाते थे। हथकरघा से झंडा बनाकर गांधी जी के सपनों को भारत के गरीब जनता सकार करती थी। उस झंडे को भी केंद्र में मोदी की सरकार ने निजी करण करके कारपोरेट घराने के हाथों में सौंप दिया। कारपोरेट घराना ही झंडा बनाएगा और बेचेगा। उन्होंने कहा कि झंडा पहले 5 2 में मिल जाता था, आज वही झंडा को कारपोरेट घराना 25 से 50 100 में बेचकर मालामाल हो रहा है। राजद नेता डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने कहा की केंद्र सरकार ने झंडा खुले बाजार में बेचने से प्रतिबंधित करते हुए तिरंगा झंडा को सरकारी कार्यालय से लोगों को लेना होगा,इसके लिए आम जनता में बहुत आक्रोश की भावना है। गांधी जी के सपनों को केंद्र की मोदी सरकार धूमिल कर कारपोरेट घराने का साम्राज्य खड़ा करने का कार्य किया है। तिरंगा झंडा हाथ से कटे हुए सूतों से तैयार होता था, आज उस झंडे में सिल्क मिलाकर बाजार में उतारा गया है, जो सिल्क मिल कारपोरेट घराने का है। राजद नेता डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने कहा कि मधुबन विधानसभा के अपने जनता जनार्दन से खुले रुप में अपील करता हूं कि तिरंगा झंडा गरीबो द्वारा बनाया हुआ सूती कपड़े का ही खरीदें। केंद्र सरकार का एक आदेश आया है कि हर घर पर तिरंगा झंडा लगाएं उसके साथ सरकार को तिरंगा लगाने के लिए घर भी मुहैया करवाना चाहिए। जिसके पास रहने के लिए घर नहीं है जो खुले आसमान में गुजर–बसर करता है वह गरीब दबे कुचले लोग तिरंगा झंडा कहां लगाएंगे यह सब केंद्र में मोदी सरकार की नाकामियों का नतीजा है।

## जांच टीम द्वारा जिले के प्रखंड तथा पंचायत स्तर पर स्थलीय निरीक्षण में जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिले के सभी थोक एवं खुदरा उर्वरक बिक्री केंद्रों पर पॉस मशीन में अंकित उर्वरकों के स्टॉक और बिक्री केंद्रों पर भौतिक रूप से उपलब्ध स्टॉक का सत्यापन करने के साथ उर्वरक के निर्धारित मूल्य पर बिक्री एवं तस्करी पर रोकथाम तथा कृत्रिम अभाव को लेकर जांच टीम द्वारा जिले के प्रखंड तथा पंचायत स्तर पर स्थलीय निरीक्षण में जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु संबंधित प्रखंडों के प्रखंड कृषि समन्वयक एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में पॉस मशीन में स्टॉक तथा वास्तविक गोदाम में स्टॉक की स्थिति, उर्वरक की उपलब्धता की स्थिति, उर्वरक के अधिक मूल्य पर बिक्री से सबंधित शिकायत, उर्वरक तस्करी तथा कालाबजारी से सबंधित फीडबैक,उर्वरक की उपलब्धता एवं दर का सूचनापट्ट पर प्रदर्शन, उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों के बिक्री की बाध्यता सबंधित शिकायत। उर्वरक बिक्री का दर सूचना पट्ट के अनुसार एवं आमजन के अनुसार दर का फीडबैक लेकर जांच की गई। किसी भी आम जनता को उर्वरक मिलने में परेशानी या कठिनाई हो रही है तो पैनिक ना हो। उर्वरक की कालाबाजारी एवं अनिमियता



की शिकायत मिलती है तो जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम नंबर' 06226–250316 पर कॉल कर शिकायत कर सकते हैं।

या उर्वरक वितरण में अनियमितता और निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की शिकायत दूरभाष संख्या–0612 2233555 पर प्रतिदिनः सुबह 10:00 बजे से 6:00 बजे तक। डी.ए.पी. का निर्धारित मूल्य–1350 रुपये प्रति बोरा (50 किलोग्राम) यूरिया का निर्धारित मूल्य–266.50 प्रति बोरा (45 किलोग्राम) सभी जगहों पर किसानों द्वारा मामले से संबंधित मुद्दे पर कोई शिकायत के साथ सरकार के अन्य विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण के साथ संबंधित स्थलों पर लोगों से फीडबैक भी लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षाबंधन

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार)

सावन महीना आया,
पूर्णिमा का चांद न्यारा,
भाई बहिन को प्यारा,
राखी का त्योहार है।

राखी का त्योहारआया,
खुशी की बहार लाया,
भारत भूमि पे छाया,
प्रेम का त्योहार है।

घर–घर खुशियॉ छाई,
राखी ले बहिन आई,
फूले न समाता भाई,
खुशियॉ अपार हैं।

भैया की कलाई पर,
रक्षा–सूत्र बांध कर,
कामना खुशी की कर,
पाती उपहार है।

बंधन यह प्यार का,
खुशी के इजहार का,
रक्षा के इकरार का,
रिश्ते का आधार है।

पावन सी भावना का,
दिल को लुभावना सा,
बहन भाई का रिश्ता,
महिमा अपार है।

बहन भाई की प्रीत,
दुनिया की प्यारी रीत,
रीति को निभाता यह,
सकल संसार है।

कहता चेजारा कवि,
दुनिया में प्यारी छवि,
भाई व बहिन का ये,
अनोखा त्योहार है।

### ट्रेक्टर ने बाइक सवार युवक को रौंदा मौत

(सुशील कुमार दैनिक अयोध्या टाइम तुरकौलिया)। ट्रेक्टर ने बाइक सवार को रौंदा और ट्रेक्टर छोड़कर चालक हुआ फरार। मृतक युवक पहाड़पुर के परसौनी गांव का था रहने वाला। मोतिहारी–अरेराज मुख्य पथ में लक्ष्मीपुर कूट फैक्ट्री के पास की है घटना। मौके पर पहुंची रघुनाथपुर ओपी पुलिस।



### सरायरंजन प्रखंड मुख्यालय को पंचायत समिति भवन की सौगात

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल समस्तीपुर,सरायरंजन। सरायरंजन प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति भवन के सभा कक्ष में पंचायत समिति की बैठक हुई जिसमें प्रखंड मुख्यालय में पंचायत सरकार भवन बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। मुख्यालय में पंचायत सरकार भवन बनने का प्रस्ताव काफी दिनों से लंबित था। बैठक में विभागों के अधिकारियों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। श्रम विभाग के अधिकारी ने किसी मजदूर की दूसरे राज्य में मृत्यु होने पर तुरंत सूचना देने पर परिजन को एक लाख रुपये की सहायता मिलने के प्रावधान से अवगत करा इसका प्रचार करने की अपील की। सीडीपीओ ने बताया कि किसी पंचायत में प्रथम बार किसी गरीब महिला के गर्ववती होने पर एनईपी कार्ड बनाने पर पांच हजार की राशि मिलने के प्रावधान है इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही सुकन्या योजना के लाभ से भी अवगत करा लोगों से पोस्ट ऑफिस में खाता खोलवाने के लिए लोगों को प्रात्साहित करने की सलाह दी गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख वीणा कुमारी ने की। बैठक में उप प्रमुख संजीव कुमार ठाकुर, पंसस संतोष कुमार, अरूण कुमार, पिंकू देवी, जवाहर राम, चंदन पासवान, अनुराधा देवी, रामबालक राय, रंजीत महतो, वाल्मीकि राय, उषा देवी, बबीता देवी, मुखिया हितेश कुमार, नवीन सिंह, महेंद्र राय, मो. अलाउद्दीन, राजीव झा, मिथिलेश साह, जगदीश महतो, विभा शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### पिपराही मंडल मे हर घर तिरंगा कार्यक्रम चलाया गया

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स)। भारतीय जनता पाटी पिपराही मंडल के परसौनी बैज में मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में एवम शक्ति केंद्र प्रमुख शिवनाथ पंडित के अध्यक्षता में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहद आम जनों को जागरूक करने हेतु प्रभात फेरी निकाली गई जिसमे दर्जनों लोग हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारा लगाते हुए पैदल मार्च किया!इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाण्डेय ने आम जनों को संबोधित करते हुए कहा की आज हम लोग आजादी के 75 वीं वर्षगांठ ष्अमृत महोत्सवष के रूप में मना रहे है जिसमे हम सभी का कर्तव्य है की अपने अपने घरों पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा लगाकर आजादी का अमृत महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाए। वही पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरलीधर श्रीवास्तव जी ने अपने संबोधन में आम जनों से अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाने का आग्रह किया। इस अवसर पर समाजसेवी सह सोशल मीडिया मंडल संयोजक सत्रुघ्न कुमार जी, किसान मोर्चा जिला महामंत्री पंकज पाण्डेय जी, मंडल महामंत्री गोपाल ठाकुर, मंडल महामंत्री बिक्रम कुमार ,आई टी सेल जिला सह संयोजक राजीव पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष विकास पासवान, मंडल मंत्री श्री राम पासवान, बुथ अध्यक्ष भैरव पंडित, आनंद मोहन कुमार, शिवजी राय, सौरव मिश्रा,छोटे वर्मा, संतोष गिरी, उदय गिरी, बुंदेला गिरी इत्यादि दर्जनों लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।



## शहीद खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी की प्रतिमा पर जिलाधिकारी प्रणव कुमार के द्वारा माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। अमर शहीद खुदीराम बोस के शहादत दिवस के अवसर पर स्थानीय खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर शहीद खुदीराम बोस और प्रफुल्ल



चाकी की प्रतिमा पर जिलाधिकारी प्रणव कुमार के द्वारा माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया ।अपर समाहर्ता संजीव कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी ज्ञान प्रकाश , वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार, डीपीआरओ कमल सिंह, एवं अन्य पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों और समाजसेवियों द्वारा भी उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर जिलाधिकारी प्रणव कुमार ने कहा कि अमर शहीद खुदीराम बोस की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता ।उनकी शहादत ने हिंदुस्तानियों में आजादी की जो ललक पैदा की उससे स्वाधीनता आंदोलन को नया बल मिला। उन्होंने कहा कि शौर्य और बलिदान के प्रतीकअमर शहीद खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी की गिनती देश के अमर नायकों में होती है।इन दोनों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी जिससे पूरे देश में आजादी की लहर उमड़ पड़ी। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों द्वारा दो मिनट का मौन व्रत रखा गया साथ ही सशस्त्र बलों द्वारा सलामी भी दी गई।

## समाहरणालय सभा कक्ष में जिला कृषि टास्क फोर्स की विशेष बैठक आयोजित

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। जिलाधिकारी, श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जिला कृषि टास्क फोर्स की




विशेष बैठक आयोजित की गई,जिसमे संबधित जिला स्तरीय पदाधिकारी ने भाग लिया। बैठक में अनियमित मॉनसून को देखते हुए वर्तमान में हो रही वर्षापात एवम धान की रोपनी की स्थिति, डीजल अनुदान, खाद की उपलब्धता, खाद विशेषकर यूरिया का निर्धारित मूल्य पर बिक्री , कृषि फीडर में 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति ,नलकूप की मरम्मती सहित पीएम किसान सम्मान निधि योजना,पशुपालन एवम डेयरी से संबधित योजना आदि को लेकर जिलाधिकारी द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में प्रतिदिन कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की जा रही है, इसमें सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी भाग ले रहे हैं।

ताकि सभी स्थितियों पर नजर रखी जा सके। उक्त बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, एलडीएम,सभी कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण व जल निस्सरन ,कार्यपालक अभियंता विधुत को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## वैशाली जिला में रोपनी का 88: लक्ष्य प्राप्त

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में की गई कृषि टास्क फोर्स की बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में धान की रोपनी का जो लक्ष्य निर्धारित था उसका 88: प्राप्त कर लिया गया है। जिला में सहदेई बुजुर्ग और चेहरा कला प्रखंड में सत प्रतिशत रोपनी कर ली गई है। गोरौल में 98: पातेपुर में 90: बिदुपुर में 91: रोपनी का कार्य पूरा किया जा चुका है सबसे कम रोशनी राघोपुर में हुई है जो लक्ष्य के मात्र 71: ही रही है ।जिला में कुल 54000 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध 48000 हेक्टेयर में धान की रोपनी का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस पर जिलाधिकारी के द्वारा संतोष व्यक्त किया गया और कहा गया कि राघोपुर सहित जिन प्रखंडों में रोपनी 90: से कम है वहां अब विशेष ध्यान दिया जाए। वर्षापात के बारे में पूछने पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि अभी वर्षापात में 44: की कमी दर्ज की गई है परंतु अगले दो दिनों में बारिश की संभावना बनी हुई है। तिरहुत नहर प्रोजेक्ट के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि उनके विभाग को जो लक्ष्य दिया गया था उसका 87: लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि बिहार राज्य फसल सहायता योजना खरीफ वर्ष 2022 के अंतर्गत किसानों से ऑनलाइन आवेदन लिए जाने की तिथि 1 अगस्त 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक निर्धारित की गई है। अभी तक कुल 412 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें सर्वाधिक पातेपुर प्रखंड से 85 वैशाली प्रखंड से 76 भगवानपुर प्रखंड से 78 आवेदन प्राप्त हुए हैं कुल प्राप्त आवेदनों में 269 रैयती किसानों से तथा 133 गैर रैयती किसानों से प्राप्त हुए हैं। उनके द्वारा बताया गया की पिछले खरीफ वर्ष में 20575 आवेदन प्राप्त हुए थे । जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया इस कार्य में तेजी लाई जाए ।इस पर इस पर जिला सहकारिता पदाधिकारी ने कहा कि पिछले बार इसमें कृषि सलाहकारों का अच्छा सहयोग प्राप्त हुआ था अगर इस बार भी उनका सहयोग मिल जाए तो यह जिला इस स्कीम में जिला अग्रणी रहेगा ।इस पर जिला पदाधिकारी के द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को जरूरी निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी के साथ जिला कृषि पदाधिकारी, कृषि अभियंता



,जिला सहकारिता पदाधिकारी जिला मत्स्य पदाधिकारी , सांख्यिकी पदाधिकारी ,कार्य पालक अभियंता लघु सिंचाई ,कार्यपालक अभियंता गंडक नहर परियोजना हाजीपुर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जन जागरुकता से टीबी रोग पर लगेगा अंकुश

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। देशभर में टीबी के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत देश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन यह लक्ष्य तभी पूरा हो पाएगा, जब लोग इसके प्रति जागरूक होंगे और मरीज दवा लेते हुए पूरा इलाज करवाएंगे। ये बातें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी के चलते टीबी के मरीजों का ग्राफ बढ़ने की संभावना बनी रहती है। लोग समय पर जांच नहीं करवाते, जिस कारण बाद में यह बीमारी खतरनाक रूप धारण कर लेती है। हालांकि सीतामढ़ी में लोगों को टीबी को लेकर जागरूक किया जा रहा है और घर–घर जाकर संदिग्धों के सैंपल भी लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीबी से उन्मूलन में जन जागरूकता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जागरूकता से इसपर अंकुश लगाने में काफी मदद मिलेगी। इसके लिए अभियान जारी है। टीबी उन्मूलन के प्रयासों को मजबूती देने के लिए जागरूकता संबंधी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि टीबी संक्रामक बीमारी है। जड़ से मिटाने के लिए हम सभी को इसके खिलाफ लड़ाई लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि टीबी को मात देना मुश्किल नहीं है। बस नियम से दवाएं लेते रहने की जरूरत है। इस जानकारी को देने के लिए वे खुद भी मरीजों से मिलते रहते हैं। वे टीबी मरीजों के दवा सेवन, उनके खानपान, रहने व सोने के तरीकों, मास्क के



उपयोग समेत अन्य दिनचर्या की जानकारी देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त सीतामढ़ी के लिए जिलेवासियों का सहयोग मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिले में टीबी की विश्वसनीय जांच व सम्पूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इसलिए जैसे ही आपको टीबी के लक्षण दिखे, न घबराएं व लजाएं। सीधे निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर जाएं और डॉक्टर से सलाह व मुफ्त में दवा लेकर इसका सेवन शुरू कर दें। अधिक से अधिक लोग टीबी के लक्षणों के बारे में जानें और अपने आसपास रहने वाले लोगों में यदि इनमें में से कोई लक्षण दिखे तो जांच के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों को बेहतर खान–पान व पोषण का ध्यान रखने के लिये सरकार निक्षय पोषण योजना के तहत प्रति माह 500 रुपये सहायता राशि के तौर पर भुगतान करती है। विभाग द्वारा नोटिफाइड टीबी मरीजों को नियमित रूप से संबंधित राशि का भुगतान किया जा रहा है।

## जिला निवार्चन पदाधिकारी- सह-जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिला निवार्चन पदाधिकारी–सह– जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में भारत निवार्चन आयोग द्वारा मतदाता सूची में पंजीकरण, विलोपन, संशोधन एवं आधार नंबर संग्रहण हेतु संशोधित प्रारूप के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। जिला निवार्चन पदाधिकारी–सह– जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार के निर्देश के आलोक में निर्वाचक सूची में आधार को जोड़ने एवं प्रमाणीकरण हेतु स्वैच्छिक आधार पर निवार्चक अपने आधार नम्बर के संग्रहण हेतु प्रारूप 6 ख में रजिस्ट्रीकरण कर अपना आधार संख्या सूचित कर सकेगा। यह नियम 1 अगस्त 2022 से लागू है अधिसूचना में यह स्पष्ट है कि प्रत्येक व्यक्ति जिसका नाम नामावली में सम्मिलित है उनको दिनांक 1 अप्रैल 2023 तक या उसके पूर्व अपना आधार संख्या के द्वारा निर्वाचक सूची में प्रमाणीकरण कर लिया जाना है। आधार संग्रहण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचक सूची में पंजीकृत निर्वाचको की पहचान को सुनिश्चित करना एवं प्रमाणीकरण करना है। इसमें वैसे निर्वाचित को चिन्हित किया जाएगा जिनका नाम एक ही विधानसभा में दो बार पंजीकृत हो या एक से अधिक विधानसभा में पंजीकृत हो गया है। किसी भी निर्वाचक द्वारा अपना आधार से संबंधित जानकारी स्वैच्छिक रूप से उपलब्ध कराई जानी है भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में आधार संख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्वाचक द्वारा प्रपत्र 6ख का प्रयोग किया जाएगा जो प्रपत्र ऑनलाइन ई0आर0ओ0 नेट, वोटर पोर्टल, ळ।त्न्व।, छट्टैच तथा ट\भ। ंचच से ऑनलाइन कर सकते हैं। इसके अलावा बीएलओ, ई0आर0ओ0 या अन्य प्राधिकृत कर्मियों के माध्यम से ऑफलाइन भी दिया जा सकता है। निर्वाचन आयोग बिहार पटना के आदेशानुसार स्वैच्छिक आधार पर निर्वाचन से आधार डाटा के संग्रहण को लेकर अभियान दिवस का आयोजन किया जाएगा जो सितम्बर में 4, 18 एवं 25 सितम्बर, अक्टूबर में 9 एवं 23 अक्टूबर, नवंबर में 6 एवं 20 नवम्बर तथा दिसंबर में 4 एवं 11 दिसम्बर को विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के पंजीकरण हेतु



त्रैमासिक अहर्ता तिथि प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर रहेगा। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संशोधित प्रारूप 6,7, 8 एवं 6ख के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा आधार संग्रहण से मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टि की समस्या का निराकरण बताया गया एवं उनके द्वारा सभी मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही गई। उनके द्वारा अनुरोध किया गया कि बहुत ऐसे मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी हैं जिनका मोबाइल बंद पाया जाता है जिसके कारण उनसे संपर्क करने में असुविधा होती है। जिस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि यदि किसी मतदान केंद्र पर बीएलओ का पद रिक्त हो तो 1 सप्ताह के अंदर मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करते हुए डाटाबेस के सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों के मोबाइल संख्या का अद्यतन करना सुनिश्चित करें साथ ही सभी बीएलओ को प्रशिक्षण प्राप्त कर मतदाता सूची में पंजीकरण, विलोपन, संशोधन एवं आधार नंबर संग्रहण हेतु कार्य आरंभ करना सुनिश्चित करें। तथा साथ ही प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक सप्ताह सोमवार को भेजना भी सुनिश्चित करेंगे। उक्त बैठक में सहदेव राम अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी, महंथ अशोक कुमार दास, निर्वाचन प्रकोष्ठ संयोजक भाजपा, सुनील कुमार दास, जिला अध्यक्ष आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ राष्ट्रीय जनता दल सीतामढ़ी, सत्येंद्र कुमार तिवारी, मुख्यालय प्रभारी इंडियन नेशनल कांग्रेस सीतामढ़ी, रामबाबू साह प्रदेश सचिव राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी सीतामढ़ी एवं रामपदार्थ मिश्रा, जिला सचिव भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीतामढ़ी एवं अन्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राजद नेता डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने पूर्व सहकारिता मंत्री राणा रणधीर सिंह के भाई राणा रणजीत सिंह पर नौकरी के नाम पर एवं शेयर बिक्री कर रुपए उगाही करने का लगाया गंभीर आरोप



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सिरहाकोठी। मधुबन विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह राजद नेता डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने बताया कि यहां के पूर्व सहकारिता मंत्री का भाई राणा रंजीत सिंह यहां पर बजरंग दल चलाते हैं। राणा रणजीत सिंह के द्वारा मधुबन विधानसभा में गरीबों का शोषण करके सहकारिता के तहत सीताराम डेयरी में हजारों लोगों के बीच शेयर बिक्री कर सीताराम डेयरी को बंद कर दिया गया। जितने भी शेयर होल्डर थे उसका एक भी रुपया नहीं लौटाया गया। राजद नेता डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने बताया कि राणा रणधीर सिंह जब सहकारिता मंत्री थे, उस समय राणा रंजीत सिंह के द्वारा फर्जी डाटा ऑपरेटर का वैकेंसी निकालकर सैकड़ों लोगों को नौकरी का झांसा देकर, नौकरी के नाम पर रुपया लेकर आज तक नहीं लौटाया गया। जितने भी आवेदक थे, उस वैकेंसी में सब गरीब तबके के लोग थे। कर्जा रुपया लेकर नौकरी पाने की अभिलाषा में राणा रणजीत सिंह को रुपया दिया है। आवेदक लोग अभी तक उस रुपए की कर्ज में डूबे हुए हैं। रुपए मांगने पर राणा रंजीत सिंह के द्वारा वापस करने का आश्वासन दिया जाता है, किंतु लौटाया नहीं जाता है।

राजद नेता डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने बताया कि मधुबन में उनकी इतनी धौंस बनी हुई है कि लोग डर से रुपया मांगने नहीं जाते हैं। राजद नेता ने बताया कि राजद के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और वर्तमान सरकार की स्वास्थ्य मंत्री तेज प्रताप यादव के साथ फोटो खिंचवा कर गरीबों के मसीहा और गरीबों का लड़ाई लड़ने वाले तेज प्रताप यादव के छवि को राणा रंजीत सिंह धूमिल करने का प्रयास करने के अलावा राष्ट्रीय जनता दल को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। तेज प्रताप यादव के साथ फोटो खिंचवा कर फेसबुक सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया है जिससे राजद की छवि धूमिल हो रही है। राणा रंजीत सिंह किस तरह के रवैया से राजद के लोग इसके लिए काफी आक्रोशित हैं। डॉक्टर मदन प्रसाद ने बतलाया कि बिहार सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री और मधुबन विधानसभा के वर्तमान विधायक राणा रणधीर सिंह एक तरफ भगवा झंडा लेकर अपने पूरे परिवार को भगवा में करते रहे हैं, उनके ही छोटे भाई राणा रंजीत सिंह राष्ट्रीय जनता दल के ऊंचे पदाधिकारी के साथ फोटो खिंचवा कर राजद को बदनाम करने की साजिश रच रहा है इसके लिए मधुबन विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजद उम्मीदवार डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने खेद व्यक्त किया है।

## पोषण पुनर्वास केंद्र में बच्चों ने एक-दूसरे को बांधी राखी-एक दूसरे की उदासी दूर करने के लिए बहनों ने भी राखी बांधी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) शिवहर। रक्षाबंधन को लेकर बहनों का उत्साह चरम पर है। भाई भी राखी बंधवाने को बेताब हैं। लेकिन इन सब से अलग जिला में इस बार रक्षा बंधन के त्योहार का नया कलेवर देखने को मिला। सदर अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों ने एक–दूसरे को राखी बांधी। पोषण पुनर्वास की एफडी चित्रा मिश्रा ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से एक तरफ बच्चों में रचनात्मकता का विकास होता है। वहीं दूसरी तरफ इनके मनोबल में भी वृद्धि होती है। रक्षाबंधन भाई–बहन का महत्वपूर्ण त्यौहार है, लेकिन यहां पर बच्चे बीमार (कुपोषित) हैं। पर्व पर एक–दूसरे की उदासी दूर करने के लिए बहनों ने राखी बांधी। इस मौके पर पोषण पुनर्वास केंद्र में खूब पकवान बनाए गए। वहां सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। थाली में राखी, चंदन, मिठाई और आरती सजाई गई थी। इसके बाद बच्चों ने भाई की कलाई पर रक्षाबंधन बांधा। चंदन का टीका लगाकर उनकी आरती उतारी और मिठाई खिलायी। इसके बाद बच्चों की मां को भी स्वादिष्ट भोजन कराया गया। इस अवसर पर नर्सिंग स्टाफ सरोजिनी यादव, शिवम आदि उपस्थित थीं। जिले



में पोषण पुनर्वास केंद्र कुपोषण की समस्या से पीड़ित बच्चों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। सदर अस्पताल परिसर स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र द्वारा बच्चों के उपचार के साथ उन्हें अक्षर ज्ञान का भी बोध कराया जाता है। पोषण पुनर्वास केंद्र पर कुपोषित बच्चों एवं उनकी माताओं को आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है। जहां उसके पौष्टिक आहार की व्यवस्था है। यहां कुपोषित बच्चों व उनकी माताओं को 21 दिन तक रखने का प्रावधान है। जिनका भी बच्चा कुपोषण की समस्या से पीड़ित है, वह स्थानीय आंगनबाड़ी सेविकाओं व आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क कर अपने बच्चे को एनआरसी में भर्ती करा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला मंत्री डॉ नूतन सिंह के द्बारा निकाला गया हर घर तिरंगा जागरूकता रैली

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा जिला मंत्री डॉ नूतन सिंह ने शिवहर प्रखंड क्षेत्र के सरसौला मठ से विश्वजीत मार्केट चमनपुर होते हुए चमनपुर मठ तक जागरूकता रैली को निकाला है। भाजपा जिला मंत्री डॉ नूतन सिंह ने बताया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जिले में घर–घर तिरंगा लहराया जाएगा। आज भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामकृपाल शर्मा पूर्व जिला परिषद सदस्य अरुण कुमार गुप्ता सहित अन्य साथियों के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया है कि इस बार आजादी के अमृत महोत्सव कि आप सर शिवहर जिले में सभी घरों, पंचायत भवन, वार्ड स्तर पर नल जल पानी टंकी, सार्वजनिक भवन, मनरेगा भवन एवं एक– एक सरकारी भवनों पर तिरंगा फहराया जाएगा, इसको लेकर जिम्मेवारी सभी को दे दी गई है। जबकि पूर्व जिला परिषद सदस्य अरुण कुमार गुप्ता ने भी बताया है कि प्रधानमंत्री के द्वारा यह अद्भभुत कार्यक्रम कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत हमारी आने वाली पीढ़ियों तथा युवा पीढ़ियों को स्वतंत्रता की याद दिलाई जाएगी। हमारे युवाओं को स्वतंत्रता की महत्व को समझाया जाएगा। आखिर तिरंगे की क्या महत्व है समझ में आनी चाहिए ।देश की आजादी को लेकर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने जो बलिदान दिया था। उसके बारे में यह तिरंगा के माध्यम से युवाओं को संदेश दिया जाएगा। भाजपा के द्वारा पिछले कई दिनों से भाजपा के सभी पदाधिकारियों के दौरा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसको लेकर आज हमने पद यात्रा निकालकर लोगों को जागरुक किया है। काफी संख्या में ग्रामीण भी जागरूक रैली में मौजूद थे।





### रक्षाबंधन से पहले ही भाई ने बहन को कहा अलविदा

प्रमोद कुमार त्रिवेदी, अनुमंडल ब्यूरो चीफ पटना। राजधानी पटना के अथमलगोला थाना क्षेत्र से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है जहां एक भाई ने रक्षाबंधन से कुछ घंटे पहले ही अपने बहन का साथ छोड़ दिया और सदा के लिए ईश्वर की गोद में चला गया। जी हां हम बात कर रहे हैं अथमलगोला थाना क्षेत्र के गंजपर गांव की जहां गंगा स्नान करने गए रितिक का डूबने से मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गंजपर निवासी सतीश कुमार का 08 वर्षीय पुत्र रितिक कुमार गुरुवार की सुबह गंगा स्नान करने के लिए स्थानीय बच्चों के साथ गांव के पास ही बने गंगा घाट पर गया था। जहाँ स्नान के क्रम में गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया। समाजसेवी



शत्रुघ्न प्रसाद सिंह उर्फ गांधीजी ने बताया कि आसपास में मौजूद ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने के बाद अथमलगोला थाना को इसकी सूचना देते हुए स्थानीय स्तर पर बचाने का पूरा प्रयास किया गया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। लोगों द्वारा रितिक की तलाश पूरी हुई लेकिन उसने दम तोड़ दिया था। घटना की सूचना मिलते हैं ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई। परिजनों के बीच चीख–पुकार होने लगा। उनकी चीख–पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो गया।उन्होंने बताया कि दो भाई और एक बहन के दुलारे रितिक की चंचलता याद कर आंख भर आती है। उन्होंने इस दुख की घड़ी में ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को भगवान दुख सहने की शक्ति दें। साथ ही प्रशासन से उचित सहयोग मुहैया कराने की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बाढ़ सदर अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। वहीं मौके पर मौजूद सरपंच दिनेश्वर राय ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। साथ ही हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

### छौड़ादानों प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदया के द्वारा प्रखंड और देशवासियों के नाम अमृत महोत्सव का संदेश

(सुबोध कुमार तिवारी प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स छौड़ादानों)। आजादी का अमृत महोत्सव मनाना है । हर घर पर तिरंगा फहराना है। माह की 15 तारीख को स्वतंत्रता दिवस आने वाला है जो राष्ट्रीय पर्व राष्ट्रीयता, मानवता ,प्रखरता, संवेदना, साहस और संकल्प जैसे भावों को प्रतिष्ठित करने वाला पर्व है । यह उन महान व्यक्तियों और देश के अजर –अमर सपूतों के प्रति श्रद्धा और आदर सम्मान की अभिव्यक्ति का पर्व है जिनके त्याग बलिदान और शहादत के कारण आज देश स्वाधीन है । देश में महान एवं पवित्र आत्माओं से शुरू हुई कुर्बानी की कहानी के बाद भी महानायकों में अनेको आंतरिक सहकर्मी और समाजसेवी भी रहे जिन्होंने आजादी के बाद भी कठिन संघर्ष से अपने देश के आंतरिक सुरक्षा और सुव्यवस्था के लिए अपने प्राणों की आहुति प्रदान की । जब हम भविष्य की ओर मुख करके एक आस्था एवं उत्साह का सफर प्रारंभ करते हैं तो इन महापुरुषों के अमूल्य योगदान का स्मरण किए बिना वह यात्रा एक तरह से अधूरी रह जाती है । क्योंकि वही देश बुलंदियों के सफर पर आगे बढ़ पाता है जो अपने अस्तित्व के गौरव को गुजरे हुए कल के बलिदानों को सम्मानित करना जानता है । ऐसा नहीं है कि उनको सम्मान देने के कार्यक्रम अभी तक नहीं होते रहे हैं, सच तो यह है कि हम बाहरी सम्मान के साथ–साथ आंतरिक भावाभीव्यक्ति से भी सम्मान देते रहे हैं । साथ ही एक और बात विचारणीय है कि जिन्होंने आजादी को अक्षुण बनाए रखने के लिए अपना बलिदान दिया है हम उनके साथ न्याय करें ताकि यदि उनमें से कोई भी बलिदानी जीवित होकर लौट आए और हम से पलट कर इस प्रश्न को करेंगे, जिस तिरंगे की सुरक्षित रखने के लिए हमने खून के कतरे –कतरे बहा दिए थे उस झंडे को तुम कितना सम्मान दे पा रहे हो ? यदि हमारे हृदय में स्वाधीनता और राष्ट्रीयता का पुकार सच्ची होगी तो इन प्रश्नों का उत्तर देते समय हमारे चेहरे शर्म नहीं झुकेंगे । जय हिंद. जय भारत. जय स्वतंत्रता दिवस ।



# संक्षिप्त समाचार

## 75वी वर्षगाँठ के रूप में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता
देवरिया,भटनी विकास खण्ड क्षेत्र के भटनी बाल विकास परियोजना से हर घर तिरंगा अभियान के अर्न्तगत दिनांक 11.08.2022 को परियोजना कार्यालय भटनी से नूरीगंज बाजार होते हुए खण्ड विकास कार्यालय भटनी तक विशाल रैली निकाली गयी। रैली के माध्यम से आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं जनसामान्य में यह सन्देष प्रसारित किया गया कि आजादी की 75वी वर्षगाँठ के रूप में (आजादी का अमृत महोत्सव) के आयोजनों में प्रतिभाग करे। आजादी के वर्षगाँठ 15 अगस्त 2022 को अपने घरो पर राष्ट्रीय ध्वज फहराये। रैली का नेतृत्व बाल विकास परियोजना अधिकारी भटनी श्री विश्वदीपक पाण्डेय ने किया। रैली में कनिष्ठ सहायक श्री पंकज कुमार गुप्ता मुख्य सेविका श्रीमती सीता देवी, सुषमा श्रीवास्तव आंगनबाडी सहायिकाए, आंगनबाडी कार्यकत्रियाँ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों भी सम्मिलित हुए।



## हर घर पर तिरंगा फहराने का लिया संकल्प:प्रधान राजकिशोर यादव

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता
भटनी,देवरिया। भटनी विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैराट प्राथमिक विद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाला गया स्कूल के बच्चे और बच्चियों ने रैली में हर घर तिरंगा का नारा के साथ गांव में भ्रमण किया ग्राम प्रधान खैराट राजकिशोर यादव के नेतृत्व में सरकार द्वारा 75वॉ आजादी का अमृत महोत्सव भारतवर्ष में हर जगह मनाया जा रहा है शहर हो या गांव जगह जगह हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्रामवासियों को जागरूक किया जा रहा है क्षेत्र के ग्रामवासियों व प्रधानाचार्य और सहायक अध्यापकगण ग्राम प्रधान राजकिशोर यादव द्वारा लोगो से अपील करते हुए अपने अपने घर पर एक एक तिरंगा फहराने को लेकर लोगो को जागरूक किया ।





## एक अक्टूबर से अटल पेंशन योजना से नहीं जुड़ सकेंगे आयकरदाता

नई दिल्ली। आयकरदाता एक अक्टूबर से सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना एपीवाई में नामांकन नहीं कर सकेंगे। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। सरकार ने मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए एक जून, 2015 को अटल पेंशन योजना (एपीवाई) शुरू की थी। योजना के अंशधारकों को उनके योगदान के आधार पर 60 वर्ष की उम्र होने के बाद गारंटी के साथ 1,000 रुपये से 5,000 रुपये मासिक की न्यूनतम पेंशन मिलती है। वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा, ''एक अक्टूबर, 2022 से कोई भी नागरिक जो आयकरदाता है, या रहा है, वह एपीवाई में शामिल होने के योग्य नहीं होगा।'' मंत्रालय ने एपीवाई पर अपनी पिछली अधिसूचना में बदलाव किया है।



बुधवार को जारी नयी अधिसूचना उन अंशधारकों पर लागू नहीं होगी, जो एक अक्टूबर 2022 से पहले इस योजना में शामिल हुए हैं। अधिसूचना के मुताबिक यदि कोई अंशधारक, जो एक अक्टूबर, 2022 को या उसके बाद इस योजना में शामिल हुआ है, और बाद में पाया जाता है कि वह आवेदन की तारीख को या उससे पहले आयकरदाता रहा है, तो उसका एपीवाई खाता बंद कर दिया जाएगा और अब तक की संचित पेंशन राशि उसे दे दी जाएगी। आयकर कानून के तहत 2.5 लाख रुपये तक की कर योग्य आय वाले लोगों को आयकर का भुगतान करने की जरूरत नहीं है।

## ठाकुर मंदिर द्वारकाधीश में हुआ सफेद घटा का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा
मथुरा ।पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश की विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 बृजेश कुमार जी महाराज के द्वारा मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण किया जाता है और उसका सफल निर्देशन मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ वागिश कुमार जी महाराज का करौली युवराज जी के द्वारा किया जाता है और उसी के तहत श्रावण मास प्रतिपदा के दिन प्रारंभ हुए सभी कार्यक्रम जिसमें विभिन्न हिंडोला और घटाओं के कार्यक्रम हुए और बड़ी सफलता के साथ सभी घटाओं का कार्यक्रम हुआ



जिसमें सर्वप्रथम केसरी घटा उसके बाद आसमानी घटा, हरि घटा ,लाल घटा, गुलाबी घटा, सोसनी घटा, काली घटा, लहरिया घटा और उसके बाद आज सफेद घटा के आयोजन हुए । देश विदेश से आए सभी दर्शनार्थियों ने उसका आनंद लिया।

आज घटा के दर्शन सायं काल 7.00 से रात्रि 8.30 तक खुले घटाओं से तात्पर्य ठाकुर जी को बाहर के मौसम की अनुभूति कराना है और सफेद घटा के साथ ही मान्यताओं के अनुसार सावन का महीना पूरा हुआ और सफेद हुआ बादल इसलिए आज सफेद घटा का आयोजन किया गया है कल राखी मनोरथ होगा और सायंकाल भोग संध्या आरती में लाल हिंडोला का आयोजन किया जाएगा।

## प्राथमिक विद्यालय भावलखेड़ा प्रथम में निकाली गई तिरंगा यात्रा

शाहजहांपुर। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान में ब्लॉक भावलखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय भावलखेड़ा प्रथम के स्टॉप ने बच्चों के साथ गांव में तिरंगा रैली निकाली।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भावलखेड़ा ग्राम पंचायत के प्रधान जय प्रकाश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्राथमिक विद्यालय भावलखेड़ा प्रथम की इंचार्ज प्रधानाध्यापक अल्पना भारती के नेतृत्व में शिक्षिका मधु, शिक्षिका स्नहे लता के साथ छोटे और बड़े बच्चों की लाइन में रैली रवाना हुई, इस दौरान शिक्षिकाओं के साथ बच्चे भारत माता की जय, वंदेमातरम के जयघोष के साथ हाथों में तिरंगा लेकर महात्मा गांधी अमर रहें, सरदार भगत सिंह अमर रहें के नारे लगाते चल रहे थे। इस बीच विजई विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊंचा रहे हमारा के तराने बजते रहे। जो काफी मनमोहक लग रहे थे। तिरंगा यात्रा गांव की गलियों से होते हुए वापस प्राथमिक विद्यालय पहुँची। जहा पर सभी बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया।





इस अवसर पर प्रधान जय प्रकाश गुप्ता, इंचार्ज प्रधानाध्यापक अल्पना भारती, शिक्षिका स्नहे लता, शिक्षिका मधु, विद्यालय की रसोईया, अभिभावक आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# युवा मोर्चा तिरंगा यात्रा में जमकर चले लात घूंसे

तिरंगा यात्रा के दौरान युवा मोर्चा दो भागों में बटा,उप मुख्यमंत्री के आने से पहले विवाद को लेकर हुआ बवाल।

अयोध्या टाइम्स संवाददाता। हरिओम द्विवेदी कानपुर बुधवार प्रधानमंत्री मोदी के विजन हर हर तिरंगा लहराए अभियान को साकार करने का भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने एवं अमृत महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने सपनों को उस वक्त चकनाचूर कर दिया जब मोती झील में उत्तर प्रदेश डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आने से पहले भारतीय युवा मोर्चा में किसी बात को लेकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आपस में ही लाद्दू से करने लगे। बवाल बढ़ता देख युवा मोर्चा के पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन इसका असर कई घंटों तक दिखाई दे रहा था जहां एक तरफ युवा मोर्चा के कार्यकर्ता देश की शान आन बान तिरंगे को लेकर भारत माता के जयकारा लगा रहे थे कि वही उसी तिरंगे के डंडे से एक दूसरे पर दे दना दन एक दूसरे पर बेभाओं लगाने लगे नजर आ रहे थें। इसी बीच अफरा–तफरी का माहौल मोतीझील के बीच चौराहे पर नजर आ रहा था। देखना यह होगा कि अब युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को दोषी कार्यकर्ताओं पर कैसे कसा जाएगा शिकंजा।




## प्रभात फेरी के साथ हर घर तिरंगा की धूम

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता
देवरिया,भटनी विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेश यादव के देख रेख मे ब्लॉक के सभी विद्यालय पर सुबह बच्चों के साथ प्रभात फेरी करते हुए हर घर तिरंगा की धूम रही वही खंड शिक्षा अधिकारी श्री राजेश यादव ने अध्यापको से आजादी के अम्रत महोत्सव को यादगार बनाने की अपील की सभी प्रधान अध्यायक, अध्यायक, शिक्षा मित्र अनुदेशक अनचेर सक्रिय रहे आम नागरिको के साथ प्रधान लोगो ने भी भाग लिया वही बच्चे हाथ मे झंडा लेकर नारे लगाते हुए गाव मे घुमे तथा प्रसन्न थे 75 वा अमृत महोत्सव मे जहा लोग एकता के साथ देशभक्ति की भवना से सराबोर थे वही बच्चों को विशेष भोजन मिलने से खुश थे प्राथमिक विद्यालय बाभनौली कला की प्रधान अध्यापिका शशि किरण ने कहा कि इस कार्य क्रम से देश प्रेम की भावना बढ़ेगी और लोगो मे जागरूकता आयेगी वही चन्द्र भूषण मिश्र ने कहा देश भक्ति मे विस्तार होगा, चंदौली के प्रधान अध्यायक अरुण मिश्र ने इसको सराहनीय कदम कहा, वही सवरेजी के तृगुणानंद तिवारी ने इसे रास्ट्रीय कार्य क्रम बताया तो प्राथमिक बेहरा डाबर के प्रधान अध्यायक स्वतंत्र तिवारी ने जागरुकता अभि यान कहा, गौनारिया के प्रधान अध्यायक ने देश के विकास का प्रतीक कहा, तो भरहे चौरा की प्रधान अध्यापिका सुशिला यादव ने देश के प्रति समर्पण बताया, दनौर के प्रधान अध्यायक घनश्याम तिवारी ने इसे नई पहल कहा सठियाव के विनोद यादव ने जन जागरुकता कहा, शिवराज पुर के संतोष पाल ने देश के विकास का टानिक बताया तो ब्रज भूषण गौड़ ने कार्य क्रम की सराहना की वही नून खार के प्रधान अध्यायक छेदी लाल ने इसे एकता का मिशाल् कहा 75 वे अमृत महोत्सव की सराहना हो रही है इस मौके पर सभी लोगो ने भाग लिया।



## जयकिशुन सहानी व अवधेश सिंह द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता
भटनी,देवरिया। विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा देवराज उच्च प्राथमिक विद्यालय व ग्राम पंचायत डुमरी प्राथमिक विद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यालय में रंगोली व तिरंगा फहराने का संकल्प लिया छात्र छात्राओं ने बढ़–चढ़कर तिरंगा यात्रा में भाग लिया सरकार द्वारा 75वॉ आजादी का अमृत महोत्सव भारतवर्ष में हर जगह मनाया जा रहा है शहर हो या गांव जगह जगह हर घर तिरंगा अभियान के तहत गॉवासियों को जागरूक किया गया क्षेत्र के ग्रामवासियों व प्रधानाचार्य और सहायक अध्यापकगण ग्राम प्रधान जयकिशुन सहानी,व ग्राम प्रधान अवधेश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,द्वारा लोगो से अपील करते हुए अपने अपने घर पर एक एक तिरंगा फहराने को लेकर लोगो को जागरूक किया।



## शिव के गले में पड़ी मुण्ड माला का अद्भुत रहस्य

राकेंद्र मोहन तिवारी की कलम से
भगवान शिव और सती का अद्भुत प्रेम शास्त्रों में वर्णित है। इसका प्रमाण है सती के यज्ञ कुण्ड में कूदकर आत्मदाह करना और सती के शव को उठाए क्रोधित शिव का तांडव करना। हालांकि यह भी शिव की लीला थी क्योंकि इस बहाने शिव 51 शक्ति पीठों की स्थापना करना चाहते थे।
शिव ने सती को पहले ही बता दिया था कि उन्हें यह शरीर त्याग करना है। इसी समय उन्होंने सती को अपने गले में मौजूद मुंडों की माला का रहस्य भी बताया था।



मुण्ड माला का रहस्य
एक बार नारद जी के उकसाने पर सती भगवान शिव से जिद करने लगी कि आपके गले में जो मुंड की माला है उसका रहस्य क्या है। जब काफी समझाने पर भी सती न मानी तो भगवान शिव ने रहस्य खोल ही दिया। शिव ने पार्वती से कहा कि इस मुंड की माला में जितने भी मुंड यानी सिर हैं वह सभी आपके हैं। सती इस बात का सुनकर चकित रह गईं।
सती ने भगवान शिव से पूछा, यह भला कैसे संभव है कि सभी मुंड मेरे हैं। इस पर शिव बोले यह आपका 108 वां जन्म है। इससे पहले आप 107 बार जन्म लेकर शरीर त्याग चुकी हैं और ये सभी मुंड उन पूर्व जन्मों की निशानी है। इस माला में अभी एक मुंड की कमी है इसके बाद यह माला पूर्ण हो जाएगी। शिव की इस बात को सुनकर सती ने शिव से कहा मैं बार–बार जन्म लेकर शरीर त्याग करती हूं लेकिन आप शरीर त्याग क्यों नहीं करते।
शिव हंसते हुए बोले मैं अमर कथा जानता हूं इसलिए मुझे शरीर का त्याग नहीं करना पड़ता। इस पर सती ने भी अमर कथा जानने की इच्छा प्रकट की। शिव जब सती को कथा सुनाने लगे तो उन्हें नींद आ गयी और वह कथा सुन नहीं पायी। इसलिए उन्हें दक्ष के यज्ञ कुंड में कूदकर अपने शरीर का त्याग करना पड़ा।
शिव ने सती के मुंड को भी माला में गूंथ लिया। इस प्रकार 108 मुंड की माला तैयार हो गयी। सती ने अगला जन्म पार्वती के रूप में हुआ। इस जन्म में पार्वती को अमरत्व प्राप्त होगा और फिर उन्हें शरीर त्याग नहीं करना पड़ा !

# नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा आज नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी 4 जोन में घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा रैली निकाली गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ
मथुरा। स्वतंत्रता दिवस की 75 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर–घर तिरंगा, हर घर तिरंगा अभियान को लेकर नगर निगम मथुरा–वृन्दावन द्वारा आज नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी 04 जोन में घर–घर तिरंगा, हर घर तिरंगा रैली निकाली गयी।मा0 महापौर डा0 मुकेश आर्यबन्धु जी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक जी, नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी एवं मथुरा सिटी जोन के समस्त पार्षदगणों एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11:00 बजे से मथुरा के हृदय स्थल होली गेट से घर–घर तिरंगा, हर घर तिरंगा रैली निकाली गयी है। रैली के दौरान सभी महानुभावों द्वारा लोगों को अपने घरों, प्रतिष्ठानों पर झंडा फहराने के लिये प्रेरित किया गया, साथ ही लोगों को निःशुल्क झंडे वितरित किये गये इसके उपरान्त मा0 महापौर डा0 मुकेश आर्यबन्धु जी, नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा भूतेश्वर जोन के समस्त पार्षदगणों एवं कृष्णानगर व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ गोवर्धन चौराहा से घर–घर तिरंगा, हर घर तिरंगा रैली निकाली गयी। रैली के दौरान सभी महानुभावों द्वारा लोगों को अपने घरों, प्रतिष्ठानों पर झंडा फहराने के लिये प्रेरित किया गया, साथ ही लोगों को निःशुल्क झंडे वितरित किये गये।इसी प्रकार औरंगाबाद जोन कार्यालय से श्री धीरेन्द्र कुमार सिंह सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में औरंगाबाद जोन के पार्षदगणों के साथ रैली निकाली गयी तथा वृन्दावन नगर में श्री लवकुश गुप्ता सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में वृन्दावन गांधी पार्क से वृन्दावन जोन के पार्षदगणों के साथ रैली निकाली गयी।मा0 महापौर डा0 मुकेश आर्यबन्धु जी द्वारा बताया गया कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आजादी अमृत महोत्सव के अन्तर्गत नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के विभिन्न क्षेत्रों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य है कि प्रत्येक घर एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाये। इसी के साथ सभी लोगों को निःशुल्क झण्डे वितरित किये गये है। नगर आयुक्त श्री अनुनय झा जी द्वारा कहा कि स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देश भर में गरिमामाय रूप से मनाया जा रहा है। आज नगर निगम द्वारा घर–घर तिरंगा, हर घर तिरंगा रैली निकायी गयी है।
इस रैली का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत करते हुये स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा 75 वीं स्वतंत्रता दिवस पर सभी देशवासियों को बधाई दी गयी।नगर निगम मथुरा–वृन्दावन द्वारा सभी 4 जोन में निकाली गयी घर–घर तिरंगा, हर घर तिरंगा रैली में नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के सभी पार्षदगण, अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।





## जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के नेतृत्व में स्वतंत्रा दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी तथा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार आजादी गौरव यात्रा के तहत पदयात्रा निकाली गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा।
मथुरा ।मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में स्वतंत्र दिवस की 75वी वर्षगांठ पर बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी तथा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार व केंद्र–प्रदेश में जंगल राज के खिलाफ 11 अगस्त को आजादी गौरव यात्रा के तहत पदयात्रा निकाली गई यह कार्यक्रम 15 अगस्त तक जारी रहेगा । सभी कांग्रेसी जन सैकड़ों की संख्या में पूरे जोश खरोश के साथ स्थानीय कांग्रेसी जन एवं स्थानीय जनता के साथ हाथों में तिरंगे झंडे लिए हुए सैकड़ों कांग्रेसी जनों ने भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए महाबन बांगर गोकुल गौशाला गोपाल नगर सुखदेव नगर काजी की नगरिया सिहोरा कारव शौक पेचावर आदि क्षेत्रों में लगभग 21 किलोमीटर कि पदयात्रा की जिसका स्थानीय व्यापारियों व जनता ने जगह–जगह साफा व माला पहनाकर स्वागत किया ।
जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि जनविरोधी नीतियों का टेंडर अदाणी व अंबानी को दे दिया है। विदेशों से कोई काला धन नहीं आया व युवाओं को 2 करोड़ नौकरी नहीं मिली । कांग्रेस के शासन में एलपीजी सिलेंडर 410 रुपए का था अब 1053 का है पेट्रोल 71 रुपए लीटर था 100 रुपए लीटर है । डीजल पहले 57 रुपए लीटर था अब 95 रुपए लीटर है। सरसों का तेल 90 रुपए लीटर था अब 200 लीटर है । देश में बढ़ती महंगाई से जनता परेशान है देश का युवा बेरोजगारी को लेकर सड़कों पर है । किसान विरोधी नीतियों के चलते किसानों का जीवन यापन मुश्किल हो गया है । जिस तरह बिहार में भाजपा की सरकार का पतन हुआ है ठीक उसी तरह केंद्र सरकार का पतन होना निश्चित है। बीजेपी द्वारा पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है भाजपा तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं । भाजपा सरकार द्वारा बदले की भावना से विपक्षी पार्टियों के नेता व कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लगा कर जेलों में डाला जा रहा है योगी मोदी सरकार हिटलर शाही फरमान जारी कर रही है देश की जनता को बर्बाद करने पर उतारू है जिससे कांगेस पार्टी किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगी जिस तरह कांग्रेस पार्टी ने इस देश से अंग्रेजों को भगा दिया था और कांग्रेस के कार्यकर्ता ने अपनी कुर्बानी देकर देश को आजाद कराया था आज भाजपा से देश को आजाद कराने के लिए आंदोलन के लिए तैयार रहना होगा।
भाजपा सरकार सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है । इन्हीं सब समस्याओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस कि 75वी वर्षगांठ पर 11 अगस्त को आजादी गौरव पदयात्रा निकाली गई है जिसमें जनपद के सभी ब्लॉकों से जिला व ब्लॉक के पदाधिकार व वरिष्ठ कांग्रेसीजन ने भड चढ़कर भाग लिया ।
पदयात्रा में भाग लेने वाले प्रमुख रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा , दिनेश कुमार शर्मा एडवोकेट, महेंद्र सिंह मलिक एडवोकेट, गिर्राज सारस्वत ,श्रीमती नीतू त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरेशी , इकबाल ठेकेदार, मनोज कुमार शर्मा, बृजेश शर्मा, ठाकुर साहब सिंह मीरा देवी विष्णु यादव, हरिओम सिंह, सुशील अग्रवाल, रईस खान , मुकेश यादव , हमीद खान , आसिफ कुरेशी, हरि सिंह, राजेंद्र वशिष्ठ , अश्विनी शुक्ला , सुशील सागर , विनोद आर्य , लोकेश शर्मा , डॉक्टर दीपक आर्य, छत्रपाल सिंह, गोपाल , इकलाख, अश्मित वर्मा , आदि सैकड़ों कांग्रेसी जनों ने भाग लिया





# कामेडियन सरताज राजू श्रीवास्तव वेंटिलेटर पर

- दूसरे दिन भी राजू की हालत में नहीं सुधार छोटा भाई काजू एम्स में भर्ती।

अयोध्या टाइम्स संवाददाता। हरिओम दुबे गुरुवार कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की हालत गंभीर है। दूसरे दिन भी उनको होश नहीं आया। गुरुवार को राजू श्रीवास्तव वेंटीलेटर पर। नसों के ब्लॉकेज को हटाने के बाद भी डॉक्टरों ने होश में नहीं ला पाए। राजू श्रीवास्तव के प्रशंसकों ने कि जल्द स्वस्थ होने की पूजा अर्चना। हार्ट अटैक के बाद राजू श्रीवास्तव को दिल्ली एम्स के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। दूसरे दिन भी जब राजू श्रीवास्तव को नहीं आया हो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने राजू श्रीवास्तव की पत्नी से की बात स्वास्थ्य की ली जानकारी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी उनकी सेहत की जानकारी ली। कहा, जरूरत पड़ने पर देश के अन्य एक्सपर्ट डॉक्टर को उनके इलाज के लिए भेजा जाएगा।
तबीयत में सुधार नहीं होने के बाद राजू श्रीवास्तव के रिश्तेदार भी दिल्ली पहुंच गए हैं। राजू श्रीवास्तव का बेटा सितार वादक आयुष्मान और फिल्म डायरेक्टर बेटी अंतरा भी एम्स पहुंच गई हैं। इधर, कानपुर में राजू के लिए दुआओं का दौर शुरू हो गया है। उनकी सेहत में सुधार के लिए मंदिरों में हवन–पूजन किया गया। सुब्रत राय ने राजू श्रीवास्तव को लेटर भेजकर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।
यह फोटो कानपुर के–ब्लॉक स्थित राधा माधव मंदिर की है। राजू के पारिवारिक मित्र ज्ञानेश मिश्रा ने उनके जल्द ठीक होने के लिए हवन–पूजन किया। ज्ञानेश ने बताया कि कानपुर आने के दौरान राजू इस मंदिर में पूजा करने आते थे।
एम्स में ही भर्ती हैं राजू के भाई, उनको जानकारी नहीं दी
राजू के भाई काजू श्रीवास्तव भी दिल्ली एम्स में ही एडमिट हैं। कान के नीचे गांठ का उनका ऑपरेशन किया गया है। 3 दिनों से वे वहां एडमिट हैं। लेकिन राजू की सेहत के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई। राजू का इलाज एम्स में ही सेकेंड फ्लोर स्थित कार्डियक यूनिट के प्ब्न् में चल रहा है। परिवार के 2 बेटों के हॉस्पिटल में एडमिट होने से पूरे परिवार में उदासी का माहौल है।
क्रिकेटर हरभजन सिंह ने राजू श्रीवास्तव के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। इसके अलावा, एक्टर और सांसद रवि किशन, बिंदु दारा सिंह, सुनील पाल समेत कई हस्तियों के फोन लगातार उनके परिवार और रिश्तेदारों के पास पहुंच रहे हैं।
एंजियोप्लास्टी हुई, ब्रेन रिस्पांस नहीं कर रहा
राजू के पीआरओ गर्वित नारंग ने कहा,ष बुधवार शाम को डॉक्टरों ने राजू श्रीवास्तव की एंजियोप्लास्टी की है, लेकिन अभी उनका ब्रेन रिस्पांस नहीं कर रहा है। 26 घंटे से ज्यादा का वक्त हो गया। अभी होश भी नहीं आया है। पल्स भी 60–65 के बीच है।
नारंग ने बताया कि, षराजू श्रीवास्तव दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करने के लिए आए थे। उनकी मुलाकात का समय तय था। वो होटल में रुके थे। कमरे में कुछ देर रुकने के बाद बुधवार सुबह वे जिम करने चले गए। वहीं पर हार्ट अटैक आया।
यह मैसेज राजू श्रीवास्तव की पब्लिक रिलेशन टीम की तरफ से जारी किया गया है।
कानपुर के घर में लगा ताला, परिवार दिल्ली पहुंचा
राजू के कानपुर स्थित नयापुरवा में पैतृक निवास काका कोठी पर ताला लगा हुआ है। परिवार के सभी लोग बुधवार को ही दिल्ली रवाना हो गए। राजू की पत्नी शिखा श्रीवास्तव, बेटी अंतरा श्रीवास्तव, बेटा आयुष्मान श्रीवास्तव, बडे भाई सीपी श्रीवास्तव, छोटे भाई दीपू श्रीवास्तव, साले आशु श्रीवास्तव, भतीजे मयंक और मृदुल दिल्ली में हैं। मोहल्ले के लोग भी राजू की तबीयत को लेकर चिंतित है। पड़ोस में रहने वाले राकेश ने बताया कि मार्च में बड़े भाई की बेटी की शादी में राजू कानपुर आए थे। कोविड काल में भी ज्यादातर वक्त उन्होंने घर में ही बिताया।
यह राजू श्रीवास्तव का कानपुर का घर है। घर पर ताला लगा हुआ है। परिवार के लोग दिल्ली पहुंच चुके हैं।
अन्नू अवस्थी बोले–पूरा शहर राजू के लिए परेशान है
कानपुर के कॉमेडियन और राजू के दोस्त अन्नू अवस्थी ने कहा,षपूरा शहर राजू की तबीयत को लेकर परेशान है। कोई मंदिर, कोई मस्जिद में प्रार्थना कर रहा हैं। भगवान उनकी रक्षा करे। वो जल्दी ठीक हो। हम परिवार के संपर्क में है। अभी जो अपडेट हमें मिला है, उसमें उनका हार्ट काम कर रहा है। पल्स चल रही है। अभी वो होश में नहीं आए हैं। यहीं चिंता की बात है। एक्टर व कॉमेडियन सुनील पाल ने भी वीडियो जारी कर जल्द उनके ठीक होने की कामना की है।
राजू श्रीवास्तव की सोशल मीडिया पर ये फोटो वायरल है। लोग उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जता रहे हैं।
उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के चेयरमैन हैं राजू
राजू श्रीवास्तव अपनी शानदार कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। वे कई फिल्मों और टीवी शोज में भी काम कर चुके हैं। सालों से राजू अपनी कॉमेडी से लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। वे उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के चेयरमैन भी हैं। राजू बचपन से ही कॉमेडियन बनना चाहते थे और उन्होंने अपना ये सपना पूरा भी किया। उन्होंने बतौर स्टेज परफॉर्मर अपने करियर की शुरुआत की थी।





# संक्षिप्त समाचार

## अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम



दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। सेंट पॉल स्कूल में 11 से 17 अगस्त के मध्य आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को संपन्न किया गया। जिसमें सबसे पहले प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने अग्रणी भूमिका निभाई।
विद्यालय परिसर से निकली प्रभात फेरी में बच्चों ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए जन जागरण करते हुए सभी से अपील की 11 से 17 अगस्त तक हम सभी अपने घरों पर तिरंगा फहराते हुए देश की स्वतंत्रता के इस महापर्व का हिस्सा बने। प्रभात फेरी में भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष के द्वारा देश प्रेम की भावना को दर्शाया गया। कक्षा एक से बारहवीं तक के छात्र–छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर साल में आने वाले 15 अगस्त को ध्यान में रखते हुए चित्रकला, पोस्टर, रंगोली, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकित सिंह ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं जानवी सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## इमरान अली खां के प्रदेश सचिव बनने के बाद कार्य कर्ताओं ने एक दूसरे का मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी

दैनिक अयोध्या टाइम्स। रामपुर। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अब्बास गाजी ने रामपुर निवासी इमरान अली खां उर्फ बिट्टू को युवा मोर्चा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया हैं। इमरान अली खां के प्रदेश सचिव बनने के बाद कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।



इस मौके पर नवनियुक्त प्रदेश सचिव इमरान अली खां ने कहा कि पार्टी सुप्रीमों चंद्रशेखर आजाद के निर्देश प्रदेश अध्यक्ष अब्बास गाजी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी हैं उसे वह पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचा कर पार्टी को मजबूत करने का काम किया जायेगा। उन्होने कहा कि आजाद पूरे देश सहित प्रदेश में आजाद समाज पार्टी का जनाधार बढ़ रहा हैं। पार्टी बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं कांशीराम की विचारधारा बहुजन हिताय बहुजन सुखाय को आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं जिसे रामपुर में भी पूरी शिद्दत के साथ आगे बढ़ाकर पार्टी को मजबूत किया जायेगा।

## फिल्म अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा ने रक्षाबंधन के पर्व पर मुस्तफा हुसैन को बांधी राखी

दैनिक अयोध्या टाइम्स। रामपुर। बहन भाई के पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन के अवसर पर रामपुर लोकसभा क्षेत्र की पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने नई दिल्ली में अपने आवास पर रामपुर जल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन को राखी बांधी।



रक्षाबंधन के पावन मौके पर जया प्रदा ने देश व प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार भाई–बहन के एक–दूसरे के प्रति स्नेह, विश्वास और कर्त्तव्य का प्रतीक है। हर परिवार में यह रिश्ता और मजबूती के साथ आगे बढ़े, जिससे देश और प्रदेश में प्यार और भाईचारा बना रहे।

## बिजनौर जिला कारागार में में बंद बंदियों को रक्षाबंधन के त्यौहार पर बहनों ने भाईयो को बांधी राखी

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान। बिजनौर जिला कारागार में बंद निरूद बंदियों को रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जेल मंत्री के आदेश अनुसार जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को दूरदराज से आई बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी जेल प्रशासन द्वारा त्योहारों पर इस तरीके की छूट देकर जेल में बंद कैदियों के दिल जीत लिया साथ ही साथ जेल अधीक्षक की तारीफ भी बंदियों द्वारा की गई वही जब बंदियों के परिजनों से बात की गई तो उन्होंने जेल अधीक्षक में जेलर वह समस्त स्टाफ की तारीफ की साथ ही साथ जेल मंत्री का भी आभार प्रकट किया।





## देश भक्तिके जज्बे को बढ़ाना है घर-घर तिरंगा लगाना है: मरियम साईम

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सरिफ मालिक। किरतपुर। मरियम हायर सेकेंडरी स्कूल व मरियम गर्ल्स कॉलेज में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें घर–घर तिरंगा अभियान में जागरूकता लाने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया गया।



इस मौके पर बोलते हुए मैनेजर श्रीमती मरियम साईम ने कहा कि इस वर्ष आजादी के 75 वर्ष पूरे हो रहे है आजादी की इस वर्षगांठ पर सरकार द्वारा घर–घर तिरंगा अभियान चलाया गया है। जिसमें हमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना है उन्होंने तिरंगे के रखरखाव व मान सम्मान के बारे में बताते हुए कहा कि तिरंगा हमारी आन बान शान है। 15 अगस्त के मौके पर शत प्रतिशत घरों पर तिरंगा लगाना है। हमे अपने देश व तिरंगे की मोहब्बत को बरकरार रखते हुए इसका मान सम्मान रखना है और अपने अंदर देश भक्ति का जज्बा कूट कूट कर भरना है। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## बिजनौर पुलिस लाइन में डीआईजी शलभ माथुर व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने तिरंगा यात्रा निकाली

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान। जनपद बिजनौर पहुंचे डीआईजी शलभ माथुर ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में तिरंगा यात्रा निकाली और हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आवासीय परिसर में घरो पर तिरंगा लगाकर ध्वजारोहण किया व राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर स्कूली बच्चों को जागरूक भी किया। दरअसल आपको बता दें स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशभर में दिनांक 11 से 17 तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाये जाने के लिए निर्गत कार्ययोजना के क्रम में आज बिजनौर पहुंचे डीआईजी शलभ माथुर मुरादाबाद परिक्षेत्र (मुरादाबाद) और एसपी दिनेश सिंह, व एसपी सिटी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह,द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में तिरंगा यात्रा निकाली गयी और हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आवासीय परिसर में घरों पर तिरंगा लगाकर ध्वजारोहण किया गया व राष्ट्रध्वज को सलामी दी गयी इस दौरान डीआईजी शलभ माथुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर स्कूली बच्चों को राष्ट्रध्वज का वितरण किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा डीआईजी को विजयी विश्व तिरंगा प्यारा गीत सुनाया गया जिस पर बच्चों को शाबाशी दी गयी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी है।





## नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव (हर घर तिरंगा) की जन जागरूकता हेतु रैली का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता सप्ताह के प्रथम दिवस हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाए जाने हेतु शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव (हर घर तिरंगा) की जन जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया।



रैली को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रारंभ किया गया। उक्त रैली अंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर स्टार चौराहा होते हुए गांधी समाधि पर समाप्त हुई।
गांधी समाधि पर कार्यक्रम के शुभारंभ में सिटी मजिस्ट्रेट प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मूर्तियों एवं महात्मा गांधी जी की समाधि पर पुष्प अर्पण किया गया तथा नगर वासियों से अपील की गई एवं जागरूक किया गया कि वह 13 से 15 अगस्त तक अपने–अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर देश का मान बढ़ाएं और इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## विद्यालय से हर घर तिरंगा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत तिरंगा साइकिल रैली निकाली



दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। सैदनगर ब्लाक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर के प्रांगण में विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के बच्चे साइकिल समेत एकत्रित हुए। उसके बाद विद्यालय से हर घर तिरंगा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत तिरंगा साइकिल रैली निकाली गई।
तिरंगा साइकिल रैली को विद्यालय के अध्यापकों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली में बच्चे तिरंगा साइकिल पर लगाए हुए थे और हाथों में तिरंगा लिए हुए थे। तिरंगा साईकिल रैली ग्राम हजरतपुर में विभिन्न मार्गो से होती हुई विद्यालय पर संपन्न हुई। तिरंगा साइकिल रैली के बीच में ग्राम हजरतपुर में नुक्कड़ चौराहे पर पहुंचकर सैदनगर के खंड शिक्षा अधिकारी राशिद अनवर सिद्दीकी ने तिरंगा साइकिल रैली में बच्चों की हौसला अफजाई की और वहां पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष 15 अगस्त पर हम आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं तथा इसे अमृत महोत्सव के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है। इसी श्रंखला में 11 से 17 अगस्त तक पूरे देश में स्वतंत्रता सप्ताह के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का संचालन किया जाना हैं। हर घर में तिरंगा लगाया जाएगा ताकि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना बलवती हो इसके अलावा यह अभियान हमें अपने शहीदों के प्रति सम्मान देने का भाव भी उत्पन्न करेगा।
इस मौके पर चिरंजीव कुमार, अमरपाल यादव, मलखान सिंह, विपिन रावत, यश सैनी, रोहित सैनी, अंकित, कुणाल, सेफ, ममता, अलीजा, कुमकुम, दीक्षा, सोना, अरबाज, काजल, निशा, अनस, वसीम, वैशाली, अक्षरा, फरदीन, अमान, अजहरुद्दीन, मिस्वा, रानी, अरुण, अमित, शिवम, विवेक, सुमित, राधिका, मानवी आदि मौजूद थे।

## रामपुर पुलिस नें मनाया देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। जहां पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के मना रहा हैं वहीं रामपुर की पुलिस भी देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने से पीछे नहीं हैं।



लगातार त्यौहारों पर डयूटी के बाद भी रामपुर का पुलिस प्रशासन आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने से नहीं चूक रहा हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा पुलिस कार्यालय में श्रमदान एवं साफ–सफाई अभियान के अन्तर्गत पुलिस कार्यालय में साफ–सफाई की गई। इसके बाद पुलिस कार्यालय एवं शिविर कार्यालय पर तिरंगा झंडा फहराकर सलामी दी गई। पुलिस के राजकीय भवनों, पुलिस लाइन, सीओ कार्यालयों, पुलिस थानों, चौकियो व अन्य जनपदीय पुलिस भवन, पुलिस आवास, फायर स्टेशन आदि पर सुबह व्यापक स्तर पर साफ–सफाई का अभियान चलाया गया। जिसमें परिसर एवं छतों, दीवारों की साफ–सफाई तथा उनपर उगे पेड़ों को हटाया गया। कार्यक्रम में पुलिस के सभी स्तर के अधिकरी व कर्मचारियों द्वारा श्रमदान के जरिये अपना योगदान दिया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि गुरूवार की सुबह नौ बजे तिरंगा झंडा राजकीय भवनों, जनपदीय पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन, राजपत्रित अधिकारियों के कार्यालय, पुलिस थानों, चौकियों व अन्य जनपदीय पुलिस भवनों सहित सभी पुलिस आवास, फायर स्टेशन आदि पर तिरंगा झंडा फहराया गया। उन्होने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव को पुलिस भी अपने अंदाज में बड़े ही धूमधाम से मना रहीं हैं। इसके अलावा कानून व्यवस्था पर भी पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ नजर रखे हुए हैं।

## जलालाबाद के सेंट स्टीफन इंटरनेशनल, अल्पाइन इंटरनेशनल स्कूल में रक्षाबंधन पर्व पर राखी बनाओ प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया

- भाई– बहन के प्रेम के प्रतीक का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया गया।

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
बृहस्पतिवार में अल्पाइन इंटरनेशनल स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता किंडरगार्टन से कक्षा पांच तक आयोजित की गई। कलात्मक हुनर की प्रतिभा दिखाते छात्र– छात्राओं ने राखी तैयार की। राखी तैयार कर छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर बांध कर भाई–बहन के प्रेम का संदेश दिया। प्रधानाचार्य राजीव मिश्रा, निदेशक अंकित गुप्ता, सनकी नामदेव, अन्य ने रक्षाबंधन के बारे में छात्र– छात्राओं को जानकारी दी।
वहीं दूसरी ओर सेंट स्टीफन इंटरनेशनल स्कूल में राखी बनाओ प्रतियोगिता में आइंस्टीन हाउस प्रथम, भाभा हाउस सेकंड, न्यूटन व रमन हाउस तीसरे स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य चंद्रभूषण कौशिक, विपिन कुमार, पूनम सैनी, शिवानी धीमान, अन्य का कार्यक्रम सफल बनाने में सहयोग रहा।

# मुस्लिम कालेज के छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी






दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सरीफ मालिक। किरतपुर स्थानीय मुस्लिम इण्टर कालेज में स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में प्रभात फेरी निकाली गई।
जिसमे शामिल सैकड़ो छात्रों का देश भक्ति का जज्बा देखते ही बनता था। प्रभात फेरी में एक छात्र द्वारा महात्मा गांधी का भेष धारण किया हुआ छात्र आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। प्रभात फेरी कालेज से शुरू हुई जिसे प्रधानाचार्य कैप्टन मजहर नामी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी हाइवे से होते हुए बस स्टैंड ,मण्डावर तिराहा,अम्बेडकर चौक, जैन मंदिर चौराहा, सरकारी अस्पताल,पुलिस स्टेशन व स्टेशन चौराहे से गुजरते हुए वापिस कॉलेज पर जाकर समाप्त हुई। रैली में देश भक्ति के जज्बे से लबरेज एनसीसी केडेट्स,स्काउट गाइड व अन्य सैकड़ों छात्र हाथो में तिरंगा लिए देश भक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी में सबसे आगे कक्षा 9 का छात्र मौहम्मद काशिफ महात्मा गांधी का भेष धारण किये हुए चल रहा था। जिसे लोगों ने खूब सराहा। रैली में शामिल छात्रों व अध्यापकों की नगर पालिका परिषद स्टाफ की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई थी और नगर में प्रभात फेरी की प्रशंसा होती रही। इस मौके पर प्रधानाचार्य कैप्टन मजहर नामी, मास्टर नवेद अहमद, नौशाद अख्तर, अजहर महमूद,आशकार आलम मौ0 महफूज,निजाम उल हक, मौ0 मोहतशिम, फिरोज अहमद,यूनुस हुसैन,महमूद आलम,दिलशाद आलम,अदील अनवर,बिलाल आसिफ,अंसार अहमद,शुऐब अख्तर,मौ0 वसीम आदि मौजूद रहे।

# उच्च अधिकारीगण ने स्वतंत्र संग्राम सेनानियो को दी सलामी



नूरपुर।गुरुवार को नगर नूरपुर मे भारत की आजादी के 75 वे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य मे शहीद तिराहा स्थित परवीन सिंह स्मारक स्थल पर उच्च अधिकारीगण ने स्वतंत्र संग्राम सेनानियो को पुष्प वर्षा कर सलामी दी।कई वर्षो से इस स्मारक पर उच्च अधिकारीगण नही आ रहे थे।लेकिन देश आजादी 75 वी वर्षगांठ माना रहा।जिसपर जिले के उच्च अधिकारीगण ने अपना कर्तव्य निभाते हुए शहीद स्मारक स्थल पर पहुचे ओर वीर सपूतो को सलामी दी।इस दोरान अधिकारीगण ने कहा की आजादी को जन–आंदोलन बनाने वाले पूज्य बापू हों या आजादी के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, बिस्मिल और अशफाक उल्लाह खान जैसे महान क्रांतिवीर हों, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई हों, चित्तूर रानी चिन्नमां हो, असम में मातंगिनी हाजरा का पराक्रम हो, देश के पहला प्रधानमंत्री पंडित नेहरू जी हों, देश को एकजुट राष्ट्र में बदलने वाले सरदार बल्लभ भाई पटेल हों, भारत के भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाले, रास्ता तय कराने वाले बाबा साहेब अंबेडकर सहित क्षेत्र के रिक्की सिंह व परवीन हो देश हर व्यक्ति को, हर व्यक्तित्व को आज याद कर रहा है। देश इन सभी महापुरूषों का ऋणी है।इस दौरान एसडीएम मांगेराम चौहान,सीओ सुनिता दहिया,हल्का लेखपाल अमित तोमर,थाना प्रभारी धीरज सिंह सोलंकी,ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान व पुलिस बल मोजूद रहा।

# नगीना पुलिस की बड़ी कार्यवाही ई-रिक्शा चोरी करने वाले तीन लोगों को किया गिरफ्तार : थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी। नगीना अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत नगीना पुलिस ने ई–रिक्शा चोरी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 ई रिक्शा, दो तमंचे व एक चाकू बरामद कर उनका संबंधी धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित शुक्ला व थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक कुलदीप राणा, देवेंद्र सिंह, मनोज कुमार ,कांस्टेबल सोमेश, ललित कुमार, राजेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर नगीना बढ़ापुर प रोड स्थित ईदगाह की दीवार के पीछे से 3 लोगों को संदिग्ध परिस्थिति में गिरफ्तार किया।पुलिस ने जब उनसे सख्ती के साथ पूछताछ की तो उन्होंने नगर में चोरी हुई रिक्शा का खुलासा करते हुए चोरी की गई 5 ई रिक्शा बरामद की। पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने12 बोर के दो तमंचे चार जिंदा कारतूस व एक चाकू भी बरामद किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सानू उर्फ गोल्टा पुत्र तस्लीम निवासी मोहल्ला मनिहारी सराय नगीना दूसरे ने अपना नाम शहनवाज पुत्री इदरीश ग्राम शहजादपुर थाना शेरकोट बिजनौर तथा तीसरे ने अपना नाम असलम पुत्र बूदू निवासी मोहल्ला होलियान कस्बा व थाना नहटौर बताया। पुलिस ने पकड़े गए तीनों बदमाशों का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। सोनू उर्फ गोल्टा के खिलाफ नजीबाबाद, हल्दौर, व नगीना थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा के जनपद शामली सोशल मीडिया प्रभारी सागर प्रजापति को बनाया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
जनपद शामली के सोशल मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा भाजपा सागर प्रजापति को नियुक्त किया गया,भाजपा जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा नीरज उपाध्याय ने समाज के प्रति उनके सेवा भाव को देखते हुए प्रभारी बनाया है।शामली के भाजपा कार्यालय पर सोशल मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा भाजपा सागर प्रजापति नियुक्त किया जाने पर माननीय जिलाध्यक्ष, नीरज उपाध्याय पिछड़ा वर्ग मोर्चा समस्त कार्यकारिणी ने सागर प्रजापति को फूल माला पहनाकर शुभकामनाएं दी।सागर प्रजापति ने पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय सुरेश राणा जी का आभार प्रकट करते हुए कहा पार्टी ने मेरे पर विश्वास जताकर मुझे इस पद की जिम्मेदारी दी है। मैं निष्ठा पूर्वक अपनी जिम्मेदारी को कर्तव्य के साथ निभाऊंगा। इस अहम मौके पर जलालाबाद चौकी प्रभारी विजय त्यागी ने सागर प्रजापति को शुभकामनाएं देते आजादी के 75 वे महोत्सव पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री छंतमदकतं डवकप जी के आह्वान पर हरघरतिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त से 15 तक हर घरों की छत पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान किया।



# रक्षाबंधन पर बसों में देखने को मिली भीड़ भाड़





जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली।
जलालाबाद में दिल्ली यमुनोत्री हाईवे किनारे पर बस में यात्रा के लिए काफी समय प्रतीक्षा करने के बाद बहनों को बस में सवार हो सकी। परंतु रक्षाबंधन का उत्साह कम नहीं हुआ।
बृहस्पतिवार में रक्षाबंधन पर्व पर सुबह से ही कस्बे के दिल्ली यमुनोत्री हाईवे किनारे पर स्थित रोडवेज बस स्टैंड, नए बस स्टैंड प्रतीक्षालय पर बस में यात्रा करने के लिए यात्रियों को काफी समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। रक्षाबंधन पर्व पर प्रतिक्षालय, बस स्टैंड पर देर शाम तक भीड़ मौजूद रही। बसों की संख्या भीड़ की संख्या की तुलना में कहीं अधिक कम रहने से बस में बहनों को यात्रा के लिए खड़े होकर भीड़ में यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस दौरान हाईवे पर बीच–बीच में जाम की स्थिति बनी रही। काफी संख्या में लोगों ने निजी वाहनों से सफर तय किया।ताकि समय से बहन, भैया की कलाई पर राखी बांध सके। दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवा यातायात सुचारू कराया। लोगो का कहना था कि त्योहारों पर बसों की संख्या बेहद कम रही।जिसके कारण उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस मौके पर बाजार में भी काफी भीड़ देखने को नजर आई मिष्ठान की दुकानों पर वह राखी की दुकानों पर बहने भाइयों के लिए राखी की खरीदारी काफी जोरों पर की गई।




# जहां पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के मना रहा हैं वहीं रामपुर की पुलिस भी देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने से पीछे नहीं

दैनिक अयोध्या टाइम्स
रामपुर। जहां पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के मना रहा हैं वहीं रामपुर की पुलिस भी देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने से पीछे नहीं हैं।
लगातार त्यौहारों पर डयूटी के बाद भी रामपुर का पुलिस प्रशासन आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने से नहीं चूक रहा हैं। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा पुलिस कार्यालय में श्रमदान एवं साफ–सफाई अभियान के अन्तर्गत पुलिस कार्यालय में साफ–सफाई की गई। इसके बाद पुलिस कार्यालय एवं शिविर कार्यालय पर तिरंगा झंडा फहराकर सलामी दी गई। पुलिस के राजकीय भवनों, पुलिस लाइन, सीओ कार्यालयों, पुलिस थानों, चौकियो व अन्य जनपदीय पुलिस भवन, पुलिस आवास, फायर स्टेशन आदि पर सुबह व्यापक स्तर पर साफ–सफाई का अभियान चलाया गया। जिसमें परिसर एवं छतों, दीवारों की साफ–सफाई तथा उनपर उगे पेड़ों को हटाया गया। कार्यक्रम में पुलिस के सभी स्तर के अधिकरी व कर्मचारियों द्वारा श्रमदान के जरिये अपना योगदान दिया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि गुरूवार की सुबह नौ बजे तिरंगा झंडा राजकीय भवनों, जनपदीय पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन, राजपत्रित अधिकारियों के कार्यालय, पुलिस थानों, चौकियों व अन्य जनपदीय पुलिस भवनों सहित सभी पुलिस आवास, फायर स्टेशन आदि पर तिरंगा झंडा फहराया गया। उन्होने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव को पुलिस भी अपने अंदाज में बड़े ही धूमधाम से मना रहीं हैं। इसके अलावा कानून व्यवस्था पर भी पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ नजर रखे हुए हैं।



# संक्षिप्त समाचार

## जाँच में पालिका की भूमि पर पाया गया अवैध बजा, होगी कार्रवाई

–तत्कालीन ईओ द्वारा गठित तीन सदस्य टीम ने वर्तमान ईओ को सौंपी जाँच रिपोर्ट (रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पीड़ित की शिकायत पर तत्कालीन ईओ द्वारा गठित तीन सदस्य टीम ने जाँच उपरांत रिपोर्ट ईओ को प्रेषित की है,जिसमें पालिका की भूमि पर अवैध ब्जा पाया गया है। बुधवार को तत्कालीन ईओ मणि अरोड़ा द्वारा गठित तीन सदस्य टीम ने आज अपनी जाँच रिपोर्ट ईओ इंद्रपाल सिंह को सौंप दी है। जाँच रिपोर्ट में शिकायतकर्ता ही पालिका की भूमि पर अवैध कब्जा करता पाया गया है। गत तीन मार्च को बिसातियान निवासी नईम ।अहमद शम्शी द्वारा नगर पालिका कार्यालय पर शिकायती पर देते हुए निजी भूमि पर बिना अनुमति नगर पालिका परिषद कैराना द्वारा लगाए गए समर्सिबल को उखड़वाने की मांग की थी। मामले में तत्कालीन ईओ मणि अरोड़ा ने तीन सदस्य टीम कर अधीक्षक शाकिर हुसैन के नेतृत्व में अवर अभियंता नलकूप खण्ड शामली अनिल कुमार व अवर अभियंता सिविल नगर पालिका सूरज शर्मा को जाँच के जिम्मा सौंपा था और निष्पक्ष जाँच कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए थे। जाँच में पाया गया है कि 20 मई 1971 को तत्कालीन चेयरमैन बशीर अहमद के कार्यकाल में नसीमुद्दीन अब्बासी पुत्र अलीमुद्दीन ने पालिका की इस भूमि पर अपना दरवाजा खोलने के लिए अनुमति माँगी गई थी। पालिका द्वारा नक्शा बनाकर कुछ शर्तों के साथ मात्र दरवाजा खोलने की अनुमति प्रदान करते हुए हिदायत दी गई थी कि नवशे के विरुद्ध कोई हटाओ–बढ़ाओ नहीं होना चाहिए,अन्यथा नक्शा स्वंय ही निरस्त माना जएगा।तीन सदस्य टीम द्वारा की गई जाँच में 1971 के क्रम संख्या 3 जे सन्दर्भ का उल्लंघन पाया गया।

**जाँच में पाया गया अतिक्रमण बन्द कराया जाएगा दरवाजा**

पालिका की तीन सदस्य टीम द्वारा जाँच में शिकायतकर्ता नईम अहमद शम्शी द्वारा पालिका की भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया। साथ ही 1971 के नक्शे के विरुद्ध चबूतरे पर अवैध निर्माण पाया गया है। अब पालिका की ओर से कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। नियमों को डर किनार कर पालिका के चबूतरे पर खोला गया दरवाजा अवैध पाया गया है। अब उसे बन्द कराया जाएगा।

**भूमित करने पर भुगतान पड़ेगा जुर्माना**

नीम अहमद शम्शी द्वारा शिकायती पत्र देकर निजी चबूतरा बताया गया था, जबकि पालिका जेसीबी द्वारा की गई खुदाई के दौरान वहां प्राचीन कुआं मिला था। अब झूठी शिकायत करने पर नईम अहमद शम्शी को एक घण्टे चली जेसीबी का बारह सौ रूपये का किराया भी बतौर जुर्माना भरना पड़ेगा।

## चिंताहरण महादेव मंदिर में हवन-यज्ञ व भण्डारे का आयोजन

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। प्राचीन मंदिर श्री चिंताहरण महादेव मंदिर में ट्रस्ट द्वारा बाबा प्रभुदास चेला व बाबा मोहनदास की 15 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हवन–यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बुधवार को यमुना ब्रिज पर स्थित प्राचीन मंदिर श्री चिंताहरण महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा बाबा प्रभुदास चेला व बाबा मोहनदास की 15 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान हवन–यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें हरियाणा व यूपी के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्मलाभ उठाते हुए प्रसाद ग्रहण किया। मन्दिर संचालक पंकज पुत्र स्वर्गीय सत्यपाल शर्मा द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन कराया गया। इस दौरान मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश अगरवाल,अशोक गोयल, जयभगवान गुप्ता,अशोक बंसल,रमेश अग्रवाल,राकेश गोयल व मंगलसेन सहित अन्य धर्मप्रेमियों का सहयोग रहा।

## बीजेपी कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगी यात्रा-तिरंगा यात्रा के दौरान संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व गौतमबुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पवर्षा कर माल्यार्पण किया

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवादाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। बीजेपी एससी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में तिरंगा रैली निकाली।इस दौरान संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व गौतमबुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

बुधवार को भाजपा एससी मोर्च मण्डल अध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तिरंगा रैली निकाली। इस दौरान मोहल्ला आलकलां में स्थित हरिजन मन्दिर में पहुंचकर संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व गौतमबुद्ध की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलित करते हुए पुष्पवर्षा उपरांत माल्यार्पण किया।

## गुर्जर सम्राट माहिरभोज की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण -आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 25 घरों पर सीओ कैराना व भाजपा नेत्री ने फहराए तिरंगे

(रिपोर्ट शेखर चौहान) कैराना संवाददाता दैनिक अयोध्या



टाइम्स जनपद शामली कैराना। आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव अभियान के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीणों को राष्ट्रीय ध्वज डते गए।समारोह के बाद गुर्जर सम्राट महिरभोज की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया।गुरुवार को क्षेत्र के गाँव तितरवाड़ा में 75 वें अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें भाजपा नेत्री मृगांका सिंह व सीओ कैराना ने ग्रामीणों को राष्ट्रीय ध्वज भेंट किए और 25 घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराए ।तत्पश्चात माल्यापर्ण कार्यक्रम में पहुँचे सीओ कैराना बिजेंद्र सिंह भड़ाना व भजपा वरिष्ठ नेत्री मृगांका सिंह ने संयुक्तरूप से गुर्जर प्रतिहार सम्राट महिरभोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान

रामपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की तरफ से प्रेस सूचना



जारी की जाती है। कि आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के द्वारा 13 अगस्त 2022 दिन 'शनिवार' को सुबह 11 बजे एक जागरूकता तिरंगा रैली व्यापार मंडल के मुख्य कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से अंबेडकर पार्क, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, राधा रोड, शाहबाद गेट, माला रोड पर भ्रमण करते हुए यह यात्रा व्यापार मंडल के मुख्य कार्यालय पर संपन्न होगी।

## आजादी के महोत्सव के अंतर्गत मनाया जा रहा हर घर घर तिरंगा अभियान लोगों को देश भक्तिसे कर रहा है सराबोर

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली। प्रशासनिक शैक्षणिक संस्थान के साथ साथ राजनीतिक सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन भी तिरंगा यात्रा को गति देने में लगे हुए हैं सड़कों पर बाइक , पैदल रैली निकाली जा रही है और विभिन्न प्रकार के आजादी



महोत्सव कार्यक्रम किए जा रहे हैं

नगर पंचायत थाना भवन ने भी तिरंगा यात्रा को गति देने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष रफत परवीन अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने तिरंगा झंडा लहरा कर नगर पंचायत कार्यालय से तिरंगा तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया तिरंगा यात्रा देशभक्ति नारों के साथ साथ आजादी के शहीदों की जय घोष ,ढोल नगाड़े ,डीजे पर देश भक्ति गीतो थिरकते कालेज के छात्रों के साथ नगर पंचायत कार्यालय से तिरंगा पैदल यात्रा का शुभारंभ किया गया यात्रा दिल्ली सहारनपुर हाईवे से घास मंडी चौक बाजार विमला मार्किट तथा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो से होते हुए नगर पंचायत में समापन किया गया इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष इंतजार अजीज ने कहा कि आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष में प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर हर घर में 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा सलहराने का अभियान चलाया जा रहा है रैली में लिपिक संजय ढिमोरिया ,मनीष शर्मा, संदीप नगर पंचायत सभासद गण नीरज पार्टी रविंद्र गौतम इंतजार अनिल गोयल वसीम त्यागी रणबीर प्रेम नगर पंचायत के कर्मचारियों सहित नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## थाना ढेबरुआ पर 03 अभियुक्त गिरफ्तार

आरके शर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स सिद्धार्थनगर । श्री अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर तथा थानाध्यक्ष ढेबरुआ श्री हरिओम कुशवाहा की अध्यक्षता में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत



अपर पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश चंद्र रावत के निर्देश पर तथा क्षेत्राधिकारी शोहरत गढ़ श्री राणा महेंद्र प्रताप सिंह के कुशल पर्यवेक्षण शांति व्यवस्था बाधित करने वाले 03 अभियुक्तों को दिनांक 11.08.2022 को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

## 01 नफर अभियुक्ता सम्बन्धित मु0अ0सं0 90/22 धारा 498(a)/304(इ)/ 313 IPC, 3/4D-P- Act को गिरफ्तार कर सम्बन्धित माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा

आर के शर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स सिद्धार्थनगर

श्री अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री सुरेश




चन्द्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व श्री प्रदीप कुमार यादव क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली लोटन श्री देवनन्दन उपाध्याय के द्वारा आज दिनांक 11.08.2022 को मु0अ0सं0 90/22 धारा 498(a)/304(इ)/ 313 IPC, 3/4D-P- Act से सम्बन्धित वान्छित अभियुक्ता को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया ।

## पुलिस अधीक्षक शामली अभिषेक कुमार ने जलालाबाद पुलिस चोकी का निरीक्षण किया

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली। दिल्ली सहारनपुर यमुनोत्री हाईवे



किनारे स्थित पुलिस चौकी जलालाबाद चौराहे पर पुलिस अधीक्षक शामली अभिषेक कुमार ने जलालाबाद पुलिस चोकी का निरीक्षण किया एवं पुलिस सहायता बूथ की स्थापना के लिए जगह का निरीक्षण किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी थाना भवन श्रेष्ठा ठाकुर थानाध्यक्ष थानाभवन अनिल कुमार जलालाबाद पुलिस चौकी प्रभारी विजय त्यागी मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा कैम्प कार्यालय व पुलिस लाइन्स एवं पुलिस आवास पर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर पुलिस परिवार व आम जनमानस को राष्ट्रीय ध्वज लगाने हेतु प्रेरित किया गया

सिद्धार्थनगर। आज दिनांक 11.08. 2022 को "आजादी के अमृत महोत्सव" के उपलक्ष्य पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत श्री अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा कैम्प कार्यालय व पुलिस लाइन्स पर राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान राष्ट्रगान के साथ फहराया गया व सलामी दी गयी तथा पुलिस लाइन्स स्थित पुलिस आवास(बैरक/आवासीय परिसर) पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी



गयी, इसके अतिरिक्त पूर्व में जारी किये गए आदेश निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कार्यालय, एवं जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण द्वारा अपने अपने आवास पर तथा समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षगण व प्रभारी चौकी द्वारा अपने अपने थानाध्चौकियों, पुलिस भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया ।

साथ ही साथ कार्यालयों और आवास पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज लगाने हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सभी को शुभकामनाएं दी गयी। महोदय द्वारा बताया गया कि अमृत महोत्सव अभियान हमारे देश को आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आरंभ किया गया है । इस अभियान के माध्यम से आमजन में देशभक्ति की भावना को प्रबल करने व देशवासियों में प्रेम जागरूक करना है, साथ ही साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को पैदा करना है। जिससे देश का हर नागरिक अपने देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे।

## भड़ल पशु पैंठ में दूधवाली गोवंश के अलावा सभी गोवंश पर पूरी तरह से प्रतिबंध है, भड़ल पशु पैंठ ठेकेदार

- भड़ल पशु पेंठ को बदनाम कर ने लिए रची जा रही है साजिश

जनपद बागपत विशेष संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स बागपत। बागपत। भडल पशु पेंठ को लेकर पशु पैठ ठेकेदार मसूद कुरेशी एवं मोहर अली ने कहा है कि कुछ विपक्षी लोग पशु पैंठ को बदनाम करने के चक्कर में उल्टी–सीधी अफवाह फैला रहे हैं।

भड़ल पशु पैंठ ठेकेदार मसूद कुरैशी ने कहा है कि जो उल्टी–सीधी अफवाह भड़ल पशु पैठ के बारे में फैलाई जा रही है वह पूरी तरह से बेबुनियाद है।उन्होंने कहा है कि भड़ल पशु पैंठ में सिर्फ दूध की गोवंश ही अलाव है बाकी इस के अलावा किसी भी जानवर की परमिशन नही है,उन्होंने कहा है कि पशु पैंठ में 20 लड़के सिर्फ इसी नाम पर छोड़ो जाते है जोकि अवैध कटान वाले जानवरो पर कड़ी नजर रखी जाती है और बार बार माइक में भी अनाउंसमेंट किया जाता है कि कोई भी व्यापारी पैंठ के अंदर अवैध कटान या बिना दूध वाली गाय पशु पेट के अंदर ना लाएं।

भड़ल पशु पैंठ ठेकेदार मसूद कुरैशी ने कहा है कि हमारे पशु पैंठ में दूधवाली गोवंश ही आती है और उसी की खरीद–फरोख्त होती है तथा जिस को खरीदने के लिए हरियाणा,राजस्थान, उत्तराखंड, महाराष्ट्र गुजरात व अन्य राज्यों से व्यापारी दूध की गाय लेने के लिए आते हैं।

मसूद कुरैशी ने कहा है कि पिछले पशु पेठ बाजार में कुछ लोगों ने हमारी पैंठ को बदनाम करने के लिए काफी साजिशें रची जा रही है, तथा हमने खुद दोघट पुलिस को सूचना दी कि 1 गोवंश से भरा कैंटर जो बाय वाले की तरफ से आया था जिसको ड्राइवर हमारी पशु पेट के पास छोड़ कर भाग गया है जोकि गो वंश से भरा हुआ था, भड़ल पशु पेट ठेकेदार ने कहा है कि मैं भी प्रशासन से उम्मीद करता हूं कि इस मामले की सही जांच कर कार्रवाई अमल में लाए।

इतना ही नहीं उन्होंने कहा है कि कुछ लोगों ने तो यहां तक अफवाह फैलाई की भड़ल पशु पैठ बाजार अब नहीं लगेगा जबकि कावड़ यात्रा की वजह से हमारे यहां दो बाजार नहीं लगे कावड़ के बाद पिछली परंपरा की तरह बाजार लगना शुरू हो गया है जो कि एक बहुत पुराना बाजार है और आगे भी इसी तरह लगता रहेगा।उन्होंने कहा है की बागपत जिला पंचायत के अधिकारियों की तरफ से सख्त निर्देश दिया हुआ है की पशु पैंठ में अवैध गो वंश पर पूरी तरह से प्रतिबंध है तथा अगर कोई ऐसा करता हुआ मिला तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर से 16 बोरी यूरिया खाद व 01 अदद पुरानी साइकिल, व गिरफ्तार 01 नफर अभियुक्तअन्तर्गत धारा 11 कस्टम अधिनियम में गिरफ्तार कर कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया

आर के शर्मा दैनिक अयोध्या टाइम सिद्धार्थनगर। श्री अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री सुरेश चन्द्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में श्री प्रदीप कुमार यादव क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व श्री देवनन्दन उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक लोटन के नेतृत्व में कल दिनांक 10.08.2022 को उ0नि0 श्री रविन्द्र यादव व अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा कार्यवाही के क्रम मे , तस्करी होने से रोकने के लिए धारा 11 कस्टम अधिनियम की कार्यवाही के अन्तर्गत 16 बोरी यूरिया खाद व 01 अदद पुरानी साइकिल, समय करीब 18.20 बजे गिरफ्तार कर आज दिनांक 11.08.2022 को कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

1. अतहर अली पुत्र वाजिद अली सा. बरवास भरमी थाना को.लोटन जनपद सिद्धार्थनगर

बरामदगी का विवरण

16 बोरी यूरिया खाद व 01 अदद पुरानी साइकिल,

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण

1. उ0नि0 श्री रविन्द्र कुमार थाना को.लोटन जनपद सिद्धार्थनगर
2. का. अरूण कुमार पाण्डेय थाना को.लोटन जनपद सिद्धार्थनगर
3. का. हेमन्त कुमार को.लोटन जनपद सिद्धार्थनगर



## प्राथमिक विद्यालय मस्जिदिया के प्रधानाध्यापक मोहम्मद फिरोज ने बच्चों के साथ गांव में तिरंगा रैली निकाली

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला (बलरामपुर)

आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर तिरंगा कार्यक्रम में ग्राम वासियों की शत–प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास खंड गैड़ास बुजुर्ग के प्राथमिक विद्यालय मस्जिदिया के प्रधानाध्यापक मोहम्मद फिरोज ने बच्चों के साथ गांव में तिरंगा रैली निकाली।




जागरूकता रैली में छात्र–छात्राओं ने यौमे आजादी अमर रहे, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर रहें, एवं भारत माता की जय के गगनभेदी नारे लगाए। स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए गैड़ास बुजुर्ग ब्लॉक पूरी तरह से तैयार है। रैली पर विभिन्न स्थानों पर लोगों ने फूल पंखुड़ियों की बरसात की। रैली स्कूल से निकलकर पूरे गांव में भ्रमण किया।

प्रधानाध्यापक मोहम्मद फिरोज ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की प्रेरणा से आयोजित हो रहे आजादी के अमृत महोत्सव का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत हो। स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर हो तथा हम अपने राष्ट्र ध्वज जो हमारी अस्मिता, आन, बान व शान का प्रतीक है, का सम्मान कर गौरान्वित हो सकें। उन्होने कहा कि आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमर सेनानियों को कैसे भूल सकते हैं। जिनकी कुर्बानियों की वजह से हमें आजाद मुल्क और संविधान प्राप्त हुआ है, जो हमारे मौलिक अधिकारों को रेखांकित करता है।

जागरूकता रैली में सहायक अध्यापक सुशील कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, शिव नरायन समेत विद्यालय के बच्चे एवं अनेक अभिभावक मौजूद रहे।

## 12 मोहर्रम को सराय भरतपुर गेट से सादगी के साथ निकला सोयम प्याला का जुलूस

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मोहर्रम कार्यक्रमों का किया गया समापन

पुलिस प्रशासन व नगर निगम द्वारा किया गया सराहनीय कार्य : मौ० यूनुस गाजी

मथुरा। मोहर्रम कमेटी शहर व सदर के तत्वाधान में हजरत इमाम हसन व हजरत इमाम हुसैन की याद में सोयम प्याला (तीजा) व अखाड़े का जुलूस सराय भरतपुर गेट निकाला गया।



इसी क्रम में मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मौ० यूनुस गाजी व सचिव अबरार खान वारसी ने बताया कि आज 12 मोहर्रम को सराय भरतपुर गेट से फारुकी समाज द्वारा सोयम प्याला तीजा व अखाड़े का जुलूस शाम 07 बजे निकाला गया इसी के साथ मोहर्रम कार्यक्रमों का समापन किया गया।

इसी क्रम में उन्होंने बताया कि करीब 7रू00 बजे से याशीन फारुकी निवासी सराय भरतपुर गेट थाना कोतवाली मथुरा द्वारा परम्परागत स्थान सराय भरतपुर गेट से प्रारंभ होकर खारी कुआं, घीया मण्डी चौक बाजार होते हुए जामा मस्जिद के सामने पहुंच कर अखाड़ा जमा जिसमें अखाड़े के उस्ताद खलीफाओं ने प्रदर्शन कर अपने अपने करतब दिखाए।

इसके उपरांत जामा मस्जिद से चौंक बाजार, घीया मण्डी, खारी कुआं होते हुए भरतपुर गेट पर पहुंचकर सोयम प्याला जुलूस का समापन किया गया।

इसी दौरान सोयम प्याला व अखाड़े के जुलूस के साथ मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद युनूस गाजी व सचिव अबरार खान वारसी एवं समस्त मोहर्रम पदाधिकारी और पुलिस बल के साथ जुलूस की व्यवस्था बनाते हुए जुलूस के साथ चल रहे थे।



और अलग अलग स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए हजरत इमाम हुसैन की याद में शर्बत की प्याऊ शबील व लंगर प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा।

इसी क्रम में मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस गाजी व सचिव अबरार खान वारसी एवं समस्त मोहर्रम कमेटी पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक यादव जी के दिशा निर्देशन में मथुरा पुलिस प्रशासन द्वारा मोहर्रम के सभी कार्यक्रमों में सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम व सहयोग कर सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और नगर निगम द्वारा भी सफाई व्यवस्था आदि सराहनीय कार्य किया गया। मोहर्रम कमेटी पदाधिकारियों द्वारा पुलिस प्रशासन और नगर निगम का आभार व्यक्त किया।

इसी क्रम में शहर के सभी ताजियेदारों, अलमदारों व अखाड़े के उस्ताद खलीफाओं द्वारा मोहर्रम की तारीखों में शान्ति सद्भावना व प्रेम सौहार्दपूर्ण तरीके से अपने अपने जुलूसों निकालने पर मोहर्रम कमेटी के सभी पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर भूरा शेख, डॉ शबनम कुरैशी, शारिक अली एडवोकेट, राजू फारुकी, यासीन शाह, जहीर अब्बास जैदी, शहजाद बेग, मौ० आरिफ कुरैशी, मोहम्मद चांद, गुड्डू खान, नौशाद खान, हाजी सूफी सईद कुरैशी, कायम भाई, जाहिद कुरैशी, नईम अब्बासी, आबिद कुरैशी, हाजी सलीम वारसी, आरिफ खान, सादान वारसी, अजलान वारसी, मोहर्रम कमेटी मीडिया प्रभारी शाहिद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सरकारी अधिकारियों की तिरंगा मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन

पीलीभीत । आजादी का अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2022 के उपलक्ष्य में दिनांक 14.08.2022 को प्रातः 7:00 बजे सरकारी अधिकारियों की तिरंगा मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायोगा, जो कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी सभागार में एकत्र होकर टनकपुर रोड होते हुए गौहनिया चौराहा से गांधी स्टेडियम में सम्पन्न होगी। उक्त कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए दिनांक 14.08.2022 को प्रातः 7:00 बजे गॉधी सभागार स्थित कलेक्ट्रेट में उचित पोशाक में तिरंगा झण्डे के साथ उपस्थित हो।

## 14.08.2022 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाये जाने हेतु जारी दिशा निर्देश

पीलीभीत। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर दिनांक 14.08.2022 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाये जाने हेतु जारी दिशा निर्देशों के क्रम में जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि विभाजन में विस्थापित हुए परिवारों की पहली एवं दूसरी पीढ़ियों के परिवारजनों को दिनांक 14.08.2022 को जिला प्रशासन द्वारा द्वारा आयोजित किये जाने वाले बाल कार्यक्रमों में प्रतिभाग कराने हेतु उनके नाम, पता, मो0नं0 सहित सूचना जिला विकास कार्यालय पीलीभीत में विकास भवन कक्ष संख्या 13 (अमन राठौर क0सहा0 मो0नं0ध्वाट्सएप नं0 8476096417) पर उपलब्ध करा सकते हैं।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर में जाकर रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

पुरनपूर। आज इनरव्हील क्लब पूरनपुर पल्स द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर में जाकर रंगोली प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इनरव्हील क्लब पूरनपुर पल्स की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने बताया कि



आजादी के 75 में अमृत महोत्सव के उपलक्ष में विद्यालय के बच्चों ने सुंदर–सुंदर रंगोलियां बनाई तथा बहुत ही आकर्षक पोस्टर तैयार किए क्लब के सदस्यों ने सभी बच्चे के कार्यों की सराहना की तथा सभी बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में स्थान दिया पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार 17 अगस्त के दिन प्रदान किए जाएंगे। इस उपलक्ष में क्लब के प्रेजिडेंट पूनम अग्रवाल सेक्रेटरी श्वेता गुप्ता, श्वेता सिंघल , स्कूल के प्रिंसिपल बृजेश शुक्ला, अध्यापिका इंदु गंगवार गुरप्रीत कौर आदि लोग उपस्थित रहे।

## इंडियन रेड क्रश्स सोसाइटी शाखा पूरनपुर पीलीभीत एवं रोटरी क्लब पूरनपुर रायल्स ने संयुक्तरूप से उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर में रैली निकाली

पूरनपुर। आज इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा पूरनपुर पीलीभीत एवं रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स ने संयुक्त रूप से उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर में रैली निकाली।

संस्था के आजीवन सदस्य तथा क्लब के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया आजादी के 75 में अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा



अभियान के अंतर्गत आज उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर में जाकर वहां के प्रधानाचार्य बृजेश शुक्ला एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से स्कूली बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली तथा सभी बच्चों को संदेश दिया 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान में जुड़ कर खूब धूमधाम से आजादी के इस अमृत महोत्सव को मनाए सभी बच्चों को ध्वज भी प्रदान किए गए इस अवसर पर रोटरी के संस्थापक अध्यक्ष और शैलेंद्र भदौरिया अध्यक्ष आकाश खंडेलवाल सचिव शेखर ठाकुर बृजेश शुक्ला इंदु गंगवार समेत समस्त स्टाफ के लोग तथा विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा साईकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

पीलीभीत ।आजादी का अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2022 के उपलक्ष्य में आज मा0 राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिल उ0प्र0 शासन संजय सिंह गंगवार द्वारा गांधी स्टेडियम प्रांगण से साईकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। आयोजित रैली में ड्रमण्ड राजकीय



इण्टर कॉलेज व जीजीआईसी की छात्रध्छात्राओं द्वारा रैली में प्रतिभाग किया गया। उक्त रैली के माध्यम से आम जनमानस को आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। उक्त रैली गांधी स्टेडियम से प्रारम्भ होकर सुनगढ़ी थाना, डिग्री कालेज चौराहा, छतरी चौराहा, रेलवे स्टेशन चौराहा, गौहनिया चौराहा होते हुये गांधी स्टेडियम में समापन हुआ। उक्त रैली में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को 15 अगस्त 2022 को सम्मानित किया जायेगा।

इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला क्रीडा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।




## पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत कस्बा पूरनपुर में पैदल गश्त कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया

पीलीभीत। पुरनपूर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस फोर्स के साथ कस्बा पूरनपुर में पैदल गश्त



कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया व नागरिकों से संवाद स्थापित कर आगामी त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने व शासन द्वारा निर्गत आदेशों व निर्देशों का अनुपालन करने तथा कानून–व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस–प्रशासन की मदद करने की अपील की गयी। नागरिकों से अफवाह एवं भ्रामक खबरों पर ध्यान न देने व अफवाह फैलाने वालों की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने की अपील की गयी साथ ही चेतावनी भी दी गई कि अगर कोई भी व्यक्ति नियमों तथा कानून का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## रक्षाबंधन पर गायत्री परिजन ने बाटे हेलमेट

पुरनपूर। गायत्री परिजन संदीप खण्डेलवाल ने रक्षाबंधन पर्व पर जनहित की भावना से 10 हेलमेट पासवान एवं कोतवाल अशोक पाल ,संदीप खंडेलवाल ने हेलमेट लगाए गुजर रहे थे लोगो को माल्यार्पण कर



सम्मानित किया गया लक्ष्मण प्रसाद, ग्रीस, राजेश मौर्या एवं पुलिस के जवान आदि उपस्थित रहे ।लोगो ने संदीप खण्डेलवाल के सुंदर जीवनरक्षक प्रयास की



वितरण किये यह कार्यक्रम घाटमपुर के त्रिवेणी घाट पर आयोजित हुआ जिसमें बीजेपी विधायक बाबूराम प्रशंसा की और कहा कि उनका जनहित का कार्य प्रभु देख रहे हैं वह भी उन्हें आशीर्वाद देंगे।

## अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा के निर्देश

पीलीभीत । उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जवाहर भवन लखनऊ के अनुपालन में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा के निर्देश दिये गये है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार देश की आजादी की 75वी वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत Pan India Awareness – Outreach Campaign** कार्यक्रम संचालित करते हुये विभिन्न प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश शासन के न्याय विभाग द्वारा निर्गत उपरोक्त निर्देशों के प्रकाश में पराविधिक स्वयं सेवकों, पैनल अधिवक्ताओं, विधि छात्रों लीगल एड क्लीनिक एवं स्वयं सेवी गैर शासकीय संगठनों इत्यादि के माध्यम से आम जनता तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम पहुंचाने तथा जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

कल दिनांक 10.08.2022 को प्रभारी सचिव श्रीमती पूजा गुप्ता के द्वारा दीवानी न्यायालय प्रांगण पीलीभीत से उक्त के सम्बन्ध में विधिक जागरूकता रैली निकाल कर स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर घर तिरंगा का शुभारम्भ किया गया तथा प्रत्येक पी0एल0वी को उक्त कार्यक्रम को घर घर पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया।

## जिलाधिकारी द्वारा हर घर तिरंगा ई-रिक्शा रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

पीलीभीत। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 13 से 15 अगस्त 2022 के उपलक्ष्य में आज कार्यालय कक्ष में तिरंगा वितरित किये गये। उन्होंने सभी से अनुरोध करते हुये कहा कि आप अपने घर व



परिवहन विभाग द्वारा हर घर तिरंगा ई–रिक्शा रैली का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी पुलकित खरे कार्यालय में तिरंगा लगायें। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय में आये फरियादियों की समस्याओं



द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हर घर तिरंगा का स्टीकर ई–रिक्शा पर चस्पा कर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि.ध्रा.) द्वारा भी स्टीकर चस्पा किये गये। उक्त रैली कलेक्ट्रेट से प्रारम्भ होकर, नकटादाना चौराहा, यशवन्तरी चौराहा, गौहनिया चौराहा, छतरी चौराहा, नौगवां चौराहा होते हुय आसाम चौराहा पर सम्पन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा पत्रकार बन्धुओं को कलेक्ट्रेट को सुना गया और उन्हें तिरंगा प्रदान किये गये। इसके उपरान्त अकाल एकेडमी की छात्राओं द्वारा जिलाधिकारी को रक्षाबन्धन के पावन पर्व पर राखी बांधी गई, जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुये सगुन के तौर पर तिरंगा झण्डा भेंट किये गये।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि.ध्रा.) रामसिंह गौतम, एआरटीओ, सीओ सिटी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत परिषदीय स्कूलों में प्रभातफेरी निकाली गई एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई

पीलीभीत पुरनपूर कम्पोजिट विद्यालय अमरैयाकलां में आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत प्रभातफेरी निकाली गई। कार्यक्रम के तहत विद्यालय में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, झंडागीत, रंगोली, चित्रकला, राष्ट्रीय गीत, गोष्ठी आदि प्रतियोगिताएं कराई गई। बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में अवधेश कुमार, कंचन देवी कुशवाहा, उमाशंकर, प्रीती वर्मा, कपिल पाण्डेय, सुनीता देवी, शालिनी, ज्योति, रितु आदि मौजूद रहे। प्राथमिक विद्यालय खाता में हर घर तिरंगा के तहत प्रभातफेरी के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। कार्यक्रम में राधाकृष्ण कुशवाहा, राजेश्वरी, पूनम यादव आदि मौजूद रही। भगवंतापुर के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में अमृत महोत्सव के तहत प्रभातफेरी निकाली गई तथा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



हुई।

इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष सूर्यप्रकाश गंगवार, मुकेश बाबू, वैशाली, शुभम शुक्ला आदि मौजूद रहे। इसके अलावा गांव रघुनाथपुर, सुखदासपुर द्वितीय, डूडा कालोनी नम्बर आठ, लोधीपुर, रुद्रपुर, भवानीगंज आदि स्कूलों में अमृत महोत्सव के तहत प्रभातफेरी एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। कार्यक्रम में सर्वेश कुमार स्वर्णकार, नाजिया खानम, अंजू जैसवार, रामसेवक, गुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## पूरनपुर में समाज का हित करने और सभी क्षेत्रों में योगदान देने में नगरवासी हमेशा आगे रहते है

पूरनपुर। सेवाभाव को बचपन से देखते सीखते नगर के दंत चिकित्सक डॉ मधुर होरा की सुपुत्री रिद्धि होरा ने पढ़ाई के साथ समाज सेवा करने के लिए अपने सहपाठियों के साथ इनर व्हील क्लब ऑफ गोरियन गर्ल्स का गठन किया ।क्लब का गठन ए सी मेंबर डॉ दिव्या लहरी जी के कार्यकाल में इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी की आई पी अध्यक्ष मोनिका होरा द्वारा किया गया।

नव गठित क्लब की चार्टर अध्यक्ष रिद्धि होरा को सम्मान सहित डिस्ट्रिक्ट चेयर मैन रेनू अग्रवाल जी द्वारा कॉलर पिन पहनकर चार्टर दिया गया और सभी बालिकाओं को शुभाशीष दिया गया

क्लब में सचिव काशिका महाजन ,वंशिका अलग ,खुशी कक्कर,मनप्रीत कौर ,अंजली शालिनी ,गौरीसा,मान्या आदि बालिकाएं है।

अपने क्लब की शुरुआत 50 असहाय बच्चो को किताबे और कापी आदि देकर किया ।

कॉलेज में अध्यन करते हुए ये बालिकाएं जरूरतमंदों की हमेशा मदद करती है और अपने जन्मदिन को वृद्ध आश्रम जा कर वहां समान बांट कर मनाती है।

इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी की चार्टर प्रेसिडेंट सलोनी गुप्ता ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष संगीता गुप्ता और मोनिका गुप्ता



वर्तमान अध्यक्ष अंजू मिश्रा जी एवं ग्लोरी क्लब के सभी सदस्य इन बच्चो के कार्य में बढ़चढ़ के सहयोग करेंगे।

## राष्ट्रध्वज का मान रखना व स्वातंत्र्यवीरों के गुण आत्मसात करना ही वास्तविक स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा ।इस वर्ष भारत की स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव है। जाने – अनजाने ऐसे अनेक क्रांतिवीरों के क्रांति के कार्य के कारण अंग्रेजों के जुल्मों से भारत को मुक्ति मिली। भारत की स्वतंत्रता के लिए अनेक क्रांति वीरो ने श्वंदे मातरम् श का जयघोष करके अपने प्राणों की आहुति दी। भारत की स्वतंत्रता के लिए योगदान देने वाले प्रत्येक क्रांति वीरों के प्रति जितनी भी कृतज्ञता व्यक्त की जाए वह कम ही है। आज भारत स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहा हैय परंतु अमृत महोत्सव मनाते समय राष्ट्र की रक्षा का निश्चय करना अपेक्षित है। राष्ट्र की रक्षा करने का निश्चय करके हम स्वतंत्रता दिन मनाएंगे !

हमारे स्वतंत्रता सैनिकों ने 150 वर्षों की अंग्रेजों की दास्यता से हमारे देश को मुक्त किया । इसीलिए स्वतंत्रता दिवस का यह समारोह हमें मनाना संभव हो रहा है ।अंग्रेजों की दास्यता से हमारा देश मुक्त हो गया ।इसके स्मरण के रूप में हम प्रतिवर्ष यह समारोह मनाते हैं।

भारत के स्वतंत्र होने से पूर्व मुगल, पुर्तगीज, अदिलशाह, कुतुबशाह, अंग्रेज आदि अनेक लोगों ने भारत पर राज किया । इन सभी ने भारतवर्ष के स्वार्थी एवं विश्वासघाती राजाओं से हाथ मिलाकर स्वतंत्रता सैनिकों पर अत्याचार कर राज किया। ऐसे मुट्ठी भर अंग्रेजो ने हमारे देश पर 150 वर्ष राज किया। हममें एकता ना होने के कारण अल्प संख्या में आए विदेशियों को हम पर राज करना संभव हुआ । हम पर कोई पराए राज कर रहे हैंय वे अत्याचारी हैं, यह बात ध्यान में आने पर भी, केवल हममें राष्ट्र प्रेम न होने से, एकता न होने से इन विदेशी लोगों को हम पर राज्य करना संभव हुआ ।

भारत के लोगों को स्वराज्य के प्रति आदर नहीं है । राष्ट्रप्रेम, स्वराज्य के प्रति आदर, एकता जैसे गुणों के अभाव के कारण अथवा उचित समय पर विद्यमान गुणों का उपयोग किये न जाने के कारण हमें परतंत्रता में रहना पडा ।भारत का इतिहास देखा जाए, तो वह अत्यंत उज्ज्वल है । उससे हम बहुत कुछ सीखा सकते हैं । इसके लिए छत्रपति शिवाजी महाराज का उदाहरण सर्वोत्तम है । अत्यंत अल्प आयु में उन्होंने कुछ गिने–चुने मावलों को (स्वतंत्रता सैनिकों को) लेकर स्वराज्य की स्थापना की प्रतिज्ञा रोहिडेश्वर के मंदिर में ली । तत्पश्चात एक–एक मावला तैयार किया एवं उनसे मां भवानी देवी की उपासना करवाई ।समर्थ रामदास स्वामी के मार्गदर्शन के अनुसार उन्होंने हिंदवी राज्य स्थापित किया । 'यह राज्य ईश्वर का है', यह विचार मन में रखते हुए उन्होंने राज्य स्थापित किया ।

दूसरा उदाहरण लोकमान्य तिलक का है ।भारत माता के परतंत्रता में रहते हुए 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं उसे प्राप्त करके ही रहूंगा', ऐसी गर्जना करते हुए उन्होंने भारतीय जनता को जागृत




किया ।स्वातंत्र्यवीर सावरकर, वल्लभभाई पटेल तथा अन्य क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानियों के कारण भारत स्वतंत्र हुआ ।

वर्तमान में हम स्वतंत्र भारत में रहते हैं । आज हमें क्या चित्र दिखाई देता है ? वर्तमान में सर्व ओर आतंकवाद फैला है । भारत के कश्मीर, पंजाब, गुजरात, सिक्किम जैसे राज्यों पर सीमा के निकट के देशों द्वारा आक्रमण किए जा रहे हैं ।हर रोज आतंकवादी बड़े पैमाने में देश में घुसपैठ कर आतंक फैला रहे हैं। आतंकवादियों द्वारा दी जा रही धमकियों के कारण 15 अगस्त, 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय त्योहार भी हमें कडी पुलिस सुरक्षा में मनाने पड रहे हैं । बताइए, क्या हमारा देश वास्तविक अर्थ से स्वतंत्र है ? क्या हमें सुरक्षा मिल रही है ? ऐसे प्रश्न निर्माण होते हैं। इसीलिए हमें राष्ट्राभिमान एवं धर्माभिमान संजोना आवश्यक है ।

राष्ट्र अभिमान बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रयत्न

राष्ट्रध्वज का मान रखना चाहिए – 15 अगस्त और 26 जनवरी इन राष्ट्रीय त्यौहार के दिन छोटे आकार के कागज के ध्वजों की बिक्री बडी मात्रा में की जाती है ।छोटे बच्चों के साथ अनेक व्यक्ति राष्ट्रभक्ति तथा उत्साह के कारण ये ध्वज खरीदते हैं । परन्तु कुछ दिनों के पश्चात यही ध्वज फाडकर, रास्ते पर, कूडेदान में अथवा अन्यत्र फेंके जाते हैं ।यह सब करते समय हम राष्ट्रध्वज का अर्थात राष्ट्र का ही अपमान करते हैं। ऐसी अयोग्य कृति ना हो इसके लिए प्रमुखता से प्रयत्न करना आवश्यक है। हम सभी को अपने ध्वज का मान रखना चाहिए । यदि अन्यों के द्वारा भी ध्वज का अपमान हो रहा हो तो उस विषय में उन्हें बता कर अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाना चाहिए। 15 अगस्त के पश्चात इधर उधर पड़े हुए ध्वज को हम स्वयं उठा कर रखें और समाज में भी इस प्रकार की कृति करने के लिए प्रबोधन करें।

राष्ट्रीय त्यौहारों के दिन स्वातंर्त्यवीरों द्वारा राष्ट्र के लिए किए प्रयत्नों का स्मरण करते हुए उसी प्रकार की कृति करने का प्रयत्न करना – 15 अगस्त को सवेरे ध्वज वंदन करने के लिए हम विद्यालय में एकत्र होंगे ।इस दिन ध्वज वंदन के उपरांत विद्यालय में छुट्टी होने के कारण अनेक बच्चे विद्यालय में न जाकर घर में देर तक सोना, दूरदर्शन पर कार्यक्रम देखते रहना, घूमने के लिए जाना इत्यादि करते हैं । इसकी अपेक्षा स्वतंत्रता के लिए लडे स्वातंर्त्यवीरों का और क्रांतिकारियों का स्मरण करते हुए, उनके जिन गुणों के कारण उन्होंने स्वतंत्रता की लडाई लडी, उन गुणों को अपने अंदर लाकर उसके उस अनुसार आचरण करने का प्रयत्न करेंगे । इससे राष्ट्र – अभिमान बढ़ने में सहायता होगी।

मन को दृढ चित्त करने के लिए नामस्मरण करना आवश्यक है – लोकमान्य तिलक, स्वातंर्त्यवीर सावरकर जैसे देशभक्तों ने अपने शरीर के साथ अपने मन को दृढ चित्त करने के लिए भी प्रयत्न किए ।हमारा मन यदि दृढ चित्त होगा, तो हम किसी भी प्रसंग का धैर्य से सामना कर सकते हैं ।मन को दृढ चित्त करने के लिए स्वयं में आत्मविश्वास उत्पन्न होना आवश्यक है ।इसके लिए हमें अपने प्रिय देवता का स्मरण सतत करना आवश्यक है । पूरे दिन में कम से कम कुछ ही समय के लिए तो हमें देवता का नामस्मरण करना चाहिए ।आते–जाते हुए, भोजन करते हुए, टी.वी. देखते हुए, जिस समय हम आवश्यक कार्य नही कर रहे हो तो मन ही मन नाम जप कर सकते है । देवता का आशीर्वाद होगा, तो कोई भी कार्य कठिन नहीं होता । इसलिए प्रत्येक कार्य करते समय देवता का स्मरण करना, प्रत्येक कार्य उन्हें बताते हुए करना आवश्यक है ।


शरीर सुदृढ रहने के लिए नियमित व्यायाम करना आवश्यक – वर्तमान में मन की दृढचित्तता के साथ अपना शरीर भी सुदृढ करना भी आवश्यक है ।इसके लिए प्रतिदिन व्यायाम करना आवश्यक है । प्रत्येक व्यक्ति कोप्रतिदिन सूर्य नमस्कार करना आवश्यक है ।

स्वयं में नैतिक मूल्य अंकित करने का प्रयत्न करना – प्रत्येक कृत्य समय पर करना, प्रामाणिकता से करना, सत्य बोलना, बडों का आदर करना, उन्हें पलटकर उत्तर न देना इत्यादि कृत्य अर्थात नैतिक मूल्य स्वयं में अंकित करना आवश्यक है ।हम ऐसा ही कर रहे हैं न इसकी ओर हमारा ध्यान होना आवश्यक है।

इस वर्ष हर घर तिरंगा इस उपक्रम योजना के अनुसार स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव संपूर्ण देश में मनाया जाने वाला है यह एक आनंददायक वार्ता है। परंतु यह सब करते हुए अपने राष्ट्रीय ध्वज का कहीं अनादर तो नहीं हो रहा है इस ओर भी ध्यान रखना आवश्यक है एवं यदि अनादर हो रहा हो तो जागरूक रहकर उसका विरोध करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। तो चलिए हम सभी अपने राष्ट्रीय प्रतीक का मान रखते हुए स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव का आनंद उठाएं ।श्री सुरेश मुंजाल, हिन्दू जनजागृति समिति।

# संक्षिप्त समाचार

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक विनय विक्रम सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी द्वारा अभियुक्त छोटा भइया उर्फ छोटू पुत्र रामनिरंजन तिवारी निवासी महापाल मोहल्ला थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को एक तमंचा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत निकाली तिरंगा यात्रा

सीतापुर। कस्बा बेहट में एक साथ कई तिरंगा यात्रा निकाली गई।पूरा बेहट तिरंगों से सराबोर नजर आया। हर तरफ तिरंगों के साथ नारे गूंजते रहे। बेहट तहसील के अधिवक्ताओं ने बेहट तहसील से लेकर शाकुम्भरी देवी तिराहा बेहट तक तिरंगा यात्रा निकाली ।यात्रा को एस डी एम व तहसीलदार बेहट ने तिरंगा लहराकर तिरंगा यात्रा की



शुरुआत की।यात्रा में बेहट तहसील के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप पुंडीर व महासचिव मुकेश सैनी व मो0 इरशाद अजीत कुमार श्यामसिंह कम्बोज संजय चौहान अशरफ अली सुभान अली मुस्तफा रियाज मलिक नोमान अली गुरदास सिंह अन्य अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक मौजूद थे। इसी कड़ी में थाना कोतवाली बेहट के प्रभारी ने भी अपने समस्त स्टाफ के साथ निकाली तिरंगा यात्रा कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार पांडे ने आज बेहट में थाना परिसर से लेकर बेहट के मुख्य चौराहों से होते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमे थाना बेहट का समस्त स्टाफ शामिल हुआ। हर तरफ खुशी का माहौल और लोगो मे उत्साह नजर आया। इसी कड़ी में एक ओर यात्रा आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने मिलकर निकली।

## बेहट प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 ने निकाली तिरंगा यात्रा

रिपोर्ट–अनीक अहमद तहसील बेहट संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स



सहारनपुर। प्राथमिक विद्यालय बेहट नंबर–1, साढौली कदीम सहारनपुर के बच्चों तथा शिक्षकों द्वारा आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा विद्यालय से प्रारंभ होकर गांधी चौक से गुजरते हुए बेहट के विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरी। हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारे लगाते हुए बच्चे सभी को स्वतंत्रता दिवस पर घर–घर तिरंगा लगाने का संदेश दे रहे थे। रास्ते में जगह जगह रुककर शिक्षिकाओं तथा बच्चों के द्वारा लोगों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों में तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया गया। लोगों द्वारा पूरे जोश के साथ तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया तथा तिरंगे के साथ फोटो भी खिंचवाए गये। सभी लोगों ने कहा कि वे स्वतंत्रता दिवस पर अपने घर तिरंगा जरूर लहराएंगे। प्रधानाध्यापक सुधांशु पांडेय द्वारा झंडा लहरा रैली को रवाना किया गया। शिक्षिका रीता गुप्ता, इति गुप्ता, वैशाली सहगल, विद्यालय के बच्चों तथा कस्बा बेहट के निवासियों द्वारा तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में सहयोग दिया गया।

## सरकार द्वारा प्रदत्त मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्राम पंचायत धोए : ग्राम प्रधान संगीता पाल

अमेठी से संवाददाता रवि भूषण मिश्रा

अमेठी। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत धोए विकासखंड संग्रामपुर परगना, तहसील अमेठी, जनपद अमेठी के भुवनेश्वर पाल, चंद्रगुप्त मौर्य, अखंड यादव, अखिल यादव, श्रीमती कमला देवी, ममता देवी,प्रधान प्रतिनिधि



रामविलास यादव समेत दर्जनों ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधान संगीता पाल ने मीडिया टीम के मुखातिब होने पर बताया कि हमारे यहां इतनी आबादी होते हुऐ भी अंत्येष्टि स्थल, खेल मैदान, बारात घर, ए एन ऍम सेंटर एवं पेयजल व्यवस्था हेतु जल निगम द्वारा पानी की टंकी बनाए जाने की मांग शासन प्रशासन से किया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामविलास यादव ने बताया कि हमारे यहां विकास कार्य के संबंध में संपर्क मार्ग – दानपाल की मशीन से करनाई पुर बॉर्डर तक जो कि जन्म जन्मांतर से नहीं बनी थी जिसको बनवाए जाने का काम किया है कुल 170 मीटर। कृष्णा पति के घर से रामू चौहान के खेत तक 100 मीटर, पक्की सड़क से शिव बहादुर नेता के घर तक 200 मीटर,कुल लगभग 700 मीटर इंटरलॉकिंग लगवाने का कार्य करवाया गया है। पिछले पंचवर्षीय योजना में 25 पात्र लोहिया आवास व्यक्तियों को दिलवाया गया है। साकर माना पट्टी में कुल 350 मीटर पक्की नाली का निर्माण कार्य करवाया गया है। जिससे कि गांव में जलभराव ना हो और जल निकासी कायम रहे।

जल संचयन हेतु अंबरपुर पूर्वे में धोताली तालाब गाटा संख्या 130 का अमृत सरोवर के रूप में निर्माण कर विकसित करवाया जाएगा। आरसीसी रोड पक्की सड़क से मस्जिद होते हुए अफजल के घर के पीछे तक बनवाया गया है । पंचायत में हुए नियुक्ति के संबंध में ग्राम प्रधान संगीता पाल ने बताया कि हमारे यहां रोजगार सेवक चंद्रभान मौर्य की नियुक्ति है। सामुदायिक शौचालय पूर्णतया चालू है जिसमें कुछ महज दिनों से केयरटेकर स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा ममता की नियुक्ति हुई है। पंचायत सहायक अखंड प्रताप यादव नियुक्त हैं। पंचायत सहायक अखंड प्रताप यादव ने बताया कि पंचायत भवन के सारे आवश्यक उपकरण उपलब्ध हो गए हैं, पंचायत भवन पूर्णतया चालू है। ग्राम प्रधान संगीता पाल ने पंचायत भवन में विद्युत कनेक्शन करवाए जाने की मांग शासन प्रशासन से किया है ।कंपोजिट विद्यालय में कायाकल्प के अंतर्गत धोए में नंद घर एवं बाउंड्री वॉल बनवा कर टाईलीकरण कर विद्यालय के सारे आवश्यक उपकरण सुसज्जित करवाए गए हैं।अम्मर पुर,शाकर माना पट्टी में विद्यालय का टायलिकरण भी करवाया गया है

शेष जैसे ही धन आवंटन होता है प्राथमिक विद्यालय शाकर मॉंना पट्टी धोए में विद्यालय का बाउंड्री वाल स्थान को चिन्हित करवा कर, तत्काल निर्माण कार्य करवाया जाएगा की बात कही और दबंग अतिक्रमणकारियों को कदापि बक्सा नहीं जाएगा।जरूरत पड़ी तो बाबा का बुलडोजर भी मंगवाया जाएगा। एवं पुलिस,शासन प्रशासन से अपील किया है कि संदिग्धों को चिन्हित कर कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही की अपील किया है। एवं मेरे एक पूर्वे में प्राथमिक विद्यालय के अभिभावकों समेत अध्यापक, अध्यापिकाओ एवं नौनिहालों एवं स्कूली बच्चों को आवागमन की बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्राम प्रधान संगीता पाल ने संपर्क मार्ग आवागमन हेतु संबंधित अधिकारियों एवं शासन प्रशासन से बनवाए जाने की मांग की है। एवं आजादी के अमृत महोत्सव घर–घर झंडा तिरंगा कार्यक्रम को बढ़–चढ़कर एवं बड़े जश्न ओं,खामोश के साथ लोगों से मनाने की अपील किया है।

## खाद्य, पेय पदार्थो में मिलावट को लेकर चलाया गया विशेष अभियान

चित्रकूट। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर रक्षाबन्धन पर्व के अवसर पर आम जन मानस को शुद्ध खाद्य पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 8 से 11 अगस्त तक जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त ( खाद्य ) डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि यह अभियान खाद्य सुरक्षा अधिकारी लालजीत यादव के नेत्रत्व में प्रवर्तन अधिकारी सुमित पाण्डेय तथा झनकार सिंह के दल द्वारा चलाया जा रहा है। अभियान दल जनपद में खाद्य पेय पदार्थों में मिलावट का सन्देह होने पर जगह–जगह छापामार कार्यवाहियाँ कर जाँच के लिए नमूनों का संग्रहण कर रहा है। अभियान दल द्वारा जनपद में जगह–जगह छापेमार कार्यवाहियाँ कर आज तक बर्फी के 5 नमूनें, पेड़ा के 2 नमूने, खोया के 2 नमूने, रिफाइण्ड आयल के 1 नमूना, मैदा का 1 नमूना तथा छेना का 1 नमूना संग्रहित किया गया। इस तरह से अभियान दल द्वारा कुल 12 नमूनें संग्रहित कर जॉच एवं विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला प्रेषित किये गये है। जॉच परिणाम प्राप्त होने के बाद सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ताओं के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। अभियान दल लगातार निरीक्षण एवं अन्य वैद्यानिक कार्यवाहियों कर रहा है। अभियान दल द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को हिदायत दी जा रही है कि खाद्य पदार्थों में किसी भी तरह की मिलावट न करें अन्यथा कि दशा में विधिक कार्यवाहियाँ अमल में लायी जायेगी।

## जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/शहीदों के आश्रितों/परिजनों के साथ की बैठक

अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/शहीदों के आश्रितों/परिजनों की समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण करें संबंधित अधिकारी : डीएम

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/शहीदों के आश्रितों/परिजनों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओंध्सुझावों को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों ने प्रमाण पत्र बनवाने, पेंशन, सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिस पर डीएम ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, इसके साथ ही शहीदों के परिजनों ने जिला मुख्यालय पर शहीद पार्क बनवाने की मांग की जिस पर डीएम ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही इसका प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। बैठक में डीएम ने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त तक मनाए जा रहे स्वतंत्रता सप्ताह तथा 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम की जानकारी दी तथा 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने की अपील किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/शहीदों के आश्रितों/परिजनों को राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगे) का वितरण किया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सचिन यादव सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/शहीदों के आश्रित व परिजन उपस्थित रहे।

## जनता तक पहुंचाएं विवाह प्रोत्साहन योजना : डीएम

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय एकता एवं समाज में सद्भावना का वातावरण बनाए रखने के लिए अंतर्जातीय, अन्तधार्मिक विवाह काफी सहायक सिद्ध हो सकते हैं। इससे भिन्न–भिन्न परिवारों में एकता की भावना दृढ़ होगी और जाति पांति का भेदभाव मिटेगा। राष्ट्रीय एकता की दिशा में इस प्रकार के विवाहों को सकरी प्रोत्साहन देने के लिए शासन में अंतरजातीय अंतधार्मिक विवाह प्रोत्साहन योजना बनाई गई है। अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़ों में एक पक्ष अनुसूचित जाति का होगा और अंतरधार्मिक विवाह में धार्म परिवर्तन नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक दंपति को 50 हजार रुपए की पुरस्कार की धनराशि प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। चालू वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्रदेश सरकार द्वारा 120 जोड़ों को पुरस्कार प्रदान किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि इस विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए दी गई व्यवस्था प्रावधानों के अनुसार व्यापक प्रचार–प्रसार कराएं तथा इस संबंध में जिला स्तर पर प्राप्त प्रस्तावों का सम्यक परीक्षण कराते हुए सुसंगत प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर शासन को उपलब्ध कराया जाना भी सुनिश्चित करें। जिससे सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

## व्यापारियों ने रामघाट में निकाली नौका तिरंगा यात्रा

चित्रकूट। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान में गुरूवार को चित्रकूट रामघाट में नौका तिरंगा यात्रा भाजपा युवा नेता व व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता के नेतृत्व में निकाली गई। चित्रकूट रामघाट मां मंदाकिनी पर नौका तिरंगा संदेश यात्रा नाव में सवार होकर व्यापारियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्री राम के नारों के साथ सैकड़ों व्यापारियों, युवाओं ने नौका तिरंगा यात्रा निकाली। जिस पर हर घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया गया। जन जागरूकता कार्यक्रम हुआ। निशुल्क तिरंगे वितरण किए गए और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान की सभी ने सराहना की उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दिया। समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि यह भारत के लिए सबसे ऐतिहासिक क्षण है जो 75वें अमृत महोत्सव के रूप में हम सब भारतवासी मना रहें हैं और बहुत ही उत्साहित हो रहे हैं। पूरे भारत में युवाओं के अंदर खासकर से बहुत ही बड़ा उत्साह है जो ऐतिहासिक है और यह हर–घर तिरंगा अभियान भारत के इतिहास के पन्नों में होगा व गिनीज बुक में दर्ज होगा क्योंकि ऐसा समय कभी नहीं आया।

आजादी के बाद से अब 24 घंटे तिरंगा लगाने की हर नागरिक को जो छूट दी है वह बहुत ही साहसिक और ऐतिहासिक है। इस मौके पर व्यापारी नेता रामप्रकाश केषरवानी, शेशू जायसवाल, विनोद केषरवानी, विनोद आर्य, विष्णु केषरवानी, माणिकलाल, सभासद ज्ञान केषरवानी, आशीष गुप्ता, आराधना सोनी, नवल अग्रवाल, शिव कुमार गुप्ता, अभिषेक केषरवानी, रवि अग्रहरि, सुशील पांडेय, अनिल कुमार, राजा राम विश्वकर्मा, अंकुश निषाद आदि मौजूद रहे।

## युवा पीढी को समझना चाहिए आजादी का महत्व : अरविन्द

चित्रकूट।अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कान) की जिला इकाई ने गुरुवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जनसेवा इंटर कालेज में जागरूकता कार्यक्रम किया। इसमें विद्यार्थियों से देशभक्ति से ओतप्रोत विचारों को साझा किया गया।

इस्कान के जिलाध्यक्ष अनंत बलदेव अरविंद ने विद्यार्थियों को वास्तविक आजादी के संबंध में व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि सभी को देश की भलाई और विकास के लिए तत्पर रहना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने भी छात्र–छात्राओं को पढ़ लिखकर देश के लिए योगदान करने को



प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि देश की प्रगति में युवाओं का बड़ा योगदान है। कार्यक्रम की शुरुआत डा. विभांशु गुप्ता ने की। इस मौके पर हिमांशु दास, प्रधानाचार्य सीताराम सिंह, ओमदत्त सिंह, दिनेश सिंह, मनोज पांडेय, शिवशंकर सिंह, सुनैना पांडेय, आकांक्षा शुक्ला और छात्र–छात्राएं मौजूद रहीं।

## बेहट पर गतिमान निपुण भारत प्रशिक्षण के प्रशिक्षु शिक्षको द्वारा हर घर तिरंगा रैली का आयोजन

रिपोर्ट–अनीक अहमद तहसील बेहट संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स। बीआरसी बेहट पर गतिमान निपुण भारत प्रशिक्षण के प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी निशा रानी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। सभी शिक्षकों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर बेहट के मुख्य बाजारों में कस्बे वासियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने हेतु नारे लगाकर प्रेरित किया गया। सभी शिक्षकों में देशभक्ति का जोश व उत्साह अभूतपूर्व था। इस रैली में एआरपी मंजू लता शर्मा, सफल दीप, अंजू सैनी, मनीषी गोयल, जनेश्वर प्रसाद, समस्त बीआरसीसी स्टाफ अध्यापक गण शामिल रहे।



## डीएम ने की श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुबन मिशन की समीक्षा

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रूबन मिशन अंतर्गत निर्माण कार्यों एवं एयरपोर्ट में एप्रोच रोड निर्माण के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूबन मिशन के अंतर्गत कसहाई कलस्टर एवं मऊ मुस्तकिल कलस्टर के कार्यों में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, ऑडिटोरियम मल्टीपरपज कांप्लेक्स, आजीविका प्रशिक्षण केंद्र, बारातघर निर्माण, सीसी रोड एवं नाली निर्माण, पर्यटन सुविधा केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में जननी सुरक्षा वार्ड एप्रोच रोड नाली निर्माण अस्पताल परिसर में इंटरलॉकिंग, मऊ मंडौर में इंटरलॉकिंग ईंट की निर्माण के लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप के लिए मिनी उद्योग की स्थापना, पुष्टाहार उत्पादन केंद्र आदि विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की।


जिलाधिकारी ने राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों से कहा कि जो आप लोगों द्वारा कार्य कराए जा रहे हैं, उसमें मजदूरों की संख्या बढ़ाकर कार्यो को तेजी से पूर्ण कराएं। प्रत्येक दशा में 31 दिसंबर तक कार्य पूर्ण मिलना चाहिए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ सिंह से कहा कि आप जो कार्य करा रहे हैं, उसमें प्रगति कराएं। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी कार्य चल रहे हैं उन्हें शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए नहीं तो मैं आप लोगों के खिलाफ



सख्त कार्यवाही की जायएगी। उन्होंने एयरपोर्ट में एप्रोच रोड के निर्माण के संबंध में राइट संस्था के अधिकारियों से कहा कि इस मार्ग के अंदर जहां तक पेड़ वन निगम द्वारा कटा दिया गया है वहां पर सड़क का कार्य तत्काल शुरू कराएं, कोई समस्या हो तो अवगत कराएं ताकि उसका निस्तारण कराया जा सके।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऋषि मुनि उपाध्याय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, सहायक अभियंता सीडी–1 एसके गौतम आदि मौजूद रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डीएम, एसपी व सीडीओ ने मीडिया बंधुओं से की वार्ता



अमेठी ब्यूरो विजय कुमार सिंह

- हर घर तिरंगा कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने की किया अपील
- 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम होगा आयोजित
- 11 से 15 अगस्त तक आयोजित होंगे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

अमेठी। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाए जाने तथा कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किए जाने को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक इलामारन जी व मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर ने आज संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के मीडिया बंधुओं के साथ वार्ता कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी एवं व्यापक प्रचार–प्रसार करने की अपील किया जिससे हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। इस दौरान मीडिया बंधुओं को राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगे झंडे) का वितरण किया गया। आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जनपद स्तरीय समिति का गठन किया गया है जनपद में 419000 झंडे फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके सापेक्ष 451650 झंडों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है जिसमें 378007 झंडे ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 40993 झंडे नगरीय क्षेत्रों में फहराए जाएंगे इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त 682 पंचायत भवनों, 134 अमृत सरवरों, 85 गो आश्रय स्थलों, 2572 प्राथमिकध्उच्च प्राथमिक विद्यालयों, 1943 आंगनवाड़ी केंद्रों, 213 एएनएम सेंटर, 315 उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थानों, 374 चिकित्सा संस्थानों, 96 सहकारी समितियों, 95 पेट्रोल पंप, 32 एलपीजी गैस एजेंसी तथा 1934 अन्य संस्थानों एवं उद्योगों में खादी वस्त्रों से निर्मित झंडे फहराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि झंडों की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के लिए जनपद स्तर पर एक लाख झंडे स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए हैं इसके अतिरिक्त 225000 झंडे एमएसएमई राज्य स्तर से उपलब्ध कराए गए हैं, 1650 झंडे खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा तथा 125000 झंडे जिला उद्योग केंद्र द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं, इसके साथ ही उन्होंने बताया कि झंडा वितरण हेतु सरकारी राशन की दुकानों पर उपलब्ध कराया गया है जहां पर ग्रामीणों को 25 प्रति झंडे की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही कार्यक्रम की जन जागरूकता हेतु सभी ग्राम पंचायतों में खुली बैठकों का आयोजन किया गया है विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं अन्य संस्थानों में बैठकेंध्गोष्ठियां आयोजित कर कार्यक्रम को लेकर जागरूकता फैलाई गई है, सूचना विभाग द्वारा होर्डिंगध्एलईडी वैन के माध्यम से भी कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जा रहा है साथ ही सभी सोशल मीडिया साइटों के माध्यम से भी प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही 11 व 12 अगस्त को मनीषी महिला महाविद्यालय, 13 अगस्त को जवाहर नवोदय विद्यालय तथा 14 व 15 अगस्त को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तथा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अंतर्गत तिरंगा मौन जुलूस कलेक्ट्रेट परिसर से नगर पालिका परिषद गौरीगंज स्थित शहीद स्मारक तक निकाला जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह तथा 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस दौरान हर घर तिरंगा फहरे इसके लिए जिला, तहसील, ब्लाक व ग्राम पंचायत स्तर तक नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी शहीद स्मारकों पर पुलिसध्पीएसी बैंड द्वारा सांयकाल राष्ट्रभक्ति गीतों का वादन किया जाएगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सचिन यादव सहित मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

## चोरी की घटना का खुलाशा, 8 शातिर चोर गिरफ्तार

चित्रकूट। चोरी के जेवरात अनुमानित कीमत 20 लाख रूपये, 3 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, 8000 रूपये, अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी के साथ आठ चोर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अपराधियों के धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार राय व क्षेत्राधिकारी मऊ सुबोध गौतम के पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ राजीव कुमार सिंह की संयुक्त टीम द्वारा बीती 16 मई की रात्रि में कस्बा मऊ में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये 8 शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किये गये पौने 26 किलोग्राम सफेद धातु के जेवरात, 91 ग्राम पीली धातु के जेवरात, 3 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 1 मोटरसाइ किल, 8000 रूपये व 1 अवैध तमंचा व 2 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 16 मई को उमेश कुमार सोनी पुत्र सत्यदेव सोनी निवासी मण्डोर रोड कस्बा व थाना मऊ जनपद चित्रकूट द्वारा सूचना दी गयी कि बीती 16 मई की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर में घुसकर सोने चांदी के जेवरात व तीन मोबाइल फोन चोरी कर लिये जाने की सूचना दी गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना मऊ में अज्ञात मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ एवं प्रभारी एसओजी, सर्विलांस को घटना के शीघ्र अनावरण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ एवं प्रभारी एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम घटना के अनावरण के लिए लगातार प्रयासरत थी। जिसमें बीती बुधवार को प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ एवं प्रभारी एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम नीबीं निवासी चन्दन विश्वकर्मा पुत्र हीरालाल विश्वकर्मा के यहां एकत्र हुए संदिग्ध 8 लोगों को रात्रि नौ बजे गिरफ्तार किया गया तथा एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। पकड़े गये अभियुक्तों में दीपक यादव, इष्टदेव पाण्डेय उर्फ पनसुख्खी पाण्डेय, प्रधुम्म गौतम, सुनील द्विवेदी ने अपने पास से बरामद सफेद व पीली धातु के जेवरात के बारे में बताया कि यह सब चोरी का माल है। हम चारों ने मोहम्मद कैफ पुत्र इसरार अहमद उर्फ गुड्डू निवासी टिकरा टोला कस्बा व थाना मऊ जनपद चित्रकूट



के साथ मिलकर आज से करीब ढाई–तीन माह पहले मण्डौर रोड कस्बा मऊ निवासी उमेश सोनी के घर से चुराया था। हम लोगों ने आज रामकृष्ण गर्ग, आदर्श त्रिपाठी, अनिल साहू को माल बेचने को बुलाया था, रेट के बारे में हमारी बातचीत चल ही रही थी कि आप लोगों ने हम आठों व्यक्तियों को पकड़ लिया है। हम लोगों ने चोरी का शेष माल चंदन विश्वकर्मा पुत्र हीरालाल निवासी नीबीं की पाही में छुपाकर रखा है। जिसे अभियुक्त चंदन विश्वकर्मा की निशांदेही पर उसकी पाही से भूसे में रखे एक झोले से (पीली–सफेद धातु के जेवरात एवं 3 मोबाइल फोन) बरामद किया गया। मौके से चोरी की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेण्डर बरामद की गयी। पकड़े गये अभियुक्त रामकृष्ण, आदर्श त्रिपाठी व अनिल साहू ने पूछताछ में बताया कि हम लोग आदर्श त्रिपाठी पुत्र दिनेशचन्द्र त्रिपाठी निवासी बुहापुरी कस्बा व थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी की कस्बा सरायअकिल जनपद कौशाम्बी में स्थित आभूषण की दुकान पर चोरी के आभूषण खरीदने व बेचने का काम करते हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त प्रधुम्म गौतम के कब्जे से एक अवैध तमंचा व दो कारतूस बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना मऊ में आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी में दोनों टीमों में उप निरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा, मुख्य आरक्षी रहीश खां, आरक्षी जितेन्द्र कुशवाहा, रोहित सिंह, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, राहुल यादव, शरद कुमार सिंह, आशीष कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, आरक्षी राजू खरवार, होलिकेन्द्र, शक्ति सिंह, रवीन्द्र कुमार, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## आदिवासी महिलाओं के बीच माधव सेवा संस्थान ने धूमधाम से मनाया रक्षा बंधन उत्सव

- हिन्दू धर्म की पवित्रता कि डोर है राखी : माधव सेवा संस्थान

चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के ग्राम पंचायत खिचड़ी के उमरी मौजे में आदिवासी महिलाओं के साथ रक्षा बंधन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खिचरी ग्राम प्रधान उर्मिला ने कमलनयन को राखी बांधकर की। संस्था के सचिव कमलनयन ने कहा कि रक्षा बंधन का त्यौहार भाई बहन के पवित्र प्रेम की डोर है, रक्षा बंधन विश्वास और सुरक्षा का दूसरा नाम है। इस चित्रकूट में वनवासी बहनों ने भगवान राम को स्नेह, सम्मान दिया। आज सैकड़ों महिलाओं से वही स्नेह पाकर मै खुद को गौरांवित महसूस कर रहा हूं। माधव सेवा संस्थान हर बहन की सुरक्षा को लेकर संकल्पित है। जिसके लिए कई प्रकार के महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य आदि कार्यक्रम के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है। साथ ही कहा कि जिन बहनों का भाई नहीं है उन बहनों के साथ और सहयोग के लिए माधव सेवा संस्थान सदैव तत्पर रहेगा।

मानिकपुर थाना प्रभारी गिरेंद्र सिंह ने कहा कि लग रहा था थाने में राखी बांधने कौन आएगा, उनकी खुद की बहने उनसे बहुत दूर रहती है, पुलिस की जिम्मेदारी के चलते मै जा नहीं सका, लेकिन माधव सेवा सस्थन ने तो एक दिन में सैकड़ों महिलाओं से राखी बंधवाकर इतनी सारी बहने दे दी। माधव सेवा संस्थान लगातार समाज में समरसता, सद्भावना का काम कर रही हैं। महिला प्रधान उर्मिला ने राखी बांधी जिससे इस गांव की सुरक्षा की विशेष जिम्मेदारी मेरी है। 1090, 112, 181 आदि आपातकालीन सेवा के बारे में भी जानकारी दी। महिला प्रधान उर्मिला ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि देश की सेवा में समर्पित रहने वाले भाई मिले है, देश के तरक्की में उनके गांव का भी योगदान रहे।

आशीष कुमार ने कहा कि हमेशा बहन की कमी जीवन में रही परन्तु रक्षा बंधन उत्सव के कारण यह कमी इस वर्ष महसूस नहीं हुई। यह उत्सव कार्यक्रम समाज को जोड़ने का भी काम कर रहा है। हम महिला शसक्तीकरण के लिए भी अभियानों के माध्यम से प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान 200 महिलाओं



ने आए हुए लोगो को राखी बांधा।

राजसिंह ने कहा कि युवाओं के अंदर समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव जग रहा है जिसका सबसे बड़ा उदाहरण माधव सेवा संस्थान है, इस संस्था के माध्यम से समाज में नए नए प्रयोग हो रहे हैं जिसके चलते समाज में दूरगामी परिणाम अच्छे होंगे। इस दौरान संपतलाल, सुभाष, राम बचन, राजू त्रिपाठी, कांस्टेबल यशराज, गोली, किरण, रघुवीर आदि मौजूद रहे।

दैनिक अयोध्या टाइम्स
RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## जनपद भदोही के नगर पंचायत घोसिया में मोहर्रम का त्यौहार संपन्न हुआ

भदोही। जनपद भदोही के नगर पंचायत घोसिया में मोहर्रम का त्यौहार आज तीजा संपन्न किया गया जिसमें हिकमत मोहल्ला के नवाब खलीफा माला पहनाके सम्मानित किया गया सम्मानित करते हुए चेयरमैन अध्यक्ष नुमान अहमद वार्ड नंबर 12 के सभासद मेराज अली क्षेत्राधिकारी राम लखन मिश्रा थाना प्रभारी अजय सेठ घोसिया हल्का श्याम शंकर ओझा दीवान इस्तेखार अहमद सभासद सैयद अली सभासद एहतेशाम उर्फ बाबू देख रेख में मोहर्रम का त्यौहार संपन्न कराया गया हर साल की भांति इस साल भी साल की 12 तारीख को तीजा का त्यौहार मनाया जाता है जिसमें लाठी–डंडे का खेल दिखाया जाता है जिसमें भारी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।



## फतेहाबाद नगर पंचायत कर्मियों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा, एसडीएम रहे मौजूद

संवादाता सभाजीत वर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत फतेहाबाद में नगर पंचायत कर्मियों द्वारा एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भारत माता की जय के नारे के साथ साथ बड़ी संख्या कर्मचारी मौजूद रहे



।एसडीएम फतेहाबाद जेपी पांडे ने तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है, इसी क्रम में जगह–जगह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही हैं। बृहस्पतिवार को फतेहाबाद नगर पंचायत के सभी कर्मियों ने कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान हाथों में तिरंगा लेकर कर्मचारी चल रहे थे ।तिरंगा यात्रा में शामिल हुए एसडीएम जेपी पांडे ने सभी से तिरंगा फहराने की अपील की । वही कस्बा इंचार्ज अनुज फोगाट ने भी लोगों से अपील की कि वे आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा बने तथा अपने घरों पर तिरंगा फहराये। इस दौरान एसडीएम जेपी पांडे, कस्बा इंचार्ज अनुज फोगाट,बलवीर प्रसाद, योगेंद्र सिंह ,प्रशांत चक, सोनू कुमार, पवन कुमार सोलंकी के साथ–सथ बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## राज्य जीएसटी विभाग द्वारा चलाया गया सघन पंजीयन जागरुकता अभियान, घर घर जाकर व्यापारियों को किया जागरुक

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा



फतेहाबाद। पंजीयन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत राज्यकर विभाग ने फतेहाबाद में घर–घर जाकर लोगों को जीएसटी के प्रति जागरूक किया साथ ही जीएसटी पंजीयन के लाभ बताएं इस दौरान अभियान का नेतृत्व वाणिज्य कर अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने सरकार द्वारा पंजीकृत व्यापारियों को दी जा रहीं सुविधाओं एवं लाभों से अवगत कराया गयाद्यद्य उनके द्वारा बताया गया पंजीयन लेने के पश्चात व्यापारी पूरे देश में बिल के माध्यम से बेरोकटोक कहीं से भी माल ला और ले जा सकते हैं व्यापारियों को दस लाख का दुर्घटना बीमा बिना किसी प्रीमियम के दिया जाता है छोटे एवं मझोले व्यापारी समाधान योजना का लाभ ले सकते है विभाग में सारी कार्यवाही ओनलाइन है, अब कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। केन्द्र सरकार द्वारा पंजीकृत व्यापारियों को पेंशन की योजना भी अमल में लाई जा रही हैद्य सभी व्यापारियों को जीएसटी की बारीकियों से अवगत कराया गया, उनके द्वारा बताया गया कि अपंजीकृत व्यापारी पंजीयन प्राप्त कर देश एवं प्रदेश के विकास में भागीदार बनें। बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया वही व्यापार मंडल के अध्यक्ष रमाकांत गुप्ता ने भी व्यापारियों से जीएसटी पंजीयन कराए जाने की अपील की । साथ ही घर–घर तिरंगा कराए जाने की अपील की आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर की।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी जी को किया याद

जैतपुर। आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा फहराएं इस संदर्भ में जनजागरण रैली का अभियान चलाकर क्षेत्रवासियों को जागरूक के तहत जैतपुर में गुरुवार के दिन इटावा रोड़ स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह भदौरिया ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा हो या फिर शहीदी स्मारक सभी जगह पहुंच कर साफ सफाई कर पुष्प माला अर्पित किए और आजादी के अमृत महोत्सव का अभियान चलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आजादी का तिंरगा झंडा फहराया है इस मौके पर डॉ भगवती प्रसाद मिश्रा मंडल अध्यक्ष रविंद्र भदौरिया उदल नरवरिया अनिल नरवरिया संतोष सुरेश सुभाष भदौरिया अनुराग शर्मा जैतपुर मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जैतपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र मे हुई शिक्षकों की बैठक



जैतपुर। गुरुवार के दिन जैतपुर के ब्लॉक संसाधन केंद्र में शिक्षा विभाग की बैठक बुलाई गई जिसमें डायट मेंटर डी के गुप्ता एवं खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में विकास खण्ड के समस्त प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे यह मीटिंग निपुण भारत कार्यक्रम सही संचालक के संबंध में की गई थी यह मीटिंग समापन के दौरान राष्ट्रगान के साथ समापन की गई इस मौके पर डीके गुप्ता एवं खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार सुनील खैर सहित आज प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# एक प्रभात फेरी का आयोजन



आजादी के अमृत महोत्सव ' कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 11/08/2022, गुरुवार के दिन मदरसा अहया उल उलूम द्वारा वार्ड मेंबर सभासद श्री सैयद अली एवं मोहल्ले के वरिष्ठ जनों की मौजूदगी में एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी में मदरसे में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं, कार्यरत शिक्षक/कर्मचारी एवं गणमान्य अभिभावक गणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया द्य प्रभात फेरी के माध्यम से जन–जन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करना तथा अधिक से अधिक लोगों को अपने अपने घरों पर झण्डा लगाने हेतु प्ररित करना था मदरसा अहया उल उलूम में स्वतंत्रता की 75 वी वर्षगाठ के अवसर पर 'आजादी के अमृत महोत्सव ' कार्यक्रम के तहत मदरसा प्रांगण में एक सामूहिक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मदरसे में कार्यरत शिक्षक/कर्मचारी एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे। गोष्ठी के माध्यम से सामाज में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत करना एवं अपने देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग ओर बलिदान को याद करते हुये इस 75 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर्षोल्लास मनाये जाने हेतु प्रेरित किया गया तथा अपने अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

सभासद सैयद अली मोहम्मद अलीम मोहम्मद मुन्ना मदरसा के सभी अध्यापक गण मौजूद रहे। भदोही से मोहम्मद मासूम जी ने इस कार्यक्रम का मिडिया कवरेज किया।

# डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर में राखी प्रतियोगिता संपन्न

डा0 बृजा नन्द तिवारी संवाददाता, अयोध्या टाइम्स गाजीपुर,



करीमुद्दीनुर। क्षेत्र के प्रतिष्ठित सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर में राखी कंपटीशन का आयोजन किया गया द्यउक्त कंपटीशन में विभिन्न कक्षाओं के बच्चों को तीन अलग–अलग ग्रुपों में बांटा गया था द्य कक्षा दो तक के बच्चों को राखी बना कर दी गई थी जिसमें कि उनको केवल कलर भरना था एवं उसके ऊपर के जो दो ग्रुप थे उसमें बच्चों ने अपने हाथों से नाना प्रकार की सुंदर राखियां बनाई थीद्य कंपटीशन के समापन पर निर्णायक मंडल में थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर विश्वनाथ यादव जी, बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर बलदेव रावत जी ने सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को प्रथम द्वितीय तृतीय के आधार पर रैंकिंग प्रदान की। ग्रुप ए – अनन्या पांडे कक्षा –2, कौटिल्य प्रकाश कक्षा– 2 एवं शान्वि कक्षा– 2 ग्रुप बी – देविशा श्रीवास्तव कक्षा– 4, आयूषी यादव कक्षा– 3,संध्या राजभर कक्षा –4 एवं ग्रुप सी – रिद्धि गुप्ता कक्षा–5, अनन्या यादव कक्षा– 6 एवं सुधा राय कक्षा– 7 मे विजेता घोषित हुए द्यकंपटीशन के संपन्न होने के उपरांत बच्चों ने थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर विश्वनाथ यादव, बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर बलदेव रावत जी एवं थाना करीमुद्दीनपुर के अन्य उपस्थित स्टाफ को रक्षा सूत्र बांधकर राखी का त्यौहार मनायाद्य थानाध्यक्ष महोदय ने कहां की बच्चों के द्वारा बनाई गई राखियां अत्यंत ही सुंदर एवं मनमोहक हैं और इनकी प्रतिभा को दिखाती हैं। मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। कार्यक्रम के समापन पर निदेशक हर्ष राय ने उक्त कंपटीशन में भाग लेने वाले सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने अपना महत्वपूर्ण समय दिया एवं अंत में सभी को रक्षाबंधन के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम का आयोजन एक्टिविटी इंचार्ज नेहा राय, अंजली राय, इकराम अंसारी आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनुष्का गुप्ता एवं छात्रा रिचा प्रसाद साह ने किया।

## बिहार में महागठबंधन की सरकार पर गाजीपुर में बोले ओपी राजभर- जब आंधी आती है तो कोई न कोई पेड़ टूटता है



गाजीपुर। सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कई मुद्दों पर बयान दिया है। ओपी राजभर ने मीडिया के सवालों का जवाब देते विभिन्न राजनैतिक मुद्दों पर बयान दिया है। बिहार में महागठबंधन की सरकार पर ओपी राजभर ने बयान देते हुए कहाकि जब आंधी आती है तो कोई न कोई पेड़ टूटता है। उन्होंने कहाकि महागठबंधन की अभी सरकार बनी है,कुछ न कुछ होगा। जबकि गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी के मसले पर उन्होंने कहाकि श्रीकांत के बीजेपी के बड़े बड़े नेताओं से सम्बंध हैं। ऐसे में श्रीकांत खुद को मुख्यमंत्री समझ रहा था। ओपी राजभर ने श्रीकांत के खिलाफ हुई कार्यवाही पर कहाकि श्रीकांत के खिलाफ प्रशासन ने अच्छी कार्यवाही की है। उन्होंने बीजेपी की तिरंगा और सपा की पदयात्रा के सवाल का जवाब देते हुए कहाकि सुभासपा 15 अगस्त के बाद यूपी के सभी जिले में सावधान यात्रा निकालेगी,जो बिहार के पटना में खत्म होगी। ओपी राजभर ने अयोध्या में विकास प्राधिकरण जमीन कब्जा मामले पर कहाकि एडीए की लिस्ट में शामिल दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही हो। ओमप्रकाश राजभर गाजीपुर में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करने पहुंचे थे। गाजीपुर के सैदपुर विधानसभा क्षेत्र के गौरा गांव में सुभासपा पदाधिकारियों की मीटिंग हुई।

# 18 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार




गाजीपुर। अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दि0 11.08.2022 को थानाध्यक्ष खानपुर संजय कुमार मिश्र मय हमराह उ0नि0 रामसजन यादव, उ0नि0 फूलचन्द पाण्डेय चौकी प्रभारी सिधौना मय हमराह कर्मचारीगण के साथ वाहन में मामूर होकर बिहारीगंज डगरा रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुँचकर अनौनी व उचौरी जाने वाले मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी शुरू किये । तभी एक मोटर साइकिल पर दो व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये जिनको पास पहुँचने पर रुकने का इशारा किया गया तो गाड़ी मोड़कर आने वाली दिशा में ही उचौरी की तरफ भागना चाहे उक्त दोनो व्यक्तियों के बीच एक बोरी रखी थी तभी मोटर साइकिल मोड़ने की जल्दबाजी में मिट्टी पर फिसलकर गिर पड़े दोनो व्यक्तियों को मौके पर ही पकड़ते हुए नाम पता व भागने का कारण पूँछते हुए तलाशी ली गयी पकड़े गये अभियुक्तगण 1. अनिल यादव पुत्र शिवपूजन यादव निवासी अमेदा थाना खानपुर गाजीपुर 2. मंगरू बिन्द उर्फ रूदल पुत्र मंगल राम बिन्द निवासी जमीन सन्दल थाना खानपुर गाजीपुर के मोटरसाइकिल के बीच में रखी बोरी में 18 कि0ग्रा0 अवैध गाँजा बरामद हुआ ।जिनको समय करीब 04.50 बजे नियमानुसार हिरासत पुलिस मे लिया गया ।बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 166/22 धारा 8/20 NDPS Act- में पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही अमल मे लायी जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता– 1 अनिल यादव पुत्र शिवपूजन यादव उम्र–32 वर्ष निवासी अमेदा थाना खानपुर गाजीपुर ।2. मंगरू बिन्द उर्फ रूदल पुत्र मंगल राम बिन्द उम्र–35 वर्ष निवासी जमीन सन्दल थाना खानपुर गाजीपुर।

# यह पदयात्रा देश में सत्ता परिवर्तन करने में पूरी तरह सहायक होगी : मन्नू अंसारी

- इस देश के धर्म निरपेक्ष स्वरूप की रक्षा के लिए भाजपा सरकार को बेदखल करना जरूरी : मन्नू अंसारी

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर अगस्त क्रांति के अवसर पर 9 अगस्त को सरजू पांडे पार्क से आरंभ हुई देश बचाओ देश बनाओ पदयात्रा गुरुवार को तीसरे दिन रेवतीपुर से दिलदार नगर के लिए लोकतंत्र और संविधान बचाने के संकल्प के साथ रवाना हुई।

यात्रा आरंभ होने के पूर्व स्थानीय छात्राओं ने राखी बांधकर उनके सफल यात्रा के लिए अपनी तरफ से शुभकामना व्यक्त किया। इस पदयात्रा को विधायक मन्नू अंसारी और रामधारी यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पदयात्रा "रोजी रोटी दे न सके जो, वह सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है " और "जब से भाजपा सरकार आयी है, कमर तोड़ मंहगाई है "के नारे के साथ आगे बढ़ी। विधायक मन्नू अंसारी ने यात्रा आरंभ होने के पूर्व आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में इस देश की गंगा जमुनी तहजीब, इस देश का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप और गरीबों को मिलने वाला सामाजिक न्याय खतरे में है। यह सरकार लगातार घृणा और नफरत की राजनीति कर रही है। एक दूसरे को आपस में लड़ाकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने में मशगूल हैं। उसका समाज की बुनियादी सवालों से कुछ भी लेना देना नहीं है। गरीब के रोजी रोटी के सवाल पर भाजपा सरकार पूरी तरह मौन है। उन्होंने पदयात्रियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आपका यह संघर्ष बेमिसाल है, आपका यह संघर्ष आपकी यह पदयात्रा देश में सत्ता परिवर्तन करने में पूरी तरह सहायक होगी।

इस पदयात्रा के नायक अभिषेक यादव ने जगह जगह पर आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रति वर्ष दो करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा कर सत्ता में आई भाजपा सरकार नौजवानों के सपनों के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने अग्निपथ योजना का विरोध करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी इस योजना का पूरा तरह से मुखालिफत करती है। यह योजना नौजवानों के साथ धोखा है। खासकर पूर्वांचल के



नौजवानों की फौज में सबसे ज्यादा भागीदारी रहती है। नौजवानों का फौज में जाने और वर्दी पहनने का सपना रहता है। वह फौज में जाकर देश की सेवा करना चाहता है लेकिन भाजपा ने नौजवानों के सपने को तोड़ने का काम किया है। यह सरकार अपना विरोध बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। विरोध करने वाले विरोधी दल के नेताओं को ईडी और सीबीआई लगाकर परेशान किया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करना जरूरी। उन्होंने नौजवानों से एकजुट होकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लामबंद होने का आह्वान किया।

इस पदयात्रा में मुख्य रूप से राघवेन्द्र यादव, विकास यादव, ओमप्रकाश यादव,पारस नाथ पाठक, सुजीत कुमार, शिवशंकर यादव, गंगा,मटरू पहलवान, धर्मेंद्र यादव पकालू, अमित ठाकुर, संदीप यादव, अनिल यादव, आजाद राय, ,मटरू पहलवान, कृष्णानंद यादव, संदीप यादव सत्या, सुखपाल यादव,पंकज यादव, अरुण यादव आदि शामिल थे।

## प्रो. हरिकेश सिंह बनाये गए गोपाल नारायण सिंह विश्व विद्यालय रोहतास का विजिटर सर्वोच्च पद

गाजीपुर। प्रो० हरिकेश सिंह (पूर्व कुलपति, जय प्रकाश विश्वविद्यालय) को बिहार के सबसे प्रतिष्ठित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, रोहतास का विजिटर (सर्वोच्च पद) नियुक्त किया गया है । इस आशय का नियुक्ति पत्र देव मंगल ट्रस्ट के संस्थापक, बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य सभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने स्वयं उन्हें सौंपा जिसे प्रो सिंह ने स्वीकार किया ।

ज्ञात हो कि प्रो हरिकेश सिंह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से आते हैं और अबतक विश्वविद्यालय के इतिहास में पहले ऐसे व्यक्ति हैं जो इस पद को सुशोभित करेंगे । प्रो० हरिकेश सिंह, पूर्व कुलपति, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, बिहार , काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के पूर्व संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष, पूर्व विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ फॉउण्डेशन्स ऑफ एजुकेशन, नीपा, नई दिल्ली, सदस्य, शिक्षा के अधिकार पर राज्य सलाहकार परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ, आचार्य कुल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय अध्यापक संघ के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। देश के प्रतिष्ठित संस्थाओं के विभिन्न उच्च स्तरीय कमेटियों के सदस्य रह चुके हैं जैसे UGC, NAAC, NCTE, NCERT, RCI, MHRD, NUEPA एवं अन्य । विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति चयन समिति के सदस्य भी रहे। छात्र जीवन में काशी हिंदू विश्वविद्यालय से छात्र राजनीति में सक्रिय प्रो हरिकेश सिंह दो बार छात्रसंघ अध्यक्ष पद का चुनाव लड चुके है। वे विज्ञान संकाय एवं छात्रावास के कई बार अध्यक्ष भी रह चुके है। प्रो हरिकेश सिंह छात्र राजनीति के दौरान छात्रहित में संघर्ष के लिए 1973 में लम्बे समय तक जेल में बंद रहे। उन्होंने आपातकाल के समय कांग्रेस के तानाशाही के विरुद्ध आंदोलनों का नेतृत्व भी किया एवं देश भर मे रणभेरी बँटवाने के कार्य का संयोजन किया 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर गोंडा से चुनाव लड़ रहे स्वर्गीय श्री सत्यदेव सिंह एवं बलरामपुर से चुनाव लड़ रहे



स्वर्गीय नाना जी देशमुख के चुनाव का संयोजक रहे। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जनपद के घरिहा गांव के निवासी प्रो हरिकेश सिंह के पिता स्वर्गीय कुबेर नाथ सिंह राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक रहे हैं।

## महावीर स्टडी स्टेट के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सैनिकों को भिजवाई गई राखी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य महराजगंज, रायबरेली। महावीर स्टडी स्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महराजगंज रायबरेली में बच्चों में अपने नन्हे नन्हे हाथों से निस्प्रोयोजन समान से बहुत ही सुंदर सुंदर लड़कियां बनाई जिन को इकट्ठा करके सीमा पर जवानों को भेजा गया इसके बाद मेहंदी प्रतियोगिता हुई जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कालेज के अध्यापकों के एक निर्णायक मंडल द्वारा सभी बच्चों में प्रथम स्थान पर कृतिका कुलसुम फातिमा पलक साउथ विनायक अनुज अंकित यश



कीर्ति हर्षित सोनम खुशी आकृति शिखा विनायक खुशी आर्यन आराध्या अल्लू बेरिया आराध्या रुद्र आदित्य प्रतीक दतिया स्थान पर दिव्यांशु जानवी नंदनी सेजल खुशी दर्पण स्वाति आर्यन तृतीय स्थान पर अपना दीपक सौभाग्य अभिषेक आयुषी रौनक रहे मेहंदी में आकृति दिव्यांशी साजिया बानो सुभाष चंद्र कृतिका मिश्रा साउथ सुभाषिनी वेदिका युग दिव्यांशी आदि की बनाई राखी एवं मेहंदी की बहुत सराहना हुई ।

प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने बताया कि छोटे–छोटे बच्चों द्वारा बनाई गई राखियों को देखकर सभी ने प्रशंसा की बच्चों की या क्रियाकलाप उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं तथा सेना के जवानों के प्रति सम्मान एवं भाईचारा की डोर मजबूत होती है इस अवसर पर गिरजा शुक्ला, राजीव मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, सुरेंद्र, विवेक, अमित सिंह, अनिमेष मिश्रा, राजकिशोर ,आलोक यादव ,अनुपम सिंह, साधना सिंह, सुमन बहादुर ,सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

# वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी समीर शुक्ला की उत्कृष्ट सेवाओं से उन्हें सम्मानित किया गया

- श्री सूर्यकांत मिश्र स्मृति सम्मान से ऐम्स के प्रमुख डॉक्टर व निदेशक हुए सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य रायबरेली। प्रोफेसर अरविंद राजवंशी अधिशासी निर्देशक ऐम्स रायबरेली प्रोफेसर नीरज कुमारी डीन, एकेडमिक रायबरेली उपनिदेशक प्रशासन कोबिट नोडल ऑफिसर डॉक्टर नीरज श्रीवास्तव एसोसिएटेड, ऑफिसर एम्स रायबरेली डॉ उपाध्याय एसोसिएट, प्रोफेसर एम्स श्री समीर शुक्ला जी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रायबरेली अवध क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव जिला अध्यक्ष पंकज मिश्र के नेतृत्व में सामाजिक कार्य को बढ़–चढ़कर के हिस्सा लिया जाता रहा है एम्स के डायरेक्टर डॉक्टरों ने सभी को धन्यवाद दिया जिला अध्यक्ष पंकज मिश्र के नेतृत्व में सभी सम्मानित डॉक्टर को कोविड–19 में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप




यादव भाजपा नेता प्रमोद सिंह युवा भाजपा नेता आलोक त्रिपाठी शिवकरण आदि उपस्थित रहे फूलों की वर्षा के साथ अंग वस्त्र एवं प्रशासित पत्र देकर बैच लगाकर तिरंगा झंडा दे करके उन्हें सम्मानित किया गया।

---

# अमृत महोत्सव : 12 अगस्त को स्वतंत्रता सप्ताह पर 18 विभागों द्वारा होंगे स्थलों पर कार्यक्रमों का आयोजन

- फिरोज गांधी डिग्री में सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक गायन का होगा आयोजन

रायबरेली ब्यूरो। ।आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत एक सप्ताह तक चलने वाले विविध कार्यक्रमों का आज से शुरूवात की जा चुकी है। आजादी के अमृत महोत्व के अन्तर्गत 12 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत उप कृषि निदेशक विभाग द्वारा राजकीय कृषि बीज भण्ड महराजगंज, बछरावा एवं शिवगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे में आजादी के सम्बन्ध में एफ0पी0ओ0 के कृषकों के मध्य चर्चा की जायेगी। इसी प्रकार राज्य कर विभाग द्वारा दीनशाहगौरा एवं डलमऊ में पूर्वान्ह 11 बजे झण्डारोहण की समीक्षा एवं तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम, नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जनपद मुख्यालय पर प्रातः 11 बजे हर घर जागरूकता कार्यक्रम, सहकारिता विभाग द्वारा जिला सहकारी बैंक लि0 सलोन में पूर्वान्ह 11 बजे सदस्य जागरूकता कार्यक्रम, लघु सिंचाई विभाग द्वारा विकास खण्ड डीह में पूर्वान्ह 11 बजे कृषकों को झण्डारोहण का जागरूकता संदेश, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा एकसेस कम्प्यूटर सेण्टर बछरावा में पूर्वान्ह 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग द्वारा सलोनव बछरावां रेंज पूर्वान्ह 11 बजे हरिशंकरी पौधरोपण कार्यक्रम, अनुरक्षण कार्य एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम, श्रम विभाग द्वारा दूरभाष नगर रायबरेली में पूर्वान्ह 11 बजे श्रमिकों को राष्ट्रीय ध्वज वितरण एवं उनके साथ सेल्फीध्फोटोशूट, माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों में नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नशामुक्ति के विरूद्ध सभी स्कूल, कालेज तथा निजी शिक्षण संस्थाओं का शपथ कार्यक्रम, सांस्कृतिक विभाग द्वारा फिरोजगांधी महाविद्यालय रायबरेली में सांय 6 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम कन्हैया पाण्डेय लखनऊ लोक गायन का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त उद्योग द्वारा मे0 बिरला कारपोरेशन लि0, औद्योगिक क्षेत्र, अमांवा रोड में पूर्वान्ह 11:30 बजे स्वतंत्रता सप्ताह में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों तथा औद्योगिक संगठनों की सहभागिता के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

पुलिस विभाग द्वारा बरगद चौराहा से सिविल लाइन चौराहा व डिग्री कालेज चौराहा होते हुए राजघाट तक पुलिस का प्रातः हॉफ मैराथन का आयोजन, रिजर्व पुलिस लाईन अथवा पुलिस कार्यालय में मध्यान्ह 12:00 बजे पब्लिक एड्रेस सिस्टम पर उद्बोधन, भीड़–भाड एवं घनी आबादी के क्षेत्रों में पुलिस जवानों द्वारा तिरंगा झण्डा के साथ रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग, शहीद स्मारक मुशीगंज/अन्य शहीद स्मारक सायं 6 बजे पुलिस के बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुनों का वादन का आयोजन किया जायेगा। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा गैस एजेंसी, पेट्रोल/डीजल पम्प एवं उचित दर दुकान पर गैस एजेंसियो द्वारा गैस सिलेण्डर की आपूर्ति से पूर्व हर घर तिरंगा का स्टीकर/लोगो चस्पा कर आपूर्ति तथा पेट्रोल/डीजल पम्पो पर ईधन की आपूर्ति करते समय प्रत्येक वाहन पर हर घर तिरंगा का स्टीकरध्लोगो चस्पा किया जायेगा एवं समस्त उचित दर विक्रेता द्वारा अपनी दुकान एवं दुकान के 10–10 अन्त्योदय कार्डधारको द्वारा अपने–अपने घरों पर तिरंगा झण्डा फहराया जाना, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा साफ–सफाई एवं स्वास्थ्य पर चर्चा कार्यक्रम समस्त ग्राम संगठन एवं



समूह स्तर पर पूर्वान्ह 11 बजे किया जायेगा। सेवायोजन विभाग द्वारा सेवायोजन कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे स्वतंत्रता विचार गोष्ठी, पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत में प्रभात फेरी, शहीद स्थलो की विशेष सफाई/झंडारोहण, वृक्षारोपण एवं पंचायत भवनों पर लाइटिंग कराया जायेगा। होमगार्ड विभाग द्वारा शहीद चौक से सिविल लाइन बरगद चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट तक अमृत महोत्सव तिरंगा मार्च किया जायेगा। महिला कल्याण विभाग द्वारा गांधी सेवा निकेतन मिल एरिया में अपराह्न 12:30 बजे बालिकाओं के अधिकार सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## ओबरा थाना के पुलिस कर्मियों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविंद कुमार गुप्ता ओबरा,सोनभद्र। कोतवाली क्षेत्र ओबरा के अंतर्गत थाना ओबरा के पुलिस कर्मियों द्वारा कोतवाल मिथिलेश मिश्रा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली थाना परिसर से गैस गोदाम होते हुए चोपन रोड, वी आई पी रोड होते हुए राम मंदिर ग्राउंड तक कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जहां कोतवाल प्रभारी श्री मिश्रा ने आजादी के अमृत महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में उन वीर सपूतों को याद किया जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमारे देश को स्वतंत्र कराया। वही स्थानिय लोगो से अपने–अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील भी की और आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस को जोर–शोर से मनाने की अपील की। इस अवसर पर समस्त पुलिस स्टाफ तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।



## 01 किलो 330 ग्राम गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविंद कुमार गुप्ता ओबरा,सोनभद्र। थाना ओबरा पुलिस द्वारा ओम चौराहा के पास से 01 नफर अभियुक्त करन पुत्र चन्द्रमणि, निवासी मलिन बस्ती भलुआ टोला, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र के कब्जे से 01 किलो 330 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0– 157/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है ।



## कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा निकाली तिरंगा यात्रा

ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविंद कुमार गुप्ता ओबरा सोनभद्र। ओबरा इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र छात्राओं ने आजादी के 75 वा अमृत महोत्सव पर लहराया तिरंगा ।कालेज के बच्चों के द्वारा नगर में ओबरा इंटर कॉलेज से सुभाष चौराहे तक निकाली गई तिरंगा यात्रा। वही कॉलेज की छात्राओं द्वारा भारत माता की जय, वंदे मातरम और स्वतंत्रता सेनानी अमर रहे, जिंदाबाद जैसे नारो का उद्बोधन भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ओबरा इंटर कॉलेज के 1500 छात्र छात्राओं और 42 अध्यापक सम्मिलित रहे ओबरा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार ने लोगों से अपील किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत इस बार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर भारतवासी अपने अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को लहराकर इस आजादी के 75वा स्वतंत्रता दिवस को मनाए।



## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपने आवास व पुलिस लाईन स्थित पुलिस कर्मचारियों के आवास पर स्वयं तिरंगा लगाकर पुलिस परिवार व आमजनमानस को तिरंगा लगाने हेतु प्रेरित किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बहराइच, केशव कुमार चौधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक आवास परिसर में राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान फहराया गया तथा पुलिस आवास, पुलिस कार्यालय, रिजर्व पुलिस लाइन एवं जनपद के समस्त थाना चौकियों, पुलिस भवनो में तिरंगा लगाने हेतु पुलिस बल को प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित पुलिस आवास में रह रहे पुलिस कर्मचारियों के आवास पर स्वंय तिरंगा लगाकर आमजन व पुलिस परिवार को तिरंगा झण्डा लगाने व आजादी के अमृत महोत्सव में बढ़ चढकर प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री अशोक कुमार क्षेत्राधिकारी लाइंस व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।



## जनपद आगरा की तहसील फतेहाबाद की ग्राम पंचायत बरना में ऊंची कूद का प्रोग्राम रखा गया

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। जनपद आगरा की तहसील फतेहाबाद की ग्राम पंचायत बरना में ऊंची कूद का प्रोग्राम रखा गया जिसमें यूवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया आज रक्षाबंधन के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति वरना मैं ऊंची कूद का प्रोग्राम रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमान विजय कांत शर्मा रहे जिन्होंने फीता काटकर ऊंची कूद फील्ड का उद्घाटन किया जिसमें 11 सो रुपए का उचित इनाम रखा गया जिसमें फर्स्ट आने वाले को 11 00 रुपए का इनाम और सेकंड आने वाले को 500 रुपए का इनाम रखा गया वही ग्राम पंचायत बरना के निवासी नीरज पुत्र बनवारी लाल ग्राम वर्मा ने उच्च स्थान प्राप्त किया वही मौके पर रहे राजेश प्रधान रामसेवक प्रधान देवेंद्र डीलर जिलाध्यक्ष बंटू ठेकेदार बनवारी लाल कुलदीप बंगाली बाबू पप्पू लाल सुनहरी लालाराम लाल रामशंकर वर्मा प्रहलाद वर्मा जितेंद्र वर्मा भानु प्रताप रामजीलाल आदि लोग मौजूद रहे।

## क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में थाना परिसर में चलाया गया सफाई अभियान

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा
फतेहाबाद। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत थाना फतेहाबाद में क्षेत्राधिकारी सौरव कुमार के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना फतेहाबाद के सभी उपनिरीक्षको ने बारी–बारी से सफाई अभियान में भाग लिया तथा साफ सफाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को थाना परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सौरव सिंह ने मैदान में सफाई की तथा फावड़ा चला कर मिट्टी को साफ करवाया। वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ उपनिरीक्षक आरएन सिंह ने भी झाड़ू चलाकर साफ सफाई अभियान में हिस्सा लिया। थाना क्षेत्र में तैनात सभी उपनिरीक्षको ने सिपाहियों के साथ मिलकर परिसर में लगी झाड़ियों को साफ किया। साफ सफाई के बाद थाना परिसर में तिरंगा फहराया गया इस दौरान सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



## एम्बुलेंस में कराया महिला का सुरक्षित प्रसव

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। अन्तर्गत ग्राम अहाता निवासी 25 वर्षीय सीमा पत्नी अमरनाथ को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। तथा इनके घर वालों ने एम्बुलेंस हेतु 102 पर कंट्रोल रूम फोन किया गया। वहीं कुछ देर बाद यूपी 32 ई जी 0835 एम्बुलेंस उनके घर पहुंची और प्रसूता को लेकर जैसे ही अस्पताल के लिए निकली कुछ ही दूरी पर महिला को प्रसव पीड़ा होने लगी। जिसपर 102 एम्बुलेंस के एमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन संजीव कुमार दुबे व पायलट अशोक कुमार द्वारा एम्बुलेंस सड़क के किनारे खड़ा करा कर आशा लक्ष्मी के सहयोग से प्रसूता का सुरक्षित प्रसव करवाया गया।
जिसके उपरांत इनको नजदीकी सी एच सी मुस्तफाबाद हॉस्पिटल में लाकर भर्ती करवाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक ने जच्चा बच्चा दोनों को स्वस्थ बताया। तदुपरांत एम्बुलेंस ईएमटी संजीव कुमार दुबे ने इसकी सूचना 108/102 एम्बुलेंस के जिला प्रभारी अनुराग श्रीवास्तव को दी गई उन्होंने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया।



## 02 नफर अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर 45 किग्रा गांजा व लग्जरी वाहन ग्न्ट 500 के साथ गिरफ्तार



ब्यूरो चीफ सोनभद्र अरविंद कुमार गुप्ता चोपन,सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में आज दिनांक 11.08.2022 को समय रात्रि लगभग 03.30 बजे एसओजी टीम एवं थाना चोपन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोपन बैरियर के पास से 01 अदद एक्सयूवी 500 कार (CG 07 AF 8888) में सवार 02 नफर गांजा तस्कर 01. गुड्डू गुप्ता पुत्र स्व0 शम्भूनाथ गुप्ता निवासी भरसर मिल्की, थाना दुबहड, जनपद बलिया उम्र लगभग 38 वर्ष 02. गोपाल छोटेलाल खरवार पुत्र छोटेलाल खरवार निवासी बहादुरपुर, थाना कोतवाली नगर, जनपद बलिया उम्र लगभग 37 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 अदद बोरे में कुल 45 किग्रा गांजा (कीमती लगभग 5 लाख रुपये) बरामद किया गया। उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना चोपन पर क्रमशः मु0अ0सं0– 201/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।
———————————————

## प्राइमरी स्कूल बरना में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा। प्राइमरी स्कूल बरना में आजादी के अमृत महोत्सव की सप्त दिवसीय श्रंखला का भव्य शुभारंभ सहायक अध्यापक अशोक कुमार के मार्गदर्शन में हुआ छात्र छात्राओं ने महापुरुषों के स्वरूप में सज कर पूरे जोश के साथ भारत माता की जय के साथ हर घर तिरंगा का संदेश जन–जन तक पहुंचाया।
अध्यापक अशोक कुमार के साथ श्रीमती प्रियंका दुबे अध्यापक पिंटू अध्यापक हरि सिंह अध्यापक सुनील कुमार अध्यापक विनय कुमार अध्यापक रमेश चंद्र अध्यापक श्रीमती ममता देवी अध्यापक मीरा देवी अध्यापक सरला देवी सहायक आदि लोग मौजूद रहे अध्यापक रमेश चंद्र ने रैली में शामिल हुई ।पुरातन छात्र छात्राओं सहित अनेक ग्राम वासियों ने बाइक तथा साइकिल पर सवार हो रैली में उत्साहपूर्वक शिरकत की। ग्राम वरना में निकाली गई।



## लगातार दूसरी बार चौंपियन बनी स्टार स्पोर्ट्स वॉलीबॉल टीम

दैनिक अयोध्या टाइम्स जरवल बहराइच। एक दिवसीय खेलकूद प्रयोगिता कार्यक्रम में वालीबॉल खेल का आयोजन किया गया जिसमें स्टार स्पोर्ट्स की टीम ने नेशनल स्पोर्ट को प्राजित कर दूसरी बार जीत का परचम लहराया। जरवल नगर में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वाधान में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख विपेंद्र वर्मा रहे। वालीबॉल स्टार स्पोर्ट्स जरवल एवं नेशनल सपोर्ट टीम ने भाग लिया। इसमें स्टार स्पोर्ट्स के खिलाड़ियों ने जमकर मुकाबला किया और नेशनल स्पोर्ट्स को प्राजित कर जीत का परचम लहराया ।स्टार स्पोर्ट्स के कप्तान चांद ने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया ।इस क्रम में राजू,शाहरुख,आदिल, इस्लामुर, टोनी,लकी ने टीम के लिए मेहनत की और सफलता हासिल की। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर नवाजा एवं पीठ थपथपाते हुए कहा कि आप लोग इसी तरीके से खेलते रहे। मैं आशा करता हूं की एक दिन आप लोग एक दिन जिले का नाम रोशन करेंगे ।इस क्रम में पीआरडी जवानों सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



## आजादी के 75 साल की खुशी में झूमा जरवल वासी

दैनिक अयोध्या टाइम्स जरवल बहराइच। जरवल कस्बा आजादी के 75 साल पूरे होने पर जहां पूरे देश में अमृत महोत्सव मना करके देश की आजादी को धूमधाम से मनाया जा रहा है इसी की तर्ज पर जरवल कस्बा में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव (यूथ) रजीउद्दीन बच्छन के आयोजन पर मदरसा फुर्कानिया से एक तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमे तमाम सम्मानित नागरिक एवं राजनीति में रुचि रखने वाले लोग महजूद रहे , जिसमे मदरसा के बच्चे भी उपस्थित रहे जिसको जरवल कस्बा की मुख्य बाजार जरवल कस्बा से होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ बहराइच पर लाकर के नगर पंचायत कार्यालय में समापन किया गया जिसमें शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने पूरा सहयोग दिया इस मौके पर जरवल कस्बा चौकी प्रभारी राम सुधार यादव मय फोर्स के साथ तैनात रहे । जिसमें मदरसा फुर्कानिया के प्रिंसिपल अब्दुल मुईद , मौलाना इमरान मौलाना शकील नदवी अशोक कुमार सोनी वरिष्ठ पत्रकार जरवल सुनील कुमार गुप्ता, साहिबे आलम , मुकीद सिद्दीकी, तुफैल उवैसी , मास्टर सफवान मौलाना तलहा, आवेश अंसारी, मोहम्मद शादान शादाब पहलवान राम उदित शर्मा मोजूद रहे।



# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक संपन्न, हेमंत वर्मा को मिला प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी बहराइच। विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल नगर व प्रखंड मिहीनपुरवा की बैठक सेमरहना बालाजी मंदिर में परिसर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला कार्याध्यक्ष अजय सिंह संदीप सिंह मनोज गौतम ने श्री राम दरबार के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन के बैठक का शुभारंभ किया। प्रखंड कार्य अध्यक्ष हेमन्त वर्मा ने ॐ उच्चारण, एकात्मता मंत्र व विजय महामंत्र के साथ बैठक का शुभारंभ कराया। बैठक का संचालन विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कार्य अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा की संगठन का कार्य ईश्वरीय कार्य है, सर्व समाज को जोड़ने के साथ–साथ सनातन धर्म के मान बिंदुओं की रक्षा और धर्म जागरण यह संगठन के प्रमुख कार्य हैं। संगठन के कार्यों को और अधिक गतिशील बनाने हेतु संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को समर्पण भाव से कार्य करना होगा। समाज को जोड़ने का जो कार्य श्री रामचंद्र जी ने किया, महाराणा प्रताप ने किया वही कार्य पिछले 57 वर्षों से विश्व हिंदू परिषद करता चला आ रहा है। हम सभी को जात–पात, ऊंच–नीच, छुआछूत के भेदभाव दूर हटकर एक शक्ति के रूप में एक साथ चल कर धर्म, समाज और सनातन धर्म के मानबिंदुओं की रक्षा हेतु कार्य करना है। हम सभी का कार्य एक समान है कोई कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नहीं है कार्यक्षमता और कार्य क्षेत्र के आधार पर कार्यकर्ताओं को दायित्व प्रदान किए जाते हैं।
संगठन के आगामी कार्यक्रमों अखंड भारत दिवस स्थापना दिवस गीता जयंती सौर दिवस धर्म रक्षा दिवस की योजना बनाई गई ।विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड मिहींपुरवा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है जैसे कि दे दी हमें आजादी बिना खडक बिना ढाल साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल । अगर चरखे से कमाल होता तो सरदार सरदार भगत सिंह सुखदेव राजगुरु बिस्मिल्लाह खान रानी लक्ष्मीबाई शहीद नहीं होते । संबोधन के पश्चात जिला कार्याध्यक्ष अजय सिंह ने नगर,व प्रखंड मिहीनपुरवा प्रखंड के नवीन दायित्वों की घोषणा की। जिसमे कार्याध्यक्ष रहे हेमंत वर्मा को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया । नगर संयोजक नीरज मिश्रा प्रखंड सह मंत्री सवित पोरवाल प्रखंड प्रचार प्रसार प्रमुख पवन सोनी प्रखंड उपाध्यक्ष रमेश गौतम प्रखंड गौरक्षा प्रमुख रामनिवास को दायित्व सौंपा गया। बैठक में काफी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# स्वतंत्रता सप्ताह पर प्रभात फेरी, तिरंगा यात्रा,तिरंगे के सफर और कई प्रतियोगिताओं का हुआ शानदार आयोजन





ओबरा,सोनभद्र। नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा,सोनभद्र में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्र सप्ताह के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम संयोजक डॉ संतोष कुमार सैनी के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा रोवर्स रेंजर्स, एनएसएस, एनसीसी इकाइयों के स्वयंसेवियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा समन्वित रूप से भव्य प्रभात फेरी एवं तिरंगा यात्रा निकाली गई ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार द्वारा प्रभात फेरी एवं तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया ।प्रभात फेरी एवं तिरंगा यात्रा में डॉ.संतोष कुमार सैनी,डॉ.अमूल्य कुमार सिंह,डॉ विभा पाण्डेय,डॉ महीप कुमार,डॉ वैशाली शुक्ला,कार्यालय अधीक्षक प्रमोद कुमार केशरी, महेश कुमार पाण्डेय के साथ हर्षिता पाण्डेय, अर्पिता पांडे, प्रज्ञा मिश्रा, आशा, गरिमा सिंह, शिवानी सिंह ,अंजलि,संजना केशरी, अर्पित केशरी,नीलिमा सिंह, राजा, रुकमणी,रोशन जहां, अंकिता,साधना यादव,कुमकुम, फैजल अहमद,अजय,पूजा, रुक्मिणी इत्यादि सैकड़ों छात्र–छात्राएं हर घर तिरंगा अभियान तथा देश भक्ति के नारे पूरे जोश एवं उत्साह के साथ लगा रहे थे वहीं दूसरी ओर वे देशभक्ति गीतों का भी सुंदर गायन कर रहे थे। प्रभात फेरी एवम तिरंगा यात्रा महाविद्यालय से निकलकर सेक्टर 8, गीता मंदिर से होते हुए आर्य समाज, चड्ढा मार्केट, क्लब नंबर 4 ,ओबरा तहसील से होते हुए निकली गई। ओबरा तहसील में पहुंच कर जहां छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय झंडा गीत का गायन एवं देश भक्ति के नारों से पूरे तहसील को देश प्रेम की भावना से सराबोर कर दिया वहीं दूसरी ओर उप जिलाधिकारी ओबरा राजेश कुमार सिंह द्वारा तहसील में छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सप्ताह एवं हर घर तिरंगा अभियान के बारे में जानकारी देते हुए स्वतंत्रता सप्ताह कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बधाई दी। प्रभात फेरी एवम तिरंगा यात्रा के पश्चात छात्र छात्राओं को तिरंगे के सफर पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म स्मार्ट क्लास में दिखाई गई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार जी ने स्वतंत्रता सप्ताह के कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं को बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. राधाकांत पांडे जी ने छात्र छात्राओं को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी इमानदारी एवं निष्ठा के साथ करने हेतु प्रेरित किया जबकि कार्यक्रम संयोजक डॉ. संतोष कुमार सैनी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए देश के स्वतंत्रता संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओं को आजादी के अमर शहीद आजादी नायकों के जीवन से शिक्षा लेते हुए हमेशा देश सेवा के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात स्लोगन लेखन एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया निबंध प्रतियोगिता में प्रज्ञा मिश्रा एवं शिवानी सिंह ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, प्रशांत मोहन यादव ने द्वितीय स्थान तथा संजना केसरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में शिवानी सिंह एवं गरिमा सिंह ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, कुमकुम कुमारी एवं रूमी खान ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा हर्षिता पांडे, कु. आशा एवं अर्पिता पांडे ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि कुमारी अंजली, संजना केसरी, पूजा एवं साक्षी को उनके अच्छे स्लोगन लेखन के लिए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण ,कर्मचारी गण एनएसएस ,रोवर्स रेंजर्स,एनसीसी के स्वयंसेवी सहित महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## अध्यापक और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की अगुवाई मे निकाली गई अमृत महोत्सव की रैली

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी मिहींपुरवा, बहराइच। आज अमृत महोत्सव के शुभारंभ पर अध्यापकों व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चहलवा के सहयोग से निकाली गई अमृत महोत्सव रैली। ग्राम पंचायत चहलवा के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय विहारी पुरवा व दूध नाथ पुरवा के विधार्थियो ने निकली रैली ।इस रैली में वीर शहीदों को नमन करते हुए नन्हे–मुन्ने बच्चों ने भारत माता,भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, महात्मा गांधी आदि देशभक्तों के रूप को धारण कर गली गली चौराहों पर और घर–घर जाकर अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया इन बच्चों के मनोहर रूप को देखकर सभी नतमस्तक हो गए और भारत माता की जय, वीर शहीदों की जय के नारे चारों ओर गूंजने लगे इतना मनोहर दृश्य इतनी मनोहर रैली इस अमृत महोत्सव में पहली बार देखने को मिली जिसका आयोजन प्राथमिक विद्यालय चहलवा, उच्च प्राथमिक विद्यालय चहलवा व प्राथमिक विद्यालय दूधनाथ पुरवा के अध्यापकों के द्वारा कराया गया जिसमें ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चहलवा का पूरा सहयोग रहा इस अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए प्राथमिक विद्यालय चहलवा , उच्च प्राथमिक विद्यालय दूधनाथ पूरवा , उच्च प्राथमिक विद्यालय चहलवा के प्रभारी प्राधानाध्यापक महेश कुमार सरोज , प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्यनारायण , प्रभारी प्राधानाध्यापक आनंद कुमार वर्मा , सहायक अध्यापक सशिकान्त , आनंद कुमार निगम , संजीव कुमार , मनीष द्विवेदी , राहुल कुमार , लक्ष्मी वर्मा , अनुदेशक माधुरी , आशीष मदेशिया शिक्षामित्र सतीश कुमार वर्मा , सुनीता आदि ने अथक प्रयास किए।



# उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौली द्वितीय में ध्वज वितरण के साथ नशा मुक्तिकी दिलाई गई शपथ



• श्रवण कुमार सिंह द्वारा विद्यालय परिसर में किया गया अमृत महोत्सव को लेकर ध्वज वितरण कार्यक्रम

• नशा उन्मूलन के खिलाफ दिलाई गई बच्चों को शपथ
• कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सुजौली राजेश गुप्ता रहे

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुजौली, बहराइच संवाददाता मोतीपुर रोशनी तिवारी। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौली में विद्यार्थियों को झंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई इसके साथ–साथ हर घर तिरंगा अभियान के बारे में अवगत कराया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सुजौली राजेश गुप्ता रहे ।
कार्यक्रम के दौरान नशा उन्मूलन के खिलाफ बच्चों को शपथ दिलाई गई नशे से हो रहे दुष्परिणामों के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया इस दौरान ग्राम प्रधान सुजौली राजेश गुप्ता, प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह, धर्मचारी, आशीष मिश्रा ,राम सुमिरन, कमलेश पांडे इंद्रेश पांडे ,छोटे लाल गुप्ता के साथ काफी संख्या में स्कूली बच्चे ग्रामीण मौजूद रहे।

## सशस्त्र सीमा बल 59 वीं वाहिनी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत वाहिनी में परिसर में श्री कृपाराम जन जागृति स्कूल व केन्द्रीय विद्यालय के छात्र/छात्राओं के साथ मनाया रक्षाबंधन

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। 59वी वाहिनी स.सी. ब. नानपारा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ष्हर घर तिरंगाश कार्यक्रम के तहत वाहिनी परिसर में श्री कृपाराम जन जागृति स्कूल व केन्द्रीय विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ मनाया रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमे वाहिनी के बलकर्मियों के साथ स्कूल के छात्रध्छात्राओं व शिक्षको ने बढ़ –चढ़ के भाग लिया इस कार्यक्रम का आयोजन श्री स्वर्णजीत शर्मा, कमांडेंट 59वी वाहिनी स.सी. ब. नानपारा के तत्वाधान में किया गया। कमांडेंट 59वी वाहिनी ने रक्षाबंधन के इतिहास के बारे में संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए बताया कि ये त्यौहार हर साल सावन महीने के पूर्णिमा को मनाया जाता है इस दिन बहने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और मिठाई खिलाती है और उसके सुखी जीवन की प्रार्थना करती है, इसके साथ ही बहन भाई से सुरक्षा का वचन लेती हैं। इसके साथ ही कमांडेंट 59वी वाहिनी ने उपस्थित छात्र छात्राओं व अन्य व्यक्तियों को 1 ष्हर घर तिरंगा के तहत आयोजित कराये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जागरूक कराये और 15 अगस्त 2022 को धूम–धाम मानाने व अपने –अपने घरों पर ध्वज रोहण करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री वैभव उप–कमांडेंट, श्री शेखर बजाज उप–कमांडेंट, डा. विकास कुमार सिंह (पशु–चिकित्सा), डा. आकिब अजाज ळक्डव (चिकित्सा) निरीक्षक (सा.) बालकृष्ण जायसवाल, श्री मनोज कुमार गुप्ता प्रबंधक, शिक्षकगण, अधीनस्थ अधिकारी व अन्य बल कार्मिक समेत काफी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



दैनिक अयोध्या टाइम्स RNI NO.: UPHIN/2015/67284



# संक्षिप्त समाचार

## आजादी के अमृत महोत्सव पखवारा के पहले दिन थाना प्रभारी महराजगंज ने थाने परिसर की साफ सफाई कर अधीनस्थ पुलिस कर्मिओं के आवास पर फहराया झंडा

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा, महराजगंज आजमगढ़। 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 11 अगस्त से 18 अगस्त तक अमृत महोत्सव पखवारा मनाया जा रहा है द्यइसी क्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग भी पखवारे भर का कार्यक्रम निश्चित कर रखा है द्यमहराजगंज थाना प्रभारी ने जिले के आला अधिकारिओं के निर्देशन में महराजगंज थाने परिसर में पुलिस कर्मिओं के साथ परिसर की साफ सफाई की और अधिनस्थ कर्मचारियों के आवास पर ध्वजारोहण किया द्य कार्यक्रम के तहत थाने समस्त पुलिस कर्मचारिओं ने कार्यालय, आवास सहित थाने परिसर की साफ सफाई के उपरांत आवास पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया।



## जीयनपुर कोतवाल ने फहराया तिरंगा, जीयनपुर थाने पर हर घर पर फहरा तिरंगा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता सगड़ी आजमगढ़

- राष्ट्रीय ध्वज को जवानों ने दी सलामी

सगड़ी,आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली पर आजादी के अमृत महोत्सव के तहत थाने पर सुबह 6:00 बजे से लेकर 8:00 बजे तक पुलिस के जवानों के द्वारा परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया जिसके



उपरांत 9:00 बजे जीयनपुर थाने पर तिरंगा फहराया गया पुलिस के जवानों ने जीयनपुर कोतवाली यादवेंद्र पांडेय के नेतृत्व में तिरंगे को सलामी दी जिसके उपरांत मिष्ठान का वितरण किया गया वही आजादी के बलिदानों को याद कर उन्हें नमन किया गया जिसके बाद सभी जवानों ने हर घर तिरंगा के तहत अपने अपने आवास के ऊपर तिरंगा फहराया।इसमें मुख्य रूप से एस एस आई डीके सिंह,एसआई शंकर सिंह,एसआई रामगोपाल त्यागी,एसआई मदन गुप्ता,मनोज, संजय,महबूब आलम सहित थाने पर तैनात सभी पुलिस बल के जवान सम्मिलित रहे।

## आजमगढ़ खंड विकास कर्मियों ने कस्बा में निकाली तिरंगा यात्रा

अयोध्या टाइम्स संवाददाता सगड़ी आजमगढ़

- बाजार वासियों ने तिरंगा यात्रा का किया सम्मान

सगड़ी,आजमगढ़। सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ खंड विकास के कर्मचारियों ने संयुक्त रुप से अजमतगढ़ कस्बा में तिरंगा यात्रा निकाली इस दौरान भारत माता की जयकारों से पूरा कस्बा गुंज उठा वही कस्बा वासियों ने अपने अपनी दुकान पर खड़े होकर तिरंगा यात्रा का किया सम्मान। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अजमतगढ़ खंड विकास पर सुबह 10:00 बजे एडीओ पंचायत रामाशीष सिंह के नेतृत्व में तिरंगा फहराया गया और 11 बजे से पीआरडी के जवान, सफाई कर्मी, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, ग्राम सचिव सहित खंड विकास के सभी कर्मचारियों तिरंगा फहराया और खंड विकास से कतारबध्द होकर तिरंगा यात्रा अजमतगढ़ कस्बे में निकाली इस दौरान पूरा कस्बा भारत माता के जयकारा से गुंज उठा वही कस्बा में दुकानदार अपनी अपनी दुकान पर खड़ा होकर तिरंगा यात्रा का सम्मान किया कस्बा भ्रमण के पश्चात अजमतगढ़ खंड विकास पर तिरंगा यात्रा की समाप्ति हुई कस्बे में सभी लोग सैकड़ों की संख्या में तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। मुख्य रूप से जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडे, अजमतगढ़ चौकी इंचार्ज राजेश कुमार, सचिव सुरेंद्र,अमरजीतयकमलेश,प्रियंका,काजल सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाल कल्याण समिति द्वारा गुमशुदा बालिका को किया माता-पिता के सुपुर्द

एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अमेठी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल मौर्य ने बताया कि जनपद अमेठी की बालिका लगभग 7 माह पूर्व गुमशुदा खुशी बानो उम्र लगभग 17 वर्ष पुत्री जाकिर निवासिनी सरवनपुर तहसील अमेठी जनपद अमेठी बालिका चिल्ड्रन्स एण्ड सोसायटी मुम्बई निरीक्षण गृहध्बाल गृह उमरखाडी मुम्बई में पायी गयी। उन्होंने बताया कि उक्त बालिका का पता चलने पर अजय कुमार बाल संरक्षण अधिकारी के द्वारा निरन्तर मुम्बई पुलिस एवं संस्था से सम्पर्क कर बालिका को सुरक्षित जनपद अमेठी पहुँचाने का आग्रह किया गया तथा 11 अगस्त 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे बाल कल्याण समिति अमेठी के कार्यालय में संस्था द्वारा बालिका खुशी को प्रस्तुत किया गया। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि बाल कल्याण समिति द्वारा बालिका को उसके माता–पिता को उचित पालन–पोषण, शिक्षा–दीक्षा हेतु सुपुर्द कर दिया गया है, उक्त बालिका को देखते ही माता–पिता व परिजनों में खुशी की लहर दौड़ उठी व बालिका के माता–पिता द्वारा अजय कुमार संरक्षण अधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी का आभार व्यक्त किया है।

## भाजपा संगठन की महिलाओं ने पुलिस कर्मियों को बाधे रक्षा सूत्र

अयोध्या टाईम्स रिपोर्टर फुरसतगंज अमेठी। भाई बहन के प्यार का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन पे भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने थाना फुरसतगंज पहुंच कर सभी पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधे तथा मिठाईयां खिलाई ।जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यकारणी सदस्य पूनम पांडे, मंडल अध्यक्ष श्रीमती गीता तिवारी, जमालपुर रामपुर की सुश्री सरिता साहब ने थानाध्यक्ष मनोज सोनकर, उपनिरिक्षक विरेन्द्र पांडे , तथा सभी पुलिसकर्मियों को राखी बाधंकर, मिठाई खिलाई और ईश्वर से उज्जवल भविष्य की सभी के लिए कामनाएं की महिला मोर्चा की सदस्य पुनम पांडेय ने कहा कि पुलिस हमारी दिन रात सुरक्षा करती है दिन रात समाज सेवा में सजग प्रहरी की तरह हम लोगों के बीच खड़े रहते हैं ये हम लोगों के बीच अपना दुःख सुख व्यक्त करते हैं इस लिए ये सराहना के पात्र हैं वहीं पुलिस कर्मियों को उनकी निश्छल सेव के धन्यवाद ज्ञापित किया। वही दुसरी तरफ थाने में तैनात महिला कांस्टेबल सुप्रिया ने थाने में आये सभी नागरिको को राखी बाधंकर परस्पर सौहार्द का संदेश दिया। महिला कार्यकर्ताओं ने अमेठी सांसद स्मृति ईरानो को भी धन्यवाद ज्ञापित किया, पूनम पांडे ने कहा की हमारी सासंद स्मृति ईरानी दीदी जी की प्रेरणा से सदैव सभी पुलिसकर्मी सुख दुःख में सभी के बीच एक पैर पर खडे रहते हैं, अतः उनका सम्मान और कृतज्ञता का भाव प्रदर्शित करने के लिये यह आयोजन किया गया था।

## स्वतंत्रता दिवस के 75 वीं वर्षगांठ पर तिरंगा यात्रा पखवारा के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला तिरंगा पद यात्रा, सुरक्षा व्यवस्था में रही पुलिस तैनात



जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा, महराजगंज आजमगढ़। भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाठ पर सामाजिक, राजनैतिक, गैर सरकारी व सरकारी शिक्षण संस्थान सहित निजी प्रतिष्ठान आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है। इसी क्रम में आज सुबह में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा महराजगंज मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव की अगुआई में बुधवार को पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। देश राष्ट्रीय प्रतीक तिरंगा झंडा लिए सैकड़ो लोग इस यात्रा में भारत माता की जय के नारों के साथ भैरव बाबा स्थान से निकल कर बजरंग चौक, पुराना चौक, कोतवाली होते हुए सहदेवगंज तिराहा से नये चौक व भैरव बाबा से वापस नये चौक पर लगी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित लक्ष्मी कांत मिश्र की मूर्ति पर माल्यार्पण का समाप्त की गयी। इस पुरे पद यात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा पुलिस बल के साथ चलते रहे और तिरंगा यात्रा को सकुशल संपन्न होने तक भ्रमनशील रहकर निगरानी करते नजर आये द्यइस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष भूपेश मिश्र, सुनील जायसवाल, विपुल सिंह, तेजबहादुर सिंह पंकज मिश्र सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## श्री त्रयम्बकेश्वर आदर्श इंटर कालेज के बच्चों ने निकाली रैली



नन्द कुमार गुप्ता जिला संवाददाता (दैनिक अयोध्या टाइम्स) श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती के सिरसिया विकास खण्ड के श्री त्रयम्बकेश्वर आदर्श इंटर कॉलेज सिरसिया के बच्चों ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जागरूकता रैली निकाली। कालेज के प्रधानाध्यापक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत भारत सरकार द्वारा घर–घर तिरंगा अभियान चलाया गया है। रैली की शुरुआत स्कूल के प्रिंसिपल आशीष श्रीवास्तव द्वारा स्कूल परिसर से की गई। जो कि विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री त्रयम्बकेश्वर इंटर कालेज में समाप्त हुई। प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्कूल के बच्चों ने इस रैली के माध्यम से सरकार के 13 से 15 अगस्त तक घर–घर तिरंगा अभियान को लेकर लोगो को जागरूक किया गया। जिससे कि सभी लोग अपने घरों में तिरंगा लगाकर इस अभियान को सफल बना सकें। प्रधानाचार्य आशीष श्रीवास्तव ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह तिरंगा हमारी आन, बान और शान हैं। इसे हमेशा ऊंचा रखना है।इस मौके पर स्कूल के टीचर्स कमलेश पांडेय,काली प्रसाद पाठक, सिद्धनाथ कसौधन, जिया उलहक खान आदि मौजूद रहे।

## खण्ड विकास अधिकारी व ब्लॉक प्रमुख ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को किया रवाना



नन्द कुमार गुप्ता संदीप कुमार (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड सिरसिया मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी राम बरन व ब्लॉक प्रमुख अमित सिंह द्वारा पीआरडी जवानों को हरी झंडी दिखाकर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली को रवाना किया। जिसमें सैकड़ो पीआरडी के जवानों ने मोटरसाइकिल पर तिरंगा लगाकर रैली निकाली। रैली में पीआरडी जवानों ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर वंदेमातरम, जय हिन्द, जय भारत, भारत माता की जय आदि नारे लगाकर चल रहे थे। ब्लॉक प्रमुख अमित सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर भारतीय का कर्तव्य है कि वह हर घर पर तिरंगा फहरा कर अपने देश के प्रति अपने तिरंगे के प्रति सम्मान और प्रेम का इजहार करें। तिरंगा यात्रा के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता महिला की हुई मौत



नन्द कुमार गुप्ता जिला संवाददाता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। जनपद श्रावस्ती के थाना मल्हीपुर क्षेत्र के मुलायम पुरवा में बुधवार की शाम विवाहिता तरन्नुम बेगम पत्नी आजम खान उम्र 24 वर्ष ने पारिवारिक कलह के चलते घर के अंदर छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। भनक लगते ही परिवारी जनों ने तुरन्त ही फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल पहुचाया गया जहाँ पर पहुँचते ही उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे मायके वालो ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिनगा भेज दिया।

मृतक तरन्नुम बेगम के भाई कुतबुतदीन उर्फ कमाल ने ससुराली जनों पर आरोप लगाते हुए कहा की हैसियत के अनुसार 2 वर्ष पूर्व बहन की शादी की थी परंतु शादी के बाद से ससुराल के लोग मोटर सायकिल व नगदी की मांग करने लगे। हाल ही में मेरी बहन को अपने धर लाए थे जहां उसकी हत्या कर दी। इस सम्बंध में थाना मल्हीपुर प्रभारी हर्ष वर्धन सिंह ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने बाद कृत कार्यवाही की जाएगी।

## मार्ग दुर्घटना में पीआरडी जवान की इलाज के दौरान हुई मौत



नन्द कुमार गुप्ता जिला संवाददाता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स)। ड्यूटी कर वापस घर जाते समय रास्ते में जानवर से टकराकर बाइक सवार पीआरडी जवान छत्रपाल पुत्र बलदेव निवासी राजापुर पुरैना दूसरे हंसराज वर्मा पुत्र सुरेंद्र कुमार वर्मा निवासी हरबंशपुर जब्दी गंभीर रूप से हुए घायल। थाना क्षेत्र मल्हीपुर के मिर्जापुर नानपारा मार्ग मिर्जापुर चौराहे पर ड्यूटी करके घर के लिए वापस लौटते समय दर्जिन पुरवा गांव के पास अचानक जानवर के आ जाने से बाइक सवार अनियन्त्रित्र होकर सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे परिवार के लोगों ने जिला चिकित्सालय बहराइच में भर्ती किया। जहां इलाज के दौरान छत्र पाल की मौत हो गई जबकि हंस राज का इलाज हो रहा है। वही सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अतुल कुमार, ब्लॉक कमांडेंट बाबू राम पाठक ने जिला चिकित्सालय बहराइच पहुंचकर पीआरडी जवान का हाल चाल जाना और दुर्घटना में मौत हुई पीआरडी जवान के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

## रक्षाबंधन त्यौहार पर महिलाओं ने जमकर खरीदी राखी व मिठाईयां



अयोध्या टाइम्स रिपोटर मोहम्मद सद्दाम फुरसतगंज अमेठी। भाई बहन के अटूट विश्वास का त्योहार रक्षाबंधन पर बाजारो में जमकर भीड़ उमड़ी महिलाओं ने जमकर मिठाईयां व राखी खरीदी वहीं क्षेत्र में नहर कोठी , एफडीआई चौराहा , फुरसतगंज तथा अन्य बाजारों में त्यौहार के मौके पर जमकर भीड दिखी , दुकानदारो ने जमकर राखी व मिठाईयां बेची ।एक ओर राखी के दूकानदारो ने जहां पांच रुपए से लेकर पचास रुपए तक में राखियां बेची ।वहीं दूसरी तरफ नहरकोठी पर लगी मिठाई की दूकान के मालिक नागेश्वर सेठ ने बताया कि हमारी दूकान में सौ रुपए किलो से लेकर आठ सौ रुपए किलो तक की मिठाई उपलब्ध है तथा कहा की नहर कोठी चौराहे की सबसे पुरानी दुकान है ।

हम लोग हर वर्ष रक्षाबंधन पर विशेष तैयारी करके मिठाई की दुकान लगाते हैं जिससे ग्राहक जो मिठाई मांगे हम उसे उपलब्ध करा सके ईश्वर के आशिर्वाद से तीस से चालीस हजार रुपए तक हम इस त्यौहार पर बचा लेते हैं ।वहीं फुर्सतगंज बाजार के मसहूर मिठाई विक्रेता निन्नी ने बताया कि हमारी दुकान प्रतिदिन लगती है तथा रक्षाबंधन पे हम थोड़ा दुकान को बड़े पैमाने पर लगाते हैं तथा संतुष्ट जनक धंधा हो जाता है। वहीं रक्षाबंधन के अवसर पर क्षेत्र में विशेष चहल पहल दिखी तथा सुरक्षा की लिहाज से थाना प्रभारी मनोज सोनकर भी पूरे क्षेत्र में गस्त करते दिखे तथा हर चौराहौ पर पुलिस कर्मी मुस्तैदी से तैनात रहे।

## समजवादी पार्टी का सदस्यता अभियान पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा के दिशा निर्देश पर पूरे जोर-शोर से है जारी



जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा आजमगढ़। आजमगढ़ जनपद के जीयनपुर में बृहस्पति को सपा पार्टी कार्यालय पर पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा के नेतृत्व में समाजवादी सदस्यता भर्ती अभियान चलाया गया जिसमें सपा के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे पूर्वमन्त्री रामआसरे विश्वकर्मा ने सभी को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोगो को सपा के सक्रिय सदस्य बनने के लिए पुरे जोर शोर मैं निवेदन करता हूं कि आप लोग इस सदस्यता अभियान को जल्द से जल्द सकुशल सम्पन्न कराए ।

उन्होंने सपा के सभी नेताओं को अपने अपने बूथ पर कैम्प लगाकर सक्रिय सदस्य बनने का निर्देश दिया।विधानसभा के 415 बूथ पर एक एक सक्रिय सदस्य बनाने का भी दिया निर्देश। उन्होंने कहा कि दलितों व अति पिछडो को सदस्यता सदस्य बनाने हेतु विशेष आप लोग मुहीम चलाएं ।और सपा सदस्यता भर्ती अभियान के माध्यम से जन जन तक पहुंचने का कार्य करें।


मौके पर मौजूद सगड़ी के विधायक एच एन पटेल तथा जिलाध्यक्ष हवलदार यादव ने अभियान को गति देने पर बल दिया।पूर्वमन्त्री ने सदस्यता भर्ती के साथ साथ 1500 मतदाता के अनुसार पोलिंग बूथ के निर्धारण तथा 9अगस्त से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय तिरंगा झण्डा यात्रा निकालने व घर घर तिरंगा झण्डा लगाने का निर्देश का भी निर्देश दिया।

## भाजपा संगठन की महिलाओं ने पुलिस कर्मियों को बाधे रक्षा सूत्र

अयोध्या टाइम्स रिपोर्टर फुरसतगंज अमेठी। भाई बहन के प्यार का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन पे भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने थाना फुरसतगंज पहुंच कर सभी पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधे तथा मिठाईयां खिलाई ।जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यकारणी सदस्य पूनम पांडे, मंडल अध्यक्ष श्रीमती गीता तिवारी, जमालपुर रामपुर की सुश्री सरिता साहब ने थानाध्यक्ष मनोज सोनकर, उपनिरिक्षक विरेन्द्र पांडे , तथा सभी पुलिसकर्मियों को राखी बाधंकर, मिठाई खिलाई और ईश्वर से उज्जवल भविष्य की सभी के लिए कामनाएं की महिला मोर्चा की सदस्य पुनम पांडेय ने कहा कि पुलिस हमारी दिन रात सुरक्षा करती है दिन रात समाज सेवा में सजग प्रहरी की तरह हम लोगों के बीच खड़े रहते हैं ये हम लोगों के बीच अपना दुःख सुख व्यक्त करते हैं इस लिए ये सराहना के पात्र हैं वहीं पुलिस कर्मियों को उनकी निश्छल सेव के धन्यवाद ज्ञापित किया। वही दुसरी तरफ थाने में तैनात महिला कांस्टेबल सुप्रिया ने थाने में आये सभी नागरिको को राखी बाधंकर परस्पर सौहार्द का संदेश दिया,।

महिला कार्यकर्ताओं ने अमेठी सांसद स्मृति ईरानो को भी धन्यवाद ज्ञापित किया, पूनम पांडे ने कहा की हमारी सासंद स्मृति ईरानी दीदी जी की प्रेरणा से सदैव सभी पुलिसकर्मी सुख दुःख में सभी के बीच एक पैर पर खडे रहते हैं, अतः उनका सम्मान और कृतज्ञता का भाव प्रदर्शित करने के लिये यह आयोजन किया गया था।

## भैरव धाम मंदिर परिसर पर स्थित पोखरे में डूबने से युवक की हुई मौत





जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा महराजगंज आजमगढ़। आजमगढ़ जनपद के महराजगंज थाना क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध भैरव धाम मंदिर के पोखरे में एक युवक की नहाते हुए डूबने के मौत हो गयी बतादें कि भैरव धाम में आज पूर्णिमा के अवसर में हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी मेला लगा हुआ है। जिसमे दूर दूर से लोग बाबा के दर्शन के लिए आते है और धाम के पोखरे में स्नान कर दर्शन आदि कर्म करते है मिली जानकारी के अनुसार ग्राम आँखापुर थाना कंधारापुर निवासी उदयभान यादव अपनी पत्नी किरन यादव अपने दो मासूम बच्चे के साथ भैरव धाम में दर्शन के लिए आया था जहाँ दर्शन से पहले धाम के पोखरे में स्नान करने के लिए गया और गहराई का अंदाजा न होने से गहरे पानी में चला गया जिससे वह डूब गया उसकी पत्नी किरन को जब वह पानी में कहीं नजर नहीं आया तो वह शोर मचाते हुए भैरव बाबा प्रबंधन समिति के कार्यालय को घटना की जानकारी देते हुए मदद की गुहार लगायी। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश यादव ने तत्काल पुलिस को सूचना देते हुए आनन फानन में स्थानीय तैराकों को पोखरे में उतार दिया और पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी कमलकान्त वर्मा ने पोखरे के चारों ओर पुलिस बल तैनात कर तलाशी तेज करते हुए कुछ और स्थानीय तैराकों को पोखरे में उतारा लगभग दो घंटे के अथक तलाशी के बाद युवक को गहरे पानी से निकाला जा सका द्यथाना प्रभारी ने सूचना पर पहुंचे युवक के परिजन व पुलिस कर्मी के साथ उसे तत्काल पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज भेजा जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया द्यजहाँ मृतक की पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है तो वहीँ दो मासूम बच्चे जिनकी उम्र लगभग 3 वर्ष व 5 वर्ष है जीवन मरण के नियम से अनजान अपने माँ से लिपट रहे द्यपुलिस ने शव को कब्जे ले विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## स्कूली बच्चों ने तिरंगा झंडा लेकर निकाली रैली

- हर घर तिरंगा अभियान के लिये किया जागरुक

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अयोध्या टाईम्स अमेठी। जगदीशपुर विकास खंड के अंतर्गत न्याय पंचायत माहेमऊ के टांडा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने तिरंगा रैली निकाली है। हर घर तिरंगा के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई इस रैली को बच्चों ने सार्थक भी किया है।सुबह प्राथमिक विद्यालय टांडा से शुरू हुई तिरंगा रैली में छोटे छोटे बच्चों ने राष्ट्र ध्वज के लिए बड़े बुजुर्गों को संदेश दिया है।

तिरंगा मेरी शान है,और झंडा गीत गाते बच्चों ने हर घर में तिरंगा फहराने की अपील की है।रैली में साथ चल रहे शिक्षक और अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तो जोश से लबरेज बच्चों ने पूरे क्षेत्र की हर गली,चौराहों को नाप डाला। रैली को नीम हुसैन ने तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली का समापन प्रधानाचार्य द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ है।इस मौके पर शिक्षक सारिक नईम शिक्षामित्र अर्चना विश्वकर्मा,सुमन यादव, रसोईया रामावती,सीतापती वा



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंद्रावती सहित ग्रामीण के लोग मौजूद रहे।

## भाजपा संगठन की महिलाओं ने पुलिस कर्मियों को बाधे रक्षा सूत्र

अयोध्या टाईम्स रिपोर्टर फुरसतगंज अमेठी। भाई बहन के प्यार का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन पे भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने थाना फुरसतगंज पहुंच कर सभी पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधे तथा मिठाईयां खिलाई ।जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यकारणी सदस्य पूनम पांडे, मंडल अध्यक्ष श्रीमती गीता तिवारी, जमालपुर रामपुर की सुश्री सरिता साहब ने थानाध्यक्ष मनोज सोनकर, उपनिरिक्षक विरेन्द्र पांडे , तथा सभी पुलिसकर्मियों को राखी बाधंकर, मिठाई खिलाई और ईश्वर से



उज्जवल भविष्य की सभी के लिए कामनाएं की महिला मोर्चा की सदस्य पुनम पांडेय ने कहा कि पुलिस हमारी दिन रात सुरक्षा करती है दिन रात समाज सेवा में सजग प्रहरी की तरह हम लोगों के बीच खड़े रहते हैं ये हम लोगों के बीच अपना दुःख सुख व्यक्त करते हैं इस लिए ये सराहना के पात्र हैं वहीं पुलिस कर्मियों को उनकी निश्छल सेव के धन्यवाद ज्ञापित किया। वही दुसरी तरफ थाने में तैनात महिला कांस्टेबल सुप्रिया ने थाने में आये सभी नागरिको को राखी बाधंकर परस्पर सौहार्द का संदेश दिया,।

महिला कार्यकर्ताओं ने अमेठी सांसद स्मृति ईरानो को भी धन्यवाद ज्ञापित किया, पूनम पांडे ने कहा की हमारी सासंद स्मृति ईरानी दीदी जी की प्रेरणा से सदैव सभी पुलिसकर्मी सुख दुःख में सभी के बीच एक पैर पर खडे रहते हैं, अतः उनका सम्मान और कृतज्ञता का भाव प्रदर्शित करने के लिये यह आयोजन किया गया था।

## भाई को राखी बांधने जा रही महिला की दुर्घटना में मौत परिवार में कोहराम

- आमने सामने बाइक की भिड़ंत एक की मौत दो गंभीर रूप से घायल

अयोध्या टाइम्स संवाददाता सगड़ी आजमगढ़

सगड़ी,आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जीयनपुर भी बिलरियागंज मार्ग पर चुंनहवा से आगे आमने सामने दो बाइक में भिड़ंत हो गई जिसमें एक महिला की मौत हो गई वही दो को गंभीर रुप से चोट आई जिसको 108 नंबर एंबुलेंस जिला पताल में भर्ती कराया गया वही जीयनपुर पुलिस में शौक कब से में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा । सविता पत्नी बगेदू पासवान उम्र 42 वर्ष निवासी धनछुला नई बस्ती अपने भांजा विनोद और उसकी माता बच्ची देवी निवासी पाती जो धन छुला गांव में अपने भाई को राखी बांधने आई हुई थी के साथ अपने इकलौते भाई सुरेंद्र को राखी बांधने के लिए उसकी घर गौरी जा रही थी कि रास्ते में चुनहवा से आगे बढ़ते ही भी बिलरियागंज की तरफ से आ रहे बाइक से आमने सामने बाइक की भिड़ंत गुरुवार के दिन में 1:00 बजे हो गई जिसमें मौके पर ही सविता देवी की मौत हो गई वही विनोद व बच्ची देवी गंभीर रुप से घायल हो गए ।

जिसे स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए भेजा व सूचना पर पहुंची जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया वही उनके पति बगेदू की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए आजमगढ़ जिला अस्पताल भेज दिया। मृत का सविता देवी के पास 4 बच्चे हैं जिनमें सबसे बड़ा अमित 16 साल, रंजना उम्र 14 साल राजन उम्र 11 साल वही सबसे छोटी संजना उम्र 8 साल है। मृतक के पति बागी 2 मजदूरी करते हैं वहीं मृतका घर पर गृहणी का कार्य करती थी जो अपने इकलौते भाई को राखी बांधने के लिए गौरी जा रही थी सूचना पर पूरे परिवार व गांव में कोहराम मच गया।

# एमजी रोड़ पर निकली तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। हजारों हाथों में देश की आन बान शान का प्रतीक तिरंगा थामे लोग जब एम जी रोड़ पर एकसाथ कदमताल करते हुए निकले तो ऐसा लगा मानो पूरा शहर आज ही आजादी का दिवस मनाने निकल आया हो। मौका था आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आगरा नगर निगम द्वारा निकाली गयी तिरंगा पदयात्रा का। महापौर नवीन जैन के नेतृत्व में सेंट जोंस चौराहा से दीवानी चौराहा होते हुए नगर निगम प्रांगण तक यह यात्रा निकाली गयी। यात्रा में पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक डॉ जी एस धर्मेश, विधायक धर्मपाल सिंह, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, महानगर अध्यक्ष भानु महाजन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। देशभक्ति गीतों की धूम के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोगों में एक अलग ही जोश दिखाई दे रहा था। तिरंगा यात्रा में तमाम जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी, पार्षदों और उनके साथ आये समर्थकों का समूह, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग, एनसीसी कैडेट्स और प्रबुद्धजनों के अलावा सैकड़ों की संख्या में ऐसे युवा भी शामिल हुए जिनमें तिरंगा और अपने देश के प्रति सम्मान की भावना थी। तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोग जोर–शोर से देश भक्ति के नारे लगा रहे थे। पूरा एमजी रोड़ ३भारत माता की जय३, ३वंदे मातरम३ के नारों से गूंज रहा था। जगह–जगह तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से आगरा शहर को पीएम मोदी जी और सीएम योगी जी की प्रेरणा से 13 अगस्त से शुरू होने वाले ३हर घर तिरंगा३ अभियान के प्रति भी जागरूक किया गया। नगर निगम प्रांगण में तिरंगा यात्रा के पहुंचने के बाद महापौर नवीन जैन द्वारा मंचस्थ सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत सम्मान किया गया। इसके बाद उद्‌बोधन कार्यक्रम शुरू हुआ। उद्‌बोधन देते हुए महापौर नवीन जैन ने तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत इस तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। वास्तव में मोदी सरकार में सही मायने में देश की आजादी का जश्न मना रहे हैं और इस देश को आजाद होने में अपना योगदान देने वाले सभी महापुरुषों और वीर जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि दे रहे हैं।



महापौर नवीन जैन ने कहा कि हमें आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को तो सफल बनाना ही है लेकिन साथ ही इस समाज, शहर और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन भी करना है। महापौर ने कहा कि हम अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाकर, वृक्षारोपण करके, अतिक्रमण न करते हुए और यातायात के नियमों का पालन करते हुए भी राष्ट्र धर्म निभा सकते हैं। हमारी सेना अपनी जान की परवाह न करते हुए देश की सीमा की सुरक्षा कर रही है लेकिन अपने देश, प्रदेश और शहर के अंदर रहकर हम किस तरह से समाज व राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं इसे हमें ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में महानगर महामंत्री यादवेंद्र शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डीवी शर्मा, दैनिक जागरण के संपादक उमेश शुक्ला, अनिल चौधरी, भोज कुमार शर्मा, ब्रज किशोर अग्रवाल, पार्षद मोहन सिंह लोधी, पार्षद प्रदीप अग्रवाल, पार्षद राकेश जैन, पार्षद अमित अग्रवाल, पार्षद सविता अग्रवाल, पार्षद हरि कुमारी, पार्षद जगदीश पचौरी, पार्षद जितेंद्र सिंह, पार्षद अनुराग चतुर्वेदी, पार्षद शरद चौहान, पार्षद आशीष पाराशर, पार्षद अमित दिवाकर, पार्षद संजय राय, पार्षद रवि शर्मा, पार्षद सुषमा जैन, पार्षद जे डी शर्मा, पार्षद श्रवण कश्यप, पार्षद मंजुला सिंह, अनिल सारस्वत, रवि सारस्वत, पवन भदोरिया, गोविंद पाराशर, व्यापारी नेता टी एन अग्रवाल, शैलू पंडित, अंकित कक्कड़, नागेश शर्मा, पंकज अग्रवाल, अनिरुद्ध भदौरिया, प्रवीन जैन, गौरव जैन, दीपिका मित्तल सीए, दीपक माहेश्वरी सीए, मुरारी प्रसाद अग्रवाल, जितेंद्र सविता, रघु पंडित, मुकेश सोलंकी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रीनेश मित्तल ने किया।

# पेड़-पौधों को राखी बांध लिया रक्षा का संकल्प

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। श्री बांके बिहारी वेलफेयर सोसाइटी ने रक्षा बंधन के मौके पर गुरुवार को भगवान परशुराम चौक, लीलावती हॉस्पिटल, आवास विकास में पेड़–पौधों को रक्षा सूत्र बांधा और इनको बचाने का संकल्प लिया। इसके अलावा सेंट्रल पार्क आवास विकास ग्रीन बेल्ट के वृक्षों को भी राखी बांधी गई। इस मौके पर सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष पर्यावरणविद डॉ मदन मोहन शर्मा ने बताया कि भाईयों को राखी बांधने से पहले प्राचीन काल में वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बंधन मनाने की परंपरा रही है।सोसाइटी और उससे जुड़े लोग हर साल उसी परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि जिस तरह से हरियाली घटती जा रही है और कंकरीट का जंगल खड़ा होता जा रहा है उससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है इसलिए जरूरत है कि पेड़ पौधों को बचाया और पर्यावरण संतुलन बनाकर रखा जाए। डॉ मदन मोहन शर्मा ने उम्मीद जताई की जो टीम उनके साथ मौजूद है वह पेड़ों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। इस अवसर पर मौजूद और उनकी टीम ने पेड़ों को बचाने के लिए संकल्प लिया

प्राचीन कैलाश मंदिर महंत गौरव गिरी ने कहा कि सभी धर्मो में आदिकाल से प्रकृति पूजा के रूप में पेड़–पौधों को पूजे जाने की परंपरा रही है.वर्तमान समय में भी गांव के बड़े बूढ़े–बुजुर्ग सभी लोगों को पेड़ पौधे लगाकर प्रकृति को सुरक्षित



रखने को प्रोत्साहित करते रहते हैं। डॉ योगेश बिंदल,डॉ अलका बिंदल अंतरराष्ट्रीय कलाकार अलका सिंह ने बताया पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधा,कहा वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने में सबसे बड़ा योगदान पेड़ पौधों का है. इस मौके पर प्रमुख रूप से महंत गौरव गिरी, डॉ मदन मोहन शर्मा, डॉ योगेश बिंदल, डॉ अलका बिंदल, डॉ मधुर चौहान, नितेश शर्मा, नकुल सारस्वत, अमित सारस्वत पंकज गुप्ता, दीपक सारस्वत, अभिषेक, रामानुज मिश्रा लालाराम तैनगुरिया आदि भी इस रक्षासूत्र कार्यक्रम का हिस्सा बने।

# नंदोत्सव में भक्तिमय हुआ माहौल

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। कमला नगर स्थित शुभ मंगल बैंकट हॉल पर भारत विकास परिषद उड़ान शाखा की ओर से नंदोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ



प्रभारी नवनीत गर्ग, बबिता गर्ग, पूजा मित्तल, ऋचा गर्ग, साधना मित्तल और अंशुल गुप्ता ने बाँके बिहारी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश मित्तल ने बताया कि नंदोत्सव में बाल कृष्ण–राधा स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता, कृष्ण लीला प्रतियोगिता, सुदामा चरित, बेस्ट कपल, राधा–कृष्ण महारास व मटकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्ष रूपल गोयल ने कहा कि नन्हे–मुन्हे बाल गोपालो ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। सबसे आकर्षक जोड़ी आशीष मित्तल व रिंकी मित्तल को चुना गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वंदना अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, तपन अग्रवाल, उमेश खन्ना, अवधेश गोयल, जगदीश मित्तल, विजित गुप्ता, रोहन अग्रवाल, अजय गर्ग, वेद प्रकाश आर्य, पारुल गर्ग, गौरी शंकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा की महिला सदस्यों ने पुलिसकर्मियों की कलाई पर बांधी राखी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता ईशू चेनानी अछनेरा। अछनेरा थाना परिसर में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महिला सदस्यों ने पुलिस कर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर पुलिसकर्मियों को क्षेत्र की सभी महिलाओं की रक्षा करने की शपथ ग्रहण कराई इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री शिवानी चौधरी ने भी थाना प्रभारी को राखी बांधकर पुलिसकर्मियों का स्वागत किया। आपको बता दें कि शासन के निर्देशानुसार आज गुरुवार को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महिला सदस्यों ने थाना अछनेरा के सभी पुलिस कर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर तिलक लगाने की रस्म अदा की सभी पुलिसकर्मियों को मिठाई भी खिलाई थाना प्रभारी निरीक्षक अनुराग शर्मा ने बताया कि रक्षाबंधन के पावनपर्व पर सभी बहनों ने पुलिसकर्मियों को राखी बांधी है हमें बड़ा अच्छा लगा है हम भगवान से सभी बहनों की लम्बी आयु की कामना करते हैं। साथ ही बहनों की संकट में हम हर सम्भव मदद करने का संकल्प लेते हैं इस दौरान भाई बहिन के अटूट प्यार और स्नेह के का महापावन पर्व आज थाना अछनेरा में देखने को मिला भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवम राज्यसभा सांसद श्री मती गीता शाक्य का कहना है कि रक्षाबंधन के इस महापावन पर्व को पूरा देश बड़े ही धूमधाम से मनाता चला आ रहा है लेकिन इस बार शासन के आदेशानुसार क्षेत्र के सभी थानों में पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर बड़ा ही आनन्द प्राप्त हो रहा है इस दौरान पुलिस कर्मियों ने भी महिला मोर्चा की सभी महिला सदस्यों का जोरदार स्वागत किया मण्डल अध्यक्ष नीतू रावत ने बताया कि



महिला मोर्चा की सदस्यों के साथ साथ सभी बहनों को इसी प्रकार ये पावनपर्व बड़े ही उल्लासपूर्ण मनाना चाहिए। महिला मोर्चा की जिला महामन्त्री शिवानी चौधरी ने भी सभी पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर इस कार्यक्रम में चारचांद लगा दिए पुलिस कर्मियों ने भी अपनी बहिनो की रक्षा करने का संकल्प लिया भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सभी सदस्यों ने भगवान से पुलिसकर्मियों लम्बी आयु की कामना की है। इस दौरान थाना प्रभारी अनुराग शर्मा, जिला महामंत्रीशिवानी चौधरी,नीतू रावत, महिलामोर्चा मीडिया प्रभारी तुलसीदेवी चेनानी, दीपा शर्मा, विनीता,अरुणा सभरवाल, अनुराधा मित्तल, ममता बंसल, निर्मला शर्मा, मायादेवी, शीतल राजोरिया, अमरराणा, सन्दीपकुमार,जितेन्द्र कुमार, चिन्तानन्द प्रकाश, निहालसोनी, दीपक कुमार और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी विशेष जहाँ श्री कृष्ण हैं, वहीं अचल नीति है

☒ श्री आशुतोष महाराज जी संस्थापक एवं संचालक, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान।

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। श्री कृष्ण क्या थे? कौन थे? किस उपमा से अभिवंदित करें हम उन्हें? वृंदावन की निकुंज गलियों के छबीले गोपालक! मनहरण सुर–लहरियाँ छेड़ने वाले बंसी–बजैय्या! अधर्मी कंस, शिशुपाल आदि के प्राणहर्त्ता यदुवीर! युगांतरकारी महाभारत युद्ध के एकल नियंता! कुटिलता के विरुद्ध चतुर दाँव–पेंच खेलने वाले कुशल राजनीतिज्ञ! एक क्रांति–विधायक युगपुरुष! तत्त्व–ज्ञान की परम–निर्झरणी गीता के अपूर्व स्रोत! क्या कहें हम उन्हें? यदि उत्तरस्वरूप इनमें से किसी एक गुण को चुनते हैं, तो इस अलौकिक पुरुष के महनीय तथा उदात्त व्यक्तित्व के प्रति घोर अन्याय होता है। कारण कि इनका व्यक्तित्व ऐसा



संगम था, जहाँ ये समस्त गुण–धाराएँ आ मिली थीं। बंकिम के अनुसार श्री कृष्ण में हम ज्ञानार्जनी, कार्यकारिणी और लोकरंजनी– तीनों प्रकार की प्रवृत्तियों का एक साथ अवलोकन कर सकते हैं। उनमें प्रेम की रस माधुरी भी थी और वैराग्य की दीप्त ज्वाला भी। कहीं उन्होंने भक्ति की भावभीनी सुरभि बिखेरी, कहीं सनातन धर्म की महामहिम गरिमा प्रतिष्ठित की। कहीं भावरस के सरोवर में क्रीड़ाएँ कीं, कहीं हिंसा के ठेठ दावानल में मुस्कुराते हुए उतर गए। ऐसा सर्वरंगी था उनका लीलामयी जीवन और हर रंग में था उनकी सम्पूर्णता का दर्शन! अतैव इस महाविभूति का महिमागान करते हुए महर्षि व्यास सारांशतः कह उठे– 'कृष्णस्तु भगवान स्वयम्'– श्री कृष्ण पूर्ण भगवान हैं। 16 कलाओं से युक्त सर्वांशिक अवतार हैं। परात्पर सच्चिदानंद स्वरूप ब्रह्म का साक्षात प्रतिबिम्ब हैं। किन्तु विडम्बनीय तथ्य यह है कि आर्यावर्त्त, जो इस पूर्णावतार की लीला–स्थली रही, उसी की कुछ विद्वत संतानें इसे मुक्त हृदय से स्वीकार नहीं कर पाईं। उनके अनुसार श्री कृष्ण भगवान नहीं, एक विवादास्पद इतिहास–पुरुष थे। यही नहीं उनके अनुसार, कृष्ण एक कुटिल राजनीतिज्ञ भी थे। उन्होंने महाभारत सदृश रक्तिम युद्ध को अवरुद्ध करने की अपेक्षा संचालित किया। संचालित भी कैसे? कुचालें चलकर! अनैतिक व अवैध रूप से! आइए इसी प्रज्ञा–दीप के प्रकाश में हम श्री कृष्ण की कुछ विवादास्पद लीलाओं का निरीक्षण करें।

श्री कृष्ण ने युद्ध अवरुद्ध क्यों नहीं किया? यदि श्री कृष्ण जगदीश्वर थे, तो सर्वसमर्थ भी थे। सर्वशक्तिशाली भी थे। इच्छा मात्र से युगांतरकारी परिवर्तन ला सकते थे। फिर उन्होंने महाभारत का प्रलयकारी, महाविनाशक युद्ध रोधित क्यों नहीं किया? ये संदेहास्पद प्रश्न जन–जन के हृदयों में पैठे हुए हैं। किन्तु ये संशय भी हमारी अल्पज्ञता के ही द्योतक हैं। निःसन्देह वह परम–सामर्थ्यवान है। किन्तु यह उसका उदार नियम है कि वह अपनी रचना, मानव को कर्म–संपादन की पूर्ण स्वतंत्रता देती है। उसके कर्म–क्षेत्र में किंचित भी हस्तक्षेप नहीं करती। हाँ, कर्म को सकारात्मक दिशा देने हेतु उसे प्रेरित जरूर करती है। सो श्री कृष्ण ने पग–पग पर यथाशक्य किया। युद्ध अवरोधन के क्रम में भी उन्होंने अपनी इसी आदर्श परिपाटी का अनुपालन किया। किन्तु जब दुर्योधन अपने कर्म–स्वातंत्र्य का दुरुपयोग करने पर उतारू ही रहा, उसने श्री कृष्ण के सभी शांति–प्रस्तावों को ठुकरा दिया, तब विवश होकर धर्म–संरक्षक भगवान को महाविध्वंसकारी युद्ध का शंखनाद करना पड़ा। श्री कृष्ण ने कूटनीति द्वारा शत्रु हनन क्यों करवाया?

यह इस द्वापर युगीन अवतार के विरुद्ध एक ज्वलंत आक्षेप है। जब श्री कृष्ण धर्म के संरक्षक थे, फिर उन्होंने जरासंध, गुरु द्रोणाचार्य, भीष्म पितामह आदि योद्धाओं को अधार्मिक व अवैध विधियों से क्यों मरवाया? श्री कृष्ण ने क्यों भीमसेन से इस नियम की उल्लंघना करा उसे दुर्योधन वध करने हेतु दुष्प्रेरित किया? ऐसे ही प्रतिवादी प्रश्न कर्ण ने उठाए थे। घटनाक्रम तब का है, जब समरांगण में उसका रथ दलदल में जा धंसा था। श्री कृष्ण अर्जुन को शर–संधान कर उसका शिरोच्छेदन करने के लिए उत्तेजित कर रहे थे। प्रत्युत्तर में श्री कृष्ण ने जो कहा, वह मार्के का है। श्री कृष्ण के उन वक्तव्यों पर सम्यक विचार कीजिए। उनसे उनके युद्ध–दर्शन का स्मित बोध होगा। वह यह कि– 'शठे शाठयं समाचरेत'– Tit for Tat – जैसे को तैसा। यही उनकी युद्ध–सम्बन्धी प्रणाली थी। इसे किसी भी कोणानुसार 'कूटनीति' कहना यथोचित न होगा। न ही इसे 'कोरी राजनीति' की संज्ञा देना उपयुक्त है।

कारण कि कूटनीति अथवा राजनीति में प्रणालियाँ स्वार्थ–सिद्धि के लिए गठित की जाती हैं। किन्तु श्री कृष्ण की युद्ध पद्धति मात्र लोक–कल्याण पर एकलक्षित थी। उसका मात्र एक हेतु था– 'धर्म–संस्थापना!' 'सत्य–प्रतिष्ठापना!' इस व्यापक धर्म की संस्थापनार्थ जो कोई भी साधन अपनाया जाए, वह परम शुभ्र व सत्यस्वरूप बन जाता है। फिर चाहे स्थूल दृष्टि से वह निरादर्श अधार्मिक हथकंडा ही क्यों न प्रतीत हो! चाहे कितना ही कूट या छल–छद्मपूर्ण जान पड़े!

महाभारताकार महर्षि वेद व्यास ने युद्ध के आरंभिक काल में लिखा था– जहाँ सत्य है, धर्म है, लज्जा एवं सरलता है, वहीं पर गोविंद श्री कृष्ण हैं। किन्तु युद्ध के समापन पर आते–आते वे श्री कृष्ण की युद्ध–नीतियों से इतने प्रभावित हुए कि मुक्त कंठ से कह उठे– 'यत्र योगेश्वररू कृष्णो.. तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम' अर्थात जहाँ योगेश्वर श्री कृष्ण हैं, वहीं पर श्री विजय है। वहीं विभूति और अचल नीति है, ऐसा मेरा मत है। अतः कृष्ण आलोचकों और प्रेमियों, आप सभी पूर्ण गुरु द्वारा दीक्षित होकर कृष्ण तत्त्व का अन्तर्बोध करें। तभी उन युगावतार प्रभु और उनकी लीलाओं में निहित तात्विक रहस्यों को जान पाएँगे। तभी उनके प्रति शाश्वत प्रेम व श्रद्धा प्रस्फुटित होगी। तभी समस्त संशय व अंतर्विरोध शून्य में विलीन होंगे। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सभी पाठकों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ। संस्थान द्वारा दिल्ली स्तिथ डीडीए ग्राउंड, सेक्टर 10, द्वारका में 18 और 19 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जहाँ पर भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं सहित आध्यात्मिक संदेशों को नृत्य–नाटिका, प्रवचनों, भजनों के माध्यम से सभी श्रधालुओं के समक्ष रखा जाएगा। सभी इस दिव्य कार्यक्रम में आमंत्रित है, अधिक जानकारी हेतु आप संस्थान की वेबसाइट पर विजिट कर सकते है।

# एन सी सी कैडेट्स ने नगर पंचायत दयालबाग के तत्वावधान में निकाली विशेष प्रभात रैली

☒ तिरंगे सम्मान, देश की आन, बान और शान

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आजादी का अमृत महोत्सव, आजादी के स्वर्णिम ७५ वर्ष, के अंतर्गत चलाये जा रहे हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत दयालबाग और दयालबाग शिक्षण संस्थान की विभिन्न एन सी सी इकाइयों ने संयुक्त रूप से प्रभातफेरी का सफल आयोजन किया। प्रभातफेरी का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक जन मानस को राष्ट्रव्यापी मुहिम हर घर तिरंगा के लिये प्रोत्साहित करना था। कैडेट्स को संबोधित करते हुये श्रीमती गुरप्यारी मेहरा, अध्यक्षा नगर पंचायत दयालबाग ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस मुहिम में जोड़ने का आह्वान किया और झंडे को फहराने के साथ साथ उसके उचित निस्तारण पर भी जोर दिया। प्रभातफेरी के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स व नगर पंचायत के सदस्यों के साथ साथ सरन आश्रम स्कूल के नन्ने मुन्ने विद्यार्थियों ने अपने अध्यापिकाओं के संरक्षण में अपने हाथ में झंडा लेकर दयालबाग नगर पंचायत से दयालबाग शिक्षण संस्थान तक राहगीरों को हर घर तिरंगा अभियान में सम्मिलित होने का आह्वान किया और तिरंगा वितरण भी किया। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में एक राष्ट्र के रूप में ध्वज को सामूहिक रूप से घर लाना न केवल तिरंगे से व्यक्तिगत संबंध का एक कार्य बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बन जाता है। देश भर के स्कूलध्कॉलेज और विश्वविद्यालय स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान हर घर झंडा कार्यक्रम के बारे में जागरूकता फैलाने और परिवारों को राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) फहराने के लिए प्रेरित करने में एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

इस कार्यक्रम में डी ई आई टेक्निकल कॉलेज, आर ई आई इंटरमीडिएट कॉलेज व डी ई आई प्रेम विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने बड़े उत्साह के साथ भागीदारी दी। एनसीसी कैडेट्स ने अलग–अलग जगहों पर रुक कर लोगों को हर घर तिरंगा अभियान में जुड़ने के लिए स्वरचित नारों से उत्साहवर्धन किया इस रैली में १३० से अधिक कैडेट्स ने



बढ़–चढ़कर भागीदारी दीद्य इस कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए चीफ ऑफिसर लोकेंद्र सिंह, कैप्टन सूरत प्यारी, कैप्टन ए के द्विवेदी, लेफ्टिनेंट मनीष कुमार ने रैली का कुशल नेतृत्व कियाद्य इस कार्यक्रम में एल्यूमिनी कैडेट रजत सिंह परिहार, खुशबू मेहरोत्रा, सीनियर अंडर ऑफिसर उदयवीर रघुवंशी, अंडर ऑफिसर जितेंद्र सिंह ढाकरे, तुषार उपाध्याय, अनिल रावत, शिवकांत,कैडेट अभय दीप राजोरिया, सुनील, जय सिंह, आदर्श कुमार अहम भूमिका निभाई।

# हमें संस्कारित करती है देववाणी संस्कृत : डॉ विजय श्रीवास्तव

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। कॉलेज में संस्कृत विभाग की ओर से संस्कृत दिवस के अवसर पर संस्कृत महोत्सव का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुराग शुक्ल की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में आरबीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय कुमार श्रीवास्तव ने अपने ज्ञानवर्धक वक्तव्य से उपस्थित विद्‌तजनों तथा विद्यार्थियों को अभिभूत कर दिया। उन्होंने श्रीमद्‌भागवत गीता के तालिक दर्शन द्वारा कर्म योग के रहस्य को समझाया। उन्होंने कहा ष्संस्कृत भाषा देववाणी है। यह हमें संस्कारित करती है। जीवन की हर परिस्थिति में दिशा निर्देशित करती है। जहां तक रोजगार का प्रश्न है, उच्च पदों पर आसीन अधिकारियों का जीवन व उनकी शिक्षा संस्कृतमय है। प्रमाण के लिए आगरा नगर के दोनों बड़े महाविद्यालय के प्राचार्य संस्कृत से ही संबंधित हैं।ष

विशिष्ट अतिथि के रूप में सेंट जॉन्स कॉलेज की संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ मधुलता शर्मा ने अपनी सहज व सरल भाषा में संस्कृत भाषा का आधुनिक रूप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा गीत,गजल, कजरी, संगीत की ऐसी कौन–सी विधा है, जो संस्कृत भाषा में लिखी जा रही है। वक्ता अतिथि के रुप में बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय की संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ रेखा सिंह ने अपना अनुभव साझा करते हुए आधुनिक समय में संस्कृत की स्थिति पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता करते हुए आगरा कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुराग शुक्ला ने संस्कृत भाषा की महत्ता, आवश्यकता तथा जीवन में उसकी प्रमुखता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से कहा कि आपकी कक्षा में उपस्थिति आवश्यक है।




व्यक्तित्व को प्रकाशित करने के लिए अनुशासित होना अति आवश्यक है। महाविद्यालय के मुख्य प्रानुशासक डॉ अमित अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का संचालन डॉ कमलेश शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ रुचि पांडे ने किया। कार्यक्रम में डॉ सुनीता रानी, डॉ केपी तिवारी, डॉ राजीव द्विबेदी, डॉ उमेश शुक्ला और मनीष गौतम की गरिमामय उपस्थिति रही।

# संक्षिप्त समाचार

## समर्पण ने हरीपर्वत चौराहा पर वितरित किये तिरंगे

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा । भारत विकास परिषद समर्पण शाखा की ओर से आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हरीपर्वत चौराहा पर झंडा वितरण कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि



समाजसेवी बबीता चौहान, पार्षद संजय राय और ब्रजप्रांत अध्यक्ष प्रमोद सिंघल ने पहला झंडा दे कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम प्रभारी रोहित गर्ग और सोनिया गर्ग ने बताया कि संस्था के सदस्यों द्वारा अपने आसपास रह रहे गरीबो के घर 13 और 14 अगस्त को झंडा वितरित भी किया जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य आनंद शंकर शर्मा, उप जिला चेयरमैन अखिलेश भटनागर, अध्यक्ष संजीव दौनेरिया, सचिव नितिन गोयल, कोषाध्यक्ष समीर जैन, संगम सिंघल, देवेंद्र मंडला, अनुराग शिवहरे, मनीष शर्मा, अर्पिता शर्मा, लवली जैन, निशी दौनेरिया, प्रियंका मनचंदा, अनुभव अग्रवाल, दीपेश जैन आदि मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगे के लिए संपर्क ने पालीवाल पार्क में झंडा वितरण

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में भारत विकास परिषद संपर्क शाखा की ओर से हर घर तिरंगा लहराने के लिए लोगों को जागरूक करने का अभियान पालीवाल पार्क संस्था के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम खंडेलवाल, विशिष्ट



अतिथि प्रमोद सिंघल, वीरेंद्र सिंघल एवं अंबा प्रसाद गर्ग ने दीप प्रज्वलन कर की। भाविप द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि जात पात की भावना से ऊपर उठकर हम सभी को अपने घर व प्रतिष्ठानों पर झंडा लहराना चाहिए। संचालन सचिव अभिनव भटनागर ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल, नितिन गुप्ता, अपूर्व मित्तल, प्रवीण जैन, सुरेश जैन, विकास जैन, रोहित गुप्ता, आलोक गुप्ता, चंपालाल आदि उपस्थित रहे।

## ल्डॉव भीमराव अंबेडकर की विशाल प्रतिमा की पानी से बौछार कर सफाई की : महापौर

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा यह आह्वान किया गया है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्रों में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाध्मूर्ति की साफ–सफाई करें। इस आह्वान पर आज महापौर नवीन जैन ने आगरा नगर



निगम प्रांगण में स्थापित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की विशाल प्रतिमा की पानी से बौछार कर सफाई की। इसके बाद प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ में अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र कुमार यादव भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुयी हत्या में वाँछित अभियुक्तको किया गिरफ्तार

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। दिन पॉच अगस्त 2022 को वादी महेश कर्दम द्वारा थाना रकाबगंज पर सूचना दी गयी कि मेरे पुत्र सिकन्दर को मेरे घर के सामने रहने वाले बन्टी की पत्नी ने प्रेम प्रसंग में फंसा लिया था, वह जो भी कमाता उसको देता और खिलाता पिलाता था। इस बात को लेकर सोनू, बन्टी, आदित्य, अंकुश व आशीष रंजिश मानते थे। मेरे निर्माणाधीन मकान में मेरा बेटा सिकन्दर अकेला




सोता था। उपरोक्त व्यक्तियों ने षड़यन्त्र के तहत मेरे पुत्र की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। सुबह हम लोगों को जानकारी हुयी। इस सम्बन्ध में थाना रकाबगंज पर मु0 पंजीकृत किया गया। उपरोक्त घटना में संलिप्त शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में व क्षेत्राधिकारी सदर के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रकाबगंज को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। घटना में चार अभियुक्त बन्टी, सोनू उर्फ सोनिया, व अंकुश को पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया था। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया। मुखबिर द्वारा मिली सूचना के आधार पर अभियुक्त आशीष को बिजलीघर बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त, आशीष पुत्र बन्टी उर्फ राजेन्द्र निवासी 5/68 नगला भिजावनी टीला बालूगंज औलिया रोड छीपीटोला थाना रकाब गंज आगरा पुलिस टीम का विवरण, 1. प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार थाना रकाबगंज, 2. उ0नि0 राजीव कुमार, 3. है.कां. विपिन कुमार, 4. रि.का. प्रशान्त, रि.का. करमजीत, रि.कां. रवि कुमार थाना रकाबगंज जनपद आगरा।

## जीआरपी ने वाँछित व्यक्तिको किया गिरफ्तार

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। टूण्डला जं0 थाना जीआरपी ने वांछित व्यक्ति को चेकिंग करते समय गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक रेलवे, आगरा मो0 मुश्ताक के निर्देशन तथा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे इटावा के दिशा निर्देशन मे सयुंक्त चौकिंग तथा इनामिया, वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक अख्तर अली के नेतृत्व मे टीम गठित कर गिरफ्तारी के आदेश देते हुए तामील एनबीडबल्यू अभियुक्त आकाश जाटव पुत्र रामबाबू जाटव नि0 नगला रामकिशन धोवी घाट थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद सम्बन्धित वाद मुव पंजीकृत कर न्यायालय प्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम, 1.उ0नि0 राजीव तोमर, 2.का0 718 अमरपाल सिंह थाना जीआरपी टूण्डला ज० आगरा।



## जैन धर्म का सिद्धांत ही जीवों की रक्षा करना : जैन मुनि डा.मणिभद्र महाराज

☒ दुर्गुणों से आत्म रक्षा करो, तभी और लोग सुरक्षित रहेंगे, जैन भवन, स्थानक, राजामंडी में हो रहा जैन मुनियों का वर्षावास।

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। नेपाल केसरी व मानव मिलन संगठन के संस्थापक डा.मणिभद्र सागर महाराज ने कहा है कि हमें पहले अपनी रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए, तभी अन्य लोगों की रक्षा कर सकेंगे। रक्षा का संकल्प लेना जैन धर्म की आत्मा है। इस धर्म में सभी की रक्षा की कामना की गई है। जैन भवन, स्थानक राजामंडी में हो रहे वर्षावास के दौरान गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व पर विशेष प्रवचन हुए। डा.मणिभद्र महाराज ने कहाकि रक्षा से बड़ा कोई सिद्धांत नहीं है, लेकिन सबसे पहले हमें अपनी सुरक्षा काम क्रोध, मद, लोभ, माया आदि से करनी है। तभी हमारी आत्मा का कल्याण होगा। उससे हमें ही लाभ होगा। दूसरे के अच्छे होने से हमें कोई लाभ नहीं, इसलिए पहले हमें अच्छा होना होगा। जैन मुनि ने कहा कि अब पर्व मनाने की केवल परंपरा रह गई है, आस्था नहीं है। एसा नहीं होना चाहिए। इससे पूर्व विराग मुनि महाराज ने प्रवचन दिए। कहा कि हमें रक्षाबंधन पर्व पर माता, पिता, भाई, बहन, बुजुर्ग, असहाय, गरीबों की रक्षा का संकल्प लेना होगा। दुखियों के दुख दूर करना ही सच्चा पर्व है। इस चातुर्मास पर्व में नेपाल से आए डॉक्टर मणिभद्र के सांसारिक भाई पदम सुवेदी का ग्यारवें दिन का उपवास जारी है।मनोज जैन लोहामंडी का नौवें दिन की तपस्या चल रही है।आयंबिल की तपस्या की लड़ी मधु जैन गांधीनगर ने आगे बढ़ाई।



रविवार के नवकार मंत्र के जाप का लाभ सरिता संजय सुराना परिवार ने लिया।

# कोतवाली परिसर में भी जगी तिरंगा की अलख

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। घर–घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत कोतवाली परिसर भी अछूता नहीं रहा क्षेत्राधिकारी के निर्देशन कोतवाल के नेतृत्व में कोतवाली परिसर में समस्त स्टाफ के रिहर्सल के बाद परिसर के कोने



कोने में तिरंगा लहराया गया और शासन के मंसूबों पर चार चांद लगाए! शासन और प्रशासन स्वतंत्रता दिवस को आजादी का महत्व बताकर शानो शौकत के रूप में मनाने की फिराक में है शासन की मंशा है की स्वतंत्रता दिवस पर घर, प्रतिष्ठान ,वाहन ,और सरकारी कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज शान से लहराया जाए जिसको लेकर प्रशासन कई दिनों से प्रिंट तैयार कर जद्दोजहद करने में जुटा है राजनीतिक सामाजिक दलों द्वारा भी लोगों को जागरूक करते हुए आए दिन तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है इसी के तहत क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह के निर्देशन एवं कोतवाल राजेश कुमार की अगुवाई में कोतवाली परिसर मैं तिरंगे की अलख जगाई गई परिसर में पुलिस कर्मियों के रिहर्सल के बाद कोतवाली भवन आवासीय भवन एवं मुख्य द्वार पर हमारे देश की आजादी का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया गया जिससे समूचा कोतवाली परिसर आजादी की खुशी का इजहार करता दिखाई दिया क्योंकि 12 और 13 अगस्त घर–घर तिरंगा लगाने की मुहिम चढ़ने वाला है जिसे पुलिस व प्रशासन अंतिम रूप देने में जुटा है इसी के तहत आज माननीयों ने नगर में तिरंगा यात्रा भी निकाली है और लोगों को जागरूक किया है!

इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह, कोतवाल राजेश कुमार, कस्बा इंचार्ज सत्येंद्र यादव, नवीन कुमार ,सनुज कुमार ,सुरेंद्र शर्मा, गौरव , राजकुमार, हेड मुहर्रिर मधुसूदन यादव, यदुवीर सिंह के अलावा कोतवाली स्टाफ मौजूद रहा!

# तृणमूल ने कुष्ट रोगियों को राखी बांध मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

सालानपुर। सालानपुर तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार रक्षाबंधन के सुभ अवसर पर रूपनारायणपुर पार्टी कार्यालय में महिला कार्यकर्ता द्वरा राखी बांध कर एंव मिठाई खिला कर रक्षाबंधन मनाया गया। वही रक्षाबंधन के सुभ अवसर पर आसनसोल नगर निगम के मेयर सह बाराबनी विधायक बिधान उपाध्याय एंव युवा तृणमूल नेता मुकुल उपाध्याय के निर्देश से सालानपुर तृणमूल कांग्रेस द्वारा कालीपाथर स्थित मदर टेरिसा मिशनरी ऑफ चौरिटी के प्रागण में कुष्ट रोगियों को राखी बांध कर, बिस्किट, चॉकलेट एंव केक देकर रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सह जिला परिषद कर्माध्यक्ष मोहम्मद अरमान, सालानपुर थाना प्रभारी अमित कुमार हाटी, सालानपुर पंचायत समिति अध्यक्ष फाल्गुनी कर्मकार घासी, उपाध्यक्ष बिधुत मिश्रा, सालानपुर ब्लॉक बीडीओ राजेश कुमार, जॉइंट बीडीओ श्रेया नाग, तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक महासचिव भोला सिंह, रूपनारायणपुर फाड़ी प्रभारी मनोजित धारा, बासुदेवपुर जेमहारी पंचायत प्रधान सुसंतो मंडल, अल्लाडीह पंचायत सदस्य उज्जल



मंडल, महिला तृणमूल कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अपर्णा राय समेत अन्य तृणमूल कार्यकर्ता मौजूद रहे। भोला सिंह ने कहा कि हमारे प्रिय विधायक बिधान उपाध्याय एंव युवा नेता मुकुल उपाध्याय के निर्देश पर आज हमलोग कुष्ट रोगियों के बीच आये है, और रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बांध कर एंव चॉकलेट खिला कर हमलोगों राखी के पावन पर्व को मना रहे है।

# हर घर तिरंगा के तहत सीआईएसएफ ने कन्या गुरुकुल के छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया

कुल्टी। कुल्टी सियाल डंगाल स्थित कुल्टी मदद फाउंडेशन कन्या गुरुकुल में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा के तहत कन्या गुरूकुल की छात्राओं को सीआईएसएफ सेल ग्रोथ वर्क्स कुल्टी यूनिट द्वारा




राष्ट्रीय ध्वज प्रदान कर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक घर घर मे तिरंगा लगाने का अनुरोध किया गया।

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अंतिम चरण में कुल्टी यूनिट के सहायक कमांडेंट राजेन्द्र कुमार चुरिया के नेतृत्व में सीआईएसएफ के जवानो ने कन्या गुरुकुल की छात्राओं समेत स्थानीय बुजुर्गों एवम शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया। सहायक कमांडेंट आरके चुरिया ने अपने संबोधन में कन्या गुरुकुल की छात्राओं को राष्ट्र प्रेम के संदेश देते हुए कहा की देश की आजादी का 75वां वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश अमृत महोत्सव मना रही है । इस उप्लक्षय में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा के तहत हम सभी अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे । उसके बाद 15 अगस्त के वाद राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को पूरे सम्मान के साथ एकत्रित कर सुरक्षित रूप से सम्मान के साथ तिरंगा को सुरक्षित रखने की बेवस्था करेंगे। इसके लिए हम सभी को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करते हुए 15 अगस्त के बाद राष्ट्रीय ध्वज को सुरक्षित रखने की व्यवस्था करेंगे। इस अवसर पर कुल्टी मदद फाउंडेशन के महासचिव रवि शंकर चौबे, सहायक सचिव किरन प्रसाद, कन्या गुरुकुल एवम महिला प्रशिक्षण केंद्र की शिक्षिका रिंकू चौबे, रेखा बरनवाल, विशिष्ट अतिथि दिक्षा बंसल एवम स्वाति अग्रवाल के साथ सीआईएसएफ के जवान विशेष रूप से मौजूद थे ।

# कुल्टी सेल ग्रोथ वर्क्स के सीआईएसएफ जवानों के साथ रक्षा बंधन पर्व मनाया गया

कुल्टी। कुल्टी मदद फाउंडेशन महिला प्रशिक्षण केंद्र एवम मारवाड़ी महिला समिति बराकर शाखा के संयुक्त तत्वाधान में गुरुबार को सेल ग्रोथ वर्क्स सीआईएसएफ के जवानों को रक्षा बंधन के अवसर पर रक्षा बंधन उत्सव पर्व मनाया गया । कुल्टी सेल ग्रोथ वर्क्स के सीआईएसएफ यूनिट सेंटर में रक्षा बंधन उत्सव पर्व के अवसर पर सर्वप्रथम सीआईएसएफ के सहायक समिति बराकर की अध्यक्ष कीरण अग्रवाल के साथ संगीता अग्रवाल एवम रजनी माधोगडिया, कुल्टी मदद फाउंडेशन की ओर से रिंकू चौबे, किरन प्रसाद, ऋत्विका राजश्री ने तिलक लगाने के बाद कलाई में राखी बंधी। उसके बर्फ सीआईएसएफ यूनिट के जवानो को सभी मारवाड़ी महिला समिति , महिला प्रशिक्षण केंद्र, कन्यागुरुकुल की शिक्षिकाओं एवम छात्राओं ने




समादेष्टा आरके चुरिया एवम कुल्टी मदद फाउंडेशन के महासचिव रवि शंकर चौबे को मारवाड़ी महिला तिलक लगाकर राखी बांधने के बाद मिठाई खिलाई । राखी बांधने के बाद सभी महिलाओ ने जवानो के

# राजकीय महाविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन विश्व सांस्कृतिक दिवस तिरंगा यात्रा का हुआ कार्यक्रम



अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। राजकीय महाविद्यालय में विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष पर प्राचार्य प्रोफेसर इकबाल हबीब की अध्यक्षता में ऑनलाइन विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के समीपस्थ नई बस्ती में तिरंगा यात्रा निकाली गई और गांव में जाकर गांव वासियों को राष्ट्रध्वज का वितरण किया गया। गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय द्वारा आयोजित विश्व संस्कृत दिवस के उपलक्ष में ऑनलाइन विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ धर्मेंद्र गुप्ता प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय श्रावस्ती ने संगोष्ठी में बताया कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है ज्ञान विज्ञान का भंडार एवं आचार तथा परंपराओं की पोशाक है। कार्यक्रम को डॉक्टर रविंद्र सिंह यादव ,आचार्य शिव कुमार, प्राचार्य प्रोफेसर इकबाल हबीब ने भी संस्कृत भाषा पर विस्तार से प्रकाश डाला कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय के निकटवर्ती ग्राम नई बस्ती में विद्यालय के स्टाफ एवं छात्र छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई और गांव वालों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ पूनम सक्सेना, डॉ अमित कुमार सिंह, डॉक्टर रतनलाल, डॉक्टर अब्दुल कादिर, डॉक्टर नीरज कुमार पाराशरी, दिलीप चौरसिया डॉक्टर प्रगति चौधरी, डॉक्टर शुभम व विद्यालय के छात्र–छात्राएं मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर वेदप्रकाश ने किया।

# डॉक्टर से ढाई लाख की लूट, पुलिस को तहरीर

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। भुता बरेली बीसलपुर मार्ग पर बुधवार देर रात डॉक्टर को अज्ञात लुटेरों ने मरीज दिखानेका बहाना बनाने का नाटक करके बाइक रुकवाने के बाद उसके साथ लाखों कीलूटपाट करने के बाद फरार हो गए मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है लेकिन पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है जबकि भूता इलाके में चोरी लूट की घटनाएं भी ताबड़तोड़ हो रहे हैं फिर भी पुलिस इलाके में पानी नजर का दावा कर रही है।

कस्बा भुता निवासी बिना डिग्री सुधा डॉक्टर मुनेंद्र जब अपनी क्लीनिक बंद करके बाइक से अपने घर भुता आ रहा था। उसी समय रास्ते में म्यूडी मोड़ के पास खड़े एक युवक ने आवाज देकर उसकी बाइक रोक ली और बोला मेरे साथी की तबीयत खराब है, उसे देख लो तभी डॉक्टर ने अपनी बाइक रोक दी भगवान का रूप होता है जो दूसरे की जिंदगी बचाने में कारगर साबित होता है, डॉ के बाइक से उतरते ही दोनों ने उसके ऊपर हमला कर दिया और गले में कपड़े का गमछा डालकर उसकी गर्दन दबाने की कोशिश की, तथा उसके साथ मारपीट की जिससे उसके दो दांत भी टूट गए हैं। उसके बैग से ढाई लाख रुपए भी छीन ले गए हैं। राहगीरों के आने पर लुटेरे डॉक्टर के साथ मारपीट और लूटपाट करके मौके से फरार हो गए।

डॉक्टर ने उन दोनो को पहचान भी लिया है। तथा बाद में थाना भुता आकर मामले की तहरीर पुलिस को दी है । पुलिस ने घायल डॉक्टर को सीएचसी कुआडांडा भेजकर मेडिकल कराया है। उक्त डॉक्टर मुनेंद्र ने बताया कि रुपए एकत्र करके सेकंड हैंड कार खरीदने हेतु बरेली गया था लेकिन कार नहीं मिल पाने के कारण रुपए लेकर घर वापस लौट रहा था। इस समय क्षेत्र में हो रही लूटपाट तथा चोरियों की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में भारी दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस दोनों अज्ञात लुटेरों की तलाश कर रही है। कार्यवाहक थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि मामला मारपीट का प्रतीत हो रहा है, जांच के बाद तहरीर आने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी इधर दोनों पक्षों के बीच समझौते की भी बात चल रही है जिससे पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है।

# मेकओवर इवेंट्स के तत्वावधान में देश भक्तिगीत 'भारत मां तेरा बेटा

☒ शहर के डॉक्टर्स, विधायक, उद्यमी और कई अन्य लोग गीत में रहे शामिल।

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। देश की स्वतंत्रता के 75 वें स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत मेकओवर इवेंट्स के तत्वावधान में देश भक्ति गीत 'भारत मां तेरा बेटा. .' एमजी रोड स्थित होटल ऑरेंज पर लॉन्च किया गया। शहर के प्रमुख लोगों की उपस्थिति में इसे बड़े स्क्रीन पर दिखाया गया और पोस्टर विमोचन भी हुआ। इस गीत को राहुल उपाध्याय ने लिखा है। इसे गाया है प्रख्यात सिंगर पल्वी तलवार और आगरा के जाने माने डेंटिस्ट रविंद्र भदौरिया ने। गीत का फिल्मांकन आगरा और दिल्ली की खूबसूरत लोकेशंस पर किया गया है। इस गीत के फिल्मांकन में शहर के एमएलसी विजय शिवहरे, डॉक्टर अंकुर बंसल, जतिन अग्रवाल, एसके जैन, भुवेश अग्रवाल, डॉ. मुकेश गोयल।

यह गीत आज के बदलते भारत की तस्वीर और उसके जज्बे को सलाम करता है। यह हमारे राष्ट्रवाद और पूरी दुनिया में भारत की धमक को इंगित करता है। गाने की लॉन्चिंग के अवसर पर शहर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि थे जिला वन अधिकारी आदर्श कुमार। कार्यक्रम की अध्यक्षता की आगरा पब्लिक स्कूल ग्रुप के सीएमडी महेश शर्मा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, डॉ. डीवी शर्मा, राम मोहन कपूर।

विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने



कहा कि देश की आजादी के 75वें साल पर तिरंगा हर तरफ लहाराना चाहिए। इसका तूफान आना चाहिए। हमारा देश इस वक्त विश्व गुरु बनने की राह पर है। महेश शर्मा ने कहा कि डॉक्टर्स की ऑपरेशन से निकलकर गायन की प्रतिभा देखकर अच्छा लगता है।

कार्यक्रम का संचालन हरीश सक्सेना चिमटी ने किया। स्वागत उद्बोधन आस्तिक जैन ने और आभार राहुल उपाध्याय ने जताया। अन्य प्रमुख लोगों में अनिरुद्ध जैन, मनोज कुमार, डॉ. आलोक मित्तल, आशीष अग्रवाल, डॉ. रेनू जैन, संगीता तलवार, योगेश तलवार, डॉ. मुक्ता भदौरिया, श्वेत जैन, भावना वरदान शर्मा, मुकेश उपाध्याय और शिवानी उपाध्याय मौजूद रहे।

# चित्तो कि हत्या में शामिल षडयंत्रकारी पत्नी गिरफ्तार



सालानपुर। चितरंजन साहा उर्फ चित्तो (54) की हत्या की साजिश में रूपनारायणपुर पुलिस ने आखिरकार उनकी ही हत्या की षडयंत्रकारी हत्यारण पत्नी चंदना साहा (49) को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि चंदना साहा ने अपने प्रेमी आदित्यों चार (52) के साथ मिलकर पति चितरंजन साहा उर्फ चित्तो (54) की हत्या की साजिश रची गई, अधेड़ प्रेमी आदित्यों चार ने चंदना के कहने पर बीते 20 जुलाई को चित्तरंजन साहा की गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी थी।

आरोपी आदित्यों चार ने साजिश और अपराध की एक एक बिंदु पर पुनः पाँव रखते हुए अपने कुकृत्य और नृसंश हत्या की पटकथा को पुलिस के सामने चरितार्थ कर दिखाया। पुलिस सूत्रों की माने तो हत्या के बाद पुलिस ने काल डिटेल के आधार पर अभियुक्त आदित्यों चार को पुरुलिया जिला सातुड़ी थाना के लेदीयान गाँव के बीते 31 जुलाई को धर दबोचा, और 1 अगस्त को आसनसोल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर 10 दिनों की रिमांड की अपील की , अपील स्वीकार होने के बाद रूपनारायणपुर फाड़ी प्रभारी मनोजित धारा ने आरोपी के निशानदेही पर हत्या में युक्त चाकू, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद किया। साथ ही आरोपी ने अपना सभी जुर्म और चंदना साहा की संलिप्तता भी काबुल कर लिया, आरोपी ने बताया कि में जब भी अपनी प्रेमिका से मिलने जाता उनके पति उस पर अत्याचार करता तथा उसके साथ मारपीट करता, कई वर्षों के इस अत्याचार के कारण पानी सर के ऊपर से गुजर गया था।

अलबत्ता एक दिन मृतक चित्तरंजन की राह देखकर, उन्हें जमकर शराब पिलाकर उन्हें घर छोड़ने के बहाने छातीमातला की सुनसान जंगल मे ले गया, जहाँ उसे धक्का देकर गिरा दिया, और गर्दन में रस्सी फसाकर बांध दिया, जिसके बाद चाकू से उसका गला काट दिया। बताया जाता है कि घटना के बाद आरोपी 2 घंटे तक कल्याणग्राम मे रुका रहा और फोन पर प्रेमिका को खुशखबरी दे कहा कि रास्ते का पत्थर को हमने खत्म कर दिया, जिसके बाद आरोपी अपने घर पुरुलिया चले गए, हालांकि इसी फोन कॉल ने चंदना और आदित्यों हवालात में पहुँचा दिया। घटना के संदर्भ में बतातें चले कि बीते 21 जुलाई को सालानपुर थाना अंतर्गत रूपनारायणपुर फाड़ी क्षेत्र के जीतपुर उत्तर रामपुर पंचायत के नमोकेशिया छातिमतला के समीप जंगल से शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति का गला कटा हुआ शव बरामद हुआ था। जिसकी शिनाख्त चितरंजन साहा उर्फ चित्तो (54) के तौर पर हुई वे कल्याणग्राम 5 में एक किराए के मकान में परिवार के साथ रहते थे। मृतक चित्तरंजन उर्फ चित्तो अमलादही बाजार में चाय बेचते थे।

# माननीयों के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा कॉलेज से शुरू रेन बसेरा पर खत्म

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। एमएलसी एवं सांसद के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में तिरंगा जन जागरूकता रैली निकाली गई जो कालेज प्रांगण से शुरू होकर स्टेशन मोड़ के रैन बसेरा पर संपन्न हो गई रैली को आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया शासनकी पहल पर तिरंगा जागरूकता रैली सी एस इंटर कॉलेज परिसर से निकलकर स्टेशन रोड, बक्सरिया ,साहूकारा, सर्राफा बाजार मेन रोड होती हुई स्टेशन रोड तिराहे पर पर स्थित पालिका द्वारा निर्मित रेन बसेरा पर समाप्त हुई ।पूरे रास्ते में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित जनसमुदाय को हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया तथा 13 तारीख से 15 अगस्त तक कोई भी ऐसा घर ना बचे जहां पर तिरंगा ना लगे इसके लिए जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। कार्यकर्ताओं ने रास्ते भर राष्ट्र भक्ती से भरे नारे लगाए वंदे मातरम भारत माता की जय राष्ट्रभक्त गीतों पर जमकर नृत्य किया। गुरुवार को आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप एमएलसी कुंवर महाराज के नेतृत्व में जन जागरूकता तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन स्थानीय सी एस इंटर कॉलेज परिसर में किया गया था। तिरंगा जन जागरूकता रैली को आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप एमएलसी कुबर महाराज सिंह नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। रैली में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने हाथों में तिरंगे झंडे लेकर भारत माता की जय वंदे मातरम के जयकारे लगाते हुए कॉलेज परिसर से निकलकर स्टेशन रोड से बक्सरिया साहूकारा सर्राफा बाजार से मेन रोड होती हुई स्टेशन रोड तिराहे पर जाकर रैली का समापन हुआ। इस दौरान रैली में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने लोगों को अपने अपने घर में लगाने के लिए तिरंगे झंडे वितरित किए और हर घर तिरंगा लगाने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया। जन जागरूकता रैली में पालिका अध्यक्ष श्रीमती पूनम गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता अतीष अग्रवाल, डॉ राजेश कुमार शर्मा प्रधानाचार्य, नवीन शर्मा एडवोकेट, देवदत्त शर्मा एडवोकेट, राजेश गुप्ता, अमिताभ सिंह, ओमवीर गुर्जर, व्यापार मंडल के अनुज शुक्ला , जिला श्री अनिल राणा, उर्वेश चौहान, पुष्पेंद्र यादव, अनुज पांडे, महावीर जयसवाल, सीएस इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स नगर पालिका स्टाफ बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा रैली में निकारी अजय कुमार उपाध्याय, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह, कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार, कस्बा इंचार्ज सत्येंद्र यादव ,नवीन कुमार ,राजकुमार, सुरेंद्र शर्मा ,सनुज कुमार भी पुलिस फोर्स के साथ हाथों में तिरंगा लेकर लोगों मे देश





प्रेम की भावना जागृत करने का संदेश देते नजर आए। संचालन एवं आभार उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवनगर के शिक्षक अनुज शर्मा ने किया!

# संक्षिप्त समाचार

## सीतारामपुर में अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा निकाला गया

नियामतपुर। सीतारामपुर वार्ड नं 18६ 19 के भारतीय जनता पार्टी के तरफ से 75 वां स्वाधीनता दिवस व आजादी के अमृय महोत्सव पर भव्य तिरंगा पद यात्रा निकाला गया। माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रयास को सफल बनाने में सभी सक्रियता निभा रहे हैं।



वार्ड पार्षद अमित तुल्सयान के प्रयास से टैगोर इन्सटिच्यूट ग्राउंड से तिरंगा यात्रा निकलकर कुमारडिहा होते हुए न्यु कालोनी होकर सीतारामपुर बाजार में समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में सभी मंडल के कार्यक्रता शामिल हुए। विशेष कर अमित तुल्सयान, मुकेश श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, मंडल चार भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष निर्मल गुप्ता मध्यदेशीय, जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष डॉ इबरार अहमद, भोजु पाल, राजा केशरी, बिट्टू मंडल, मंडल चार सचिव सोमेन चक्रवर्ती, संजय दास, सुनील भर, बिगुल साव,राम विशाल सिंह, राजकुमार यादव के अलावा हजारों संख्या में देश भक्तों ने तिरंगा यात्रा को सफल बनाया और दिनांक 13 से 15 तक घर घर में तिरंगा लगाने का आह्वान किया है।

## सीतारामपुर स्टेशन रोड में बट्ट वृक्ष हुआ धराशायी

नियामतपुर। सीतारामपुर अपर बाजार स्थित काफि दिनों से बट्ट का वृक्ष गिरने के कगार पर लटका हुआ था। जिसका कोई सुध बुध नही लिया गया और कल की लगातार बारिश में धराशायी हो गया। बिजली



अधिकारी को सुचना देने पर भी 7:30 बजे तक कोई बिजली विभाग के अधिकारी नहीं आएं। स्थानीय लोगों का कहना है यह सड़क स्टेशन रोड होने के कारण ट्रेन के समय यात्रियों को कोलफील्ड व अन्य लोकल पेसेन्जर ट्रेन पकड़ने यात्री आतें हैं। पर रास्ता बाधित होने से सभी को परेशानियां हो रही है। बच्चों का स्कूल का समय भी स्कुल वेन आ नहीं सकते बच्चे स्कूल नहीं जा सकते इस कारण अभिभावकों को दो चक्का वाहन द्वारा स्कूल पहुचाया जा रहा है। 7:30 तक बिजली अधिकारी नहीं पहुंचे है। बिजली के तार से कभी भी अघटन घट सकता है।

## सीबीआई ने अणुव्रत को शीतलपुर गेस्ट हाउस में पूछताछ के बाद आसनसोल सीबीआई कोर्ट ले गयी

आसनसोल। गौ तस्करी मामले में वीरभूम के तृणमूल जिला अध्यक्ष अनुव्रत मंडल को सीबीआई ने ईसीएल के शीतलपुर स्थित अतिथि गृह में पूछताछ एवं मेडिकल जांच के बाद गुरुवार को आसनसोल सीबीआई के विशेष अदालत में पेश किया। जानकारी के अनुसार सीबीआई ने अनुव्रत मंडल को बोलपुर स्थित उनके आवास से लगभग 11 बजे दिन को गिरफ्तार किया। इसके बाद सीधा उन्हें लेकर पश्चिम वर्दवान के कुल्टी थाना के शीतलपुर स्थित ईसीएल गेस्ट हाउस लेकर पहुंची। यहां पर उनका मेडिकल जांच भी किया गया। गेस्ट हाउस में पुलिस प्रशासन के साथ ही अर्ध सैनिक बलों की काफी उपस्थिति बनी रही। इस दौरान कुछ लोगों ने अनुव्रत मंडल के विरुद्ध जमकर नारेबाजी शुरू की, जिसे प्रशासन ने हटाया। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई अधिकारियों ने पूछताछ की और आवश्यक कागजाती कारवाई की। करीब दो घंटे के बाद साढ़े चार बजे सीबीआई अधिकारी अनुव्रत मंडल को लेकर निकल पड़े। पत्रकारों ने सीबीआई अधिकारियों से पूछताछ करने की कोशिश की। लेकिन कोई जबाब नहीं मिला। सीबीआई अधिकारी अनुव्रत मंडल को लेकर आसनसोल सीबीआई कोर्ट निकल पड़े।



## ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बनने के बाद राखी बंधन बंगाल में बड़ा उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है : शांतिभूषण

नितुरिया रू जिला युवा कल्याण एवं खेल विभाग की पहल पर गुरुवार को नितुरिया किसान मंडी में राखी बंधन उत्सव संस्कृति दिवस मनाया गया। समारोह की शुरुआत गुरुवार को दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर नितुरिया पंचायत समिति की अध्यक्षा सरस्वती टुडू



सोरेन, उपाध्यक्ष शांतिभूषण प्रसाद यादव, बीडीओ अजय कुमार सामंत, एडीओ परिमल बर्मन सहित स्कूल के छात्र छात्राएं सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमुख लोगों द्वारा राखी बांधकर राखी बंधन का त्योहार मनाया गया। इस दौरान बोलते हुए शांति भूषण प्रसाद यादव ने कहा कि राखी उत्सव भाई–बहन के प्रेम का त्यौहार है। पश्चिम बंगाल में जब से ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बनी है।। तभी से इसे बड़ा उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। यह उत्सव बंगाल के सभी भागों में बड़ी खुशी के साथ मनाया जा रहा है। सभी वर्गों के लोग बड़ी खुशी से इस उत्सव में भाग ले रहे हैं। युवा विभाग द्वारा पुरुलिया के अलावा जिले के विभिन्न प्रखंडों में भी इस दिन राखी बंधन पर्व मनाया गया। पुरुलिया जिला परिषद परिसर में भी राखी बंधन और संस्कृति उत्सव का आयोजन किया गया।

## सालानपुर पुलिस ने माँ कल्यानेश्वरी मंदिर के निकट मनाया रक्षा बंधन उत्सव का त्योहार

सालानपुर। रक्षाबंधन भाई बहन के प्रेम का प्रतीक यह त्योहार हर साल श्रावण महीने की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष 11 और 12 अगस्त दोनों ही दिन पूर्णिमा तिथि रहने के कारण रक्षाबंधन की खुशी दुगनी हो गई है। गुरुवार को आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के तत्वाधान में सालानपुर थाना के कल्यानेश्वरी पुलिस द्वारा माँ कल्यानेश्वरी मंदिर के निकट धूमधाम से रक्षाबंधन उत्शव मनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित सालानपुर थाना प्रभारी अमित कुमार हाटी, कल्यानेश्वरी फाड़ी प्रभारी उज्जल साहा, कल्यानेश्वरी होटल एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज तिवारी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान स्थानीय डीवीसी फ्री प्राइमरी स्कूल के छोटे छोटे बच्चीयों द्वारा राहगीरों एवं पुलिस को मिठाई खिलाकर रक्षा सूत्र बाँधी गई। सलानपुर थाना प्रभारी अमित कुमार हाटी ने कहा। पुलिस जनता की सेवा के लिए वचन बद्ध है, आपकी हाथों पर रक्षा सूत्र बांधकर आप सबों को रक्षा के लिए पुलिस तत्पर है। माननीय



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पहल पर जनता और पुलिस के रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए सम्पूर्ण राज्य तथा आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में पुलिस द्वारा सामुहिक रक्षाबंधन का उत्सव मनाया जा रहा है। मौके पर एसआई संजय कुमार सिंह, एएसआई सौमेन्द्रनाथ दे, एएसआई कार्तिक बगाड़ी समेत अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# कोटवा के मच्छरगवा में लगेगा गोबर्धन प्लांट , डीएम ने किया दौरा

(संवाददाता अर्जुन राय अयोध्या टाइम्स कोटवा पूर्वी चम्पारण)

☒ गोवर्धन प्लांट लगाने की दी स्वीकृति।

☒ 250 क्विंटल गोबर से होंगा बिजली उत्पादन।

पूर्वी चम्पारण कोटवा। (एस एन बी)जिला पदाधिकारी शीर्षक कपिल अशोक गोवर्धन योजना को लेकर कोटवा प्रखंड अंतर्गत मच्छरगवा पंचायत का गुरुवार को दौरा किया। इसके पूर्व भी जिला के पदाधिकारियों द्वारा उक्त स्थान का दौरा कर गोवर्धन योजना के लिए स्थल चयनित किया गया था। जिसका जिला पदाधिकारी ने स्वीकृति दी।



मच्छरगावा पंचायत के प्रस्तावित स्थल के समीप लगभग 200 से ज्यादा परिवार गाय, भैंस का पालन करते हैं। यहां प्रतिदिन 250 किंटल गोबर इकट्ठा कर बिजली उत्पादन, बायोगैस एवं उर्वरक भी तैयार किया जाएगा। लगभग 5 एकड़ सरकारी जमीन एवं उपयुक्त वातावरण को देख कर योजना के क्रियान्वन के लिए मोतिहारी डीएम शीर्षक कपिल अशोक काफी उत्साहित दिखे।उक्त पंचायत में गोवर्धन प्लांट के अलावा अतिरिक्त स्वास्थ केंद्र,पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जाएगा।इससे पूर्व जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना और जीविका द्वारा आयोजित चंपारण के प्रहरी कार्यक्रम के तहत सौ बर्ष से अधिक उम्र के पेड़ को राखी भी बांधी। मौके पर बीडीओ सीमा कुमारी,सीओ उपेंद्र कुमार तिवारी,सीडीपीओ संगीता कुमारी,थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, एलएस पिंकी कुमारी,अनिता कुमारी,बीपी ए बबलू कुमार सिंह सहित मनरेगा,जीविका स्वास्थ विभाग ,स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# हिंदी दैनिक अखबार प्रभात मंत्र के खबर का हुआ बड़ा असर



उपायुक्त अबू इमरान ने संज्ञान में लेकर की बड़ी कार्रवाई

गठित टीम ने जिले के कई अस्पतालों का किया जांच।

क्लिनिकल स्थापना अधिनियम के उलंघन करने वाले प्राइवेट अस्पताल संचालकों के विरुद्ध उपायुक्त अबु इमरान के द्वारा

क्लिनिकल स्थापना अधिनियम के उलंघन करने वालों की खैर नहींरूउपायुक्त अबु इमरान

निजी क्लीनिक के संचालकों के विरुद्ध जिला प्रशासन सख्त

जिले में एक बार फिर प्रभात मंत्र के खबर का बड़ा असर हुआ है।गौरतलब है कि प्रभात मंत्र अखबार ने सिमरिया के रेफरल अस्पताल के डा अंकिता खंडेलवाल के करतूतों को 11 अगस्त को प्रकाशित किया था और इससे संबंधित ऑडियो भी वायरल हुआ था।

उसके बाद डीसी अबू इमरान ने तुरंत टीम बनाकर जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न नर्सिंग होम में छापेमारी की गई।

टीम में जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार, जिले के कई प्रखंडों के बीडीओ चतरा,गिद्धौर,पत्थलगड्डा,इटखोरी के अलावे कई प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे।

स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो दिनांक 10.08.2022 को डॉ० अंकिता खण्डेलवाल,चिकित्सा पदाधिकारी, रेफरल अस्पताल, सिमरिया द्वारा मरीजों को निजी नर्सिंग होम (आर० बी० अस्पताल) में चिकित्सा हेतु दबाव दिए जाने संबंधी तथाकथित वायरल ऑडियो को सुन उपायुक्त अबु इमरान ने संज्ञान लेते हुए, जिला स्तरीय जांच टीम का गठन किया।जिसे लेकर आज गठित टीम द्वारा रेफरल हॉस्पिटल सिमरिया,आर बी अस्पताल चतरा, यादव होटल समीप मां सेवा सदन अस्पताल चतरा,अपोलो अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में गठित टीम द्वारा छापेमारी जारी है।जिले में प्रलोभन में आकर भ्रूण हत्या, लिंग परीक्षण करने वाले अल्ट्रासाउंड संचालकों के विरुद्ध प्राप्त शिकायत को लेकर गठित टीम द्वारा गुप्त रूपेण जांच अभियान जारी रहेगा।

क्लिनिकल स्थापना अधिनियम, ब्लड बैंक विनियमन,राष्ट्रीय रक्त आधान दिशानिर्देश,पीसी एंड पीएनडीटी अधिनियम, कोविड गैडलाइन,जैव चिकित्सा अपशिष्ट निपटान, (bio&medical waste disposal) ,आग और बिजली अनापत्ति प्रमाण पत्र(फायर एंड इलेक्ट्रिसिटी एनओसी), ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट इत्यादि का अनुपालन किया जा रहा है या नहीं इसकी जांच लगातार जारी है।

# बिहार में नई सरकार के गठन पर वार्ड सदस्य महासंघ द्वारा परिचर्चा

वी.के. सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। बिहार प्रदेश वार्ड सदस्य महासंघ संस्थापक सह प्रदेश अध्यक्ष श्री राम प्रवेश यादव प्रदेश संगठन सचिव श्री मनोज साह प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री जयब्रत झा सीतामढ़ी जिला वार्ड सदस्य महासंघ के जिला अध्यक्ष विनय कुमार पासवान कार्यकारी अध्यक्ष राम पदार्थ राय जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शेख अमीरुल महासचिव सोनम पटेल कोषाध्यक्ष रमेश प्रसाद सिंह डुमरा प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष शंभू पासवान बथनाहा प्रखंड १ अध्यक्ष रामेश्वर राय ने संयुक्त रूप से एक बयान जारी कर कहा है कि बिहार के राजनीतिक से एनडीए सरकार का पतन एवं महा गठबंधन की सरकार का पुनर्गठन को वार्ड सदस्य महासंघ वार्ड से लेकर राज्य तक हृदय से स्वागत करती है तथा बिहार के नवनिर्वाचित लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार तथा जन जन के प्रिय उपमुख्यमंत्री माननीय तेजस्वी प्रसाद यादव को बधाई शुभकामनाएं देते हुए अपील करती है, कि बिहार में हुए सत्ता परिवर्तन के साथ व्यवस्था में भी परिवर्तन लाने के दिशा में ठोस कदम उठाई जाए! सभी स्तर पर जारी अफसरशाही पर लोकशाही स्थापित कर वार्ड सभा की जनता हो या जनप्रतिनिधि सभी को हो रहे शोषण से कर वार्ड से लेकर राज्य तक के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करते हुए हर हाथ को काम हर खेत को पानी युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार देने का उत्तम प्रबंध कि जाए! प्रदेश अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि पूर्व की एनडीए सरकार ने सीतामढ़ी जिला से बिहार मंत्रिमंडल में स्थान न देकर सीतामढ़ी जिला को उपेक्षा किया था वर्तमान सरकार से अपील है कि जदयू एवं राजद कोटा से एक एक कैबिनेट मंत्री बनाकर सीतामढ़ी जिला को उचित सम्मान दिया जाए।



# रक्षाबंधन आज बहन बाधेगी भाई की कलाई पर राखी





दलसिंहसराय (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ)। भाई–बहन के अटूट रिश्ते और असीम स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन, आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा द्य रक्षाबंधन को लेकर इस बार लोगों में संसय की स्थिति बनी रहीद्य विभिन्न पंचांग एवं कैलेंडर के अनुसार रक्षाबंधन की अलग–अलग तारीख बताई जा रही है, कुछ पंचांग 11 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की बात कर रहे थे, वहीं कुछ पंचांग का मत है कि इसके लिए शुभ मुहूर्त 12 अगस्त को है, इसी कारण लोग दुविधा में पड़े थे कि आखिर रक्षाबंधन कब मनाया जाए द्य रक्षाबंधन को लेकर विभिन्न पंडितों एवं विद्वानों ने लोगों से अपील की थी कि रक्षाबंधन 12 अगस्त को ही मनाया जाए, इसका असर दलसिंहसराय अनुमंडल मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंडों, गांव एवं कस्बों में देखने को मिला द्य अधिकांश लोगों ने गुरुवार को रक्षाबंधन नहीं मनाया द्य हालांकि कई स्थानों पर लोगों द्वारा रक्षाबंधन गुरुवार को ही मनाई गई।

रक्षाबंधन को लेकर आज बाजार में महिलाओं की अधिक भीड़ भाड़ देखी गईद्य बड़ी संख्या में लोगों ने आज राखी के खरीदारी की, राखी एवं मिठाइयों की खरीदारी करने आए कई लोगों ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस बार मिठाई की बढ़ी कीमतें बजट पर असर ला रहा है। रक्षाबंधन के संबंध में पौराणिक मान्यता है कि वाहन अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधते हैं और उनसे उम्मीद करती है कि संकट की घड़ी में वह मेरी रक्षा करें द्य रामायण के अनुसार जब सीता का अपहरण लंकापति रावण के द्वारा कर लिया गया था अशोक वाटिका में बैठी सीता ने घास के तिनके को को ओंठ पर रखकर कहां था – तृण धरि ओट कहत बैदेही... लोकश्रुति है कि अशोक वाटिका में रावण के अवांछित सामीप्य से बचने के लिए माँ सीता ने रावण और अपने बीच में एक छोटा–सा तिनका रख दिया था और फिर उस दुष्ट राक्षस को चेतावनी दी कि तू यदि इतना ही सामर्थ्यशाली है तो इस तिनके को पार कर के दिखा। जनकसुता जग जननी जानकी का एक जरा से तिनके पर इस अटूट भरोसे की क्या वजह थी ? तिनके को श्भूमिजश कहा जाता है (अर्थात जो भूमि की कोख से पैदा हुआ हो) और माँ सीता का अवतरण भी भूमि से ही हुआ था, जिसके कारण उन्हें ष्भूमिजाष भी कहा जाता है। माता सीता ने उस तिनके में अपना सहोदर, भूमि से ही उपजा अपना भाई देखा था और वो जानती थीं कि किसी भाई की उपस्थिति में किसी भी दुराचारी रावण की इतनी सामर्थ्य नहीं कि उसकी बहन को छू भी सके। ईश्वर सभी बहनों को भाई के रूप में ऐसा ही अविचल भरोसा दें तथा सभी भाईयों को भी उस भरोसे की रक्षा के लिए अनंत सामर्थ्य करें।

# कालाबाजारी के लिए रखा 1040 बोरा यूरिया जब्त, गोदाम सील

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)मोतिहारी। पूर्वी चंपारण में यूरिया खाद के लिए हाहाकार मचा है. इसी बीच कृषि विभाग ने बंजरिया पुलिस के सहयोग से 1040 बोरा यूरिया को जब्त कर लिया है. इसमें एक गोदाम के सामने छापामारी कर ट्रैक्टर पर लदे 125 बोरा यूरिया को जब्त किया. वहीं गोदाम की जांच करने पर अवैध रूप से रखे 915 बोरा यूरिया को भी जब्त किया गया है. कृषि विभाग ने गोदाम को सील कर दिया है और बरामद खाद की जांच शुरु कर दी है।

प्रभात कुमार ने बताया गोदाम की तलाशी ली लेने पर इफ्को के अलावा कई ब्रांड के 915 बोरा खाद मिले हैं. उन्होंने बताया कि गोदाम मालिक का पता लगाया जा रहा है. यूरिया को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया है. कृषि विभाग को सूचना मिली है कि गोदाम प्रकाश खेतान का है और गोदाम पर खेतान का बोर्ड भी लगा हुआ है. पुलिस और कृषि विभाग गोदाम मालिक से संपर्क करने के प्रयास में लगी है. खाद जब्ती को लेकर जांच किए जाने की बात कृषि विभाग बता रहा है. इधर ट्रैक्टर पर लदा 125 बोरा और गोदाम में रखे 915 बोरा यूरिया मिलाकर कुल 1040 बोरा विभिन्न कम्पनियों के उर्वरक को कृषि विभाग ने जब्त कर लिया है। बता दें कि खाद के लिए लोग दर–दर भटक रहे हैं।

किसान रात में हीं खाद के दुकान पर लाइन में लग जा रहे हैं, तो कहीं किसान सड़क जाम कर अपने लिए यूरिया की मांग कर रहे हैं. जिला प्रशासन जिला में खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने की बात कह रही है. लेकिन कारोबारी जिला में यूरिया का कृत्रिम अभाव पैदा कर कालाबाजारी में बेच रहे हैं, तो तस्कर यूरिया की तस्करी कर नेपाल में पहुंचा रहे हैं।




# संक्षिप्त समाचार

## केदार संत रामाश्रय महाविद्यालय में प्राचार्य से नाराज शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने कॉलेज में नौवें दिन भी तालाबंदी जारी रखा

निरंजन जायसवाल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर,सरायरंजन। सरायरंजन में केदार संत रामाश्रय महाविद्यालय में प्राचार्य से नाराज शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने कॉलेज में नौवें दिन भी तालाबंदी जारी रखी। कॉलेज में तालाबंदी कर सभी कॉलेज में धरना पर बैठ हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक प्राचार्य को हटाया नहीं जाएगा तबतक हड़ताल जारी रखेंगे। इधर, कॉलेज में तालाबंदी होने से छात्र छात्राओं के पठन पाठन का काम ठप है। जिससे प्रतिदिन छात्र छात्रा कॉलेज आकर भटकने पर मजबूर है। धरना पर बैठने वालों में प्रो. मिहिर कुमार मिश्र, प्रो. अशोक कुमार ठाकुर, प्रो. विपिन कुमार झा, जनार्दन चौधरी, प्रो. दयानंद झा, हरेकृष्ण चौधरी, पवन चौधरी, अमरनाथ ठाकुर, रंजन कुमार राय, शिवशंकर राय, इंद्रमोहन चौधरी, प्रशांत कुमार चौधरी, हरेंद्र ईश्वर, अविनाश कौशिक, सुधीर सिंह, सुरेंद्र कुमार बुलबुल झा आदि शामिल हैं।



## किसी बहन ने अपने भाई के लिए बहोत ही अच्छा पोस्ट लिखा है उस बहन को मेरा प्रणाम

इस राखी पर भैया ,मुझे बस
यही तोहफा देना तुम ,
रखोगे ख्याल माँ–पापा का , बस यही इक
वचन देना तुम ,
बेटी हूं मैं , शायद ससुराल से रोज न आ
पाऊंगी ,
जब भी पीहर आऊंगी , इक मेहमान बनकर
आऊंगी ,
पर वादा है, ससुराल में संस्कारों से,
पीहर की शोभा बढाऊंगी ,
तुम तो बेटे हो , इस बात को न
भुला देना तुम ,
रखोगे ख्याल माँ –पापा का बस यही वचन
देना तुम ,
मुझे नहीं चाहिये सोना–चांदी , न चाहिये
हीरे–मोती ,
मैं इन सब चीजों से कहां सुःख पाऊंगी
देखूंगी जब माँ–पापा को पीहर में खुश
तो ससुराल में चौन से मैं भी जी पाऊंगी
अनमोल हैं ये रिश्ते , इन्हें यूं ही न
गंवा देना तुम ,
रखोगे ख्याल माँ–पापा का , बस
यही वचन देना तुम ,
वो कभी तुम पर यां भाभी पर
गुस्सा हो जायेंगे ,
कभी चिड़चिड़ाहट में कुछ कह भी जायेंगे ,
न गुस्सा करना , न पलट के कुछ कहना तुम ,
उम्र का तकाजा है, यह
भाभी को भी समझा देना तुम ,
इस राखी पर भैया मुझे बस
यही तोहफा देना तुम ,
रखोगे ख्याल माँ–पापा का , बस
यही वचन देना तुम ।

## सरगटिया पंचायत में खाद की बहुत किल्लत है

अर्जुन कुमार सिंह दैनिक अयोध्या टाइमस सिकटा प्रखंड। एक अज्ञात व्यक्ति ने बताया की सर घटिया पंचायत केपैक्स अध्यक्षमिंटू पांडे है जबकि खाद आया हुआ है जबकि खाद वितरण नहीं हो रहा है। जब खाद के लिए किसान में जाते हैं अध्यक्ष सारे पंचायत के लोगों को गाली देते।

## सेमापुर स्टेशन पर यात्रियों का रक्षाबंधन को लेकर उमरा भीर

साहिल कुमार सिंह(ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। कटिहार जिला अंतर्गत बरारी प्रखंड के सेमापुर स्टेशन पर रक्षाबंधन को लेकर स्टेशन परिसर में देखा गया भीर सुबह से शाम तक सभी ट्रेनों में यात्रियों का काफी भीड़ देखा गया भाई बहनों का प्यार का सूत्र बंधवाने के लिए अपने अपने घर जा रहे यात्रियों ट्रेन में दिक्कतों का सामना करते हुए अपने घर जा रहे थे रक्षाबंधन को लेकर रेल प्रशासन दुरुस्त देखा गया जिससे स्टेशन परिसर में यात्रियों को दिक्कत ना होना चाहिए स्टेशन पर यात्रियों को देखते हुए ट्रेन को पांच 10 मिनट जादे रोका गया जिससे यात्रियों को चढ़ने उतरने में कोई परेशानी ना हो कुछ जगह आज कुछ जगह कल रक्षाबंधन मनाया जाएगा।




## भभुआ रोड स्टेशन से एक किमी पूरब ट्रेन से कटकर किशोर की हुई मौत

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर) ट्रेन से कटकर एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के भोखरी गांव निवासी राकेश राम के 15 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को लगभग 10रू00 बजे भभुआ रोड स्टेशन से लगभग 1 किलोमीटर पूरब पोल संख्या 618ध्13ए–15 एके के मध्य में लाइन पर रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान रोशन किसी अज्ञात ट्रेन के चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई ।मृतक भोखरी पंचायत के चौरसिया गांव निवासी राकेश राम के पुत्र रोशन कुमार बताया जाता है। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस व मोहनिया थाना पुलिस ने मृतक के शव की पहचान में जुट गई। मोहनिया पुलिस ने मृतक के पैंट की तलाशी ली तो उसके पेंट के जेब से आधार कार्ड मिला, जिसके आधार पर मृतक की पहचान रोशन कुमार के रूप में की गई। पुलिस ने घटना की सूचना भोखरी पंचायत के मुखिया को दी मुखिया ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी सूचना पर मृतक के परिजन थाने पहुंचे और मृतक युवक की शिनाख्त की।



## पैक्स के द्वारा अमृत महोत्सव और आम सभा का आयोजन उत्क्रमित मध्य विद्यालय (मधुरापुर) के प्रांगण में 10:00 बजे पूर्वाहन को आयोजित किया गया है

(जितेन्द्र कुमार राय संवाददाता अयोध्या टाइम्स साहेबगंज मुजफ्फरपुर)




आप सबको सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है इस वर्ष 14 / 8 / 2022 को पैक्स के द्वारा अमृत महोत्सव और आम सभा का आयोजन उत्क्रमित मध्य विद्यालय (मधुरापुर) के प्रांगण में 10:00 बजे पूर्वाहन को आयोजित किया गया है! जिसमें आप सभी पैक्स सदस्यों के साथ साथ सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि गन, सम्मानित जनता, जगदीशपुर पंचायत के सभी नागरिक सादर आमंत्रित हैं! आप सभी इस कार्यक्रम में भागीदारी देकर अपना अपना राय विचार दें, ताकि आपके समिति का विकास हो !

धन्यवाद। निवेदक विनय कुमार

## शैक्षणिक संस्थान में मनाया गया रक्षाबंधन छात्रों ने लिया बहनों की रक्षा का संकल्प



(संजय कुमार, अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ रक्सौल, पूर्वी चंपारण)। रक्सौल अनुमंडल के अंतर्गत छौड़ादानो प्रखंड के जानकी नगर सुकुल बाबा के मठ के नजदीक अवस्थित इंडियन कोचिंग सेंटर में छात्र–छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। संस्थान में बहनें नवीन परिधानों में सुसज्जित होकर थाल में रंग–बिरंगी राखियों सहित मिठाई एवं चंदन लेकर पहले छात्रों को चंदन लगाई फिर अपने हाथों से मिठाई खिलाई उसके बाद कलाई में राखी बांधी। इस प्रकार कोचिंग के छठी वर्ग से लेकर इंटरमीडिएट तक के सभी छात्र ,बहनों से राखियाँ बनवाया। कोचिंग संचालक श्री एस. के. यादव ने भी सभी छात्राओं से अपनी कलाई में राखी बनवाया। तथा बच्चों को भाई बहन का अटूट प्रेम का पवित्र पर्व रक्षाबंधन का बधाई देते हुए पर्व की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला और सभी छात्र छात्राओं को भाई–बहन के अटूट रिश्ते को निभाते हुए आगे पढ़ने और आगे बढ़ने की कामना किए।

मौके पर सुमन कुमार ,अभिषेक कुमार ,ज्योति रंजन ,साक्षी ,आदित्य,सोनी ,आकाश, गुड्डू, विक्की,प्रीतम,चाहत, नंदनी, उजाला, रौशन ,पवन, नसीमा ,अली साद ,सोनी, चाँदनी आदि सैकड़ों छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

## जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक ने कोटवा प्रखंड के मच्छरगवां पंचायत का किया निरीक्षण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक ने कोटवा प्रखंड के मच्छरगवां पंचायत का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने गोबर्धन योजना के लिए कोटवा प्रखंड के मच्छरगवां का किया गया चयनित।वही जिलाधिकारी महोदय ने मच्छरगवां पंचयात के वार्ड नंबर 12 के सामुदायिक भवन में अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक।



बैठक के दौरान नल जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन हरियाली, मनरेगा योजना सहित अन्य योजनों के बारे में की समीक्षा तथा कार्यो में गति लेन को लेकर दिया आवश्य दिशा निर्देश।जिलाधिकारी महोदय द्वारा कोटवा प्रखंड के मच्छरगावां पंचायत को मॉडल बनाने का निदेश दिया गया।

वही गार्जियन ऑफ चंपारण के तहत पुराने पड़ो के संरक्षण हेतु लोगो को किया गया मोबिलाइज... आईसीडीएस के द्वारा पेड़ को बचाओ हेतु पेड़ को बांधी गई रखी। उक्त निरीक्षण के दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कोटवा, डीपीएमयूलीड बिहार विकास मिशन, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, माननीय जनप्रतिनिधि सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## सुनी कलाईयों पर राखी बांधने को बेताब बहना

☒ राखी और मिठाई के दुकानों पर जम कर की खरीददारी

वी.के सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। पिछले दो वर्षों से कोविड महामारी को लेकर रक्षा बंधन में बहुत सी बहना अपने भाई के कलाई पर राखी नही बांध पाई थी। इस वर्ष बहनों के चेहरों पर पूर्व के भांति मुस्कान लौट आई है। शुक्रवार को रक्षा बंधन का त्योहार है। राखी बांधने को लेकर गुरूवार से ही बहनों ने तैयारी शुरू कर दी है। दुकानों पर रांखी एवं मिठाई के लिए भीड़ लगी रही है। शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में बहना खरीददारी करती नजर आई। सोनबरसा प्रखंड के भुतही में आसपास की महिलांए बाजार में अपने अपने पसंद की मिठाई एवं राखी की खरीददारी की। वहीं ऐराजी मोहनपुर निवासी महिला विकास मोर्चा की अध्यक्ष रेखा रानी सहित अन्य महिला अपने भाई के लिए राखी की खरीददारी स्वयं की। रेखा रानी ने कहा कि रक्षा बंधन के वजह से मायके से रिश्ता बरकरार रहता है। बहने रक्षा बंधन पर्व के इंतजार में रहती है ताकि वह अपने भाई के कलाई पर राखी बांध सके। यह भाई बहन के प्रेम का अटूट बंधन है। बचपन में जो उत्साह था आज भी वही उत्साह है, जबकि अब मेरे पास नाती नतिन भी है। भाई बहन का यह पवित्र रिश्ता में उम्र की पांबदी नही होती। बहनों के चेहरों पर मुस्कान देखी जा रही है। रक्षा बंधन को लेकर मिठाई के दुकान में खासी भीड़ लगी रही। दुकानों में अनेकों तरह की मिठाईयां उपलब्ध है। भुतही का मशहूर मिठाई बालूशाही पहले जहां 140 रूपये किलो मिलता था आज 180 किलो रूपये बिक रहा है। वहीं रसगुल्ला 220 की जगह 300 रूपये बिक रहा था। मिठाई दुकानदारों ने बताया कि दस दिन पुर्व से मिठाई की तैयारी में लगे थे। इस बार बालूशाही, रसगुल्ला, काला जामून, जलेबी के साथ साथ चमचम, रसमाधुरी, रसमलाई, डोडा बर्फी सहित अन्य तरह की मिठाईयां तैयार की गई थी। मिठाई की बिक्री उम्मीद से अच्छी रही। रंग बिरंगे राखी से दुकानें सजी थी। 10 रूपये से लेकर तीन सौ तक की राखी दुकानों में उपलब्ध है। क्या बच्ची क्या बूढ़ी सभी अपने पसंद की राखी खरीदती नजर आई।



## उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटहा साहिट के स्कूल की बाउंड्री निर्माण में लापरवाही के साथ-साथ बिना आकलन बोर्ड लगाए हो रहा है कार्य

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के साहिट पंचायत के अंतर्गत कष्टहारा ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटहा साहिट के प्रांगण में ग्राउंड बाउंड्री का निर्माण जोरो पर है। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में पूरी लापरवाही बरती जा रही है। साथ ही निर्माणकार्य का निरीक्षण करने के लिए पंचायत के जे ई महोदय एवं सचिव महोदय, निर्माणाधीन स्थल पर एक दिन भी नहीं देखा गया। मौके पर कष्टहारा ग्राम के युवा रमण कुमार झा, उर्फ रामा झा , सुशांत कुमार झा उर्फ माधव झा, निक्की झा, अभय कुमार झा, सौरभ कुमार सिंह, उर्फ ननकी सिंह, शुभम कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, उर्फ टिंकू सिंह आदि लोग उपस्थित थे।




# आत्मकथा



कलकत्ता से लौटते वक्त जब मेरी ट्रेन मुजफ्फरपुर स्टेशन पर पहुंची तब उस समय सुबह के चार बज चुके थे।

मुजफ्फरपुर स्टेशन से बाहर निकलते ही कुछ ई–रिक्शा वाले, टैम्पो वाले ने पूछा कि कहाँ जाना है साहब?

लेकिन मेरी निगाह एक बुजुर्ग पैडल रिक्शा चालक की ओर पड़ी जिन्होंने मुझे देखते ही अपने नींद को त्यागकर बड़ी आस के साथ दबे स्वर में पूछा ष्केहर जाबा बाबू?ष मैं भी मन बना चुका था कि जाऊँगा तो दादाजी के साथ ही और अपने गंतव्य अर्थात बस स्टेन्ड का पता बताया और दादाजी ने कहा बाबू 50 रुपिया लगे। मैंने सहमति जताई और उनके रिक्शे पर बैठ गया। दादा जी की उम्र लगभग 70 वर्ष रही होगी। लेकिन जब मैंने उनसे पूछा तो दादाजी ने बोला 78 साल होई गवा बा बाबू। 2 आना, 12 आना क सवारी ढोये हई। मेरी जिज्ञासा बढ़ती गयी और यूं ही सफर में उनका हालचाल लेते हुए हम दोनों आगे बढ़ रहे थे।

दादाजी ने बताया कि इसी रिक्शे के बदौलत उन्होंने अपनी सात लड़कियों की शादी की है और एक लड़के की शादी करनी है। पूर्व में जब तक ई–रिक्शा नहीं निकला था तब एक सवारी उतारते ही दूसरी सवारी बैठ जाती थी और अब खाने का निकल जाए तो वो ही बड़ी बात है। दादाजी ने बताया कि उनसे दोपहर में रिक्शा नहीं चलाया जाता इसलिए वो सिर्फ रात से भोर तक ही रिक्शा चलाते हैं। तभी अचानक रोड पर एक जगह रोड धँस गयी थी और बारिश से भीगी सड़कों पर कीचड़ के बीच दादाजी रिक्शा से उतरकर अपने हाथों से खींचने लगे, मुझसे ये देखा न गया और मैं भी उतर गया जैसे ही कुछ ठीक रास्ता आया मैं पुनः रिक्शे पर बैठ गया। मैंने पूछा दादा आपके बेटे क्या करते हैं? तो उन्होंने बोला बेटा सूरत रहता है। खर्चा भी भेजता है लेकिन कम पड़ता है तो पेट पालने के लिए इस उम्र में भी मेहनत करना पड़ता है। अब मैं बस स्टेन्ड के करीब आ चुका था और दादाजी से बोला बस सामने उतार दीजिये। जब 100 रुपये उनको मैंने दिया तो वो शेष पैसे को लौटाने के लिये अपना जेब टटोलने लगे। मैंने कहा रखे रहिये दादा। दादाजी के चेहरे की मुस्कान उनके थकान को कुछ पल के लिए दूर कर दिया और उन्होंने जो आशीर्वाद दिया वो मेरे लिए अतुलनीय था।

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ

## आपसी सद्भाव के बीच सपन्न हुआ महावीरी आखाड़ा एवं मुहर्रम थानाध्यक्ष ने पुरस्कार देकर खिलाड़ियों को किया सम्मानित



ब्योरों चीफ अयोध्या टाइम्स पश्चिमी चम्पारण। साठी थाना क्षेत्र में आपसी सद्भाव के बीच महावीरी आखाड़ा एव मुहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न हुआ इसी बीच परोरहा पंचायत के परोरहा गांव में पूर्व मुखिया राकेश मिश्रा के कैंपस में मेला कमिटी के द्वारा वर्षो की भाती इस वर्ष कुछ अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मेला कमिटी के द्वारा खिलाड़ियों के सर्वोत्म कला प्रदर्शन करने पर खिलाड़ियों को प्रथम,द्वितीय और तृतीय पुरस्कार थानाध्यक्ष के द्वारा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष उदय कुमार ने खिलाड़ियों और क्षेत्र के लोगो को सफलता पूर्वक महावीरी झंडा और मुहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाने को लेकर बधाई दी। साथ ही खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खेल छोटा हो या बड़ा आपके अंदर जुनून होना चाहिए और उसे लगन के साथ प्रदर्शित करना चाहिए। आज गांव देहात कस्बों जैसे छोटे – छोटे जगहों से ही बड़े – बड़े खिलाड़ी निकल कर देश के साथ अपने जिला सहित गांव का नाम रौशन कर रहे है। जिनका नाम और फोटो अखबारों में बड़े – बड़े अक्षरों में प्रकाशित किया जाता है। आप भी कुछ अच्छा करेंगे तो आपका भी आपके जिला सहित गांव का नाम के साथ फोटो भी छपेगी। इसलिए शिक्षा के साथ – साथ खेल और कला का प्रदर्शन कर अपने इलाके का नाम रौशन करने में अपनी भूमिका निभाए। खिलाड़ियों को प्रथम पुरस्कार थानाध्यक्ष उदय कुमार, द्वितीय पुरस्कार दारोगा अरविंद सिंह और तृतीय पुरस्कार जमादार भूपेश कुमार ने देकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने का काम किया। मौके पर स्थानीय पूर्व सरपंच शशिभूषण मिश्रा मुखिया प्रभात बैठा,पैक्स अध्यक्ष दिलीप मिश्रा उर्फ मंटू बाबू,कमिटी सदस्य सुधाकर पाठक,प्रिंस तिवारी,पिंटू पाठक,महेश्वर चौबे,छठू पासवान, छकौड़ी पासवान,गोपाल चौधरी,जग राम पुलिस बल आदि अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ दासी महोत्सव, ढोल नगाड़े पर थिरके श्रद्धालु

☒ महोत्सव में कई जनप्रतिनिधि हुए शामिल




सिमरिया। प्रखंड क्षेत्र के हुरनाली पंचायत के कान्हूखाप गांव से सटे जंगल में स्थित दासी पहाड़ी पर स्थित वर्षों पुराने मंदिर में स्थापित माँ भगवती की पूजा अर्चना हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। यह महोत्सव कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को आयोजन कर मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के मुख्य अतिथि पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य रोहिणी देवी, पंचायत के मुखिया पूरन राम, पुंडरा मुखिया बिनोद महतो, मंदिर समिति के सदस्यों ने संयुक्त रुप से मां भगवती की मंदिर में पूजा अर्चना कर महोत्सव का शुभारंभ किया। तत्पश्चात मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यहां तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाता है। जिसमें नागपुरी भोजपुरी और स्थानीय भाषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। महोत्सव में दो जिला हजारीबाग व चतरा और तीन प्रखंड केरेडारी, टंडवा, सिमरिया के लोग शामिल होकर मंदिर में पूजा अर्चना कर अपनी मन्नतें मागते हैं। जहां श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी होने के कारण सावन मास की पूर्णिमा तिथि को आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव में काफी भीड़ उमड़ती है। महोत्सव का आयोजन मंदिर समिति के सदस्य बाबूलाल गंझु, नरेश यादव, बालेश्वर यादव, वकील राम, जितेंद्र यादव द्वारा किया जाता है। जहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर चप्पे–चप्पे वोलेंटियर्स तैनात रहते हैं। मौके पर मंदिर की विकास को लेकर विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। बता दें कि यह दासी मंदिर दो जिलाओं व तिन प्रखंडों के बीच स्थित है। मंदिर के दक्षिण में हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखण्ड में पड़ता है वहीं पक्षिम में टंडवा व सिमरिया प्रखण्ड में पड़ता है यह मंदिर दो जिला व तिन प्रखण्ड के बीच में स्थित है ।हालांकि वार्षिक महोत्सव सिमरिया प्रखण्ड के वासियों द्वारा मनाया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया विनोद महतो, नरेश साहू, दशरथ राणा, कार्तिक साहू, अभय पाल, जेएमएम नेता भूपेंद्र ठाकुर, नेमधारी महतो, शिक्षक कामाख्या प्रसाद, गंदौरी गंझु के अलावे अन्य लोगों ने अहम भूमिका निभाया।

मोकिम अंसारी

## 11 हजार के बिजली तार में आग लगने से बाल बाल बचे ग्रामीण



सिमरिया। प्रखण्ड के बकचौमा गाँव में 11 हजार के बिजली तार में आग लगने से जहां पेड़ में आग लगी वहीं बाल बाल बचे ग्रामीण। ग्रामीणों की तत्परता से बिजली विभाग को फोन कर बिजली की लाइन कटवाई गयी। घटना को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 11 हजार के बिकली तार में कभर युक्त तार लगाया जाना था किंतु नंगा तार दिया गया है वहीं पोल पर तार जीर्ण तिर्न तरीके से तार को लटकाया गया है ना हीं तार को सुदृढ़ तरीके से खिंचा गया है ना हीं पोल को सीधा खड़ा किया गया है। ऐसे में दुर्घटना होना तय है। तार में आग उस समय लगी जब सुबह लोग घरों से मवेशी चराने बाहर निकल रहे थे। इसी बीच अचानक एक पेड़ में सटे तार में आग का शोला निकलने लगा। जिससे गाँव में अफरा तफरी मच गयी। उसी क्रम में मवेशी चराने निकले लोग बाल बाल बीच गए। आग इतनी भयावह थी की तार गिरने से जमीन में रखे कूड़े में आग लग गयी और जमीन में करंट प्रवाहित होने लगी। वहीं पेड़ में आग के शोले निकलने लगा। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से कभर युक्त तार लगाने की मांग किया है। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में 11 हजार तार ले जाने के लिए कभर युक्त तार लगाना है लेकिन ठीकेदार द्वारा जैसे तैसे पोल खड़ा कर वायरिंग कर निकलते बने।वहीं डाड़ी गाँव के तुमापतरा में एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर खराब है जिसे लेकर ग्रामीणों ने विभाग को जानकारी देते हुए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया है ।किंतु अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाने से युक्त गाँव अँधेरे में कायम है । जिसे लेकर ग्रामीणों में विभाग के प्रति काफी आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि दो दिन के अंदर ट्रांसफार्मर व टूटे हुए तारों को नहीं लगाया गया तो हम लोग सड़क पर आकर आंदोलन करेंगे जिसका जम्मेवार विभाग होगा।

मोकिम अंसारी

## तरयासुजान पुलिस का गुडवर्क कबाड़ी गिरफ्तार

☒ कबाड़ से करोड़ों के कारोबार तक कि कहानियां लगभग सभी ने सुनी होगी




आज यहां तरयासुजान पुलिस का दावा है कि एक कारोबारी को अवैध रूप से गाड़ियों को काटने के मामले में जेल भेज कारोबार में विराम लगा दिया है। गौरतलब हो कि पुरानी गाड़ियों को काटने,लोन सुदा गाड़ियों को काटने आदि के मामले में बकायदे आरटीओ के संज्ञान में लाइसेंस कि जरूरत होती है। पर बर्षों से तरयासुजान थाना क्षेत्र के नुनियापट्टी में बिना किसी लाइसेंस आधा दर्जन से अधिक कारोबारी ऐसे कारनामों को अंजाम देते आ रहे हैं। बताया जाता है कि इस कार्य में पुलिस को भी अच्वी खासी भेंट चढ़ती रही है। आम चर्चाओं पर गौर करें तों कारोबार पुराना है। अवैध रूप से काटे जा रहे गाड़ियों के सूचना पर पुलिस ने नरेंद्र चौरसिया पुत्र स्व रामनरेश चौरसिया को हिरासत में लिया था सुत्र बताते हैं कि घटना के बाद से ही मैनेजिंग के लिए कालरदार लोग व्यवस्था में लगे थे।

पर पुलिस ने दया भारती, मनोज भारती, धर्मेंद्र चौहान तीन को वांछित कर नरेंद्र को जेल भेज दिया है। जबकि आज से कुछ दिन पुर्व यहीं से पूरे एक ट्रक कबाड़ के हेर फेर और चोरी के मामले में स्थानीय पुलिस मैनेज होती दिखी थी। जो पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है अखबारों और सोशल मीडिया कि सुर्खियां बताती है। कि मामला चोरी और हेर फेर का होने के वावजूद न तो एफआईआर हुए और न ही गिरफ्तारी बताया गया कि मामले को मालिकों के बीच बैठा कर सुझाया गया अब सवाल यह है कि व्याप्त अपराधों को पुलिस किन किन शर्तों पर सलटाती है यह तो जांच का विषय है। फिलहाल देर आये दुरस्त आते बहादुरपुर चौकी पुलिस सहित पूरे थाना परिवार को बड़े कामयाबी के लिए बधाई।

# संक्षिप्त समाचार

### आज पूरे भारतवर्ष के साथ-साथ कोसी क्षेत्र के सुपौल में भी कई स्थानों पर मनाया गया मोहर्रम का त्योहार

अनुमंडल ब्यूरो चीफ चन्दन राजक सुपौल बिहार। सुपौल के राघोपुर प्रखंड के राम बिशनपुर पंचायत से समाजसेवी कार्यकर्ता – बबलू दास, निजामुद्दीन सरपंच रामकिशनपुर पंचायत, प्रखंड प्रमुख फिदा हुसैन, मोहम्मद मेराज के साथ–साथ अन्य कई प्रतिनिधियों की देखरेख में मोहर्रम को हजारों की संख्या में मोहर्रम का मेला देखने के लिए लोग आए। आपको बता दें कि यह मैल राम बिशनपुर पंचायत हॉल्ट के समीप इस्लामी धर्म के व्यक्तियों द्वारा प्रशासनिक कड़ी व्यवस्थाओं के साथ किया तजिया लाकर कई लाठी, भाला, तलवार, फरसा इत्यादि से वही गांव राम बिशनपुर पंचायत में भी राष्ट्रीय गान का शुभारंभ करते हुए भाला तलवार फरसा लाठी का कर्तव्य दिखाया अंत में समाज सेवी बबलू दास ने बताया कि यह मुहर्रम का पर्व हम सभी धर्मों के व्यक्तियों को मिलजुल कर मनाना चाहिए, इससे हमारे समाज में एकता बनी रहेगी, क्योंकि हिन्दू, मुश्लिम,सिख,ईशाई सभी के रक्त एक समान हैं।



### पटना का मोस्टवांटेड अपराधी रवि गोप महाराष्ट्र से गिरफ्तार STF ने नागपुर से दबोचाय 14 सालों से था फरार

पटना का मोस्टवांटेड इनामी अपराधी रवि गोप को एसटीएफ की टीम ने नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है। रवि गोप को पुलिस पटना लेकर आ रही है। एक दर्जन से अधिक संगीन हत्या के मामले रवि पर दर्ज हैं।



पटना का मोस्टवांटेड अपराधी रवि गोप महाराष्ट्र से गिरफ्तार, STF ने नागपुर से दबोचाय 14 सालों से था फरार पटना का मोस्टवांटेड इनामी अपराधी रवि गोप को एसटीएफ की टीम ने नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है। रवि गोप को पुलिस पटना लेकर आ गई है। एक दर्जन से अधिक संगीन हत्या के मामले रवि पर दर्ज हैं। करीब 14 सालों से फरार चल रहा रवि गोप पटना पुलिस की हिट लिस्ट में शामिल था। जानकारी के अनुसा नागपुर में रवि गोप के होने की सूचना मिलते ही पटना एसटीएफ महाराष्ट्र के लिए रवाना हुई, जहां घेरकर उसे दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ उसे पटना लेकर पहुंची है। रवि गोप से फिलहाल पूछताछ की जा रही है। बता दें कि एक समय में यह पटना का नामी डॉन था। राजन्द्र नगर रोड नंबर एक में इसका घर है। वह दवा, फर्नीचर व अन्य व्यवसायियों से रंगदारी वसूलता था।

### कॉंग्रेस गठबंधन ने संयुक्तरूप से निकाली तिरंगा सम्मान यात्रा

सिमरिया। भारतीय कांग्रेस पार्टी व भाकपा तथा जेएमएम और राजद के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से चौक के सभी मार्गो में तिरंगा सम्मान यात्रा निकाली। साथ हीं बिहार में गठबंधन की नितीश कुमार की सरकार बनने पर खुशी जाहिर करते हुए बम पटाखे छोड़े। यह यात्रा निकाल आम लोगों को 15 अगस्त में फहराए जाने वाले देश की शान तिरंगा झंडा घर घर में फहराने की अपील किया। यह यात्रा चौक के सभी मार्गो में निकली गयी। मौके पर जवाहर विश्वकर्मा, मो इकबाल, हाजी इजहार, जवाहर यादव,कृष्णा कुमार , रफीक आलम के अलावे दर्जनों लोग सभी गठबंधन के शामिल थे।



मोकिम अंसारी

### पिपराही थाना में मनाया गया रक्षाबंधन त्यौहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स से कुमार उत्कर्ष सिंह मोनू की रिपोर्ट शिवहर। प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान के द्वारा पिपराही थाना में रक्षाबंधन त्यौहार मनाया गया है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी शिवहर के बहन भारती ने बताया है कि पिपराही थाना अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता के साथ जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, तथा सभी थाना के पदाधिकारीयों एवं कर्मियों के साथ रक्षाबंधन त्यौहार मनाया गया। बहन भारती दीदी ने एक एक कर सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन त्यौहार मनाया है।



### हर घर तिरंगा को लेकर जागरुकता रैली

वी.के सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढी सोनबरसा। श्री जागेश्वर हाई स्कूल, भुतही के एएनओ पंकज कुमार केशव के नेतृत्व में भुतही में प्रभात फेरी निकाला गया। जुलूस निकाल आम जनता को जागरूक किया गया कि हर घर तिरंगा लगाए। जागरूकता जुलूस में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रणजीत किशोर रंजन, पूर्व मुखिया मनोज कुमार, सुनील कुमार पासवान, उमाशंकर प्रसाद, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, श्यामली सिन्हा, विजय लक्ष्मी,भूपेंद्र कुमार के साथ साथ एनसीसी के छात्र एवं छात्रा अन्य गणमान्य शामिल रहे।




### अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से उपलब्ध कराने वाले मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार योजना के लिए ताजी करण की प्रक्रिया की तिथि घोषित कर दी गई है

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)
अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से उपलब्ध कराने वाले मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार योजना के लिए ताजी करण की प्रक्रिया की तिथि घोषित कर दी गई है। दिनांक 22 अगस्त 2022 से 23 अगस्त 2022 तक वित्तीय वर्ष 2020–2021 एवं 2021–2022 के लिए चयनित वृहत ऋण में 85 एवं लघु ऋण में 70 कुल 155 चयनित आवेदकों का कागजीकरण की प्रक्रिया होगी। इसमें एक लाख तक की राशि के लिए एक लाख से अधिक राशि के लिए अलग–अलग ग्रांटेड के कागजात के साथ ही आवेदक को अपने सभी कागजात बैंक पास बुक आदि लेकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय वैशाली आना है।



### शिक्षा संबंधी बातें

(धीरेन्द्र कुमार प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स पिपरा सुपौल) पिपरा। निजी स्कूल वाले त्योहार के दिन भी बच्चों को क्लास देते है, और सरकारी विद्यालयों मैं किसी न किसी फैस्टिवल का छुट्टी मानते रहते है। इसलिए सरकारी विद्यालयों मैं अच्छे–अच्छे विद्यार्थी विद्यालय नहीं जाते है, क्योंकि वे जानते है कि अगर मैं विद्यालय के भरोसे रहूँगा तो मैं वार्षिक परीक्षा मैं फैल हो जाऊँगा यह छात्रों का आवाज है। इसके बारे मैं जरूर सोचिये।



## अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा लगाने का मुहिम चलाया गया

दीपक कुमार रक्सौल पूर्वी चंपारण। प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण और एस एस बी 47 बटालियन पनटोका द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा लगाने का मुहिम चलाया गया। इस के तहत मैत्री पुल इंडोनेपाल बॉर्डर से 125 तिरंगा घर घर लगाया गया। डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार द्वारा बताया गया आज



से 15 अगस्त तक मेरा लक्ष्य 12000 तिरंगा हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा लगाना है। और हम आप सभी से अनुरोध करते हैं। कि आप सभी हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा में भाग ले कर अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाये। प्रयास संस्था मोतिहारी की परामर्श दाता आरती कुमारी द्वारा बताया गया कि हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा में भाग ले कर एस एस बी 47 जी बटालियन पनटोका को एक हजार (1000) तिरंगा झंडा प्रयास संस्था द्वारा दिया गया मुहिम को सफल बनाने के लिए और उनके के साथ मिल कर हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा लगाया जाना है। 15 अगस्त तक सभी के घरों पर यह तिरंगा लहराएगा। मौके पर प्रयास संस्था मोतिहारी से विजय कुमार शर्मा, राज गुप्ता, चाइल्ड लाइन सब सेंटर रक्सौल से अभिषेक पटेल, उमेश श्रीवास्तव, एस एस बी के जवान उपस्थित थे।

## बगहा में राजद महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष पूनम गुप्ता व प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद उरांव को मनोनीत किया गया

पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा दो रेलवे स्टेशन समीप राजद कार्यालय भवन सभागार में राजद युवा जिलाध्यक्ष सह एम एलसी प्रतिनिधि पप्पू यादव की अध्यक्षता में बगहा पुलिस जिला महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पूनम गुप्ता ग्राम हरनाटांड़ थाना लौकरिया और प्रखंड अध्यक्ष बगहा दो प्रमोद उरांव, गांव हथुवनवा थाना चिउटाहां को मनोनीत किया गया।



बैठक को सम्बोधित करते हुए बगहा राजद के प्रधान महासचिव आलमगीर रब्बानी द्वारा बगहा पुलिस जिला अंतर्गत जनता के हित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए इसे आम लोगों को बताने का निर्देश दिया। साथ ही बगहा पुलिस जिला के युवा राजद जिलाध्यक्ष पप्पू यादव के द्वारा संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। बैठक में राजद युवा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव के द्वारा महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पूनम गुप्ता और प्रखंड बगहा दो अध्यक्ष प्रमोद उरांव को
प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही बगहा पुलिस जिला के युवा राजद जिलाध्यक्ष पप्पू यादव द्वारा मनोनीत करते हुए कहा गया कि राष्ट्रीय जनता दल के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का काम करते हुए दल को मजबूती देने कार्य एवं दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए जमीनी स्तर तक पहुंचाने का काम करेंगे। उक्त अवसर पर बगहा राजद के प्रधान महासचिव आलमगीर रब्बानी, अंकित यादव, विपिन यादव, मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद उरांव, रामाशंकर राम, सुनील कुमार व घेघी यादव समेत तमाम राजद कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## आजादी के अमृत महोत्सव का श्रृंगार है घर घर तिरंगा : छोटेलाल प्रसाद

दीपू साह चीफ ब्यूरो अनुमंडल नरकटियागंज। उच्च माध्यमिक विद्यालय परिवार के सैकड़ों छात्रों ने प्रधानाध्यापक रघुवर शरण के नेतृत्व में हर घर झंडा , घर घर तिरंगा की भव्य रैली नगर में निकाली जो शहीद चौक होते हुए फ्लाई ओवर ब्रीज के गोलंबर से वापस लौटी और नगर के सभी मुख्य मार्गों से होते हुए वापस विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई ।रैली को फ्लैग ऑफ करते हुए मुख्य अतिथि छोटेलाल प्रसाद ने , घर घर तिरंगा फहराएंगे , उच्च विद्यालय करे पुकार , हर घर तिरंग सबके द्वार आदि । विद्यालय के अध्यापक डॉ. अरविंद कुमार तिवारी , विजय राज श्रीवास्तव , कौशल किशोर , एंजिलो जॉर्ज , अर्चना वर्मा आदि की भूमिका इस रैली की सफलता में महत्वपूर्ण रही । राजू , प्रेम , निखिल ,आदित्य सहित नवम एवं दशम वर्ग के सैकड़ों छात्रों ने हाथ में तिरंगा लेकर जन जागृति किया और राहगीरों के साथ साथ



कहा कि प्रधानमंत्री की राष्ट्रव्यापी सभी कृतियों में हर घर झंडा, घर घर तिरंगा सबसे अनुपम और गरिमामयी है । उन्होंने बताया कि आजादी के 75 साल पूरे होने पर पूरा राष्ट्र आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है जिसमें हर भारतवासी को अपने घर पर तिरंगा फहराना है और राष्ट्रध्वज को नमन करना है । विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक सह कवि साहित्यकार मुकुंद मुरारी राम के संयोजन में उनके द्वारा बताए गए कई महत्वपूर्ण नारों को छात्रों ने बुलंद किया , जैसे , उच्च विद्यालय की यही पुकार , घर घर तिरंगा अबकी बार , अमृत महोत्सव मनाएंगे मुहल्ले वासियों को अपने घर तिरंगा लगाने हेतु प्रेरित भी किया । आदेशपाल विजय कुमार , उमेश कुमार एवं मुन्ना गार्ड भी शामिल हुए इस तिरंगा रैली में । प्रधानाध्यापक ने घर घर तिरंगा को ऐतिहासिक बनाने हेतु सभी से अपील भी की और छात्रों को तिरंगा टोपी , झंडा और माथे की पट्टी अपनी तरफ से दिया और सबको इसका प्रयोग करने को कहा।

विद्यालय के माध्यम से यह कार्यक्रम 15 अगस्त तक कई रूपों में किया जाता रहेगा इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी मुकुंद मुरारी राम ने दी।

## ओढ़ने के लिए उठाया चादर तो करैत सांप ने डंसा, हुई मौत

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिले के सोनहन थाना क्षेत्र के सोनहन गांव निवासी एक व्यक्ति की सर्पदंश से मौत हो गई है। मृतक व्यक्ति सोनहन गांव के चिरकुट सिंह के 42 वर्षीय पुत्र भानू प्रताप सिंह बताए जाते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक भानू प्रताप सिंह मंगलवार की देर रात खाना खाने के बाद सोने के लिए छत पर गए। छत पर सोने के क्रम में ठंड लगने पर ओढ़ने के लिए बगल में रखे चादर को खींचे और चादर ओढ़ लिया। चादर के अंदर छीपे करैत सांप ने डंस लिया। जब उसने टार्च जलाई तो उसने सांप देखा और स्वजनों को सूचना दी। उसके बाद आसपास के लोगों की मदद से स्कार्पियो पर लेकर भानू को स्वजन तथा गांव के लोग उतर प्रदेश के अमवां के सती माता के पास ले गए। जहां झाड़फूंक शुरू की गई। उसके बाद स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर यूपी के मऊ के सदर अस्पताल में ले गए। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद सोनहन गांव में कोहराम मच गया। कागजी कार्रवाई पूरा होने के बाद शव को स्वजनों को सौंप दिया गया। उसके बाद शव को सोनहन थाना पर लाया गया। जहां से शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम भभुआ के सदर अस्पताल में कराया गया।

## कौशल कुमार , जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा पंचायत सरकार भवन मल्हनी के सभा भवन में ग्राम पंचायत स्तर पर चल रही सभी योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक किया गया

(सुवेश राज सदर अनुमंडल ब्यूरो चीफ सुपौल दैनिक अयोध्या टाइम्स) सुपौल। 11 बजे पूर्वाहन में श्री कौशल कुमार , जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा पंचायत सरकार भवन मल्हनी के सभा भवन में ग्राम पंचायत स्तर पर चल रही सभी योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक किया गया । उक्त बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सुपौल , कार्यपालक अभियंता पीएचईडी , बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुपौल , प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी , सुपौल , आपूर्ति निरीक्षक प्रखंड सुपौल , कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा सुपौल , कनीय अभियंता विद्युत विभाग , कनीय अभियंता मनरेगा , तकनीकी सहायक पंचायती राज लेखापाल सह आईटी सहायक पंचायती राज, मुखिया ग्राम पंचायत मल्हनी , सभी वार्ड सदस्य मल्हनी , पैक्स अध्यक्ष मल्हनी एवं कार्यपालक सहायक मल्हनी उपस्थित थे ।

कूल 13 वार्ड में 15 नल जल योजना चल रही है , कुछ योजनाओं में पानी आयरन युक्त आ रहा है । कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया गया कि जहां पानी खराब आ रहा है वहां का मरम्मतीकरते हुए तुरंत सही पानी का व्यवस्था करें साथ ही एक क्षेत्र में टंकी नहीं लगा है उसे जल्द ही काम शुरू करने का निर्देश दिया गया । कुल 11 चल रही आंगनवाड़ी केंद्र में 2 आंगनवाड़ी केंद्र पूर्व से निर्मित है तथा दो अधूरा है उसे तुरंत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया साथ ही शेष बचे हुए सात केंद्र के लिए जमीन चिन्हित करके बनाने का निर्देश दिया गया ।

ग्राम पंचायत में कूल 13 विद्यालय में 3 प्राथमिक विद्यालय भवन वहीं है , भूमि चिन्हित कर पंचायती राज योजनाओं से भवन बनाने का निर्देश दिया गया एनजीओ के द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे एमडीएम पर शिकायत प्राप्त होने के कारण संज्ञान लेने का निर्देश दिया गया । विद्यालय में छात्र की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर देने का आग्रह किया गया। सभी पीडीएस दुकान में समय पर वितरण करने का निर्देश दिया गया है। किसान को हो रही खाद की समस्या पर निर्देश दिया गया कि दुकानदारों





को समय पर खाद उपलब्ध कराया जाए साथ ही सही दाम पर किसान को खाद मिले। मुखिया जी और सभी वार्ड सदस को निर्देश दिया गया कि पंचायत में सर्वे कराकर छूटे हुए योग्य लोगों को राशन कार्ड और सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें।

पंचायत की स्थिति संतोषजनक बताते हुए निर्देश दिया गया कि प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी पंचायत से समन्वय बनाकर और व्यवस्थित करें।

## महागठबंधन की सरकार बनने पर राजद कार्यकर्ताओं ने खुशी का जश्न मनाया



हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार।
बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने पर स्थानीय बाजार पतरघट में राजद कार्यालय में महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर खुशी जताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष भीखा पासवान ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज सामाजिक न्याय के विचारधाराओं के लोगों और गरीब गुरबों की यह एक ऐतिहासिक जीत हुई है। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आज के परिवेश में एक साहसिक निर्णय लेने के लिए हार्दिक बधाई। कहा कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राजनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए महागठबंधन की नई सरकार बनाकर समाज के शोषित और पीड़ित जनता की आवाज बनकर बिहार नहीं पूरे देश को एक नया संदेश दिया है। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर साह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नवीन झा, धबोली दक्षिणी पंचायत के मुखिया रमेश चंद्र राणा मुखिया संघ के अध्यक्ष जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सत्य नारायण यादव, तेजनारायण यादव, पूर्व जिला पार्षद रविंद्र प्रसाद यादव, जदयू के जिला महा सचिव चंद्र किशोर यादव, इंजीनियर राजू, उपेंद्र यादव, किशनपुर पंचायत अध्यक्ष लाल यादव, जिला प्रधान महासचिव सुभाष राम, जिला पार्षद संतोष कुमार यादव, आलोक कुमार यादव, उपेंद्र यादव, कैलाश यादव,रंजित राम,उपेंद्र यादव शिक्षक, मोहमद फिरोज आलम, परवेश साह,सुशील,उमेश यादव, नित्यानंद सादा, इनरदेव यादव, बबुएन यादव,आलोक कुमार, राधे यादव, गोविंद सादा, नीरज कुमार, चंदन यादव, यादव उर्फ अभिनंदन यादव, वार्ड सचिव संघ पामा रामप्रवेश कुमार, चंदन यादव,आदि मौजूद थे।

## महागठबंधन की सरकार बनने से वार्ड सचिव में खुशी की जगी किरण उपेंद्र कुमार सुमन वार्ड सचिव संघ जिला अध्यक्ष सुपौल बिहार

(आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार)
सुपौल। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने से प्रदेश के सभी वार्ड सचिवों में काफी खुशी की लहर है।मालूम हो कि पटना के गर्दनीबाग में प्रदेश के वार्ड सचिव के द्वारा 3 सूत्री मांगों को लेकर 15 दिन धरना एवं अनशन किया गया था। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर भी अनशन रखा गया था। 3 सूत्री मांगों के बदले में पूर्व पंचायती राज मंत्री अशोक सम्राट बीजेपी नेता के द्वारा वार्ड सचिव पर दिसंबर माह को 2021 इसवी को लाठियां बरसाई गई, एवं 15 वार्ड सचिव को जेल भेजा गया, 5 वार्ड सचिव को लाठी के चोट लगने से कुछ ही दिन बाद इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। वार्ड सचिव संघ के सुपौल जिला अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सुमन ने कहा कि सभी वार्ड सचिव को पटना में पुलिस से पिटाई किए जाने के बाद वार्ड सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री रामदेव यादव के द्वारा एक स्थाई मांग पत्र श्री तेजस्वी यादव को सौंपा गया था। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि अगर हमारी पार्टी की सरकार होती तो आप लोगों की मांगे को अवश्य पूरी कर देते। अब बिहार के सभी वार्ड सचिव ये देख रहे हैं कि उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव बनने के बाद अपने वादे पर कब खड़ा उतरते हैं।



यहां तक की उन्होंने 2020 के विधानसभा की चुनाव–प्रचार में भी कई मंचों से वार्ड सचिव से वादा किए थे। कि हमारी सरकार होगी तो वार्ड सचिव का स्थाई किया जाएगा।

## आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में चलाई जायेगी





(सुवेश राज सदर अनुमंडल ब्यूरो चीफ सुपौल दैनिक अयोध्या टाइम्स) सुपौल। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में चलाई जायेगी जिसके निमित्त जन जागरण हेतु सुपौल नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा पद यात्रा निकाला गया, कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लिए भारत माता की जय,वंदे मातरम, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद जैसे नारे लगाकर स्थानीय गांधी मैदान से होते हुए नगर के विभिन्न चौक चौराहों से होकर पुनः गांधी मैदान में समापन किया गया। समापन के बाद एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष राम कुमार राय ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देशवासियों को उत्साह पूर्वक मनाना चाहिए एवं इस अवसर पर अमर सेनानियों के याद में अपने–अपने घर पर तिरंगा फहराना चाहिए। हवाई संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमन कुमार चंद ने कहा कि देश की आजादी में हमारे पुरखों ने अपना सर्वस्व निछावर कर के आजादी दिलाई उनके सम्मान में भारतीय जनता पार्टी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री सा कार्यक्रम के प्रभारी सुरेश कुमार सुमन ने कहा कि नई पीढ़ी को देश की आजादी में कोई महत्व भूमिका तो निभाने का अवसर नहीं मिला लेकिन इस अमृत महोत्सव को हम लोग अच्छे से मना कर अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम नगर मंडल के अध्यक्ष महेश देव की अध्यक्षता में की गई जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सरोजा झा, परमानंद सिंह जिला मंत्री सुमन कुमार, गौरव गुप्ता,रंजू झा,अशोक शर्मा,प्रकाश झा, जयंत मिश्रा, नलिनजयसवाल, विनीत सिंह राहुल झा, श्याम पौदार, विमलेंदु ठाकुर,मिथिलेश यादव,आदित्य कोशिश,राजीव ठाकुर, पीके पौदार सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वैवाहिक जीवन में खुश रहने के लिए भगवान विष्णु की पूजा में इस मंत्र का करें जाप

हर्षबर्धन संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स अरेराज पुर्वी चम्पारण बिहार। हिंदू धर्म में गुरुवार के दिन भगवान विष्णु की पूजा के लिए बेहद खास माना जाता है। कहते हैं सच्चे मन से उनकी पूजा करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं भगवान विष्णु जरूर पूरा करते हैं. हिंदू धर्म शास्त्र के अनुसार गुरुवार को भगवान विष्णु की विधिवत पूजा करने से जीवन के सभी संकटों से छुटकारा मिलता है. भगवान विष्णु जगत के पालनहार कहलाते हैं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, गुरुवार के दिन विधि–विधान से भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन के कष्ट मिटते हैं. गुरुवार का व्रत करने और कथा सुनने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूरी और धन की कमी दूर होती है, बुद्धि और शक्ति बढ़ती है और ग्रह दोष दूर होते हैं. गुरुवार व्रत में भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और उन्हें गुड़ और चने का प्रसाद अर्पित किया जाता है. आइए जानते हैं सुखी वैवाहिक जीवन के लिए कैसे करें भगवान विष्णु की पूजा।

बृहस्पति देव की पूजा का महत्व

हिंदू मान्यता के अनुसार बृहस्पति केवल एक ग्रह नहीं, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावित करने वाले देवता हैं. पूरे विधि–विधान से बृहस्पति देवता की पूजा करने पर मनवांछित जीवनसाथी मिलता है. वैवाहिक संबंध सफल रहते हैं और करियर में भी सफलता मिलती है. जिन लोगों का बृहस्पति कमजोर हो, उन्हें ये पूजा फल देती है. माता–पिता से अच्छे संबंधों के लिए भी इस दिन पूजा की मान्यता हैं।।

पूजन विधि

गुरुवार के दिन बृहस्पति देव और भगवान विष्णुं की पूजा इस मंत्र के जाप से करें– ऊं नमो नारायणा. यह मंत्रजाप 108 बार करने से परिवार में सुख–समृद्धि आती है और करियर में भी सफलता मिलती है. पूजा में दूध, दही और घी से बने पीले व्यंजनों का भोग लगाएं. भगवान विष्णु की पूजा कर रहे हों तो दिन में एक ही बार पूजा के बाद उपवास का पारण करें और केवल मीठी चीजों का ही सेवन करें।

इन बातों का रखें ध्यान

–गुरुवार की पूजा करते हुए कुछ बातों का ध्यान रखने से पूजा का पूरा फल मिलता है।

–गुरुवार के रोज केले के पेड़ की पूजा का महत्व है क्योंकि इसे भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है।

–इस दिन पीले वस्त्र पहनकर पूजा करें, पीली वस्तुओं का दान करें. इससे दान का सौ गुना पुण्य मिलता है।

–बृहस्पति ग्रह को शक्तिशाली बनाने के लिए पूजा के दौरान भगवान बृहस्पति की कथा पढ़ें और दूसरों को भी सुनाएं।

–भगवान विष्णु के अवतारों को भीगे चने की दाल का भोग भी गुड़ के साथ लगाया जाता है।

। शिवलिंग पर पीला कनेर अर्पित कर शिव आराधना से भी गुरु दोष खत्म होता है।।

# संक्षिप्त समाचार

## एसएसबी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ब्लड डोनेशन कैम्प का हुआ आयोजन

☒ एसएसबी 47वीं बटालियन के कमांडेंट विकास कुमार ने ब्लड डोनेट कर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा रक्सौल पूर्वी चंपारण। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर एसएसबी 47 बटालियन के तत्वधान में रक्सौल आईसीपी परिसर में ब्लड डोनेट कैम्प का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी मोतिहारी से आई तीन सदस्यीय टीम में शामिल डॉ नागेंद्र कुमार,लेब टेक्नीशियन रणजीत कुमार श्रीवास्तव,सहयोगी बिनोद कुमार ने एसएसबी कमांडेंट विकास कुमार ,डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारियो व जवानों का ब्लड संग्रह किया ।कमांडेंट विकास कुमार ने बताया रक्तदान सबसे बड़ा दान है।उन्होंने बताया कि हम जो ब्लड डोनेट करते है उसका उपयोग आपातकालीन परिस्थियों में जरूरतमन्दों की जान बचाने के लिये किया जाता है। उन्होंने अन्य लोगो से भी रक्तदान करने का आग्रह किया।



## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कई पंचायत के मुखिया गण के बीच किया गया तिरंगा का वितरण

अयोध्या टाइम्स डी एन कुशवाहा रक्सौल अनुमंडल सचिव
मोतिहारी पूर्वी चंपारण। कार्यवाहक कमांडेंट 71वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पिपरा कोठी,दिव्य रंजन सिंह के आदेशनुसार, प्रतीक कुमार गुप्ता, डिप्टी कमांडेंट की अगुवाई में बी कम्पनी बारहरवा में बिजबनी पंचायत के मुखिया जंग बहादुर प्रसाद, बारहरवा पंचायत के मुखिया नरेंद्र जी के अलावा अन्य पंचायत के मुखिया गण को, विद्यालय के शिक्षक गण संतोष कुमार, मनीष सिंह–बलुआ, घनश्याम प्रसाद– धुनिक बलुआ, संतोष कुमार–उप मुखिया बड़हरवा तथा मो.मकसूद शिक्षक बारहरवा इत्यादि को झंडे प्रदान की गई। साथ ही उन्हें उन झंडो को अपने–अपने गांव, क्षेत्र में सभी के घरों पर लगाने को बताया गया।इस मौके पर एस एस बी बारहरवा के कंपनी कमांडर राज नंदन कुमार, ए एस आई देव राज, बोमर, मौशु, हवलदार नवीन,चिर्हि,सिपाही भारतेंदु मिश्र तथा निरंजन पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## दिव्यांग बच्चों के सर्वे को सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

कैलाश चंद्र झा ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मधुबनी बिहार। खजौली में विभागीय निदेश के आलोक में दिव्यांग बच्चों के सर्वे को लेकर प्रखंड की आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में किया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित सेविका एवं सहायिकाओं को सर्वे प्रपत्र के माध्यम से शून्य से 18 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों के सर्वे की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि उनके पोषक क्षेत्र का कोई भी दिव्यांग बच्चा सर्वे में नहीं छूटे इस बात का ध्यान रखना है। इस क्रम में सर्वे के दौरान उत्पन्न होने वाली विभिन्न बिंदुओं से सेविकाओं को अवगत करवाया गया। ज्ञात हो की इससे पूर्व बुधवार को भी दो पालियों में एक सौ से अधिक सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर प्रशिक्षक सह बीआरपी समावेशी शिक्षा नरेंद्र प्रताप, रीता यादव, विनोद कुमार उपस्थित आदि उपस्थित थे।



## चिमनपुर और सोसौला पंचायत मे 5 किलोमीटर की पद यात्रा निकाला गया

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स ।)
शिवहर। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर शिवहर ग्रामीण मंडल के सोसौला एवं चिमनपुर पंचायत में मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व तथा जिला उपाध्यक्ष राम कृपाल शर्मा, जिला महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी रविशंकर सिंह,कार्यक्रम सह प्रभारी डॉ नूतन सिंह, पुर्व जिला पार्षद अरूण कुमार गुप्ता के उपस्थिति में उपरोक्त दोनों पंचायतों में 5 किलोमीटर कि पद यात्रा निकाला गया।



बताया गया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों पर हमारी राष्ट्रीय स्मिता की अमिट पहचान एवं भारत कि शान तिरंगा फहरा कर अपने आपको गौरवान्वित महसूस करने का संदेश जन जन तक पहुंचा गया तथा एक राष्ट्र एवं शक्तिशाली राष्ट्र का संदेश पुरे विश्व को देने का काम किया गया। इस अवसर पर मंडल के कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई ।अनिल कुमार सिंह मंडल मंत्री,राज कुमार सिंह शक्ति केंद्र प्रमुख, अशोक पाण्डेय सह प्रमुख, किशोरी पासवान पंचायत समिति सदस्य, विपिन कुमार , राहुल आर्यन,आमोद कुमार,मनीष कुमार, रौशन कुमार गुप्ता, आशुतोष कुमार गुप्ता, नवीन कुमार गुप्ता, आनंद साह, राम नाथ साह सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता का सहयोग रहा।

## चांद के दुलही पंचायत में डीएम ने किया योजनाओं का निरीक्षण

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला ने बुधवार को चांद प्रखंड के दुलही पंचायत में सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा राजकीय कृत रामदुलारी जगदीप प्लस टू उच्च विद्यालय बहुआरा का निरीक्षण किया गया। बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों के बीच बैठकर शैक्षणिक गुणवत्ता को भी परखा गया और सुधार के संबंध में शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा ग्राम दुलही वार्ड संख्या छह में गली नाली योजना का कार्य देखा गया। गली के साथ नाली का निर्माण नहीं हुआ था। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। नल जल योजना अंतर्गत दुलही ग्राम में वार्ड छह का निरीक्षण किया। कुछ घरों में जलापूर्ति नहीं हो रही थी। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी को तत्काल जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र बहुआरा का निरीक्षण किया गया।
बच्चे ड्रेस में थे। उन्होंने मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम दुलही में बाहा निर्माण कार्य से संबंधित योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत भी की। बातचीत के दौरान जिलाधिकारी ने सिंचाई की व्यवस्था के बारे में पूछा। इस मौके पर डीपीआरओ, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## बहनों ने अपने अपने भाईयों के कलाईयों पर बांध हर्षोल्लास के साथ पवित्र पर्व मनाया

राकेश कुमार सिंह दैनिक अयोध्या टाइम्स मधुबन संवादाता। भाई बहनों का अटूट प्रेम रक्षाबंधन का त्योहार हर बहनों ने अपने अपने भाईयों के कलाईयों पर बांध हर्षोल्लास के साथ पवित्र पर्व मनाया। वेद ग्रंथों के अनुसार इस पर्व पर राखि एवं मिठाईयों के लिए अपनी अपनी इच्छाअनुसार राखी एवं मिठाईयों की खरीदारी की।

## तरियानी प्रमुख पति राहुल सिंह ने सभी जिला वासियों को रक्षाबंधन की दी शुभकामनाएं



.रंग बिरंगे मौसम में, सावन की घटा छाई है खुशियों की सौगात लेकर बहना राखी बांधने आई है

दैनिक अयोध्या टाइम्स पत्रकार सुमित सिंह शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी इस संदर्भ में बता दिया जाए कि तरियानी प्रमुख पति राहुल सिंह ने सभी जिला वासियों को रक्षाबंधन की दी शुभकामनाएं एव रक्षाबंधन के विशेषताओं के बारे में बताया कि यह पर्व भाई–बहनों का वह त्योहार है जो मुख्यतरू हिन्दुओं में प्रचलित है पर इसे भारत के सभी धर्मों के लोग समान उत्साह और भाव से मनाते हैं।

पूरे वही राहुल सिंह ने बताया की भारत में इस दिन का माहौल देखने लायक होता है और हो भी क्यूं ना, यही तो एक ऐसा विशेष दिन है जो भाई–बहनों के लिए बना है। आज ही के दिन यज्ञोपवीत बदला जाता है। यूं तो भारत में भाई–बहनों के बीच प्रेम और कर्तव्य की भूमिका किसी एक दिन की मोहताज नहीं है पर रक्षाबंधन के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की वजह से ही यह दिन इतना महत्वपूर्ण बना है। बरसों से चला आ रहा यह त्योहार आज भी बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। हिन्दू श्रावण मास में पूर्णिमा के दिन मनाया जाने वाला यह त्योहार भाई का बहन के प्रति प्यार का प्रतीक है। रक्षाबंधन पर बहनें भाइयों की दाहिनी कलाई में राखी बांधती हैं, उनका तिलक करती हैं और उनसे अपनी रक्षा का संकल्प लेती हैं। हालांकि रक्षाबंधन की व्यापकता इससे भी कहीं ज्यादा है। राखी बांधना सिर्फ भाई–बहन के बीच का कार्यकलाप नहीं रह गया है।

वही आप सभी को विशेष कर इस जानकारी रूबरू करा दिया जाए कि तरियानी प्रमुख पति राहुल सिंह विशेष कर अपना ये पैगाम दिया है रक्षाबंधन को लेकर की राखी देश की रक्षा, पर्यावरण की रक्षा, हितों की रक्षा आदि के लिए भी बांधी जाने लगी है।

रक्षाबंधन के त्योहार का इतिहास हिंदू पुराण कथाओं में है। वामनावतार नामक पौराणिक कथा में रक्षाबंधन का प्रसंग मिलता है।

## हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को रैली

साहिल कुमार सिंह (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कटिहार)। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ कुमार मालाकार के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत घर–घर तिरंगा फहराने को लेकर बाइक रैली कटिहार नगर के एल डब्ल्यू सी मैदान से शुरू किया गया जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता राष्ट्रप्रेम में शामिल हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विधान पार्षद अशोक अग्रवाल जिला अध्यक्ष लक्खी महतो पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज राय चंद्र भूषण ठाकुर महामंत्री वीरेंद्र यादव राम नाथ पांडे उपाध्यक्ष पवन झा प्रेम प्रकाश ने जागरूकता बाइक रैली का शुभारंभ किया विधान पार्षद अशोक अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाने के लिए सभी लोगों को कहा गया है जिसे लेकर भाजयुमो के नेतृत्व में बाइक रैली में शामिल होकर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक सभी कार्यकर्ता अपने घरों में तिरंगा फहराने के साथ घर–घर तिरंगा लगाने के लिए सभी लोगों को प्रेरित करें भाजयुमो जिला अध्यक्ष सौरभ मालाकार ने बताया कि आगामी 15 अगस्त तक आजादी का अमृत महोत्सव में भाजपा युवा मोर्चा लगातार अपने संपर्क साथ उन्हें प्रेरित कर रहा है जिला अध्यक्ष मलाकार ने कहा कि हर घर तिरंगा लगाने की मुहिम को बाइक रैली के माध्यम से कटिहार शहर के एल डब्ल्यू सी मैदान से शिव मंदिर चौक दौलत राम चौक एमजी रोड शहीद चौक अंबेडकर चौक होते हुए हरी शंकर नायक स्कूल तक सफलतापूर्वक जागरूकता अभियान कार्यक्रम का समापन किया रैली में शामिल जिला मंत्री भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उपाध्यक्ष रिंकू यादव सोनू सेना अभिषेक सिंह गोलू यादव गोरख कलाकार संस्कृत प्रकाश रंजन विजय सिंह चौधरी सनी कुमार सिंह सहित कई नेता शामिल हुए।



## अखिल भारतीय स्वतंत्र सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के द्वारा 81वी वर्षगाठ मनाई गई

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी। अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संगठन सह अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन पूर्वी चंपारण के कार्यालय में अमृत महोत्स के अवसर पर भारत छोड़ो आंदोलन अगस्त क्रांति की 81 वी वर्षगाँठ मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीकिशोर पांडेय ने किया। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी नवम्बर माह में होने वाले सम्मेलन हेतु जिसे जो जिम्मेवारी सोपी गई है उसे हर हाल में 05 अक्टूबर तक पूरा करे ताकि सम्मेलन तय समय पर हो सके। सभी उत्तराधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अपनी सदस्यता शुल्क जमा कर सदस्यता अद्यतन करावे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन में सक्रिय संगीता मिश्र ने अपने पिता को नमन करते हुए सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और कहा कि हमे स्वतंत्रता तो मिली लेकिन वास्तविक स्वतंत्रता अभी बाकी है। संगठन के वरीय उपाध्यक्ष श्री कौशल किशोर पाठक ने अगस्त क्रांति को आजादी के आंदोलन में सबसे बड़ा आंदोलन बताया। और सभी उत्तराधिकारियों को परिचय पत्र बनवाने का आग्रह किया। संगठन की कार्यकारी अध्यक्ष अमित निधि ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं महान स्वतंत्रता सेनानी माता पिता रामर्षिदेव ऋषि जी कुंती देवी की संतान हु। ऐसे माता पिता की संतान होना मेरे लिए गौरव की बात है।कार्यक्रम को राज कुमारी गुप्ता , पूर्व प्राचार्या शशिकला जी व अन्य लोगो ने संबोधित किया। इस अवसर पर संम्मानित होने वालों में उषा त्रिवेदी, डॉ संगीत मिश्र, पूर्व



भूमिका निभाने वाले 21 उत्तराधिकारियों को गांधी टोपी एवं चादर से संम्मानित किया गया। कार्यक्रम को महान स्वतंत्रता सेनानी रामर्षिदेव ऋषि जी की पुत्री उषा त्रिवेदी ने संबोधित किया और भारत छोड़ो आंदोलन पर प्रकाश डाला। ऋषि जी की पुत्री डॉ प्राचार्या शशिकला, अमिता निधि, मिथिलेश सिन्हा, राजेश अस्थाना,राजकुमारी गुप्ता, विनोद यादव, रंभा पांडेय, श्यामकिशोर प्रसाद, उजाला कुमारी, अभिषेक कुमार पांडेय, कुंदन मिश्र , मेघना मिश्र,संजय सिंह, शशि सिंह उर्फ रामा सिंह प्रमुख रहे।

## रोटरी क्लब ने लोगो को जागरूक करने के लिए निकाला मोटरसाइकिल रैली

दीपू साह चीफ ब्यूरो अनुमंडल नरकटियागंज। रोटरी क्लब और रोट्रेक्ट क्लब ने संयुक्त रूप से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने एवं नगरवासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर के पकड़ी ढाला से पूरे नगर में मोटरसाइकिल जागरूकता रैली का आयोजन किया।इस अवसर पर अध्यक्ष वर्मा प्रसाद ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में हर किसी को शामिल होना चाहिए यह किसी राजनैतिक दल का कार्यक्रम नहीं अपितु हर देशभक्त नागरिक का उत्सव है। यह अभियान एक भारत श्रेष्ठ भरत की संकल्पना को और अधिक मजबूती प्रदान करने वाला अभियान है। राष्ट्रभक्ति का अर्थ केवल तिरंगा हाथ में लेकर चलना ही नही होता है अपितु राष्ट्रीय कर्तव्य को पूरा करने का प्रण भी होता है। हमें तिरंगा अभियान में यह संकल्प लेना है कि अब हम जहाँ भी हैं जो कुछ भी कर रहे हैं उसको करते हुए भारत भक्ति का भाव सबसे ऊपर रखेंगे।

सचिव प्रो0अतुल कुमार ने सूत्रों को बताया कि रोटरी क्लब और उसका युवा शाखा रोट्रेक्ट क्लब हमेशा से ही राष्ट हित सामाजिक चेतना जागृत करने में सक्रिय रहा है। रोट्रेक्ट क्लब के अध्यक्ष सुदिष्ट कुमार ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी अपने आजादी के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहरायें। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह रैली पकड़ी ढाला से दिउलिया होते हुए एस0एस0बी0 कैम्प,वहा से पाण्डेय टोला होते हुए धुमनगर



चौक,पुनः वापस भगवती सिनेमा रोड ,सोनारपट्टी रोड होते हुए सब्जी मंडी मार्ग से वापस पुरानी बाजार में स्थित दयानंद सरस्वती चौक पर समाप्त हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रो0 एन0डी0ओझा,सुरेश जायसवाल, ई0 उमेश जायसवाल, कृष्ण कुमार पाठक,अवधकिशोर सिन्हा, डॉ अवधकिशोर सिंह,डॉ फैसल सिद्दीकी,विवेक कुमार,दिनेश जायसवाल, शौखलाल जायसवाल के साथ रोट्रेक्ट क्लब के चंदन कुमार, भूपनारायण कुमार, सुमीत कुमार गुप्ता,निशान्त कुमार,अनुराग कुमार, अदित्य प्रकाश,अभिषेक कुमार,विजयनन्दन आदि ने अपनी सहभागिता निभाई।

## जिलाधिकारी ने किया ठाकुरगंज थाना का निरीक्षण जनता की शिकायतो के प्रति गंभीर रहने का निर्देश



(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) किशनगंज। श्री श्रीकांत शास्त्री, जिलाधिकारी किशनगंज के द्वारा ठाकुरगंज थाना का औचक निरीक्षण किया गया। साथ में एसडीएम और एसडीपीओ भी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने ठाकुरगंज थाना पहुंचकर थाना का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम डीएम को थाना में गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने थाना में संधारित सभी प्रकार की पंजी,केस डायरी लिखने की अद्यतन स्थिति, आम जनता से प्राप्त आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करने संबंधित कार्रवाई,सिरिस्ता, मालखाना, महिला हाजत,पुरुष हाजत, अनुसंधान कक्ष,रिसेप्शन काउंटर, आम जनता के बैठने की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया गया। कई पंजियों में प्रविष्टि अद्यतन नहीं पाए जाने पर थानाध्यक्ष को अद्यतन करने का निर्देश देते हुए जनपरिवाद के प्रति गंभीर रहने का निर्देश दिया गया।

थाना में अनुसंधान और विधि व्यवस्था इकाई के कार्यों में प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मियों के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही,सभी वारंट,कुर्की जब्ती मामले के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई।लंबित वारंट के एक्जीक्यूशन त्वरित गति से कराने, कांडो में गुणवता और तकनीकी पहलुओं के साथ अनुसंधान करवाने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी समेत पुलिस बल के क्षेत्र में भ्रमणशील रहने और विधि व्यवस्था संधारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने शनिवारीय भूमि विवाद से संबंधित पंजी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि भूमि विवाद से संबंधित सभी आवेदनों को एक विशेष फाइल में सुरक्षित रखते हुए विधि–सम्मत कार्रवाई करें। थाना का मालखाने का भी औचक निरीक्षण किया गया। मद्य निषेध की समीक्षा के क्रम में थाना में देशीधविदेशी शराब जप्त करने और विनष्टीकरण की समीक्षा किया गया है। उन्होंने कहा कि विभागीय निदेश के आलोक में जप्त शराब का विनिष्टिकरण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने ठाकुरगंज के श्री हर गौरी मंदिर में दर्शन और पूजन किए। मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी ली गई। विदित हो कि जिला में पर्यटन की संभावना के निमित ठाकुरगंज समेत अन्य प्रखंड के महत्वपूर्ण स्थल को चिन्हित किए जाने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

## बिहार में जो महागठबंधन का सरकार बना है उसे गरीब जनता में खुशी की लहर दौड़ गया है : डॉक्टर मदन प्रसाद साह

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सिरहाकोठी। मधुबन विधानसभा के राजद पूर्व प्रत्याशी एवं राजद नेता डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने कहा कि बिहार में जो महागठबंधन का सरकार बना है उसे गरीब जनता में खुशी की लहर दौड़ गया है। उन्होंने कहा कि जनता ने सरकार गठन से इतना खुश हाल है कि लगता है कि मुझे नई आजादी मिल गई है। आर एस एस के एजेंट भारतीय जनता पार्टी धर्म के नाम पर समाज को बांट कर समाज में द्वेष फैला कर इस समाज को दूषित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जितने भी हमारे देश के नागरिक हैं, उन सब का इस देश पर उतना ही अधिकार है, जितना कि आर एस एस का। राजद नेता डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने कहा कि मोदी जी की भाजपा सरकार देश में जिन जिन पार्टियों के साथ सरकार बनाई है उसी पार्टी को खोखला कर के, तोड़कर के सत्ता पर काबिज है। उन्होंने कहा कि अभी अभी जो भाजपा का अधिवेशन पटना में हुआ था, उसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने बिहार में आकर बोले 2025 तक कोई भी क्षेत्रीय पार्टी नहीं रहेगा। जिसका परिणाम श्री नीतीश कुमार जी समझ गए, और भाजपा से नाता तोड़कर, समाजवादी नीतीश कुमार जी ने समाजवादियों के साथ मिलकर, नई सरकार का गठन किया है। जिसमें बिहार के जितने भी छोटी छोटी पार्टियां हैं नीतीश जी एवं माननीय युवा सम्राट तेजस्वी यादव जी के साथ मिलकर नई सरकार के गठन करने में भूमिका निभाया है। राजद नेता डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने कहा कि जिन छोटी–छोटी पार्टियों से मिलकर भाजपा सरकार बनी थी, उसमें उन छोटी–छोटी पार्टियों को भाई भतीजा में लड़ा कर, पार्टी को विखंडित कर सत्यानाश करने का कार्य किया है भाजपा। जिसमें सर्वप्रथम मोदी जी का हनुमान कहे जाने वाले चिराग पासवान जी को नेस्तनाबूद कर दिया। दूसरा बिहार सरकार के पूर्व पशुपालन मंत्री एवं विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो सन ऑफ मलाह श्री मुकेश साहनी जी हैं, जिनके पार्टी को तोड़कर उन्हें रोड पर लाने का कार्य भाजपा ने किया। जिसका जीता जागता उदाहरण बिहार में दोनों पार्टियां मौजूद है। इसी तोड़ ताड़ के डर से हमारे हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी भी डर के एनडीए छोड़कर महागठबंधन में आकर सरकार में शामिल हुए।



बिहार में महागठबंधन की नई सरकार के गठन पर मधुबन विधानसभा के राजद पूर्व उम्मीदवार एवं गरीबों की आवाज उठाने वाले सामाजिक नेता डॉक्टर मदन प्रसाद साह ने देशवासियों को राज्य वासियों को जिला वासियों को प्रखंड वासियों को मधुबन विधानसभा क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं और दिल से बधाई दिया है।

## रिश्वत के लिए रूपया है तो पास कर नहीं तो वेतन एवं ऐरिएर के लिए छह माह बर्दाशत कर की तर्ज पर चलता है जिला शिक्षा कार्यालय सुपौल का स्थापना शाखा : मनोज कुमार यादव



आलोक बादल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार) सुपौल। टीईटी–एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ गोपगुट सुपौल के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सुपौल,जिला पदाधिकारी सुपौल, प्राथमिक शिक्षा निदेशक,बिहार पटना ,अपरमुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार पटना को इमेल से पत्राचार कर कहा है कि एसएसए एवं जीओबी मद से अच्छादित शिक्षकों के लम्बित वेतन एवं ऐरिएर भुगतान के एवज में संभाग प्रभारी रजनीश कुमार सिंह मोटी रकम रिश्वत के रूप में शिक्षकों से मांग करते है,बोलते है कि रिश्वत के लिए मोटी रकम है तो पास कर नहीं तो अभी बर्दाशत कर।संभाग प्रभारी रजनीश कुमार सिंह का स्पष्ट कहना है कि भुगतान बिल में मिलने वाले रिश्वत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना सुपौल,जिला शिक्षा पदाधिकारी सुपौल,जिला पदाधिकारी सुपौल तक जाते हैं।जो शिक्षक रिश्वत दिया है उसका भुगतान कर दिया गया है जो रिश्वत नहीं दिया है उन शिक्षकों का छह माह और नौ माह से बिल जिला कार्यालय में ही पडा हुआ है,जो शिक्षक भुगतान के एवज में रिश्वत नहीं देगा,उन शिक्षकों का अगले छह माह भुगतान बिल कार्यालय में लम्बित रहेंगे,क्लर्क की कार्य शैली देखकर बिफरे संघ के जिलाध्यक्ष श्री मनोज कुमार यादव ने सभी विभागीय पदाधिकारी को पत्राचार कर कठघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि यदि रजनीश कुमार सिंह संभाग प्रभारी की बात झूठ होती तो प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी छातापुर के पत्रांक– 216 दिनांक 29.03.2022 पत्रांक–217 दिनांक 29.03.2022 पत्रांक–402, दिनांक–25.05.2022 पत्रांक–208 दिनांक–29.03.2022 प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी किशनपुर के पत्रांक–302 दिनांक–22.07.2022 पत्रांक–116 दिनांक 11रू03 2022 प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राघोपुर के पत्रांक– 153 दिनांक–23.03 2022 जीओबी मद ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रतापगंज के पत्रांक–430 दिनांक–21.07.2022 पत्रांक–431 दिनांक–21.07.2022 पत्रांक–103 दिनांक–10.02.2022 प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरायगढ़ के पत्रांक–279 दिनांक–25.06. 2022 के भुगतान बिल के साथ–साथ राघोपुर प्रखंड के–02 छातापुर के–02 त्रिवेणीगंज के–09 प्रतापगंज के–01 नवनियुक्त शिक्षक के साथ विनीता कुमारी प्राथमिक विद्यालय फकीरना दक्षिण प्रखंड राघोपुर सुपौल के सवैतनिक प्रशिक्षण अवधि अप्रैल–2018 एवं शिक्षक ललित कुमार राम प्रा.वि. कोरियानी टोला डुमरी प्रखंड राघोपुर सुपौल का प्रशिक्षण अंतर वेतन बिल एवं मई–2021 का मासिक भुगतान बिल सहित जिले के 26 अप्रशिक्षित शिक्षकों का वेतन भुगतान बिल पर संभाग प्रभारी रजनीश कुमार सिंह कुंडली मारकर पिछले छह माह से नहीं बैठे रहते,अब देखना यह होगा कि कुंडली मारने वाले क्लर्क की जीत होती है या डीईओ, डीएम सुपौल उक्त क्लर्क की मर्जी के विरुद्ध भुगतान करवाने में सफल होते हैं।

## भाजपा का तिरंगा यात्रा बारह अगस्त को पुनौराधाम से सात बजे से एवं अम्बेडकर स्थल डुमरा पर 12 बजे से धरना प्रदर्शन

'वी के सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढी। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह की अध्यक्षता में पूर्व पार्षद बैद्यनाथ प्रसाद के आवास पर तिरंगा यात्रा की सफलता के लिए बैठक आयोजित किया गया।भाजपा द्वारा 12 अगस्त 2022 को सुबह 7:00 बजे से विशाल बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन पुनौरा धाम से आयोजित किया गया है। जो शहर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए डुमरा हवाई अड्डा तक जाएगी। आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित यह तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशवासियों से अपने घर पर तिरंगा फहराने की अपील की है। सभी जनप्रतिनिधि ,जिला भाजपा पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य ,मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी ,मंच मोर्चा प्रकोष्ठ के संयोजक एवं अध्यक्ष , भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में शामिल होना है। साथ ही सम्पूर्ण बिहार प्रदेश के जिला मुख्यालय पर भाजपा द्वारा धरना आयोजित है। डुमरा में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर धरना स्थल पर दिन के बारह बजे से दो बजे तक भारतीय जनता पार्टी के द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है ।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विश्वासघात किए जाने के विरोध में यह धरना आयोजित है। आज की बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रोफेसर उमेश चन्द्र झा,आशुतोष शंकर सिंह,विधायक मोतीलाल प्रसाद,गायत्री देवी,पूर्व विधायक राम नरेश यादव, पूर्व सांसद सीताराम यादव,पूर्व विधायक नगीना देवी,महामंत्री नंद किशोर सिंह,अरुण गोप,महामंत्री कार्यक्रम प्रभारी आशुतोष कुशवाहा,सह प्रभारी आग्नेय कुमार,सह प्रभारी राहुल शांडिल्य, एवं रामाधार महतो उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### रक्षाबंधन

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल बिहार )

ये बंधन है , स्नेह का, आस का, प्यार का
ये रक्षक है विश्वास का,बहनों के दुलार का
रक्षा करें हम महिलाओं के सम्मान की
रक्षा करें हम सभी सज्जनों के , मान की
रक्षा करें अन्यायी से, उसके अत्याचार से,
रक्षा करे नारी की,हम अनाचार व्यभिचार से
हर नारी की रक्षा का , गर हम दे दे वचन
हर महिला महफूज है, मिल जाये आश्वासन
भारत की हर बहन बेटी , दबंगो से निर्भिक हो जायें
सही मायनों तब, ये रक्षा बंधन सार्थक हो जाये
आप सभी को रक्षाबंधन की अनंत शुभकामनाएं
लेखक अनिल जी

### बिहार में फिर से जंगल राज रिटर्न : बीजेपी

निरंजन जायसवाल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर। बिहार में सरकार बदलते ही अपराधी बेलगाम हो गई है बिहार के बेतिया में एक रामजानकी मंदिर के पुजारी को अपराधियों ने गला काटकर वहाँ से 2 किलोमीटर दूर एक काली मंदिर में पुजारी का कटा हुआ गर्दन को चढ़ाया गया अपराधियों के द्वारा और ठीक उसी दिन ही जमुई में एक प्रभात खबर के पत्रकार को 6 गोली मारकर हत्या कर दी गई है । इस घटना पर समस्तीपुर में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने जदयू और राजद पर बड़ा हमला बोला है।

### ट्रेन से कटकर किशोर की हुई मौत, मचा कोहराम

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड पर अवस्थित भभुआ रोड स्टेशन से करीब एक किलोमीटर पूरब ट्रेन से कटकर एक किशोर की मौत हो गई। जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के चौरसिया ग्राम निवासी राकेश राम के पुत्र रोशन कुमार (16) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त किशोर बुधवार को घर से कमाने के लिए निकला था। इसी दौरान भभुआ रोड स्टेशन से पूरब रेल ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद रेल ट्रैक पर अगल–बगल के लोगों की भीड़ जुट गई। इसकी सूचना मोहनियां थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। किशोर की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। पुलिस ने भोखरी पंचायत के मुखिया को इस घटना से अवगत कराया। उनके माध्यम से मृतक के स्वजनों को घटना की जानकारी हुई। रोशन की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। माता पिता बेसुध होकर गिर पड़े। बताया जाता है कि चौरसिया निवासी राकेश राम को दो पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। जिसमें रोशन सबसे बड़ा था। छोटा भाई पढ़ता है। स्वजन व ग्रामीण मोहनियां थाना पहुंचे। जहां शव की पहचान किए। इस संबंध में मोहनियां के थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि बुधवार को भभुआ रोड स्टेशन से करीब एक किलोमीटर पूरब दोनों आरओबी के बीच में ट्रेन से कटकर एक किशोर की मौत हो गई। उसकी जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई।इसके बाद भोखरी पंचायत के मुखिया के माध्यम से स्वजनों को इस घटना के बारे में सूचना देकर बुलाया गया।

### डूबा पुल पर हुई एक्सीडेंट में एक की मौत ,एक घायल

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। पिपराही थाना क्षेत्र के देकुली धाम के नजदीक डूबा पुल पर आज दोपहर तकरीबन 2 बजे स्कॉर्पियो एवं बाइक की भीषण टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसमें से एक युवक की मौत मुजफ्फरपुर एसकेएमसीएच में हो गई है तथा एक गंभीर रूप से घायल है। पूर्व जिला परिषद सदस्य अरुण कुमार गुप्ता ने बताया है कि मृतक एवं घायल दोनों सरसौला वार्ड नंबर 11 का निवासी है तथा वह बाइक से कहीं जा रहा था तभी तेज गति से आ रही स्कार्पियो ने जबरदस्त ठोकर मार दी। तथा ड्राइवर गाड़ी स्कॉर्पियो छोड़कर फरार हो गया। बताया गया है कि सरसौला वार्ड नंबर 11 निवासी मोहम्मद तसरुद्दीन के पुत्र 22 वर्षीय हारूल की मौत बाइक एवं स्कॉर्पियो की भीषण टक्कर में हो गई है। जबकि बाबू जान मियां का पुत्र असलम का कमर टूट गया है जिसका इलाज मुजफ्फरपुर एसकेएमसीएच में चल रहा है। पिपराही थाना अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया है कि घटना घटी है घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक एवं स्कॉर्पियो को जप्त कर लिया गया है। तथा मामले की जांच की जा रही है।



### छात्र-छात्राओं ने वृक्षों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। बाढ़ नगर के तालिमपुर में स्थित चिल्ड्रेन पार्क के प्रांगण में लिटिल फ्लावर इंग्लिश स्कूल के छात्र – छात्राओं ने विद्यालय की संस्थापिका कविता सिन्हा की मौजूदगी में रक्षाबंधन के सुअवसर पर वृक्षों को राखी बांध कर अपने जीवन में वृक्षारोपण करने एवं वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया । इस अवसर पर सभी छात्रों ने अपने जीवन में कम से कम दो पेड़ लगाने का संकल्प लिया। कविता सिन्हा ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान परिवेश में सभी मनुष्यों को भारत की प्राचीन संस्कृति का पालन करना अतिआवश्यक है। प्राचीन काल से ही हमारे देश में वृक्षों की सेवा एवं पूजा की जाती है। आज के समय में भी हमें वृक्षों के साथ भाईचारा का संबंध कायम करना होगा। अगर अब भी मनुष्य इस बात को नहीं समझते है तो वह दिन दूर नहीं जब इस पृथ्वी पर से सभी जीवों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक एवं कर्मठ समाजसेवी राजीव कुमार शर्मा उर्फ छोटू सर , प्रधानाध्यापक अभिनव शर्मा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिका सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।



### समस्तीपुर जिले में जहरीली शराब की खेप पहुंचने की सूचना पर उत्पाद विभाग अलर्ट

निरंजन जायसवाल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले में जहरीली शराब की खेप पहुंचने की सूचना पर उत्पाद विभाग अलर्ट हो गया है। शराब के धंधेबाजो व शराब की खेप पकड़ने के लिए जिले में उत्पाद विभाग की टीम गहन छापेमारी में जुटी हुई है। इसके साथ ही पियक्कड़ों को भी दबोच ने की कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि पिछले दिनों समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय अनुमंडल क्षेत्र में 5 लोगों की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। बताया जाता है कि एक पार्टी के दौरान कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई थी जिसके बाद विभिन्न स्थानों पर इलाज के दौरान 5 लोगों की मौत हुई थी। हालांकि इस मामले में न तो परिजनों ने कहीं शिकायत की और ना ही पुलिस ने अपने स्तर पर किसी तरह की पहल की। लेकिन लोगों में चर्चा थी कि अवैध शराब पीने से ही सभी की मौत हुई है। इस संबंध में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के अधीक्षक शैलेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि टीम लगातार छापेमारी कर रही है, इसमें उपलब्धि भी मिल रही है। शराब की बरामदगी के साथ–साथ धंधेबाजो की भी गिरफ्तारी हो रही है, साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। कुछ स्थानों पर ग्रामीणों की मदद भी मिल रही है।

